फाल्गुन कृष्ण पक्ष, चतुर्थी
विक्रम संवत 2080

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

बुधवार, 28 फरवरी 2024
वर्ष 4, अंक 339, पृष्ठ 16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 5 रुपये

# अमृत विचार

मुरादाबाद

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com




मंगल की धरती पर उड़ान भरेगा भारतीय हेलीकॉप्टर 16

यामी गौतम के आगे विद्युत का एक्शन फेल 15

## सांसद शफीकुर्रहमान बर्क का 94 की उम्र में निधन

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद



- मुरादाबाद के कांठ रोड स्थित निजी अस्पताल में चल रहा था इलाज

**अमृत विचार :** संभल से समाजवादी पार्टी के सांसद डॉ. शफीकुर्रहमान बर्क (94) का मंगलवार की सुबह निधन हो गया। मुरादाबाद के कांठ रोड स्थित एक निजी अस्पताल में उनका इलाज चल रहा था। उनके निधन पर समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव, बसपा सुप्रीमो मायावती, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी समेत कई राजनेताओं ने गहरा शोक जताया है।

पांच बार के सांसद बर्क संभल के अलावा मुरादाबाद जिले से भी तीन बार सांसद रह चुके हैं। वह करीब एक महीने से बीमारी के चलते अस्पताल में भर्ती थे। मंगलवार को उनके निधन की खबर सुनते ही उनके परिवार व शुभचिंतकों में शोक व्याप्त हो गया। अखिलेश यादव ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर शोक संदेश में लिखा कि समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता, कई बार के सांसद जनाब शफीकुर्रहमान बर्क साहब का इंतकाल अत्यंत दुखद। उनकी आत्मा को भगवान शांति दे।

### प्रधानमंत्री मोदी ने कहा- हम अंतरिक्ष के लिए तैयार...इस बार काउंटडाउन, समय और राकेट भी हमारा होगा

## गगनयान मिशन के लिए नामित चार अंतरिक्ष यात्रियों के नामों की घोषणा

तिरुवनंतपुरम, एजेंसी



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को उन चार अंतरिक्ष यात्रियों के नामों की घोषणा की जो देश के पहले मानव अंतरिक्ष उड़ान मिशन गगनयान के लिए प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। प्रधानमंत्री ने थुंबा स्थित विक्रम साराभाई अंतरिक्ष केंद्र में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि ग्रुप कैप्टन प्रशांत बालकृष्णन नायर, अंगद प्रताप, अजीत कृष्णन और विंग कमांडर शुभांशु शुक्ला गगनयान मिशन के लिए नामित किए गए अंतरिक्ष यात्री हैं। उन्होंने इन चारों को अंतरिक्ष यात्री पंख प्रदान किए। मोदी ने इन चार अंतरिक्ष यात्रियों को चार ताकतें करार दिया, जो देश के 1.4 अरब लोगों की आकांक्षाओं को समाहित करती हैं। मोदी ने कहा कि चार दशक बाद कोई भारतीय, अंतरिक्ष में जाने के लिए तैयार है और इस बार उलटी गिनती (काउंटडाउन), समय और यहां तक कि रॉकेट भी हमारा है।



प्रशांत बालकृष्णन | अजित कृष्णन | अंगद प्रताप | शुभांशु शुक्ला

प्रधानमंत्री ने कहा कि ये चार अंतरिक्ष यात्री सिर्फ चार नाम या व्यक्ति नहीं हैं, बल्कि वे 140 करोड़ भारतीयों की आकांक्षाओं को अंतरिक्ष में ले जाने वाली चार 'शक्तियां' हैं। मोदी ने केरल के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान, मुख्यमंत्री पिनराई विजयन, विदेश राज्य मंत्री वी मुरलीधरन और इसरो के प्रमुख एस सोमनाथ सहित अन्य गणमान्य की उपस्थिति में नाम की घोषणा की। मिशन में स्वदेशी पुर्जों के इस्तेमाल पर प्रधानमंत्री ने खुशी जताई।

### प्रयागराज से ग्रुप कैप्टन अंगद प्रताप और लखनऊ से विंग कमांडर शुभांशु शुक्ला बने टीम के सदस्य

**प्रयागराज/लखनऊ।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को जिन चार अंतरिक्ष यात्रियों के नामों की घोषणा की उनमें दो यात्री अंगद प्रताप और शुभांशु शुक्ला उत्तर प्रदेश से हैं। रक्षा मंत्रालय के जनसंपर्क अधिकारी समीर गंगाखेडकर ने एक विज्ञप्ति में बताया कि 17 जुलाई 1982 को प्रयागराज में जन्मे ग्रुप कैप्टन अंगद प्रताप एनडीए के छात्र रह चुके हैं। उन्होंने 18 दिसंबर 2004 को वायु सेना की फाइटर स्ट्रीम में कमीशन प्राप्त किया था। अंगद प्रताप एक फ्लाइंग प्रशिक्षक और एक टेस्ट पायलट हैं जिनको लगभग 2000 घंटे के उड़ान का अनुभव है। वहीं, 10 अक्टूबर 1985 को लखनऊ में जन्मे विंग कमांडर शुभांशु शुक्ला भी एनडीए के छात्र रहे हैं और उन्होंने 17 जून 2006 को वायु सेना की फाइटर स्ट्रीम में कमीशन प्राप्त किया था। शुक्ला एक फाइटर कोम्बेट लीडर और एक टेस्ट पायलट हैं जिनको लगभग 2000 घंटे का विमान उड़ाने का अनुभव है। दोनों को सुखोई, मिग-21, मिग-29, जगुआर, हॉक, डॉर्नियर, एएन-32 जैसे विमान उड़ाने का अनुभव है।

### एक नजर

#### न्यायमूर्ति खानविलकर लोकपाल के अध्यक्ष बने

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने न्यायमूर्ति अजय माणिकराव खानविलकर को लोकपाल का अध्यक्ष नियुक्त किया है। राष्ट्रपति सचिवालय से मंगलवार को जारी वक्तव्य में कहा गया कि राष्ट्रपति ने न्यायमूर्ति लिंगप्पा नारायण स्वामी, न्यायमूर्ति संजय यादव और न्यायमूर्ति ऋतु राज अवस्थी को लोकपाल का न्यायिक सदस्य नियुक्त किया है। इसके अलावा सुशील चन्द्र, पंकज कुमार और अजय तिर्की को लोकपाल का सदस्य बनाया है। उपरोक्त नियुक्तियां उनके संबंधित कार्यालयों में कार्यभार ग्रहण करने की तारीख से प्रभावी होंगी।

#### छत्तीसगढ़ में मुठभेड़ में चार नक्सली मारे गए

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले में मंगलवार को सुरक्षाबलों ने मुठभेड़ में चार नक्सलियों को मार गिराया है। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि यह मुठभेड़ जांगला पुलिस थाना क्षेत्र के जंगल में हुई, जब जिला रिजर्व गार्ड (डीआरजी) और केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के अलग-अलग दलों को नक्सल विरोधी अभियान पर रवाना किया गया था। अधिकारी ने बताया कि जब डीआरजी का दल तुंगाली गांव के जंगल में पहुंचा तब नक्सलियों ने गोलीबारी शुरू कर दी। इसके बाद सुरक्षा बल के जवानों ने जवाबी करवाई की। उन्होंने बताया कि कुछ देर बाद नक्सली वहां से फरार हो गए। मुठभेड़ वाली जगह से अब तक चार नक्सलियों के शव बरामद किए जा चुके हैं। इलाके में खोजबीन जारी है।

#### 15 से 31 मई तक होंगी सीयूईटी यूजी परीक्षाएं

**नई दिल्ली।** केंद्रीय विश्वविद्यालय संयुक्त प्रवेश परीक्षा (सीयूईटी)-स्नातक की परीक्षा 15 से 31 मई तक 'हाइब्रिड मोड' में प्रतिदिन दो या तीन पालियों में आयोजित की जाएगी और परीक्षा के परिणाम 30 जून को घोषित किए जाएंगे। राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी(एनटीए) ने मंगलवार को इसकी घोषणा की। स्नातक पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए इस महत्वपूर्ण परीक्षा को 13 भाषाओं में 26 विदेशी शहरों सहित 380 शहरों में आयोजित किया जाएगा। आवेदन प्रक्रिया मंगलवार से शुरू हुई और 26 मार्च को समाप्त होगी।

# सपा में फूट, भाजपा के सभी 8 प्रत्याशी विजयी

### राज्यसभा चुनाव : सपा के दो प्रत्याशी जीते, सात विधायकों ने की भाजपा के पक्ष में वोटिंग

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- बसपा विधायक उमा शंकर सिंह ने भाजपा प्रत्याशी को किया वोट
- अखिलेश का आरोप-विधायकों से वोट लेने को पैकेज डील हुई

**अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश में राज्यसभा की 10 सीटों पर भाजपा ने परचम लहराया। चुनाव में भाजपा के सभी आठों प्रत्याशियों ने जीत दर्ज की जबकि सपा के तीन उम्मीदवारों में केवल दो ही विजयी हुए। भाजपा के विजयी प्रत्याशियों में आरपीएन सिंह, सुधांशु त्रिवेदी, चौधरी तेजवीर सिंह, साधना सिंह, अमरपाल मौर्य, संगीता बलवंत, नवीन जैन के साथ 8वें प्रत्याशी के रूप में संजय सेठ भी रहे। सपा से जया बच्चन, रामजीलाल सुमन जीते जबकि तीसरे प्रत्याशी आलोक रंजन हार गए। राज्यसभा की 10 सीटों पर 11 प्रत्याशी मैदान में थे। मतदान में जमकर क्रॉस वोटिंग हुई। समाजवादी पार्टी (सपा) के मुख्य सचेतक मनोज पांडेय समेत सात विधायकों ने भाजपा प्रत्याशी को वोट दिया। एनडीए के घटक दल सुभासपा के एक विधायक ने सपा प्रत्याशी को वोट किया। सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने क्रॉस वोटिंग करने वाले अपने विधायकों पर सत्तासीन दल से सौदा करने का आरोप लगाया, मतदान और मतगणना के दौरान कई बार नोकझोंक की भी नौबत आई।



जीत के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के साथ विजयी प्रत्याशी।


**किसको कितने मिले मत :** मतगणना के परिणामों के मुताबिक भाजपा के अमरपाल मौर्य को 38, तेजवीर सिंह को 38, नवीन जैन को 38, आरपीएन सिंह को 37, साधना सिंह को 38, सुधांशु त्रिवेदी को 38 और संगीता बलवंत को 38 वोट मिले। जबकि संजय सेठ को 29 और सपा के आलोक रंजन को प्रथम वरीयता के 19 मत ही मिले। इस तरह आलोक रंजन हार गए। सपा के रामजीलाल सुमन को 37 और जया बच्चन को 41 वोट मिले। भाजपा और सपा की तरफ से महत्वपूर्ण प्रत्याशियों को मानक से अधिक वोट डलवाए गए थे ताकि उनकी जीत में कोई खतरा न रह जाए।

### हिमाचल में भाजपा के हर्ष महाजन जीते, सिंघवी हारे

**शिमला।** 'क्रॉस-वोटिंग' के बीच भाजपा उम्मीदवार हर्ष महाजन ने सत्तारूढ़ कांग्रेस के अभिषेक मनु सिंघवी को पराजित कर हिमाचल प्रदेश से राज्यसभा की इकलौती सीट पर मंगलवार को जीत दर्ज की। दोनों को 34-34 मत मिले जिसके बाद महाजन को 'ड्रॉ' के जरिए विजेता घोषित किया गया। यह कांग्रेस के लिए बड़ा झटका है जिसके पास 68 सदस्यीय विधानसभा में 40 विधायक हैं और उसने निर्दलीयों का समर्थन होने का भी दावा किया है। इस परिणाम से यह स्पष्ट हो गया है कि नौ विधायकों ने भाजपा के पक्ष में मतदान किया।

### कर्नाटक में कांग्रेस ने तीन, भाजपा ने एक सीट जीती

**बेंगलुरु।** कर्नाटक में राज्यसभा चुनाव में सत्तारूढ़ कांग्रेस ने तीन सीट, जबकि भाजपा ने एक सीट जीती। उच्च सदन के लिए निर्वाचित हुए व्यक्तियों में अजय माकन, जीसी चंद्रशेखर और सैयद नसीर हुसैन (सभी कांग्रेस से) और भाजपा के नारायणसा के. भांडगे शामिल हैं। चुनाव में चार सीट के लिए पांच उम्मीदवार मैदान में थे, जिनमें जनता दल (सेक्युलर) के उम्मीदवार डी. कुपेंद्र रेड्डी भी शामिल थे। चुनाव में क्रॉस वोटिंग हुई। भाजपा विधायकों में से एक एसटी सोमशेखर ने कांग्रेस के अजय माकन के लिए मतदान किया, जबकि अन्य विधायक ए. शिवराम हेब्बार ने मतदान में भाग नहीं लिया।



क्रॉस वोटिंग करने वाले विधायकों की अब अंतरात्मा के साथ-साथ सम्पूर्ण आत्मा की जांच क्षेत्र की जनता करेगी ताकि भटकती हुई आत्माएं हमेशा के लिए शांत हो जाएं। -**शिवपाल यादव**



हमारी तीसरी सीट सच्चे साथियों की पहचान की परीक्षा थी। ये जानने के लिए कि कौन-कौन दिल से पीडीए के साथ हैं। सुनने में तो ये आ रहा है कि पैकेज डील हुई है। - **अखिलेश यादव**



क्रॉस वोटिंग नहीं ये तो वेलकम चेंज है। मुझे तो किसी ने पैकेज नहीं दिया है। मैंने भाजपा के पक्ष में वोट किया है। मुझे तो चवन्नी भी नहीं मिली है। - **राजा भैया**



मैंने पीडीए के पक्ष में मतदान किया है। मैं सपा और अपना दल कमेरावादी की विधायक हूं। मैं अपने हक की बात करती रहूंगी, मेरा सपा नेतृत्व से कोई मनमुटाव नहीं। - **पल्लवी पटेल**



सपा के दो प्रत्याशी जीते उनको भी बधाई और उनका तीसरा प्रत्याशी हारा उसके लिए भी उनको बधाई। अखिलेश यादव के अहंकार की आज हार हुई। - **केशव प्रसाद मौर्य**

## भ्रामक दावों पर पतंजलि को सुप्रीम कोर्ट की फटकार



- कोर्ट में दिए हलफनामे के उल्लंघन पर मानहानि की नोटिस

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने योग गुरु रामदेव की कंपनी पतंजलि आयुर्वेद के उत्पादों के बारे में अदालत में दिए गए हलफनामे और उनके औषधीय प्रभाव का दावा करने वाले बयानों के प्रथम दृष्टया उल्लंघन को लेकर मंगलवार को उसे कड़ी फटकार लगाई। न्यायमूर्ति हिमा कोहली और न्यायमूर्ति ए. अमानुल्लाह की पीठ ने पतंजलि आयुर्वेद एवं इसके प्रबंध निदेशक को नोटिस जारी किया तथा पूछा कि उनके खिलाफ अवमानना कार्यवाही क्यों न की जाए। पीठ ने पतंजलि आयुर्वेद और इसके अधिकारियों को दवा की किसी भी पद्धति के विरूद्ध प्रिंट और इलेक्ट्रॉनिक, दोनों मीडिया में कोई बयान देने के खिलाफ आगाह भी किया। कंपनी का प्रतिनिधित्व कर रहे वकील ने पिछले साल 21 नवंबर को शीर्ष अदालत को आश्वस्त किया था कि अब से कानून का किसी तरह से भी उल्लंघन नहीं किया जाएगा।

## पंजाब-राजस्थान में 16 स्थानों पर एनआईए की छापेमारी

नई दिल्ली, एजेंसी

- आतंकी गठजोड़ के सिलसिले में केंद्रीय जांच एजेंसी की कार्रवाई

राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) ने देश में आतंकवादियों एवं अन्य अपराधियों के गठजोड़ का पता लगाने के लिए मंगलवार को पंजाब और राजस्थान में कई स्थानों पर छापेमारी की और इस दौरान छह लोगों को हिरासत में लिया गया। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। केंद्रीय एजेंसी के अधिकारी ने बताया कि आतंकवादियों और अन्य अपराधियों के बीच साठगांठ से संबंधित एक मामले में जारी जांच के तहत पंजाब में 14 और राजस्थान में दो स्थानों पर छापेमारी जारी है। अधिकारी ने कहा कि आतंकवादी गतिविधियों में शामिल होने को लेकर छह लोगों से पूछताछ की जा रही है।

वहीं, पश्चिम बंगाल में राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) की एक विशेष अदालत ने चार वर्ष पूर्व राज्य में नकली भारतीय मुद्रा की जब्ती से संबंधित एक मामले में एक अन्य आरोपी को सात वर्ष के कठोर कारावास की सजा सुनाई। एक अधिकारी ने मंगलवार को यह जानकारी दी।

## वैन पलटी, चार विद्यार्थियों की मौत

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर



प्रतिष्ठा मिश्रा। | मुस्कान। | अनुराग। | अनुरूप।

- हाईस्कूल की परीक्षा देने जा रहे थे, कांट थाना क्षेत्र में हुआ हादसा

**अमृत विचार :** हाईस्कूल के छात्र-छात्राओं को परीक्षा केंद्र छोड़ने जा रही ईको (वैन) का कांट क्षेत्र के जरावन में टायर फट गया जिससे ईको खाई में पलट गई। हादसे में दो छात्राओं और दो छात्रों की मौत हो गई। सात परीक्षार्थी घायल हो गए।

मंगलवार सुबह कांट के गांव बरेंडा से द्वारिका प्रसाद महर्षि उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के हाईस्कूल के 11 परीक्षार्थी ईको से जैतीपुर स्थित लटूरी लाल इंटर कॉलेज गणित का पेपर देने जा रहे थे। ईको बरेंडा गांव का मुलायम चला रहा था। करीब 6:10 बजे कांट क्षेत्र के गांव जरावन में बैंक ऑफ बड़ौदा के सामने अगला टायर फट गया जिससे ईको अनियंत्रित होकर खाई में पलट गई। चालक वैन से कूद गया जिससे उसकी तो जान बच गई, लेकिन वैन में सवार चार परीक्षार्थी कांट के गांव बरेंडा निवासी मुस्कान (16), बरेंडा के मजरा गौटिया निवासी अनुराग (14), हरीपुर की प्रतिष्ठा (15) और नगला जाजू निवासी अनुरूप (17) की मौत हो गई। गांव बरेंडा निवासी ज्योति, अवनीश, विपिन, मोहन गुप्ता, रविकांत, ध्रुव, मुलायम सिंह गंभीर रूप से घायल हो गए।

> मंगलवार सुबह कांट क्षेत्र में ईको का टायर फटने से घटना होने की बात सामने आई है। घायलों के बेहतर इलाज के निर्देश दिए गए हैं। चालक के शराब पीये होने की बात कही जा रही है। इस बारे में अभी पुष्टि नहीं हो पाई है। आवश्यक कार्रवाई भी किए जाने के निर्देश दिए गए हैं। - **उमेश प्रताप सिंह**, जिलाधिकारी

## 20 टुकड़ों में मिला महिला का शव, थैलों में बंद कर फेंका

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

- नहीं हो सकी पहचान, पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए भेजे टुकड़े

**अमृत विचार :** करीब तीस वर्षीया महिला की हत्या कर उसके 20 टुकड़े कर दिए गए। हत्यारे ने उसके अंगों को थैलों में बंद करके जंगल में फेंक दिया। महिला का सिर, एक हाथ, पैर और अन्य अंगों को शरीर से अलग कर दिया गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने अंगों को थैलों से निकाला और जांच की। शव की पहचान नहीं हो सकी है। फोरेंसिक टीम ने भी साक्ष्य जुटाए। पुलिस ने शव के टुकड़ों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

नौगावां सादात थाना क्षेत्र के धनौरा बाईपास स्थित गांव खेतापुर के जंगल में मंगलवार की सुबह स्थानीय लोग खेतों में काम करने गए थे। इस दौरान पेड़ों के नीचे कुछ थैले पड़े देखे। सूचना मिलते ही थानाध्यक्ष पंकज तोमर फोर्स के साथ पहुंच गए। थैलों में महिला के कटे अंग पड़े थे। एएसपी राजीव कुमार सिंह ने बताया कि महिला की पहचान नहीं हो सकी है। उसकी उम्र करीब तीस साल है। शव के टुकड़े किए गए हैं। मुकदमा दर्ज कर खुलासे के लिए टीमें लगा दी गई हैं।

## सिलई बड़ा गांव में आंबेडकर लिखे बोर्ड को लेकर बवाल, गोली लगने से किशोर की मौत

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

- ग्रामीणों ने लगाया पुलिस पर गोली चलाने का आरोप

**अमृत विचार :** गांव सिलई बड़ा में सरकारी भूमि से डॉ. भीमराव आंबेडकर लिखा बोर्ड हटाने पर बवाल हो गया। पुलिस ने ग्रामीणों पर लाठीचार्ज किया। इस बीच गोली लगने से एक किशोर की मौत हो गई, जबकि तीन लोग घायल हो गए। घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। गुस्साए ग्रामीणों ने पुलिस पर गोली मारने का आरोप लगाते हुए हंगामा किया। देर रात तक गांव में पुलिस बल तैनात रहा।

मिलक थाना क्षेत्र के गांव सिलई बड़ा में ग्राम समाज की खाली जमीन पर करीब एक माह पहले किसी ने डॉ. भीमराव आंबेडकर लिखा बोर्ड लगा दिया। कुर्मी जाति के लोग बोर्ड हटाने की मांग कर रहे थे। इसकी शिकायत जिलाधिकारी से की गई थी। मंगलवार शाम 6:30 बजे एसडीएम अमन देअल फोर्स के साथ पहुंचे। बोर्ड हटाने का प्रयास कर रहे थे तभी जाटव समाज के कुछ लोग एकत्र हो गए और हंगामा शुरू कर दिया। अधिकारियों से नोकझोंक करने लगे। बात बढ़ते देखकर पुलिस ने आरोपियों पर लाठी चार्ज किया तो भगदड़ मच गई। बवाल की सूचना पर कई थानों की पुलिस फोर्स मौके पर पहुंच गई।

> मिलक क्षेत्र के गांव सिलई बड़ा में बोर्ड हटाने को लेकर विवाद हो गया। मामले की जांच कराई जाएगी। इसके बाद आरोपियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई होगी। - **राजेश द्विवेदी**, पुलिस अधीक्षक

किसी ने फायरिंग भी की। गोली लगने से सुमैश (17) पुत्र गेंदनलाल की मौत हो गई। जबकि रईसपाल, रमन, विपिन घायल हो गए। ग्रामीणों ने पुलिस पर गोली चलाने का आरोप लगाया है। जिलाधिकारी, एसपी व अन्य अधिकारी मौके पर पहुंचे। रात 10 बजे मंडलायुक्त आन्जनेय कुमार सिंह भी पहुंच गए। देर रात तक जाटव समाज के लोग धरने पर बैठे रहे। अधिकारियों ने उन्हें समझाने का प्रयास किया।

## अंबाला में कुछ इलाकों में मोबाइल इंटरनेट निलंबित

- दिल्ली कूच के मद्देनजर फैसला

**चंडीगढ़।** हरियाणा सरकार ने किसानों के 'दिल्ली चलो' आंदोलन के मद्देनजर मंगलवार को 28 से 29 फरवरी तक अंबाला जिले में कुछ स्थानों पर मोबाइल इंटरनेट और भारी मात्रा में संदेश भेजने की सेवाएं निलंबित रखने की घोषणा की। अंबाला समेत सात जिलों में मोबाइल इंटरनेट और संदेश सेवाएं बहाल किए जाने के दो दिन बाद यह नया फैसला आया है। मंगलवार को जारी आदेश के अनुसार, अंबाला में सदर अंबाला, पंजोखेड़ा और नग्गल थाना क्षेत्रों में सेवाएं निलंबित रहेंगी।

### मिला रोजगार | डॉ. कलाम तकनीकी विवि और संबद्ध कॉलेजों के 70 से अधिक शोधार्थियों को मिले उद्यम के अवसर

## जेम पोर्टल ने तैयार की यूपी में स्टार्टअप की खेप

जीशान कदीर, लखनऊ

- केन्द्र सरकार की स्टार्टिंग यूपी योजना के तहत मिली है 2 करोड़ की धनराशि
- अलग जिलों में रहकर शुरू किया रोजगार, ऑनलाइन बाजार से बढ़ा कारोबार

**अमृत विचार :** जेम पोर्टल यानि गवर्मेंट ई मार्केट प्लेस के सहारे यूपी में छात्रों को स्टार्टअप मिला। चंद माह के भीतर 70 से अधिक जुड़े शोधार्थियों ने ऑनलाइन बाजार में बढ़त बना ली। अलग-अलग जिलों में रहने वाले युवा अब नए साथियों को जोड़कर रोजगार देने में मददगार साबित हो रहे हैं।

एमआईईटी इंक्यूबेशन सेंटर मेरठ के सीईओ रेहान अहमद बताते हैं कि सेंटर में डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम तकनीकी विश्वविद्यालय लखनऊ और संबद्ध महाविद्यालयों के अलावा अन्य विद्यालयों के 70 से अधिक शोधार्थियों ने मिलकर इलेक्ट्रिक व्हीकल, साफ्टवेयर, बॉयोडायजेस्टर टैंक, मेडिकल डिवाइस, इनोवेटिव प्रोडक्ट, स्टेच्यू मेकिंग, इलेक्ट्रानिक पार्ट, इंडेक्शन सहित अन्य सामानों को बनाया है। नई तकनीक के सहारे तैयार माल ने ऑनलाइन बाजार में युवाओं को रोजगार दिया है। जिन शोधार्थियों ने उद्यम स्थापित किए हैं, वे युवाओं को कंपनी के रजिस्ट्रेशन से लेकर उसे स्थापित करने तक में मदद दे रहे हैं।



शोधार्थियों द्वारा तैयार इलेक्ट्रिक व्हीकल।

### स्टार्टिंग यूपी योजना के तहत मिला लाभ

इंक्यूबेशन सेंटर को केन्द्र सरकार की स्टार्टिंग यूपी योजना के तहत दो करोड़ की धनराशि मिल चुकी है। रेहान बताते हैं कि योजना के सहारे वे शोधार्थियों को 70 लाख रुपये की मदद दे चुके हैं।

### पिच डेक के सहारे कॉल टू एक्शन

शोधार्थियों ने पिच डेक के सहारे पूंजी जुटाई और निवेशकों से खरीदारी कर वित्तीय व्यवस्था को मजबूत किया। साथ ही व्यवसाय मॉडल को टीम की मदद से कॉल-टू-एक्शन तक रेखांकित किया जा रहा है।

**'अमृत विचार' आपके साथ**

आप हमें भेजना चाहते हैं कोई जानकारी या प्रकाशित कराना चाहते हैं कोई समस्या तो व्हाट्सएप करें 7906636232 या amritvichar.rampur@gmail.com पर हमें ई-मेल करें। हम आपकी बात को आपके नाम के साथ प्रकाशित करेंगे। कार्यक्रमों की सूचना भी भेज सकते हैं। अमृत विचार कार्यालय, जिला पंचायत भवन प्रथम तल रामपुर उ.प्र.

### शहर में आज

☞ भारतीय किसान यूनियन की पंचायत आंबेडकर पार्क में दोपहर 12:15 बजे।

☞ हाईस्कूल यूपी बोर्ड की संस्कृत की परीक्षा पहली पाली में सुबह 8:30 बजे।

## जिले में दो लाख किसानों को आज मिलेगी सम्मान निधि

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

▸▸ ई-केवाईसी न कराने वाले 22 हजार किसानों को नहीं मिलेगा लाभ

**अमृत विचार :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बुधवार को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की 16वीं किस्त जारी करेंगे। इससे जनपद के लगभग दो लाख किसानों को लाभ मिलेगा। जिन किसानों ने ईकेवाईसी कराया है, उन्हें भी धनराशि मिलेगी। लेकिन जिले में 22 हजार ऐसे किसान हैं, जिन्होंने ई-केवाईसी नहीं कराया है।

इस योजना के तहत किसान को तीन किस्तों में छह हजार रुपये मिलते हैं। इस योजना के तहत जिला के लगभग दो लाख किसानों को हर साल छह-छह हजार रुपये का लाभ मिल रहा है। जिला के दो लाख, 55 हजार, 436 किसानों ने पंजीकरण कराया, लेकिन इसमें 22 हजार किसानों ने ई-केवाईसी ही नहीं कराया। इससे इनकी सम्मान निधि का लाभ मिलना संभव नहीं होगा।

उप कृषि निदेशक शैलेंद्र कुमार ने बताया कि जिन किसानों ने ई-केवाईसी नहीं कराया है, उसको नियमानुसार त्रुटि व कमियों को पूरा करने के लिए कहा जाएगा। जिससे उन किसानों को भी योजना का लाभ मिल सके। सम्मान निधि उस किसान को मिलेगी जिस किसान का खसरा-खतौनी होगा। ई-केवाईसी एवं बैंक खाते में आधार कार्ड लिंक हो। ई-केवाईसी तीन प्रकार से करा सकते हैं। अंगूठे के चिह्न, चेहरे का फोटो तथा मोबाइल के ओटीपी से किया जा सकता है।

## ट्रेनों का ठहराव होने की घोषणा पर खुशी

**बिलासपुर, अमृत विचार :** पूर्वोत्तर रेलवे के महाप्रबंधक ने स्थानीय रेलवे स्टेशन पर जनशताब्दी और शताब्दी एक्सप्रेस ट्रेन का ठहराव करने की घोषणा की तो क्षेत्रवासी खुशी में झूम उठे। व्यापार मंडल पदाधिकारियों ने रेलवे स्टेशन पर पहुंचकर अधिकारियों का स्वागत किया और मिठाई बांटी। पूर्वोत्तर रेलवे के महाप्रबंधक गोरखपुर द्वारा रेलवे स्टेशन पर काठगोदाम से देहरादून वाया हरिद्वार जाने वाली जनशताब्दी तथा काठगोदाम से नई दिल्ली जाने वाली शताब्दी एक्सप्रेस ट्रेनों स्टॉपेज की घोषणा की। उत्तर-प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के प्रांतीय उपाध्यक्ष धन्नूमल बंसल के नेतृत्व में व्यापारी स्टेशन पर पहुंचे। जहां पर उन्होंने स्टेशन मास्टर विपिन सिन्हा समेत अन्य अधिकारियों का स्वागत किया। इस दौरान सुदर्शन मदान, राजीव अग्रवाल, हाफिज ताहिर, अंशुल अग्रवाल, दुष्यंत अग्रवाल आदि रहे।

### टीम मिट्टी के नूमने लेकर लखनऊ लौटी, 30 लाख का बजट भी मिला, मिलेगी सहूलियत

## बिलासपुर-शाहबाद में बनेंगे यूनानी अस्पताल

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** सब कुछ ठीक रहा तो जल्द ही बिलासपुर और शाहबाद में राजकीय यूनानी चिकित्सालय बनने शुरू हो जाएंगे। मंगलवार को लखनऊ से आई टीम दोनों स्थानों से मिट्टी के नूमने ले गई। अस्पताल बनने से क्षेत्र के लोगों को इलाज कराने में सहूलियत होगी।

इस समय आयुष विभाग के जिले में 19 अस्पताल हैं। इनमें 13 आयुर्वेद के हैं। छह अस्पताल यूनानी के हैं। इनमें से चार अस्पताल अपने भवन में चल रहे हैं, जबकि दो अस्पताल बिलासपुर और शाहबाद में पीएचसी में चल रहे थे। इसके लिए विभाग काफी समय से जमीन तलाश कर रहा था। बिलासपुर के अहरो और शाहबाद के किरा गांव में जमीन मिलने के बाद प्रस्ताव शासन को भेजा गया था। जमीन का आंवटन हो गया था। बजट को लेकर प्रकिया चल रही थी। कुछ दिन पहले ही करीब 30 लाख का बजट पास हो गया। उत्तर प्रदेश निर्माण इकाई की टीम जांच करने आई। वहां की मिट्टी के नमूने अपने साथ ले गई। उम्मीद जताई जा रही है कि जल्द ही दोनों अस्पातालों का निर्माण शुरू हो जाएगा। इसमें तीन बैड का अस्पताल बनेगा। लखनऊ से आई टीम मंगलवार को लौट गई है।



अहरो में अस्पताल की भूमि की मिट्टी का नूमना लेती टीम। ● अमृत विचार

> बिलासपुर और शाहबाद में जल्द ही अस्पताल का निर्माण शुरू हो जाएगा। दोनों ही अस्पताल इस समय सीएचसी में चल रहे हैं। अस्पताल बनने के बाद अपने भवनों में आ जाएंगे। - डॉ. पुष्पेंद्र सिंह चौहान, क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी

### काफी समय से दोनों स्थानों पर जमीन की चल रही थी तलाश

बिलासपुर और शाहबाद में यूनानी के अस्पताल को अपने भवन में शिफ्ट करने को काफी समय से विभाग जमीन तलाश कर रहा था। जमीन मिलने के बाद कागजी कार्रवाई पूरी करने के बाद शासन को भेजा गया था। अब पैसा आने पर इसका निर्माण शुरू कर दिया जाएगा। कई सालों के बाद दोनों अस्पताल अपने भवन में शिफ्ट हो जाएंगे।

### एक नजर

#### स्कूल में समय से नहीं पहुंच रहे शिक्षक

**मसवासी, अमृत विचार :** क्षेत्र के गांव चौहद्दा के स्कूल का भवन निर्माणाधीन है। इस स्कूल के बच्चे सीतारामपुर स्थित स्कूल के भवन में शिफ्ट किए गए हैं। स्कूल के शिक्षक उत्तराखंड स्थित काशीपुर एवं बाजपुर के निवासी हैं। आरोप है कि स्कूल में शिक्षक समय से नहीं पहुंच रहे हैं। जिससे बच्चों की पढ़ाई का कार्य समय से शुरु नहीं हो पाता है। बच्चों का भविष्य अंधकारमय हो रहा है। मामले की शिकायत डीएम से करते हुए जांचकर कार्रवाई करने की मांग की गई है।

#### सिटी मजिस्ट्रेट ने सफाई व्यवस्था का लिया जायजा

**मसवासी, अमृत विचार :** मंगलवार को सिटी मजिस्ट्रेट संदीप कुमार वर्मा ने नगर पंचायत कार्यालय पहुंच कर कुछ अहम बिंदुओं के बारे में जानकारी हासिल की। उन्होंने नगर में स्वार-काशीपुर मुख्य मार्ग पर सफाई व्यवस्था का भी औचक निरीक्षण किया, कहा कि सफाई व्यवस्था में लापरवाही बर्दाशत नहीं की जाएगी। उन्होंने संबंधितों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस मौके पर नगर पंचायत के वरिष्ठ लिपिक अमित कुमार चंद्रा भी मौजूद रहे।

#### मिड-डे मील में बच्चों को परोसा जा रहा घटिया भोजन

**मसवासी, अमृत विचार :** मिड् डे मील में बच्चों को घटिया भोजना परोसा जा रहा है। जिसे बच्चे आधा खाते हैं और आधा फेंक देते हैं। लोगों ने मामले की शिकायत जिलाधिकारी से कर कार्रवाई करने की मांग की है। नगर के मोहल्ला चाऊपुरा और भूबरा के परिषदीय स्कूलों में दोपहर का भोजन दिए जाने का ठेका एनजीओ को दिया गया है। मगर दोपहर का भोजन स्कूलों में न बनाकर एनजीओ के द्वारा बाहर से बनवाकर भेजा जाता है। जो घटिया किस्म का होता है जिसे बच्चे आधा खाते हैं, और आधा फेंक देते हैं। कई बार लोगों ने मामले की शिकायत संबंधित अधिकारियों से की लेकिन मामले को ठंडे बस्ते में डाल दिया गया। लेकिन इसके बावजूद भी स्थिति जस की तस है। अभी भी एनजीओ के द्वारा स्कूलों में घटिया किस्म का खाना ही भेजा जा रहा है। जिस पर लोगों ने मामले की शिकायत डीएम से कर जांचकर कार्रवाई किए जाने की मांग की है।

## 13775 परीक्षार्थियों ने दी गणित की परीक्षा, 1352 अनुस्थित

### 71 केंद्रों पर हुई परीक्षा, जांच के बाद मिला प्रवेश, सीसीटीवी कैमरे से रही मिगरानी, इंटर के 298 विद्यार्थियों ने भी दी परीक्षा

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** यूपी बोर्ड हाईस्कूल की पहली पाली में गणित की परीक्षा 71 केंद्रों पर हुई। परीक्षा के लिए 15127 परीक्षार्थी पंजीकृत थे। इनके सापेक्ष 13775 परीक्षार्थी ही मंगलवार सुबह परीक्षा देने पहुंचे। 1352 ने परीक्षा छोड़ दी। इसके अलावा व्यक्तिगत पंजीकृत 127 परीक्षार्थियों में 110 ही परीक्षा देने पहुंचे और 17 गैर हाजिर रहे। इंटरमीडिएट के रंगाई और बेकिंग की परीक्षा हुई। संस्थागत के 317 परीक्षार्थी पंजीकृत थे। 298 परीक्षार्थी परीक्षा देने पहुंचे। 19 अनुस्थित रहे।

मंगलवार को पहली पाली सुबह 8:30 से शुरू हुई। इसमें हाईस्कूल के गणित व इंटरमीडिएट की रंगाई-बेकिंग की परीक्षा हुई। गेट पर सबसे पहले परीक्षार्थियों की तलाशी ली गई। उसके बाद ही केंद्र के अंदर प्रवेश दिया गया। दूसरी पाली अपराह्न 2 से लेकर 5:15 बजे तक हुई। जिसमें गृह विज्ञान की परीक्षा 58 सेंटरों पर हुई। गृह विज्ञान की परीक्षा के लिए संस्थागत के पंजीकृत 4264 में से 4050 परीक्षार्थी पेपर देने आए, जिसमें से 214 परीक्षार्थी गैर हाजिर रहे। व्यक्तिगत के 92 पंजीकृत में से 85 ही परीक्षा देने आए और सात गैर हाजिर रहे। जिला विद्यालय निरीक्षक मुन्ने अली ने बताया कि गणित के पेपर को लेकर केंद्र व्यवस्थापक और स्टेटिक मजिस्ट्रेट सक्रिय थे। परीक्षा शुरू होने के बाद से ही सभी केंद्र व्यवस्थापक स्कूलों में सघन चेकिंग अभियान चलाया। जबकि स्टेटिक मजिस्ट्रेट क्षेत्र में छापेमारी करते रहे। नकलविहीन परीक्षा हुई और शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हो गई है।



यूपी बोर्ड की परीक्षा देकर निकलते छात्र। ● अमृत विचार



सीबीएसई की परीक्षा देकर केंद्र से बाहर आते परीक्षार्थी। ● अमृत विचार

### सीबीएसई : 12वीं में केमिस्ट्री के 1453 परीक्षार्थियों ने दी परीक्षा

**रामपुर, अमृत विचार :** सीबीएसई 12वीं के केमिस्ट्री विषय की परीक्षा मंगलवार को 13 केंद्रों पर हुई। जिले भर में 1484 विद्यार्थियों में से 1453 ने परीक्षा दी। इसमें 31 छात्र-छात्राएं गैर हाजिर रहीं। परीक्षा केंद्रों में आंतरिक सचल ने तलाशी ली। सभी केंद्रों पर परीक्षा शांतिपूर्ण हुई। परीक्षार्थियों ने प्रश्न पत्र को आसान बताया। मंगलवार को 12वीं के केमिस्ट्री विषय की परीक्षा के दौरान केंद्रों में आंतरिक उड़ाका दलों ने जांच की। परीक्षा केंद्रों में परीक्षार्थी निर्धारित समय से आधा घंटा पूर्व सुबह 10 बजे प्रवेश कर गए। परीक्षा सुबह 10:30 बजे से दोपहर 1:30 बजे तक परीक्षा हुई। केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरों से भी निगरानी की गई। परीक्षार्थियों के मोबाइल, मॉडल पेपर सहित इलेक्ट्रिक वस्तुओं को केंद्र के बाहर ही जमा कर लिया गया। परीक्षार्थियों ने बताया कि केमिस्ट्री विषय का प्रश्न पत्र आसान रहा। इसमें समीकरण को याद करने में काफी परिश्रम करना पड़ता है। कक्षाओं में जो पढ़ाया गया था, वही प्रश्न पूछे गए थे। विगत पिछले वर्षों के प्रश्न पत्रों को आधार बनाकर तैयारी करने से प्रश्न पत्र को समझना आसान रहा।

## गुनगुन ने 100 मीटर दौड़ में मारी बाजी

**रामपुर, अमृत विचार :** राज्य स्तरीय खेल प्रतियोगिता में खेलो इंडिया की खिलाड़ी गुनगुन ने 100 मीटर की दौड़ में प्रथम स्थान प्राप्त करके स्वर्ण पदक हासिल किया। इस जीत पर सभी खिलाड़ियों ने खुशी मनाई।

जिला क्रीड़ा अधिकारी जीडी बारीकी ने बताया कि प्रयागराज के मदन मोहन मालवीय स्टेडियम में 27 से 29 फरवरी 2024 तक प्रदेश स्तरीय खेल प्रतियोगिता का आयोजन हो रहा है। जिसमें खेलो इंडिया की खिलाड़ियों ने भी प्रतिभाग किया। बमनपुरी स्टेडियम में तैनात खेलो इंडिया के कोच मोहम्मद फहीम की बढ़िया परफॉर्म से खिलाड़ी ऊंचे शिखर पर पहुंचकर अपने जनपद का नाम रौशन कर रहे हैं। इससे पहले भी सिल्वर, गोल्ड व कास्य पदक जीत कर बच्चों ने अपने जनपद का नाम रौशन किया है।

इस जीत पर सभी खिलाड़ियों ने खुशी मनाई। आगे भी प्रदेश व देश का नाम रोशन करने के लिए जुटे रहेंगे।

## रवींद्र चौथी बार बनाए गए अध्यक्ष

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** भारत विकास परिषद के जिलाध्यक्ष रवींद्र गुप्ता ने संगठन का परिचय कराया। कहा कि भारत विकास परिषद सेवा, संस्कार, समर्पण, सम्पर्क एवं सहयोग के आधार पर कार्य कर रही है। क्षेत्रीय अधिवेशन व प्रान्तीय बैठक में शाखा को सर्वश्रेष्ठ शाखा घोषित कर सम्मानित किया गया।

गांधी समाधि रोड पर चंपाकुवंरि न्यास में मंगलवार को संगठन की बैठक हुई। इसमें सर्वप्रथम अखिल भारतीय वैश्य महासम्मेलन के जिलाध्यक्ष हरीश अग्रवाल व शरद गुप्ता ने भारत माता एवं स्वामी विवेकानंद के चित्र पर माल्यार्पण, दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम प्रारंभ किया। इसके बाद आलोक अग्रवाल एवं शालिनी अग्रवाल ने 15 प्रश्नीय प्रश्नोत्तरी, पुष्पा गुप्ता, सतनाम चावला, ललिता पुन्डीर, सुमन गुप्ता व श्वेता वर्मा ने एक मिनट प्रतियोगिता और हाऊजी कार्यक्रम का आयोजन कराया। पंक्चयूलिटी पुरस्कार में जगन्नाथ चावला, माधव गुप्ता एवं शूरवीर ने पुरस्कार प्राप्त किया।

प्रान्तीय सरंक्षक एवं चुनाव अधिकारी जगन्नाथ चावला ने बताया कि सत्र 2024-2025 के लिए दायित्व धारियों के चयन के लिए एक अधिसूचना नियमानुसार जारी की गई थी। साधारण सभा में सर्वसम्मति से रवीन्द्र गुप्ता को अध्यक्ष, दीपक पुंडीर को सचिव एवं संजीव अग्रवाल को कोषाध्यक्ष मनोनीत किया जाता है। जगन्नाथ ने बताया कि प्रान्तीय बैठक मुरादाबाद में हुए चुनाव में सर्वसम्मति से माधव गुप्ता को प्रांतीय वित्त सचिव के दायित्व का भार सौंपा।



मुख्य अतिथि को सम्मानित करते पदाधिकारी। ● अमृत विचार

## बारिश के बीच तीन घंटे तक नहीं मिली बिजली

**रामपुर, अमृत विचार :** मंगलवार की सुबह हुई बारिश से पहाड़ी गेट क्षेत्र की दो घंटे, रजा बिजलीघर क्षेत्र के मोहल्ला नालापार की एक घंटे तक बिजली गुल रही। लाइन में आई खराबी को सही करने में कर्मचारियों को तीन घंटे लग गए। दस बजे के बाद आपूर्ति सुचारू होने पर उपभोक्ताओं ने काफी राहत महसूस की।

सुबह छह बजे अचानक बारिश शुरू हो गई, बारिश होने से 33केवीए लाइन में खराबी आ गई। जिसके कारण तालाब मुल्ला ऐरम के फीडर बंद करना पड़ा। इस दौरान तीन घंटे तक बिजली नहीं आने पर उपभोक्ताओं को परेशानियों को झेलना पड़ा। बिजली घेर तोगां, बिलासपुर गेट, पक्का बाग, पुराना गंज की बिजली गायब रही। तीन घंटे बिजली नहीं आने पर निगम के अधिकारियों के फोन घनघनाने शुरू हो गए। फोन रिसीव नहीं होने पर उपभोक्ता बिजलीघर पहुंचे।

## चार को आएंगे उत्तराखंड के मुख्यमंत्री

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव की तैयारी तेज होती जा रही है। अब प्रवास कार्यक्रम के तहत उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी चार मार्च को रामपुर आएंगे। वह कई जगह आयोजित कार्यक्रमों में प्रतिभाग करेंगे।

सिविल लाइन स्थित भाजपा कार्यालय में मंगलवार को लोकसभा चुनाव संचालन समिति की बैठक हुई। इसमें लोकसभा सह प्रभारी मंजू दिलेर, (पूर्व राष्ट्रीय सदस्य अनुसूचित आयोग) शामिल रहीं। जिला अध्यक्ष हंसराज पप्पू ने बताया कि चार मार्च को मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का लोकसभा क्षेत्र में प्रवास रहेगा। वह विभिन्न कार्यक्रमों में उपस्थित रहेंगे। महत्वपूर्ण व्यक्तियों से संवाद, ऐतिहासिक स्थल का भ्रमण, लाभार्थी संपर्क, युवा संवाद, बूथ अध्यक्षों का सम्मेलन, प्रबुद्ध वर्ग सम्मेलन, लोकसभा संचालन समिति की बैठक, जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक करेंगे।

भारतीय जनता पार्टी के जिले, मंडल एवं मोर्चा के पदाधिकारी के साथ भी लोकसभा चुनाव पर चर्चा करेंगे। इस मौके पर अशोक विश्नोई, हरीश गंगवार, मोहनलाल सैनी, प्रेम शंकर पांडेय, ऋषि पांडेय, अनुज सक्सेना, सतनाम सिंह, दिनेश शर्मा, राजीव मांगलिक, संजय पाठक, अर्जुन रस्तोगी, चित्रक मित्तल, गोपाल गुप्ता, भारत भूषण गुप्ता, कृष्ण अवतार लोधी, जागेश्वर दयाल दीक्षित आदि मौजूद रहे। इस दौरान लोकसभा संयोजक सुरेश गंगवार और सभी संचालन समिति के सदस्य मौजूद रहे।



बैठक में कार्यकर्ताओं को संबोधित करते भाजपा के जिलाध्यक्ष हंसराज पप्पू।

**धोखाधड़ी** | आंवटित लक्ष्य 1200 के सापेक्ष 4000 से अधिक हो चुके हैं आवेदन, पंजीकरण की तिथि तक न्यूनतम आयु होनी चाहिए 18 वर्ष

## आवेदकों को गुमराह कर रहे ई-मित्र और जन सेवा केंद्रों के संचालक

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना हस्तशिल्पियों को आर्थिक लाभ देने के लिए शुरू की गई है। लेकिन ई-मित्र और जन सेवा केंद्रों के संचालक आवेदकों को गुमराह कर रहे हैं। अधिकांश आवेदन 15000 रुपये के लालच में किए गए हैं। जबकि, आवेदकों को कार्य का कोई अनुभव नहीं है। पारम्परिक हस्तशिल्प से उनका कोई वास्ता नहीं है।

परिवार में सरकारी नौकरी होने के बावजूद आवेदन कर दिए गए हैं। एक ही परिवार से कई-कई आवेदन किए गए हैं, जो योजना की शर्तों के विपरीत हैं। ई-मित्र संचालक, कॉमन सर्विस सेंटर, जन सेवा केंद्रों के संचालक आवेदकों को पूरी जानकारी न देकर पैसा कमाने के प्रयास में उन्हें गुमराह कर रहे हैं।

जिले में इन दिनों ई-मित्र, सीएससी, जन सेवा केंद्रों पर पीएम विश्वकर्मा योजना के नाम पर महिलाएं सिलाई मशीन के लालच में पैसे खर्च कर फॉर्म भरवा रही हैं। लेकिन जिस योजना में महिलाएं फॉर्म भरवा रही हैं, उसमें कहीं भी सिलाई मशीन मिलने का जिक्र तक नहीं है। आवेदन करने के बाद आवेदक को त्रिस्तरीय सत्यापन से गुजरना होगा। यह भी जांचा जाएगा कि आवेदक आवेदन के समय संबंधित ट्रेड का पारम्परिक कारीगर, हस्तशिल्पी है या नहीं। उसके पास उस ट्रेड में कार्य का अनुभव, करोबार, दुकान है या नहीं। वास्तव में वह आगे भी काम करेगा या नहीं। उसके परिवार में वह कार्य कम से कम दो पीढ़ियों से होता आ रहा है, या नहीं। इसका ग्राम पंचायत, नगर पालिका परिषदों की टीमें सत्यापन करेंगी। बाद में दूसरे व तीसरे चरण के सत्यापन के बाद आवेदक की ट्रेनिंग होगी। संबंधित ट्रेड में प्रमाण पत्र के साथ-साथ टूलकिट खरीदने के लिए 15000 रुपये का ई-वाउचर मिलेगा। लेकिन ई-मित्र केंद्रों के संचालक अधूरी जानकारी देकर महिलाओं के फॉर्म भरवा रहे हैं। जनपद को आवंटित लक्ष्य 1200 के सापेक्ष पोर्टल पर 4000 से अधिक आवेदन पत्र प्राप्त हो चुके हैं। इनमें अधिकांश आवेदन सिलाई मशीन के लालच में दर्जी की श्रेणी में किए गए हैं। जबकि अन्य 17 श्रेणियों में बहुत कम ही आवेदन आए हैं।

### राज्य स्तरीय समिति करेगी आवेदनों का सत्यापन

पीएम विश्वकर्मा योजना के तहत बढ़ई, नाव निर्माण, अस्त्र बनाना, लौहार, हथौड़ा और टूलकिट बनाना, ताला बनाना, सुनार, कुम्हार मूर्तिकार (पत्थर तराशना व पत्थर तोड़ना) है। मोची (चर्मकार, जूता बनाना), राज मिस्त्री, टोकरी, चटाई, झाड़ू बनाना, जूट बुनकर, गुड़िया और खिलौना बनाना (पारम्पारिक), नाई, माला बनाना, धोबी, दर्जी, मछली पकड़ने का जाल बनाने वाले सहित 18 प्रकार के व्यापार व कामगार शामिल हैं। योजना में त्रिस्तरीय सत्यापन व अनुमोदन की प्रक्रिया रहेगी। प्रथम चरण में आवेदक की स्क्रीनिंग ग्राम पंचायत, स्थानीय नगर पालिका या नगर पालिका परिषद स्तर पर दूसरे चरण में आवेदक का पुनरीक्षण व अनुशंसा जिला स्तर पर गठित जिला स्तरीय क्रियान्वयन समिति व तीसरे चरण का सत्यापन राज्य स्तरीय समिति करेगी।

> आवेदक असंगठित क्षेत्र में 18 निशिचत पारंम्परिक व्यवसायों में से किसी एक में कारीगर या शिल्पकार के तौर पर कार्य कर रहा हो। पंजीकरण की तिथि तक आवेदक की आयु न्यूनतम 18 वर्ष होनी चाहिए। स्वरोजगार या बिजनेस डवलपमेंट के लिए केंद्रीय व राज्य आधारित योजनाओं जैसे-पीएम स्वनिधि, पीएमईजीपी व मुद्रा योजना के तहत ऋण नहीं लिया हो। योजना का लाभ लेने को आवेदक के लिए आधार कार्ड, मोबाइल नंबर, बैंक खाता संख्या व राशन कार्ड की प्रति लगाना आवश्यक होगा।
>
> - मुकेश कुमार, उपायुक्त मनरेगा



## बिजली योजना से घर होंगे जगमग

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**योजना**

▸▸ जिले में आवेदन शुरू, सौर पैनल खरीदने के लिए केंद्र सरकार देगी सब्सिडी

**अमृत विचार :** प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के तहत जिले में आवेदन शुरू हो गए हैं। इस योजना का लाभ लेने के लिए लोग अपने मोबाइल से पीएम सूर्य घर ऐप या विकास भवन स्थित नेडा कार्यालय में आवेदन कर सकते हैं। हालांकि केंद्र सरकार की ओर से जिले को लाभार्थियों का लक्ष्य तय नहीं किया गया है।

डिप्टी कमिश्नर उद्योग, प्रोजेक्ट अधिकारी नेडा मुकेश कुमार ने बताया कि यह योजना केवल घरों को रोशन करने के लिए नहीं है, बल्कि यह सूरज की ऊर्जा अपनाने के तेज और किफायती तरीके के बारे में भी है। यह योजना घरों पर वित्तीय बोझ को कम करने और पर्यावर्णीय स्थिरता में योगदान देने की दिशा में एक व्यापक दृष्टिकोण पर काम करती है। बताया कि योजना से जुड़े लाभों में एक करोड़ लोगों को इस योजना के अन्तर्गत लाभ मिलेगा। इस योजना से प्रतिमाह 300 यूनिट्स बिजली मुफ्त दी जाएगी। सौर पैनल खरीदने के लिए सरकार सब्सिडी देगी। सोलर पैनल खरीदने के लिए बैंकों से लोन मिलेगा। प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना में पात्रता के लिए लाभार्थी को भारत का मूल निवासी होना चाहिए। इस योजना में आवेदक की उम्र 18 वर्ष से अधिक होना चाहिए। मध्यम एवं गरीब वर्ग को प्राथमिकता दी जाएगी। आवेदक का बैंक खाते से जुड़ा आधार कार्ड योजना में भाग लेने के लिए आवश्यक है।

बताया कि पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना में रूफटॉप सोलर योजना के तहत सरकार सौर पैनल स्थापित करने के लिए सब्सिडी प्रदान करेगी। दो किलो वाट तक 30000 रुपये प्रति किलो वाट, 3 किलो वाट तक की अतिरिक्त क्षमता के लिए 18000 रुपये प्रति किलो वाट एवं 3 किलो वाट से अधिक प्रणालियों के लिए कुल सब्सिडी अधिकतम 78000 रुपये की सब्सिडी प्रदान की जाएगी। बताया कि विकास भवन स्थित प्रथम तल पर नेडा कार्यालय में प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना में आवश्यक दस्तावेजों में पासपोर्ट साइज फोटो, आधार कार्ड, स्थायी पते का प्रमाण-पत्र, आय प्रमाण-पत्र, राशन कार्ड एवं बिजली का बिल अनिवार्य है।

## एक नजर

### दो पासपोर्ट मामले में तीन गवाहों ने दर्ज कराए बयान

**रामपुर, अमृत विचार :** अब्दुल्ला आजम के दो पासपोर्ट मामले में मंगलवार को बचाव पक्ष की ओर से तीन गवाहों ने कोर्ट में बयान दर्ज कराए। इस दौरान वीडियो कॉफ्रेंस के जरिये अब्दुल्ला आजम खां भी पेश हुए। अब इस मामले में चार मार्च को सुनावाई होगी। भाजपा विधायक आकाश सक्सेना ने 30 जुलाई वर्ष 2019 को सिविल लाइंस कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। इसमें अब्दुल्ला पर अलग-अलग जन्म तिथि से दो पासपोर्ट बनवाने का आरोप लगाया था। पुलिस ने जांच के बाद अब्दुल्ला के खिलाफ आरोप पत्र न्यायालय में दाखिल कर दिए थे। इसकी सुनवाई एमपी-एमएलए स्पेशल कोर्ट (मजिस्ट्रेट ट्रायल) में चल रही है। वादी के अधिवक्ता संदीप सक्सेना ने बताया कि बचाव पक्ष के गवाह जुनैद खां, आकिब, जब्बाद ने बयान दर्ज कराए। अब तक 10 गवाह बचाव पक्ष की ओर से हो गए हैं।

### ओवरलोडिंग में दो ट्रक सीज किए गए

**शाहबाद, अमृत विचार :** मंगलवार तड़के तहसीलदार ने रॉयल्टी से अधिक बालू भरकर ले जा रहे दो ट्रक सीज कर दिए। सीज ट्रक को पुलिस को सौंप दिए हैं। तहसीलदार शिवकुमार शर्मा ने चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान उन्हें खनन से भरे ट्रक दिखाई दिए। ओवरलोडिंग का अंदेशा होने पर उन्होंने ट्रकों को तुलवा लिया। इस दौरान ट्रकों में मानक से अधिक भार पाया गया। उन्होंने दो ट्रकों को सीज कर दिया। आरटीआई एक्टिविस्ट सयैद बब्लू मियां ने डीएम से शिकायत कर अवैध खनन कर रहे डंपरों पर रोक लगाए जाने की मांग की है। उन्होंने आरोप लगाया है कि डंपर चालकों की लापरवाही के चलते लगातार दुर्घटनाएं हो रही हैं।

### प्रेम विवाह के बाद पति गायब, तहरीर दी

**स्वार, अमृत विचार :** प्रेम विवाह के कुछ माह बाद पति अचानक गायब हो गया। पत्नी ने उसके परिजनों पर पति को गायब करने का आरोप लगा मिलकखानम पुलिस को तहरीर दी है। मामला थाना मिलकखानम क्षेत्र के गांव बुढ़ानपुर का है। एक गांव निवासी खुशी कंबोज व प्रदीप कंबोज के बीच काफी दिनों से प्रेम प्रसंग चल रहा था दोनों ने 12 मई 2023 को परिजनों की नाराजगी के बावजूद विवाह कर लिया था।

# जयाप्रदा को कुर्की की चेतावनी

कार्यालय संवाददाता, रामपुर



**अमृत विचार :** एमपी-एमएलए (मजिस्ट्रेट ट्रायल) कोर्ट ने मंगलवार को पूर्व सांसद व फिल्म अभिनेत्री जयाप्रदा के खिलाफ आठवीं एनबीडब्ल्यू जारी किया है। कोर्ट ने उन्हें कुर्की की चेतावनी दी है। साथ ही कोर्ट ने पुलिस अधीक्षक से कहा कि क्षेत्राधिकारी के नेतृव में टीम गठित कर आरोपी के खिलाफ कार्रवाई करें। अब इस मामले में छह मार्च को सुनवाई होगी।

2019 के लोकसभा चुनाव के दौरान जयाप्रदा के खिलाफ केमरी और स्वार के थानों में आचार संहिता उल्लंघन के मामले दर्ज हुए थे।

वरिष्ठ अभियोजन अधिकारी अमरनाथ तिवारी ने बताया कि इन मामलों की सुनवाई के दौरान जयाप्रदा कोर्ट में पेश नहीं हुईं। इस पर कोर्ट ने भारतीय दंड संहिता की धारा-82 के तहत जयाप्रदा के खिलाफ उद्घोषणा की कार्रवाई के लिए आदेश जारी किए हैं। अगर जयाप्रदा 30 दिन के भीतर कोर्ट में पेश नहीं हुईं, तो उनकी मुश्किलें और बढ़ सकती हैं।

**▸▸ कोर्ट ने आठवीं बार जारी किया वारंट, 2019 में दर्ज हुए आचार संहिता उल्लंघन के मामले**

### पूर्व सांसद के खिलाफ सख्त रुख अपना रहा कोर्ट

**रामपुर, अमृत विचार :** पूर्व सांसद जयाप्रदा की मुसीबतें कम नहीं हो रही हैं। मंगलवार को कोर्ट ने कड़ा रुख अपनाते हुए उनके खिलाफ गैर जमानती वारंट के साथ 82 की कार्रवाई कर दी है। अब इसके बाद भी जयाप्रदा कोर्ट में पेश नहीं होती हैं, तो उनके खिलाफ आगे की कार्रवाई हो सकती है। जयाप्रदा ने वर्ष 2019 में रामपुर में लोकसभा चुनाव लड़ा था। इस दौरान उन्होने केमरी और स्वार में जनसभा भी की थी। उन पर आरोप लगा था कि उन्होंने आचार संहिता का उल्लंघन किया गया है। इस मामले में वह कोर्ट में पेश नहीं हो हुईं। पुलिस उन्हें तलाश रही है, लेकिन वह नहीं मिल रही हैं। अब मंगलवार को कोर्ट ने सुनवाई करते हुए सीआरपीसी की धारा 82 के तहत कार्रवाई कर दी है।

### पहले भी पुलिस अधीक्षक ने गठित की थी टीमें

पिछले दिनों अदालत ने सख्ती करते हुए जयाप्रदा की गिरफ्तारी के लिए विशेष पुलिस निरीक्षक तैनाती के आदेश जारी किए थे।जिसके बाद पुलिस अधीक्षक राजेश द्विवेदी ने अदालत के आदेश पर जयाप्रदा की गिरफ्तारी के लिए विशेष निरीक्षक के नेतृत्व में टीम बनाई थी। टीम कई सप्ताह से रामपुर से लेकर दिल्ली व मुंबई तक तलाश कर रही थी, लेकिन जयाप्रदा पुलिस के हाथ नहीं आ सकी हैं।

## सांसद के निधन पर जगह-जगह शोक सभा कर आत्मा की शांति के लिए मांगी दुआ

# रामपुर वालों के साथ शामिल होते थे डॉ. बर्क

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** संभल से सपा सांसद डॉ. शफीकुर्रहमान बर्क की मौत पर रामपुर में राजनैतिक और सामाजिक संगठनों में गम का माहौल है। डॉ. बर्क रामपुर में लोगों के खुशी और गम में शामिल होते थे।

उन्होंने रामपुर वालों को कभी अपने से अलग नहीं समझा। सपा की गतिविधियों को लेकर भी वह पूर्व मंत्री आजम खां से मंत्रणा किया करते थे। यहां लोगों के नाम और चेहरे उन्हें हमेशा याद रहते थे। संभल में यदि उनसे कोई मिला तो रामपुर के लोगों के नाम लेकर पूछते थे कि वह कैसे हैं और क्या कर रहे हैं। उनके निधन पर लोगों को दुख है और दो मिनट का मौन धारण कर उनकी आत्मा की शांति के लिए दुआ की गई। राजद्वारा स्थित सपा कार्यालय में मंगलवार को हुई बैठक में डॉ. शफीकुर्रहमान बर्क की मौत पर दुख जताया गया। सपा के जिलाध्यक्ष वीरेंद्र गोयल ने कहा कि उनकी मौत पार्टी के लिए बड़ा नुकसान है। कहा कि इस नुकसान को जल्दी पूरा नहीं किया जा सकता।

डॉ. बर्क से रामपुर वालों का करीबी रिश्ता था। वह कई बार रामपुर आए और पूर्व मंत्री मोहम्मद आजम खां से भी कई मामलों पर चर्चा की। सपा कार्यालय पर दो मिनट का मौन धारण कर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की। जिलाध्यक्ष ने बताया कि शफीकुर्रहमान को बुधवार सुबह सुपुर्दे खाक किया जाएगा। उनके जनाजे में यहां से काफी लोग संभल पहुंचेंगे। इस दौरान मकसदू गुड्डू, आसिम राजा, विजय सिंह, अखिलेश गंगवार, हरज्ञान सिंह यादव, अमरजीत सिंह आदि मौजूद रहे।



पूर्व मंत्री आजम खां से चर्चा करते सांसद डॉ. शफीकुर्रहमान बर्क। **फाइल फोटो**

### तुर्क बिरादरी में गम का माहौल

डॉ. बर्क के निधन की खबर से रामपुर में जहां एक ओर तुर्क बिरादरी में गमगीन माहौल छा गया। वहीं दूसरी ओर हर वर्ग स्तब्ध रह गया। चमरौआ विधानसभा क्षेत्र से प्रत्याशी रहे एवं जिला पंचायत के सदस्य मुस्तफा हुसैन ने दुख व्यक्त किया। कहा कि सांसद बर्क के निधन से पूरे समाज को बहुत बड़ी क्षति पहुंची है। इसकी भरपाई हो पाना बहुत मुश्किल है। उनके समाजिक योगदान और उनके ऐतिहासिक कार्य हमेशा याद आएंगे। उन्होंने कहा कि डॉ. बर्क गरीबों और दबे कुचलों के नेता थे। उनका रामपुर जनपद में गहरा रिश्ता था।



डॉ. बर्क के साथ जिला पंचायत सदस्य मुस्तफा हुसैन। **फाइल फोटो**

# खनन के धंधेबाजों ने लेखपालों से की हाथापाई

## कोतवाली में 11 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज, खनन से लदे ओवरलोड डंपरों को रोकने पर हुआ विवाद

संवाददाता, बिलासपुर

**अमृत विचार:** क्षेत्र में चेकपोस्ट पर सोमवार रात ड्यूटी कर रही राजस्व टीम के दो लेखपालों के साथ खनन के धंधेबाजों ने हाथापाई की। सभी हमलावरों के पास हथियार थे। लेखपालों ने किसी तरह मौके से भागकर जान बचाई। कोतवाली में मंगलवार शाम तहरीर के आधार पर 11 आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है।

सोमवार रात 10 बजे राजस्व टीम में शामिल लेखपाल सचिन कुमार शर्मा व केविन्द्र सिंह नवाबगंज रोड स्थित चकफेरी मोड़ के पास स्थित चेक पोस्ट पर तैनात थे। अवैध खनन, परिवहन व ओवरलोडिंग की रोकथाम के लिए चेकिंग कर रहे थे। तभी खनन के धंधेबाज व उसके करीब आठ साथी कार से चेकपोस्ट पर पहुंचे। कहा कि रोज-रोज चेकिंग करने चले आते हो। इसके बाद आरोपियों ने लेखपालों के साथ अभद्रता की। मना करने पर आरोपी धक्का-मुक्की और हाथापाई करने लगे।

बाद में हमलावर फरार हो गए। घटना की जानकारी अधिकारियों को दी गई तो रात में ही एसडीएम हिमांशु उपाध्याय व सीओ रवि खोखर मौके पहुंच गए।

उधर, पुलिस क्षेत्राधिकारी रवि खोखर ने बताया कि घटना की जांच होगी। सीसीटीवी कैमरों की भी मदद ली जाएगी। किसी भी आरोपी को बख्शा नहीं जाएगा। लेखपाल संघ के अध्यक्ष चौधरी यशपाल सिंह ने कहा कि लेखपाल संघ इस घटना की निंदा करता है। सख्त कार्रवाई होनी चाहिए। ताकि आरोपियों में डर का माहौल बने।

### इनके खिलाफ हुई कार्रवाई

मेहर सिंह देओल, शुऐब और अफसर अली अपने आठ अज्ञात साथियों के साथ हथियार लेकर मौके पर पहुंचे थे। यहां आरोपियों ने खनन से लदे ओवरलोड डंपरों को रोकने का विरोध किया। तभी विवाद बढ़ गया। आरोप है कि आरोपियों ने हवा में हथियार लहराए। विरोध करने पर सभी मारपीट पर उतारू हो गए। इस पर प्रभारी निरीक्षक बलवान सिंह ने बताया कि मेहर सिंह देओल, शुऐब, अफसर अली और आठ अज्ञात व्यक्तियों समेत 11 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। इन पर सरकारी कार्य में बाधा उत्पन्न करने सहित अन्य धाराओं में कार्रवाई की गई है।

### सत्ता की हनक दिखा रहे थे आरोपी

लेखपालों के साथ हाथापाई के दौरान खनन के धंधेबाज उन्हें सत्ता की हनक दिखा रहे थे। सूत्रों ने बताया कि हमलावरों ने राजस्व टीम को धमकियां दीं। बताया गया कि इससे पहले भी खनन को लेकर कई बार विवाद हो चुके हैं। अवैध खनन की शिकायत करने पर एक महिला को घर में घुसकर पीटा गया था। महिला ने इसका आरोप सत्ता पक्ष के लोगों पर लगाया था, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई थी।

### पहले भी हो चुकी है मारपीट और फायरिंग

खजुरिया थाना क्षेत्र में कुछ समय पहले खनन का विरोध कर रहे प्रधान के साथ मारपीट की गई थी। नैनीताल हाईवे स्थित मुल्लाखेड़ा गांव के निकट अवैध खनन का विरोध करने पर फायरिंग घटनाएं भी हो चुकी हैं।

### तहसील में पूरे दिन चली मंत्रणा

लेखपालों के साथ हुई हाथापाई की घटना को लेकर तहसील में पूरे दिन मंत्रणा चलती रही। लेखपाल व एक नायब तहसीलदार ने सभाकक्ष में बैठकर गोपनीय रूप से पूरी घटना पर चर्चा की। रिपोर्ट दर्ज कराने की अपनी मंशा जाहिर की। दोपहर तक रिपोर्ट दर्ज कराने को लेकर कोई फैसला नहीं हो पाया, मगर शाम को निर्णय होने और अधिकारियों की सहमति मिलने के बाद कोतवाली पहुंचकर तहरीर दी।

### राज्यमंत्री का करीबी है आरोपी

अवैध खनन के मामले में राज्यमंत्री बलदेव सिंह औलख की छवि अब तक बेदाग रही है, लेकिन लेखपालों ने मुख्य आरोपी के तौर पर जिसका नाम तहरीर में लिखवाया है, वह राज्यमंत्री व उनके पुत्र का करीबी बताया जाता है। माना जा रहा है कि इस कारण भी प्रशासन व पुलिस को रिपोर्ट दर्ज कराने का निर्णय लेने में देरी लगी।

> यह गंभीर घटना है, प्रशासन इसे सहन नहीं कर सकता। रिपोर्ट दर्ज कराकर आरोपियों को कड़ा दंड दिलवाया जाएगा।
>
> -हिमांशु उपाध्याय, उप जिलाधिकारी

# हाईस्कूल की परीक्षा देकर जा रहे चार छात्र हादसे में घायल

संवाददाता, स्वार

**अमृत विचारः** हाईस्कूल की परीक्षा देकर घर वापस जा रहे दो बाइकें बैलगाड़ी से जा टकराईं। इस हादसे में चार छात्र गंभीर रूप से घायल हो गए। घायल छात्रों के परिजन उपचार के लिए टांडा सीएचसी एवं उत्तराखंड के काशीपुर ले गए।

मंगलवार को थाना टांडा के बादली निवासी मोहम्मद फैज, हसीब, अरमान व अदनान दो बाइकों पर सवार होकर नगर स्थित राजकीय इंटर कॉलेज मे हाई स्कूल की परीक्षा देने आए थे। परीक्षा देने के बाद चारों छात्र बाइकों से घर वापस जा रहे थे। तभी उनकी बाइकें मुंशीगंज के मोड़ पर मुरादाबाद हाईवे पर बैलगाड़ी से टकरा गईं। उधर से गुजर रहे क्षेत्रीय विधायक शफीक अहमद अंसारी के भाई रफीक अहमद अंसारी ने चारों छात्रो को अपने वाहन से क्लीनिक में पहुंचवाया। सूचना के बाद छात्रों के परिजन मौके पर पहुंच गए।

### कार व ट्रक की टक्कर में चार लोग जख्मी

**भोट, अमृत विचार :** नेशनल हाईवे पर कार व ट्रक की आमने सामने की टक्कर में कार सवार चार युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने चारों घायलों को जिला चिकित्सालय भिजवाया है। सोमवार रात करीब 10 :30 बजे बरेली निवासी संजीव कुमार चौधरी अपने साथी विपिन,धर्मेन्द्र व शशी कुमार के साथ रुद्रपुर जा रहे थे। नेशनल हाईवे पर लाला वाला बाग के पास पहुंचते ही उनकी कार की टक्कर सामने की ओर से आ रहे ट्रक से हो गई। हादसे में कार सवार चारों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर हाईवे पर गश्त कर रही पुलिस मौके पर पहुंच गई। चारों घायलों को जिला चिकित्सालय भिजवाया। थानाध्यक्ष निशा खटाना ने बताया कि हादसे में कार सवार चार युवक गंभीर रूप से घायल हो गए थे। चारों घायलों को जिला चिकित्सालय भिजवाया।

# पुलिस लाइन में देखीं व्यवस्थाएं

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** पुलिस उपमहानिरीक्षक मुरादाबाद मुनिराज जी ने पुलिस लाइन में परेड की सलामी लेकर वार्षिक निरीक्षण किया। इस दौरान पुलिस अधीक्षक राजेश द्विवेदी व पुलिसकर्मी साथ रहे।

मंगलवार को पुलिस लाइन में परेड का आयोजन किया गया। इसमें पुलिस उपमहानिरीक्षक मुनिराज जी ने परेड की सलामी ली। पुलिसकर्मियों का टर्न आउट चेक किया। इसके बाद डीआईजी ने रिजर्व पुलिस लाइन का निरीक्षण किया। रीडिंग रूम, भोजनालय, कैंटीन, मनोरंजन कक्ष, बैरक, गैस गोदाम, स्टोर, एमटी शाखा में व्यवस्थाएं देखीं। पुलिस लाइन परिसर में सफाई देखी। रिजर्व पुलिस लाइन में नवनिर्मित गैंगस्टर सेल, हाल-चाल दस्ता व संग्रहालय का भव्य उद्धघाटन कर सर्व संबंधित को आवश्यक निर्देश दिए। इस दौरान पुलिस अधीक्षक, अपर पुलिस अधीक्षक तथा समस्त क्षेत्राधिकारी मौजूद रहे। इसके बाद मुनिराज जी ने पुलिस लाइन में स्थित समस्त कार्यालय में अभिलेखो का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के बाद पुलिस लाइन स्थित सभागार कक्ष में पुलिस पेंशनर्स के साथ गोष्ठी कर उनकी समस्याओं को सुना। इसके बाद डीआईजी ने थाना टांडा में सलामी लेकर वार्षिक निरीक्षण किया। उन्होंने लोकसभा के चुनाव के दृष्टिगत जिले को आवंटित पैरामिलिट्री, पुलिस बल के ठहरने के लिए स्थानों पर व्यवस्थाओं- शौचालय, बिजली, पानी की सुविधा का निरीक्षण किया।



पुलिस लाइन में निरीक्षण करते पुलिस उप महानिरीक्षक मुरादाबाद मुनिराज जी।

**▸▸ मनोरंजन कक्ष, बैरक, गैस गोदाम, स्टोर, एमटी शाखा का किया निरीक्षण**

# संदिग्ध परिस्थितियों में महिला की मौत

**भोट, अमृत विचार :** क्षेत्र के गांव बांस नगली में महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए जिला चिकित्सालय भिजवा दिया है।

गांव बांस नगली निवासी रामवती (35) पत्नी राजेंद्र की मंगलवार को अचानक तबीयत खराब हो गई थी। परिजनों ने उसे जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया था। हालत बिगड़ने पर चिकित्सों ने उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया थ्रा। परिजन उसे दिल्ली ले जा रहे थे, लेकिन रास्ते में ही उसने दम तोड़ दिया। परिजन शव को घर ले आए। महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत की सूचना पर थाना पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। थानाध्यक्ष निशा खटाना ने बताया कि महिला के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम को भेजा गया है। मौत के कारणों का पता तो रिपोर्ट आने के बाद ही चल पाएगा।

# टांडा के लोग खाड़ी देशों से कर रहे सोने की तस्करी

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** टांडा क्षेत्र के कुछ लोग ग्रुप बनाकर खाड़ी देशों से सोने की तस्करी कर रहे हैं। इनमें नगर के कुछ बड़े लोग भी शामिल हैं। युवाओं को कुछ पैसों का लालच देकर सऊदी अरब, दुबई व अन्य देशों को भेजते हैं। युवक सोने के कैप्सूल बनवाकर उन्हें मुंह के जरिए पेट में रखकर लाते हैं। घटना की जानकारी होने पर पुलिस ने कुछ लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ की है।

नगर के कई युवक बरेली, ग्वालियर, गाजियाबाद, बिहार, लखनऊ समेत अन्य स्थानों पर पकड़े जा चुके हैं। तीन दिन पहले भी लखनऊ हवाई अड्डे के बाहर पुलिस ने 12 लोगों को हिरासत में लिया था। चिकित्सकों से उनके भीतर से दो करोड़ की कीमत का सोना निकलवाया था। इस घटना के तार नगर से जुड़े होने की चर्चा पर पुलिस ने नगर के आठ लोगों को हिरासत में लिया। कई घंटे हिरासत में रखकर बिना किसी कार्रवाई के छोड़ दिया। बताते हैं कि क्राइम ब्रांच भी युवकों से पूछताछ के लिए टांडा आई थी। इसकी भनक लगते ही आरोपी लोग अपने घरों पर ताला लगाकर फरार हो गए। बताया जा रहा है कि नगर के कुछ लोगों ने ग्रुप बनाकर सोने की तस्करी का धंधा शुरू कर दिया है। युवकों के पकड़े जाने पर उन्हें छुड़ाने के लिए वे कोशिशें भी करते हैं।

### कुछ दिन पहले एक युवक के पेट से निकला था सोना

एक पखवाड़ा पूर्व नगर का एक युवक अपने पेट का एक्सरे कराने केंद्र पर गया था। पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर उसे हिरासत में ले लिया था और थाने ले आई। सख्ती से पूछताछ पर उसने नगर के कई बड़े लोगों को इस धंधे में शामिल होना कबूल किया। युवक ने सोना अपने मुंह के जरिए पेट में निगल लिया था। वह उसका एक्सरे कराने सेंटर पर गया था। युवक की निशानदेही पर पुलिस ने एक अन्य व्यक्ति को थाने बुलाया। कुछ देर के बाद उसे छोड़ दिया गया। हालांकि पुलिस हिरासत की सूचनाओं से इनकार करती है।

**▸▸ पेट में छिपाकर लाते हैं सोने के कैप्सूल, पुलिस कई लोगों से कर रही है पूछताछ**

> कुछ चैनलों के माध्यम से जानकारी मिली थी कि टांडा के कुछ लोग पकड़े गए हैं। उसके बाद गांव से लोगों से पूछा गया था कि यह कौन लोग हैं। विभाग से कोई आदेश मिलने पर पूरे मामले का खुलासा किया जाएगा।
>
> - सुरेंद्र सिंह पचौरी, टांडा थाना प्रभारी

### टांडा सोने की तस्करी में हो रहा बदनाम

नगर में सोना तस्करी का धंधा जोरों पर चल रहा है। कई बार यहां के युवक अवैध सोने के साथ विभिन्न शहरों और एयरपोर्ट पर पकड़े जा चुके हैं। टांडा जो चावलों के कारोबार के लिए दूर तक मशहूर था, अब सोने की तस्करी की वजह से नगर का नाम दूर तक बदनाम हो चुका है। नगर के दो लोग अभी भी नशीले पदार्थों की बरामदगी को लेकर दुबई जेल में बंद हैं। तीन दिन पूर्व लखनऊ एयरपोर्ट के बाहर से पुलिस को ने 12 तस्करों को गिरफ्तार किया था। पुलिस ने उनके पेट से दो करोड़ का सोना बरामद किये जाने की खबरें हैं। वह युवक भी टांडा के बताए जाने की चर्चाएं हैं। बताते हैं कि इन युवकों के पास से 98 लाख से अधिक के पान 2996 मसाले, गुटके और सिगरेट आदि भी बरामद हुए थे।

**प्रेरणा** | जिले में एकमात्र उत्पादक, पौधे लगाने का प्रशिक्षण लेने को बेटे को भेजा था बेंगलुरु

# ड्रैगन फ्रूट की फसल उगाकर हरदीप सिंह बन रहे नजीर

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** बिलासपुर ब्लॉक क्षेत्र के गांव पिपलिया मिश्र निवासी किसान हरदीप सिंह गिल ने ड्रैगन फ्रूट की खेती कर नया आयाम स्थापित कर दिया है। वह अन्य किसानों के लिए नजीर बन गए हैं। वह परंपरागत खेती से चार गुना ज्यादा मुनाफा कमा रहे हैं। इससे इनकी आर्थिक स्थिति अच्छी हो गई हैं। वह अन्य किसानों के लिए प्रेरित करते हैं।

पांच साल पहले हरदीप सिंह परंपरागत फसलें उगाते थे। गेहूं-चावल से अपेक्षित लाभ नहीं मिलने पर चिंतित थे। ऐसे में एक दिन उन्होंने सोशल मीडिया के जरिये ड्रैगन फ्रूट की पौष्टिकता के बारे में जाना तो इसको उगाने का इरादा सोच लिया। इसके लिए बेटे मनिंदर सिंह को बेंगलुरु में इस फ्रूट की बागवानी के शौकीन डॉ. श्रीनिवासन से जानकारी लेने के लिए भेजा। बीकॉम-बीपीएड पास कर चुके बेटे ने भी पिता की इस योजना में पूरा साथ देने का निश्चय कर लिया। बेटा ने एक सप्ताह वहीं रुक कर प्रशिक्षण लिया। फिर सामान वाहक विमान से 2000 हजार पौधे मंगा लिए। उन्होंने इन पौधों को दो एकड़ रकबे में लगा दिया। हरदीप-मनिंदर को पौधे लगाने के बाद शुरूआत में दिक्कतें तो आईं लेकिन उन्होंने हिम्मत नहीं हारी। पांच साल पहले लगाए पौधों पर फल आने शुरू हुए जो बढ़िया स्तर के नहीं थे। तब उन्होंने फिर से डॉ. श्रीनिवासन से संपर्क किया। उनकी सलाह पर पौधों को जिंक, सुपर फास्फेट, डीएपी, कैल्शियम, खली, गोबर खाद अनुपात से दी, तो फलों की गुणवत्ता में सुधार आ गया।



खेत में ड्रैगन फ्रूट दिखाते हरदीप सिंह गिल। ● अमृत विचार

### क्या है ड्रैगन फ्रूट

यह जीनस हिलोकेरेस कैक्टस प्रजाति का अमेरिका का देशज फल है। इसको पितहाया या ड्रैगन फ्रूट नाम से जाना जाता है। यह गुलाबी रंग का मीठा फल है। यह बाहर से अनन्नास की तरह दिखता है। लेकिन अंदर सफेद-काले छोटे-छोटे बीजों से गूदा भरा होता है।

> यह फल बहुत पौष्टिक और डिमांड वाला है। इससे गेहूं-धान से चार गुना ज्यादा मुनाफा कमा सकते हैं। छह साल पुराना पेड़ होने पर भरपूर फसल देता है। एक बार पौधा लगाने के बाद 15-20 साल पौधा चलता है। इसमें एंटी ऑक्सीडेंट बहुत ज्यादा है। हिमोग्लोबीन व प्लेट्स बढ़ाने के लिए यह बहुत अच्छा फल है। कोरोना काल में 250 से लेकर 500 रुपये किलो तक फल बेचा था। तराई क्षेत्र होने से पौधों में फंगस आ जाती है। फंगस हटाने के लिए बाविस्टन दवा का उपयोग करने से दूर हो जाती है।
>
> - हरदीप सिंह, प्रगतिशील किसान

> हरदीप ड्रैगन फ्रूट के जनपद में अकेले किसान हैं। किसानों में जगरूकता आने पर देश को एक पौष्टिक फल की उपलब्धता सुलभ हो जाएगी। विभिन्न रोगों में इसके सेवन से अत्यधिक लाभ मिलता है। इस पौधे के लिए कम पानी की जरूरत पड़ती है। इसकी सिंचाई के लिए बूंद-बूंद पद्धति अपनाई जाती है। इसमें कीट और रोग का प्रकोप कम ही होता है।
>
> - शैलेंद्र कुमार, उप कृषि निदेशक

### कब और कैसे होता है इसका उत्पादन

जिला कृषि अधिकारी नरेंद्र पाल बताते हैं कि ड्रैगन फ्रूट की कम बारिश वाली जगह पर पैदावार ज्यादा होती है। इसके लिए निम्नतम वार्षिक वर्षा 50 सेमी और तापमान 20 से 36 डिग्री सेल्सियस बेहतर माना जाता है। इसकी खेती के लिए इसकी पैदावार कटिंग के माध्यम से होती है। लेकिन इसे बीज से भी लगा सकते हैं, लेकिन बीज पद्धति से किसानों को पैदावार देर में मिलती है। अधिक उत्पादन पाने के लिए एक हेक्टेयर जमीन में लगभग 277 पौधे लगाए जा सकते हैं। आमतौर पर मई-जून में इसमें फूल और जुलाई से दिसंबर तक फल आते हैं।

# अमीन से अभद्रता करने वाले बकाएदार को जेल भेजा

संवाददाता, शाहबाद

**अमृत विचार :** वसूली को पहुंचे संग्रह अमीन से अभद्रता करने और सरकारी गाड़ी के पर्दे फाड़ना आरोपी बकाएदार को भारी पड़ गया। अमीन की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर उसका शांतिभंग की धारा में चालान कर दिया था। इसके बाद उसे एसडीएम न्यायलय में पेश किया गया। जहां से एसडीएम ने बकाएदार को जेल भेज दिया है।

राजस्व विभाग बकायेदारों पर शिकंजा कस रहा है। नायब तहसीलदार विश्वास दीक्षित संग्रह अमीन भारत सिंह, भुवनेश कुमार और गार्डों के साथ मीरापुर गांव में चंद्रपाल को पकड़ने गई थी।उस पर करीब पांच लाख रुपए का बकाया है। टीम उसके घर पहुंची तो आरोप है कि चंद्रपाल ने बेटों के साथ मिलकर अमीन से अभद्रता कर दी। इस पर गार्डों ने पकड़कर गाड़ी में बैठा लिया।

### ट्रक दौड़ाने में दो चालक किए गए गिरफ्तार

**शाहबाद, अमृत विचार :** ट्रक दौड़ाना ट्रक चालकों को भारी पड़ गया। चेकिंग के दौरान तहसीलदार ने दो चालक पकड़ लिए। दोनों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। जिलाधिकारी जोगिन्दर सिंह के निर्देश पर पूरे जिले में अवैध खनन,अवैध परिवहन और ओवरलोडिंग के विरुद्ध सख्त अभियान चलाया जा रहा है। इसी के अनुपालन में सोमवार रात तहसीलदार शिव कुमार पुलिस टीम के साथ रामपुर चौराहे पर चेकिंग कर रहे थे। इसी दौरान दो ट्रक तेज रफ्तार से शाहबाद की ओर आ रहे थे और एक-दूसरे से आगे निकलने की होड़ कर यातायात नियमों का उल्लंघन कर रहे थे। कुछ ही देर में दोनों ही चालक ट्रक से उतरकर मारपीट पर उतारू हो गए। जिस पर तहसीलदार ने रामपुर के गूजर तोला निवासी आरोपी चालक बिलाल और मडैयान शादी नाजिम को गिरफ्तार करा दिया।

## एक नजर

### पांच माह से अधूरा पड़ा पाइपलाइन का कार्य

**रामपुर, अमृत विचार :** आगापुर रोड पानी की टंकी में जलकल विभाग द्वारा पानी का पाइप डाल जा रहा था। जिसको तत्काल रूप से रोक दिया गया। कार्य पांच माह से रुका हुआ है। पाइपलाइन की खुदाई का कार्य को रोक दिया गया। जिससे टंकी का पानी से जलभराव हो गया है। मैदान के अंदर कई सब्जी के ठेले लगे हुए हैं। जलकल विभाग के अधिकारियों की लापरवाही से पानी की बर्बादी भी हो रही है। पानी की पाइपलाइन को अधूरा छोड़कर जाने का कारण है जल निगम की लापरवाही वहां मौजूद ऑपरेटर ने बताया कि यह पाइप लाइन का कार्य पांच माह से रुका हुआ है। यहां के लोगों ने कई बार शिकायत की गई है लेकिन इसके बाद भी कोई अभी तक कोई कार्य चालू नहीं कराया गया है।

### चादरवाला बाग में मनाई गई रविदास की जयंती

**रामपुर,अमृत विचार :** जिला अस्पताल स्थित चादरवाला बाग में वाल्मीकि शक्ति दल के पदाधिकारियों ने संत रविदास की जयंती मनाई ।यहां अध्यक्ष प्रेमप्रकाश ने कहा कि संत शिरोमणि रविदास ने हमेशा मानव कल्याण और समाज सुधार के लिए काम किया है।

# किसानों की आवाज दबाने की कोशिश कर रही सरकार

## भाकियू तोमर ने निकाला ट्रैक्टर मार्च, नारेबाजी, धरना प्रदर्शन कर राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन एसडीएम को सौंपा

संवाददाता, स्वार

**अमृत विचार:** भाकियू तोमर के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने पंजाब बार्डर पर चल रहे किसान आंदोलन के समर्थन और एमएसपी समेत अन्य मांगों को लेकर ट्रैक्टर मार्च निकाला। सरकार के विरोध में नारेबाजी कर राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन एसडीएम को सौंपा। शीघ्र समस्या का समाधान करने की मांग की। सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस बल तैनात रहा।

भाकियू तोमर के पदाधिकार बिलासपुर मार्ग स्थित मन्नत मैरिज हाल में मंगलवार को एकत्र हुए। इसके बाद जिलाध्यक्ष शारिक इकबाल के नेतृत्व में किसानों ने ट्रैक्टरों से मार्च निकाला। ट्रैक्टर मार्च अगलगा, बिजली घर, स्वार रामपुर मार्ग होते हुए खंड विकास कार्यालय पहुंचकर समाप्त हुआ। बाद में किसानों ने सरकार के खिलाफ धरना देकर नारेबाजी की। धरने को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष ने कहा कि केंद्र सरकार किसानों से वादा खिलाफी कर उनकी आवाज दबाने की कोशिश कर रही है। ऐसा नहीं होने दिया जाएगा। पूरे देश के किसान एक जुट हैं। सरकार तत्काल एमएसपी लागू करें। किसानों के शांतिपूर्ण संघर्ष व आंदोलन पर सरकार हमले करा रही है। जिला वरिष्ठ सचिव अरशद अली आजाद ने कहा कि अगर सरकार ने शीघ्र उनकी मांगें पूरी नहीं कीं तो यूपी के किसान भी दिल्ली कूच करेंगे। किसानों ने राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन एसडीएम अवनीश कुमार को सौंपा। सुरक्षा की दृष्टि से सीओ अरुण कुमार सिंह व कोतवाल संदीप त्यागी समेत पुलिस बल मौजूद रहा। धरना प्रदर्शन करने वालों मे जिला महासचिव मोहम्मद नईम अहमद, नामे अली, अफसर अली, मोहम्मद जुनेद आलम, तेजपाल, मोहम्मद रहमान, मोहम्मद फैजान आदि रहे।



स्वार में ट्रैक्टर मार्च निकालते भाकियू तोमर के पदाधिकारी। ● अमृत विचार



भाकियू अराजनैतिक की पंचायत में किसानों को संबेधित करते जिलाध्यक्ष। ● अमृत विचार

### मीटर रीडरों की लापरवाही से अधिक आ रहे बिजली बिल : अजय

**रामपुर, अमृत विचार :** भाकियू अराजनैतिक के जिलाध्यक्ष अजय बाबू गंगवार ने कहा कि मीटर रीडरों की लापरवाही की वजह से बिजली के बिल अधिक आ रहे हैं। कहा कि ग्रामीणों को खुशहाल बनाने के लिए खेती के साथ-साथ एक छोटा व्यापार करने के लिए मुद्रा योजना के अंतर्गत किसी बैंक से किसान ऋण ले सकता है। लेकिन किसान जब बैंक में ऋण मांगने जाता है, तो वहां ज्यादातर बैंक के कर्मचारी किसानों को सरकारी योजनाओं को ठीक से न बताकर किसानों को गुमराह करते हैं। गांव सुहाग नगला में मंगलवार को भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक की पंचायत हुई। इसमें जिलाध्यक्ष ने बताया कि राशन वितरण प्रणाली में गांव गांव धांधली हो रही है। जिले में कई जगह नहरों की सफाई ठीक से नहीं की गई है। कई बार अधिकारियों को स्थानीय समस्याएं बताई गई हैं। लेकिन समस्याओं का समाधान नहीं किया जा रहा है। इसके विरोध में कलेक्ट्रेट में धरना प्रदर्शन किया जाएगा। बैठक में सदर अध्यक्ष बालकीशोर पांडेय, उपाध्यक्ष लखविंदर सिंह, संगठन मंत्री फूल सिंह, उपाध्यक्ष अनोखे लाल, धर्मवीर, पाती राम, दिनेश, ज्वाला प्रसाद गंगवार, राम किशोर प्रजापति, प्रेम पाल, राम बहादुर गंगवार आदि रहे।

### फ्रेंचाइजी के नाम पर 33 लाख ठगे, रिपोर्ट

**रामपुर, अमृत विचार :** केएफसी ब्रांड की फ्रेंचाइजी के नाम पर युवक से 33 लाख की ठगी कर ली गई। पीड़ित ने अपने रुपये वापस मांगे तो ठग जान से मारने की धमकी देने लगा। साइबर क्राइम थाना में दर्ज करा दी गई है।

कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला तोपखाना सहारा अस्पताल के पीछे निवासी आबिद ठगी का शिकार हुआ। उसने केएफसी कंपनी की फ्रेंचाइजी लेने के लिए ऑनलाइन नंबर सर्च किया। जिस मोबाइल नंबर पर बात हुई उस व्यक्ति ने खुद को कंपनी का अधिकारी बताते हुए आबिद से पूरा ब्योरा लिया। कंपनी की शर्तों पर फ्रेंचाइजी देने की बात कही। तथाकथित अधिकारी ने कंपनी के नाम पर विभिन्न बैंकों के खाता संख्या और विवरण भेज दिया। पीड़ित से अलग अलग इन बैंक खातों में केएफसी कंपनी का लाइसेंस और फ्रेंचाइजी के नाम पर रकम मांग ली। यह रकम कई किस्तों में आबिद ने भेज दी। बाद में तथाकथित अधिकारी बने उस जालसाज ने आबिद को भला बुरा कहना शुरू कर दिया। जान से मारने की धमकी देने लगा।



राज्य स्तरीय कार्यक्रम में एक्सईएन को सम्मानित करते मंत्री । ● अमृत विचार

# सड़क सुरक्षा माह में प्रदेश में जिले को मिली पांचवीं रैंक

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत प्रदेश में जनपद को पांचवीं रैंक मिली है। वर्ष 2022 के सापेक्ष वर्ष 2023 में लखीमपुर में 18 , इटावा में 17.2, महोबा में 16.5, हमीरपुर में 11.1 और रामपुर में 9.9 प्रतिशत हादसों में कमी आई है।

अभियान को सफल बनाए जाने के लिए लोक निर्माण विभाग के मंत्री जितिन प्रसाद ने अधिशासी अभियंता केवी सिंह को सम्मानित किया है।

जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठके भी प्रत्येक माह नियमित रूप से जिलाधिकारी की अध्यक्षता में आयोजित की गईं। शासन के दिशा निर्देशानुसार 14 जनवरी से 15 फरवरी तक राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह मनाया गया है। लखनऊ के लोक निर्माण विभाग मुख्यालय में राज्य स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

### जिला बदर रहते हुए भी रोजगार सेवक पर मानदेय लेने का आरोप

**बिलासपुर , अमृत विचार :** गांव मनकरा के एक व्यक्ति ने जिलाधिकारी को साक्ष्य प्रस्तुत कर रोजगार सेवक के जिला बदर और जेल में रहते हुए विभाग द्वारा वेतन दिए जाने का आरोप लगाया। साथ ही जेल में रहते हुए कागजों में कार्य और तनख्वाह मिलते रहने का भी आरोप लगाया। गांव निवासी मोहम्मद जरीफ अहमद ने जिलाधिकारी कार्यालय में गुहार लगाई। साक्ष्य प्रस्तुत किए ।इस दौरान उसने आरोप लगाया कि गांव में तैनात रोजगार सेवक मुजम्मिल हुसैन आपराधिक प्रवत्ति का व्यक्ति है। इसके विरुद्ध वर्ष 2016 में भोट थान में मामला दर्ज किया गया था। इनमें रोजगार सेवक को जेल भी जाना पड़ा था। लेकिन, जेल से छुटने के बाद रोजगार सेवक ने जेल की अवधि का मानदेय प्राप्त कर लिया था। बाद में जिलाधिकारी के आदेश पर 10 जनवरी 2017 में रोजगार सेवक के विरुध गुंडा एक्ट की कार्रवाई की गई थी।



नारियल तोड़कर कई मार्ग का शिलान्यास करते सांसद। ● अमृत विचार

# सांसद ने कई संपर्क मार्गों का किया शिलान्यास

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** सांसद घनश्याम सिंह लोधी ने मंगलवार को कई संपर्क मार्गों का शिलान्यास किया। गांव लालपुर कादर से मुंडिया खेड़ा तक व ग्राम लदौरा से गांव बकैनिया तक व गांव रम्पुरा से गांव भरतपुर तक संपर्क मार्गों का शिलान्यास किया। इन मार्गों की लंबाई लगभग तीन से चार किलोमीटर है। सांसद ने कहा कि आए दिन क्षेत्रवासियों को इन संपर्क मार्गों के न होने के कारण आवागमन में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता था। संपर्क मार्गों को अतिशीघ्र डामर रोड निर्माण कर दिया जाएगा। इस दौरान भाजपा के पदाधिकारी, कार्यकर्ता, ग्राम प्रधान व समस्त प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित रहे।

# 11 करोड़ की लागत से ग्राम पंचायतों में होंगे विकास कार्य

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**उम्मीद**

▸▸ नई चौपाल, सामुदायिक स्वास्थ्य, पेयजल व्यवस्था में होगा सुधार, मिलेगी राहत

> 680 ग्राम पंचायतों में 15 वां वित्त आयोग की राशि से 11 करोड़ 81 लाख 37 हजार पचास रुपये से कार्य कराए जाएंगे। सभी ग्राम प्रधानों और सचिवों को निर्देश दिए कि नियमानुसार कार्य कराएं।
>
> -जाहिद हुसैन, जिला पंचायत राज अधिकारी।

**अमृत विचार :** जनपद के छह विकास खंडों की 680 ग्राम पंचायतों में 11 करोड़ 81 लाख 37 हजार 50 रुपये की लागत से विकास कार्य होंगे। जिला पंचायत राज विभाग की ओर से स्वीकृति मिल गई है। 15 वां वित्त से गांवों में नई चौपाल, सामुदायिक स्वास्थ्य, पेयजल और गांव की गलियां, ड्रेनेज, श्मशान भूमि की चार दीवारी, स्कूल की चार दीवारी समेत अन्य विकाय कार्य कराए जाएंगे। राशि स्वीकृत होने पर जिला पंचायत राज अधिकारी ने सभी ग्राम प्रधानों, सचिवों को नियमानुसार कार्यों कराए के जाने के निर्देश दिए हैं।

छह विकास खंड बिलासपुर, चमरौआ, मिलक, सैदनगर, शाहबाद और स्वार में 680 ग्राम पंचायतें हैं। स्वार में सबसे अधिक 146 ग्राम पंचायतें हैं। बिलासपुर में 1 करोड़ 64 लाख 27 हजार 514 रुपये, चमरौआ में 1 करोड़ 57 लाख 90 हजार 735 रुपये, मिलक में 2 करोड़ 19 लाख 37 हजार 46 रुपये, सैदनगर में 1 करोड़ 56 लाख 20 हजार 73 रुपये, शाहबाद में 2 करोड़ 42 लाख, 22 हजार 770 रुपये, स्वार में 2 करोड़ 69 लाख पांच हजार 972 रुपये से 15वें वित्त से 50 प्रतिशत तक पेयजल और स्वच्छता के कार्य कराए जाएंगे। शेष धनराशि से सीसी, इंटरलाकिंग सड़कें, स्मार्ट पंचायत सचिवालय, स्मार्ट आंगनबाड़ी और क्लास बनाने, जल निकासी एवं कूड़ा निस्तारण की व्यवस्था को सुचारू करने में खर्च की जाएगी।

विभागीय अधिकारियों के अनुसार समस्त पंचायतों के ग्राम प्रधानों, सचिवों को नियमानुसार कार्य कराए जाने के निर्देश दिए है। कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही बरती गई तो विभागीय कार्रवाई की जाएगी।

# प्रदेश स्तर पर फुटबॉल में उपविजेता रही टीम सम्मानित

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** प्रदेश स्तर पर फुटबॉल में उप विजेता रही टीम को खंड शिक्षा अधिकारी मजरुल हसन ने सम्मानित किया। खंड शिक्षा अधिकारी ने बच्चों का उत्साहवर्धन किया। बच्चों को क्रीड़ा क्षेत्र में आगे बढ़ाने के लिए समय-समय पर शिक्षकों के साथ बैठक करने का आश्वासन दिया।

प्रदेश क्रीड़ा प्रतियोगिता में उच्च प्राथमिक विद्यालय अशोक नगर क्षेत्र बिलासपुर के बच्चों द्वारा फुटबॉल में उपविजेता रहने पर प्रतिभागी बच्चों का सम्मान समारोह रखा गया। राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के जिलाध्यक्ष रवेन्द्र गंगवार ने कार्यक्रम का आरंभ किया। इसके बाद बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। फुटबॉल में उपविजेता रहे बच्चों को खंड शिक्षाधिकारी मजरूल हसन व राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के जिलाध्यक्ष ने शील्ड व मेडल देकर सम्मानित किया। जिला महामंत्री विपेन्द्र कुमार ने कहा कि सर्वांगीण विकास के लिए बच्चों को खेलकूद कराना महत्वपूर्ण है। इंचार्ज अध्यापक निर्मल चंदराय ने अतिथियों को स्मृति चिह्न भेंट किया। इस दौरान पंकज पड़ालिया, बृजवीर सिंह, विवेक यादव, इंद्र कुमार मिश्रा, दिलीप सिंह, मीनू सिंह, संदीप कौर, सादिया, मेराज, रीता, प्रेमा, प्रियंका, दीप्ती आदि रहे। संचालन सुधीश शर्मा ने किया। प्रदेश स्तरीय प्रतियोगिता में उपविजेता रही फुटबॉल टीम को किया सम्मानित किया गया।



कार्यक्रम के दौरान मौजूद खिलाड़ी, साथ में अन्य। ● अमृत विचार

**सम्मान**

▸▸ राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के जिलाध्यक्ष ने बढ़ाया हौसला




खेलकूद प्रतियोगिता के बाद विजेता खिलाड़ी और अध्यापक। ● अमृत विचार

### खेलकूद प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने दिखाया दमखम

**शाहबाद, अमृत विचार :** शाहबाद के उच्च प्राथमिक विद्यालय जनकपुर में मंगलवार को ब्लॉक स्तरीय खेलकूद का प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें ब्लॉक क्षेत्र के न्याय पंचायत स्तर के स्कूल के बालक और बालिकाओं ने भाग लिया। प्रतियोगिता का आगाज कोच अरविन्द राजपूत ने फीता काटकर किया। प्रतियोगिता में बॉलीबोल, रिले रेस एवं खोखो खेल की प्रतियोगिता कराई गईं। बालक वर्ग बॉलीबोल में ढकुरिया की टीम ने जनकपुर की टीम को हराकर जीत दर्ज की। रिले रेस में भी ढकुरिया की टीम ने कमालपुर की टीम को मात दी। वहीं, बालिका वर्ग खो-खो में जनकपुर की टीम अव्वल रही। कमालपुर की टीम दूसरे स्थान पर रही। मुख्य अतिथि के रूप में स्कूल के प्रधानाचार्य देवेन्द्र सिंह ने विजेता बच्चों को पुरस्कृत किया।

### जिला अस्पताल में 770 रोगियों की हुई ओपीडी

**रामपुर, अमृत विचार:** मंगलवार को जिला अस्पताल में 770 रोगियों की ओपीडी हुई। सुबह दस बजे से दोपहर दो बजे तक रोगियों को चिकित्सकों ने परामर्श दिया। जनरल फिजिशियन डा. दशरथ सिंह, डा. शशांक झा ने बताया कि मौसम में बदलाव होने की वजह से खांसी, जुकाम और बुखार के रोगियों की संख्या बढ़ी है। ऐसे में रोगियों को एहतियात बरतने की सलाह दी कि खान-पान और पहनावे पर विशेष ध्यान रखें। सर्दियों में सेहत के प्रति लापरवाही बरतने पर बच्चों और बुजुर्गों में कई प्रकार की बीमारियां हो रही हैं। सांस के रोगियों को चाहिए कि अपने संग इन्हेलर लेकर चलें। ज्यादा दिक्कत होने पर नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र पर जाकर चिकित्सक से परामर्श लें। अभी सर्दी का असर खत्म नहीं हुआ है बाल रोग विशेषज्ञ डा. पल्लव सिंघल ने बताया कि दो से सात वर्ष के बच्चों में सर्दी लगने के मरीज आ रहे हैं।

# दुकानदारों को बोर्ड की बैठक का इंतजार, रखे जाएंगे प्रस्ताव

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

> बापू मॉल की दुकानों के प्रस्ताव को बोर्ड की बैठक में रखा जाएगा। आठ फरवरी को 13 दुकानदारों ने 13 लाख रुपये की अग्रिम धनराशि जमा कराई है।
>
> -दुर्गेश्वर त्रिपाठी, ईओ

**अमृत विचार :** तोपखाना रोड स्थित बापू मॉल की दुकानों के आवंटन के लिए दुकानदारों को बोर्ड की बैठक का इंतजार है। बैठक में दुकानों के प्रस्ताव रखें जाएंगे। बैठक से पास कराए जाने के बाद दुकानों का आवंटन होगा। 9 फरवरी को नगर पालिका परिषद के सभागार में दुकानों की नीलामी बोली के जरिये हुई थी। जिसमें 28 दुकानदारों ने हिस्सा लिया था। 13 ने एक लाख रुपये के हिसाब से अग्रिम धनराशि जमा करायी थी। लेकिन, दुकानदारों को दुकानें नहीं मिली हैं।

बापू मॉल में 16 हॉल, 316 दुकानें भूतल, प्रथम तल, बाहरी विंग हैं। वर्ष 2018 में प्रशासन की सख्ती के बाद 115 दुकानों का प्रीमियम जमा कराकर दुकानों का आंवटन हुआ था।

पांच साल बाद चुनाव होने पर दोबारा से दुकानों के आवंटन की लोगों में आस जगी है। दो फरवरी को नगर पालिका प्रशासन की ओर से 151 दुकानों के आवंटन प्रक्रिया को लेकर टेंडर निकाले गए। जिसमें आठ फरवरी को दुकानें के आवंटन के लिए नीलामी हुई। दुकानों के आंवटन के लिए 13 लाख रुपये की अग्रिम धनराशि जमा कराया गया है। अब ऐसे में दुकानदारों को बोर्ड की बैठक का इंतजार है। जिसमें दुकानों के प्रस्ताव का पास कराकर आवंटन किया जाएगा।

**मनरेगा योजना** स्वार ब्लॉक क्षेत्र में सबसे अधिक 281155 महिलाओं को मिला काम, सबसे ज्यादा सृजित हुए मानव दिवस

# चमरौआ ब्लॉक की महिलाओं को कम मिला रोजगार

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** जनपद के ब्लॉक चमरौआ की महिलाओं को मनरेगा के तहत सबसे कम रोजगार मिला है। जबकि ब्लॉक स्वार महिलाओं को रोजगार देने में सबसे आगे रहा। मनरेगा में जिले की कुल 932391 महिलाओं को काम मिला। साथ ही मनरेगा योजना ने मानव दिवस सृजित करने में उपलब्धि हासिल की है।

जनपद में मनरेगा योजना वर्ष 2008 में शुरू हुई थी। योजना लागू होने से अब तक जिले में इतने अधिक मानव दिवस कभी सृजित नहीं हुए जितने वित्तीय वर्ष 2023-24 में हुए हैं। वर्ष 2023-24 में 3824141 मानव दिवस सृजित हुए। अभी 4 से 5 लाख मानव दिवस और सृजन किए जाने की संभावना है, जो जिला में मनरेगा योजना के तहत ऐसा पहली बार होगा। 3843 परिवारों को 100 दिवसीय मनरेगा में रोजगार उपलब्ध कराया जा चुका है। बता दें कि माहिलाओं को काम देने में पहले पायदान पर ब्लॉक स्वार रहा है, स्वार की महिलाओं ने मनरेगा में अपने परिवार के लिए खूब पैसा कमाया है। ब्लॉक स्वार में 281155 महिलाओं को रोजगार मिला। बिलासपुर की 277694 महिलाएं काम पाकर दूसरे स्थान पर रहीं। जबकि तीसरे नंबर पर मिलक ब्लॉक रहा। मिलक ब्लॉक में 145675 महिलाओं को रोजगार हासिल हुआ। जबकि ब्लॉक चमरौआ की महिलाओं को सबसे कम काम मिला। ब्लॉक चमरौआ में 53434 महिलाएं ही काम पा सकीं। विगत वित्तीय वर्ष 2022-23 में 51970 लोगों को मनरेगा में रोजगार मिला था। जिसमें 22712 महिलाओं को रोजगार दिया गया था।



स्वार क्षेत्र में काम करते मनरेगा मजदूर। ● अमृत विचार

> जनपद में वर्ष 2023-24 में मनरेगा मजदूरों को सर्वाधिक काम मिला है। चमरौआ ब्लॉक मुस्लिम बाहुल्य क्षेत्र है। यहां महिलाएं मनरेगा में बहुत कम संख्या में काम करती हैं। इस ब्लॉक में महिलाओं को अधिक से अधिक मजदूरी मिले, इसके लिए निरंतर प्रयास किया जा रहा है।
>
> – इंद्रपाल सिंह, एपीओ मनरेगा

### सीओ ने स्टोन क्रशरों के संचालकों को दी हिदायत

**स्वार, अमृत विचार:** हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट की परीक्षा के मद्देनजर सीओ ने हॉर्न कम आवाज में बजाने व स्टोन क्रशर संचालकों को वाहनों ओवरलोड रेत न भरने के साथ वाहनों धीमी गति से मार्गों पर चलाने के सख्त निर्देश दिए हैं।

स्वार-रामपुर, बाजपुर-बिलासपुर मार्ग पर खनन ओवरलोड डंपरों व ट्रकों का संचालन किया जा रहा है। मंगलवार को हाईस्कूल व इंटरमीडिएट परीक्षा के मद्देनजर सीओ अरुण कुमार सिंह ने क्षेत्र के स्टोन क्रेशर संचालकों की बैठक बुलाई। इसमें सीओ ने स्टोन क्रेशर संचालकों से वाहनों मे ओवरलोड रेत न भरने के साथ ही मार्गों पर भारी वाहनों का संचालन की गति धीमी रखने के सख्त निर्देश दिए। सीओ ने बताया कि छात्रों की परीक्षा चल रही है। हार्न धीमी आवाज में बजना चाहिए। स्टोन क्रेशर से रेत भरकर मार्ग पर वाहन तेज गति से दौड़ते हुआ मिला तो उस संचालक के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# वर्षा से गेहूं की फसल लहलहाई

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** जिले में मंगलवार तड़के से हुई वर्षा से गेहूं की फसल लहलहा गई है। कृषि वैज्ञानिक डॉ. लक्ष्मीकांत बताते हैं कि वर्षा से फसलों को लाभ मिला है। जिले में करीब डेढ़ लाख हेक्टेयर गेहूं का रकबा है जबकि, करीब 35 हजार हेक्टेयर गन्ने की फसल को लाभ पहुंचा है। मौसम वैज्ञानिक डॉ. उदय प्रताप शाही के मुताबिक लगातार सक्रिय हो रहे पश्चिमी विक्षोभ के कारण एक और दो मार्च को हल्के से मध्यम पांच से 25 मिमी वर्षा के आसार हैं।

मंगलवार को पूर्वाह्न 11 बजे के बाद धूप निकलने पर लोगों ने धूप का आनंद लिया। हालांकि, शाम को पारा लुढ़क गया और सर्दी बढ़ने पर सड़कों पर लोगों की आवाजाही काफी कम हो गई। सुबह को आठ बजे तक हल्की बारिश होती रही। सूरज ढलने के बाद शीत लहर चलने के कारण सर्दी का एहसास हुआ। अधिकतम तापमान 20 डिग्री सेल्सियस, न्यूनतम तापमान-11 डिग्री सेल्सियस रहा। रेलवे स्टेशन, रोडवेज, हाईवे पर लोगों को सर्द हवा ने गर्म कपड़े लपेटने को मजबूर कर दिया। जिला कृषि अधिकारी नरेंद्र पाल ने बताया कि वर्षा से गेहूं और गन्ने की फसल को काफी लाभ मिला है। उधर, कृषि विश्वविद्यालय मेरठ के मौसम वैज्ञानिक डॉ. उदय प्रताप शाही ने बताया कि लगातार सक्रिय हो रहे पश्चिमी विक्षोभ के कारण एक और दो मार्च को पश्चिमी उत्तर प्रदेश के सभी जिलों में गरज और तेज हवा के साथ हल्के से मध्यम वर्षा का अनुमान है।



कोठी खासबाग के रकबे में लहलहाती गेहूं की फसल। ● अमृत विचार

▸▸ मौसम वैज्ञानिक बता रहे एक और दो मार्च को वर्षा के आसार

## एक नजर

### शहर में फल-फूल रहा नशे का धंधा: संजोर

**रामपुर, अमृत विचार :** भारतीय किसान यूनियन तोमर के प्रदेश उपाध्यक्ष संजोर अली पाशा ने कहा कि शहर में खुलेआम नशे का काला धंधा बहुत तेजी से फल-फूल रहा है। मेडिकल स्टोरों पर जहर खुलेआम बेचा जा रहा है। नौजवान इस लत में पड़कर अपनी जिंदगी को बर्बाद कर रहे हैं। यह नशा नौजवानों को मौत की तरफ ले जा रहा है। जिले के नौजवान धीरे-धीरे नशे की लत में जा रहे हैं। उन्होंने जिलाधिकारी से धंधे पर रोक लगाने की मांग की है।

### उर्वरक बेचने वालों को दिया जाएगा प्रशिक्षण

**रामपुर, अमृत विचार :** जिला कृषि अधिकारी नरेन्द्र पाल ने बताया कि कृषि विभाग द्वारा डिप्लोमा इन एग्रीकल्चरल एक्सटेंशन सर्वेशेज फॉर इनपुट डीलर्स योजना के अन्तर्गत प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित कराया जा रहा है। जिसमें जो भी वर्तमान में उर्वरक, कीटनाशी एवं बीज विक्रेता हैं। भविष्य में उर्वरक कीटनाशी एवं बीज का व्यपार करना चाहते हैं। उनके पास लाइसेंस हेतु निर्धारित योग्यता नहीं है। उन सभी को 48 सप्ताह का प्रशिक्षण दिया जाता है। इस प्रशिक्षण के उपरान्त वह उर्वरक, कीटनाशी एवं बीज व्यापार कर सकते हैंउन्होंन बताया कि जो भी व्यक्ति यह डिप्लोमा करने के इच्छुक हैं। वह एक सप्ताह के भीतर किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय जिला कृषि अधिकारी, विकास भवन स्थित कमरा संख्या 58 या दूरभाष नम्बर-9760076692 पर सम्पर्क कर सकते हैं।

### घरेलू कलह के चलते युवती ने पिया तेजाब

**सैफनी, अमृत विचार :** घरेलू कलह के चलते युवती ने तेजाब पी लिया। हालत गंभीर होने पर उसे स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। जहां से उपचार के बाद उसे घर भेज दिया गया। थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी युवती की सोमवार की रात अपने परिवार से किसी बात को लेकर कहा सुनी हो गई। जिससे क्षुब्द होकर युवती ने घर में रखा तेजाब का सेवन कर लिया। जिससे उसकी हालत बिगड़ गई। बिगड़ती हालत को देख परिजन उसे शाहबाद के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए। जहां डॉक्टर द्वारा किए गए उपचार से युवती की हालत में सुधार होने पर उसे घर भेज दिया गया।

### कार की चपेट में आकर बाइक सवार घायल

**रामपुर, अमृत विचार :** पटवाई रोड पर ग्राम रायपुर के पास कार की चपेट में आकर बाइक सवार घायल हो गया। हादसे के बाद आसपास के लोग मौके पर आ गए। उसके बाद पास के ही अस्पताल में भर्ती कराया गया। सिविल लाइन निवासी रोहित बाइक से किसी काम से शाहबाद जा रहा कि रायपुर गांव के पास कार चालक ने बाइक सवार को टक्कर मारकर घायल कर दिया।

# बवाल के बाद सिलई बड़ा गांव बना छावनी, पुलिस तैनात

## बोर्ड हटाने का महिलाओं ने किया था विरोध, नहीं माने अधिकारी, देर रात परिजनों ने पुलिस को नहीं दिया किशोर का शव

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** ग्राम समाज की जमीन पर लगा डॉ. भीमराव आंबेडकर का बोर्ड प्रशासन को हटवाना भारी पड़ गया। जाटव समाज के लोग एकत्र होकर मौके पर आ गए। इसके बाद हंगामा हो गया। बवाल को बढ़ता देखकर कई थानों की फोर्स मौके पर पहुंच गई और पुलिस के अधिकारी मामले को शांत कराने में जुट गए।

मंगलवार शाम एसडीएम अमन देवल को लगातार बोर्ड हटाने की शिकायत के बाद मौके पर बोर्ड हटवाना भारी पड़ गया। एसडीएम व पुलिसकर्मियों ने लोगों शांत कराने का प्रयास किया, लेकिन लोगों का गुस्सा भड़ने पर लाठीचार्ज किया गया। इस बीच फायरिंग में किशोर की मौत हो गई। बवाल की जानकारी मिलने के बाद आसपास के थानों की पुलिस विभाग में हड़कंप मच गया। बवाल ज्यादा बढ़ने पर पुलिस अधीक्षक राजेश द्विवेदी समेत कई अधिकारी घटना स्थल पर पहुंच गए। उसके बाद जिलाधिकारी जोगिन्दर सिंह भी पहुंच गए। कुछ ही देर में गांव छावनी बन गया। बताया गया कि शाम को जैसे ही उप जिलाधिकारी मिलक अमन देवल डॉ. भीमराव आंबेडकर के बोर्ड को हटाने टीम के साथ गांव पहुंचे। तभी वहां महिलाएं पहुंच गईं। उन्होंने बोर्ड नहीं हटाने की बात कही। लेकिन प्रशासन ने उनकी बात मानी और बोर्ड को हटाने लगे। इसके बाद महिलाओं ने हंगामा शुरू कर दिया। महिलाओं को हंगामा करते देख कुछ पुरुष भी मौके पर पहुंच गए। पुलिस ने लाठी चार्ज किया तो महिलाओं ने पथराव कर दिया। इस दौरान महिलाओं ने सरकारी वाहनों में तोड़-फोड़ कर दी।


सिलई बड़ा गांव में रोते- बिलखते परिजन। ● अमृत विचार


लोगों से घटना की जानकारी लेते एएसपी और एसपी। ● अमृत विचार

### सुबह हाईस्कूल की परीक्षा देकर आया था सुमेश

रामपुर/मिलक, अमृतविचार : सुमेश कक्षा 10 का छात्र था। वह सुबह ही गणित की परीक्षा देकर आया था। शाम को हुए बवाल में उसकी गोली लगने से मौत हो गई। मां अपने बेटे का शव गोद में रखकर रो रही थी।

> मिलक के ग्राम सिलईबड़ा गांव में हुई घटना के बारे में अभी कुछ कहा नहीं जा सकता। घटना के बाद सभी अधिकारी मौके पर हैं। लोगों को समझाने का प्रयास किया जा रहा है। **-हेम सिंह, अपर जिलाधिकारी राजस्व एवं वित्त**

### गांव में चारों ओर गूंज रही थी रोने की आवाज

**रामपुर, अमृत विचार :** किशोर की मौत के बाद उसके परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। परिजनों ने पुलिस पर उसे गोली मारने का आरोप लगाया है। किशोर के सिर में गोली लगी है। हालांकि पुलिस ने गोली लगने से इनकार कर रही है। परिजन देर रात तक बेटे के शव को कब्जे में लिए बैठे थे। वे शव पुलिस को देने से इनकार करते रहे। देर रात तक परिजनों ने शव पुलिस को नहीं सौंपा है। गांव में दहशत का माहौल है। सिलई बड़ा गांव में किशोर की गोली लगने से मौत हो गई। जानकारी मिलने के बाद परिजनों के होश उड़ गए। उसके बाद मृतक के परिजनों ने शव को डॉ. भीमराव आंबेडकर के बोर्ड के पास ही रखकर रोना पीटना शुरू कर दिया। ऐसा माना जा रहा है कि पत्थरबाजी भी हुई है। घटना की जानकारी मिलने के बाद घटना स्थल पर अपर पुलिस अधीक्षकअतुल कुमार श्रीवास्तव, सीओ बिलासपुर, सीओ मिलक के अलावा अपर जिलाधिकारी के साथ जनपद के अधिकारी मौके पर पहुंच गए। परिजनों का आरोप है कि गोली पुलिस ने चलाई है। घटना में रईस पाल, रमन और विपिन कुमार भी गोली लगने से घायल हो गए हैं। आला अधिकारी शव का पोस्टमार्टम कराने के लिए परिजनों को समझाते रहे, लेकिन परिजन सुनने को तैयार नहीं थे।

### सरकारी जमीन पर बिना अनुमति लगाया था बोर्ड

**रामपुर, अमृत विचार :** मिलक के गांव सिलई बड़ा हुआ बवाल पुलिस प्रशासन की लापरवाही को साबित कर रहा है। क्योंकि जिस समय ग्राम समाज की जगह पर बाबा साहब डा. भीमराव आंबेडकर का बोर्ड लगाया गया मिलक प्रशासन क्यों खामोश रहा। यदि समय रहते प्रशासन चौकन्ना हो जाता तो इतना बवाल नहीं होता।

बताया गया कि सिलई बड़ा गांव में एक माह पहले ग्राम समाज की खाली पड़ी भूमि पर आकर जाटव समाज के लोग बोर्ड लगाकर चले थे। उस समय किसी भी अधिकारी ने ध्यान नहीं दिया। जब कुर्मी समाज के लोगों ने इसका विरोध किया, तो मामला तूल पकड़ता चला गया। कुर्मी समाज के लोग लगातार अधिकारियों से ग्राम समाज की भूमि पर बोर्ड लगाने की शिकायत कर रहे थे। बोर्ड लगने के तुरंत बाद प्रशासनिक अधिकारी उसी समय इस मामले को गंभीरता से लेते हुए बोर्ड नहीं लगने देते, तो शायद किशोर की जान बच सकती थी। साथ ही बवाल भी नहीं होता। जिलाधिकारी जोगिन्दर सिंह काफी तत्परता से कार्य निपटाने में लगे हुए हैं। उनके संज्ञान में यदि यह मामला आता तो वह मामले को वहीं खत्म कर देते। मिलक प्रशासन द्वारा जिलाधिकारी को पूरा प्रकरण नहीं बताना भी बड़ी गलती है। कुर्मी समाज के लोग एसडीएम और पुलिस को लेकर गांव पहुंचे थे।

### कई साल पहले हुए बवाल में गई थी फैज की जान

**रामपुर, अमृत विचार :** वर्ष 2019 में 21 दिसंबर को शहर में एनआरसी प्रकरण के दौरान लोगों ने हंगामा किया था। पुलिस के कई वाहनों में आग लगा दी थी। इस बीच गोली चलने से एक युवक की जान चली गई थी। उस समय भी मृतक के परिजनों ने पुलिस पर हत्या का आरोप लगाया था।

शासन की ओर से वर्ष 2019 में एनआरसी लाया गया था। इसके विरोध में 21 दिसंबर को शहर में बवाल हो गया था। उस समय भी पुलिस ने लोगों को शांत कराने का प्रयास किया था, लेकिन लोग उग्र हो गए थे। उसके बाद गुस्साए लोगों ने पुलिस पर पथराव कर दिया था। पुलिस ने किसी तरह से आंसू गैस के गोले छोड़ दिए थे। इस दौरान फायरिंग भी हुई थी। इसमें युवक की मौत हो गई थी। उसके बाद करीब 15 दिन तक तनाव बना रहा था। जिसमें पुलिस ने करीब एक हजार लोगों को नामजद करते हुए कई को अज्ञात में शामिल किया था। उसके कई साल के बाद मिलक का सिलई बड़ा गांव भी मंगलवार शाम को बाबा साहब का बोर्ड हटाने को लेकर जाटव समाज ने विरोध कर दिया।

# मोटा अनाज भारत की सांस्कृतिक और परंपरागत विरासत : सांसद

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** नगर में कोसी मंदिर रोड स्थित उत्सव पैलेस में मंगलवार को श्री अन्न मिलेट्स रेसिपी उपभोक्ता जागरूकता कार्यक्रम में सांसद घनश्याम सिंह लोधी ने कहा कि मोटा अनाज भारत की सांस्कृतिक और परंपरागत विरासत है। कार्यक्रम में विभिन्न संस्थाओं ने मोटे अनाज से बने विभिन्न उत्पाद के स्टाल लगाकर लोगों को प्रोत्साहित किया। किसानों और जनता को मिलेट्स की उपयोगिता बताई। सांसद ने मोटा अनाज से रेसिपी तैयार करने वाले उत्कृष्ट स्टाल को पुरस्कार देकर सम्मानित भी किया।

मिलेट्स पुनरोद्धार कार्यक्रम योजना के अंतर्गत मंगलवार को मिलेट्स की खेती को बढ़ावा देने के लिए आयोजित कार्यक्रम में सांसद घनश्याम सिंह लोधी शामिल हुए। इसमें उन्होंने कहा कि मिलेट्स में उपलब्ध पोषक तत्वों की मौजूदगी अधिक होती है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर देश में आज मोटा अनाज को उगाने के लिए किसानों को प्रोत्साहित किया जा रहा है। मिलेट्स में ज्वार, बाजरा, रागी, सांवा एवं कोदो में आयरन, कैल्शियम, मैग्नीशियम, मिनरल एवं फाइबर की मात्रा भरपूर होती है। इसलिए यह व्यक्ति के सेहत के लिए अत्यंत लाभकारी है। इसमें ग्लूटिन की मात्रा कम होने से मधुमेह रोगियों के लिए उत्तम अनाज है। किसानों को अब मोटा अनाज के उत्पादन में अपना अधिक से अधिक योगदान देना चाहिए। उप कृषि निदेशक शैलेंद्र कुमार ने मिलेट्स के महत्व व उपयोग की जानकारी दी। कहा कि किसान मिलेट्स फसल को एक विकल्प के रूप में चुनकर खेती में अतिरिक्त लाभ कमा सकते हैं। मोटे अनाज की पैदावार के लिए कम खाद-पानी की जरूरत पड़ती है। जिला कृषि अधिकारी नरेंद्र पाल ने कहा कि जायद में साठा धान की रोपाई पूरी तरह से बंद है। इसके स्थान पर मक्का, उड़द व मूंग का विकल्प चुनकर ज्यादा मुनाफा कमाया जा सकता है। मोटा अनाज की फसलें जल स्तर को बनाए रखने में खास भूमिका निभाता है। कृषि विभाग में किसान क्रेडिट कार्ड योजना, पीएम फसल बीमा योजना, किसान सम्मान निधि योजनाओं की जानकारी दी। जिले में उपलब्ध कृषि निवेश के बारे में भी बताया।


कोसी मंदिर स्थित आयोजित कार्यक्रम का आगाज करते सांसद। ● अमृत विचार

### सांसद ने इनको किया पुरस्कृत

जनस्वाभिमान एफपीओ, ग्राम हलूनगर, मिलक को 3000 रुपये का प्रथम पुरस्कार, कृषक एफपीओ ग्राम पसियापुरा चमरौआ को 2000 हजार रुपये दूसरा पुरस्कार तथा बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग को 1000 हजार रुपये का पुरस्कार व प्रमाण पत्र प्रदान किया गया।

### मोटे अनाज का हमारा जीवन में बहुत अधिक महत्व

कृषि विज्ञान केंद्र पीलीभीत के कृषि वैज्ञानिक एसएस ढाका ने कहा कि मोटे अनाज का हमारा जीवन में बहुत अधिक महत्व है। इससे शरीर स्वस्थ रहता है। मोटे अनाज कोई नई वस्तु नहीं है। कुछ साल पहले हर घर में मोटे अनाज ही उपयोग होता था। तब गेहूं का उत्पादन कम होने से गेहूं महंगा और मोटा अनाज सस्ता मिलता था। तब मोटा अनाज खाने से लोगों को विभिन्न रोगों से सामना नहीं करना पड़ता था। लेकिन 1970-80 में हरित क्रांति योजना आने के बाद किसान को गेहूं उत्पादन को प्रोत्साहन देने से मोटा अनाज के उत्पादक कम होते गए। अब गेहूं चावल अधिक खाया जाने लगा। मिलेट्स की फसलों में ज्वार, बाजरा, मंडवा, सांवा, कोदों आदि फसलों की तकनीकी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि मिलेट्स को कम पानी वाले क्षेत्र, ऊंची-नीची भूमि, कम उपजाऊ जमीन में भी आसानी से पैदा किया जा सकता है। भारत के राजस्थान राज्य में सबसे अधिक मिलेट्स की खेती की जाती है। उसके बाद महाराष्ट्र, कर्नाटक, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश आदि राज्यों में बड़े पैमाने पर की जाती है। फसल चक्र में मिलेट्स की फसलों को उगाने से जमीन में लगने वाले कीट-रोग कम हो जाते हैं।

### मोटे अनाज में होती है पौष्टिकता : इरम

कृषि वैज्ञानिक डॉ. रीना सेठी ने कहा कि हमें पहले अपने बच्चों को पोषक तत्वों से युक्त भोजन उपलब्ध कराना चाहिए। मिलेट्स विटामिन, कैल्शियम, फॉस्फोरस, आयरन आदि का अच्छा स्रोत है।। इरम सईद ने कहा कि हमारी थाली में पोषक तत्व नहीं रहता है। क्योंकि गेहूं-चावल पर निर्भर हो गए हैं। जबकि पौष्टिकता मोटे अनाज में भरपूर होती है। मिलेट्स रेसीपी में गुणवत्तायुक्त रोटी, खिचड़ी, पकौड़ी, कुकीज, रस्क, पफ, लड्डू, हलवा, उपमा, चीला, स्लाइस, सेव, मुथिया एवं चाकलेटआदि प्रयोग किया जाता है। इस अवसर पर मुख्य पशु चिकित्साधिकारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी, बाल विकास परियोजना अधिकारी, सहायक आयुक्त खाद्य, सहित विभागीय अधिकारी-कर्मचारी सहित विकासखंड के किसान मौजूद रहे। कार्यक्रम में 326 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। स्टाल लगाने वालों में उद्यान एवं प्रसंस्करण विभाग, एसएचजी समूह, चौधरी जमुनादास कॉलेज, राजकीय बाकर इंटर कॉलेज, जायका दरबार होटल, पंजाबी स्वीट्स, आंगनबाड़ी कार्यकत्रियां, कैटर्स, विभिन्न रेस्टोरेंट आदि शामिल रहे। अंत में उप संभागीय कृषि प्रसार डा. भगवत सरन गंगवार ने उपस्थित सभी अधिकारियों व किसानों को धन्यवाद दिया।

# बिजली चेकिंग करने गई टीम से मारपीट, तहरीर

संवाददाता, भगतपुर

▸▸ गांव कुकरझुंडी में हुई घटना कागजात फाड़ने की कोशिश

**अमृत विचार:** भगतपुर थाना क्षेत्र के बुढ़ानपुर अलीगंज के जेई अमरनाथ गौर ने पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया है कि वह मंगलवार को टीम के साथ गांव कुकरझुंडी में विद्युत चेकिंग कर रहे थे। जैसे ही गांव के अशोक कुमार पुत्र भोलू के यहां पहुंचे तो वह बिना विद्युत मीटर के चोरी से बिजली चला रहा था।

जेई ने विद्युत चोरी की जानकारी ली तो अशोक कुमार और भूपेन्द्र आग बबूला हो गये और टीम के साथ गाली गलोच करते हुए मारपीट पर उतारू हो गए। टीम ने जब विरोध किया तो सरकारी कागजात फाड़ने की कोशिश करने लगे। टीम ने डायल 112 को तत्काल सूचना दी। सूचना पाकर मौके पर पहुंची डायल 112 की पुलिस ने मामले को शांत कराया। जेई ने थाना भगतपुर पुलिस को आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करने के लिए तहरीर दी है।

### कर्मी ने मालिक पर लगाया धमकाने देना का आरोप

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** सिविल लाइंस थाना क्षेत्र के हरथला निवासी प्रकाश इंडस्ट्रियल एरिया मऊ स्थित फर्म में स्वीपर का काम करता है। प्रकाश ने सिविल लाइंस थाना पुलिस को तहरीर दी है।

इसमें उसने पुलिस को बताया है कि 21 फरवरी को वह फर्म में काम कर रहा था। तभी फर्म संचालक के पिता आनंद भाटिया अपने एक साथी के साथ वहां आ गए थे। इस मामले में सिविल लाइंस थानाध्यक्ष राम प्रसाद शर्मा ने बताया कि तहरीर के आधार पर आरोपी आनंद भाटिया के खिलाफ गाली-गलौज और धमकी देने के मामले में एफआईआर दर्ज की गई है।

# हरियाणा मार्का शराब के साथ तीन तस्कर गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** राजकीय रेलवे पुलिस, रेलवे सुरक्षा बल और रेलवे सुरक्षा बल की सीआईबी टीम ने स्टेशन पर तस्करी कर लाई जा रही शराब पकड़ी है। इस आरोप में तीन लोग पकड़े गए हैं। तीनों बिहार राज्य के मोतिहारी जिले के रहने वाले हैं। हरियाणा से भारी मात्र में शराब लेकर ट्रेन से यूपी के सुरक्षित क्षेत्रों में ले जा रहे थे। रेलवे पुलिस के अधीक्षक आशुतोष शुक्ल ने इस सफलता पर टीम की पीठ थपथपाई है।

थाना प्रभारी राजन शर्मा ने बताया है कि हरियाणा से तस्करी कर लाई जा रही शराब की खेप यहां रेलवे स्टेशन पर पकड़ी गयी है। विभिन्न ब्रांड की 74 बोतलों की शराब की अनुमानित कीमत करीब 82,000 रुपये है। तीनों के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत कार्रवाई की गयी है। बताया गया कि मोतिहारी जिले के गांव बांसघाट निवासी राजा बाबू पुत्र पंकज सिंह, इसी जिले के गांव पट्टी जसौली, थाना कुटुआ के अनिल कुमार, मोतिहारी जिले के ही थाना चकिया ग्रामसभा खरगी कुंआ निवासी दीपक कुमार पुत्र मुन्ना चौधरी हरियाणा मार्का शराब लेकर स्टेशन पर खड़े थे। मुखबिर की सूचना के आधार पर पुलिस टीम की संयुक्त कार्रवाई में तीनों पकड़ लिए गए। बरामद शराब की अनुमानित कीमत 82,000 रुपये है।

पूछताछ में अभियुक्तों ने बताया कि हम लोग हरियाणा से सस्ते दामों में शराब खरीदकर यूपी में महंगे दामों में बेचकर मुनाफा कमा लेते हैं। गिरफ्तार करने वाली टीम में रेलवे पुलिस के एसआई दीपचन्द हेड कांस्टेबल श्याम बाबू, तौसीफ रजा, विवेकपाल अवनीश कुमार, वैभव कुमार, धीरेन्द्र सिंह चौहान, आरपीएफ के जितेन्द्र त्यागी, एएसआई गजेन्द्र सिंह (सीआईबी) रविन्द्र ढाका शामिल रहे। टीम का कहना है कि तीनों शातिर किस्म के अपराधी हैं इनके आपराधिक इतिहास की जानकारी अन्य थानों से भी की जा रही है।


जीआरपी की गिरफ्त मे आरोपी। ● अमृत विचार

# माता-पिता बच्चों को तालीम जरूर दिलाएं: मौलाना मदनी


कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** मौजूदा समय में बच्चों को तालीम देना बहुत जरूरी है। हर माता-पिता की जिम्मेदारी है कि वह अपने बच्चों को तालीम दिलाए और उनकी अच्छी परवरिश करें। जिससे बच्चे पढ़-लिखकर देश व समाज का नाम रोशन कर सकें। ऐसे लोगों से लड़ने के लिए हमेशा तैयार रहें जो मुसलमान होकर भी गलत और हराम काम कर रहे है। सबसे पहले उनसे लड़ना है। तभी हम मजबूत होंगे। यह बातें महानगर पहुंचे जमीयत-ए-उलमा हिंद के राष्ट्रीय अध्यक्ष मौलाना महमूद असद मदनी ने कहीं।

मंगलवार को महानगर के जामा मस्जिद पार्क में जमीयत-ए-उलमा हिंद की उत्तर प्रदेश के प्रांतीय प्रबंधक कमेटी का अधिवेशन हुआ। इसमें मुख्य अतिथि के रूप में मौलाना अहमद मदनी रहे। उन्होंने मंच से मुसलमानों को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि बच्चों की तरबियत जरूर है। मैं मां-बाप से कहता हूं कि अपनी औलाद पर ध्यान दें। उन्हें अच्छी तालीम दें।

उन्होंने कहा कि हम इस विश्वास के साथ एकत्र हुए हैं कि यह बैठकें, खाने और चले जाने की बैठकें नहीं होंगी, न ही यह हमारी ओर से उत्साह और जोश को महज जबानी खर्च के तौर पर व्यक्त किया जाएगा। बल्कि, यह समय मैदान में निकल कर काम करने का है। हमें यह संकल्प करना होगा कि हम साहस के साथ अच्छे जीवन के निर्माण के लिए निरंतर संघर्ष करें। एक दूरगामी और दीर्घकालिक नीति के तहत हमें बदलाव के लिए काम करना होगा और बदलाव की यह यात्रा खुद से शुरू होती है। उन्होंने कहा कि कौमों की जिंदगी में परेशानियां आती रहती हैं। अल्लाह ने कुरान में फरमाया है कि हम तुम्हारी तुम्हारे ईमान के कारण परीक्षा लेंगे, लेकिन यह परीक्षा हमें तोड़ने के लिए नहीं, बल्कि अल्लाह से इनाम के लिए है। यदि हम दृढ़ता के साथ आगे बढेंगे तो हमें इनाम मिलेगा और यदि हमने हिम्मत हारी तो हमारी रक्षा करने वाला कोई नहीं है।

उन्होंने भारत सरकार के राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग (एनसीपीसीआर) के चेयरमैन द्वारा हालिया दिनों में मदरसों के खिलाफ दिए गए बयान की कड़ी निंदा करते हुए कहा कि उनका बयान अज्ञानता और इस्लाम विरोध पर आधारित है।बेहद जिम्मेदार पद पर होने के बावजूद उनके पास न तो कोई आंकड़ा है और न ही कोई जरूरी काम। बल्कि सिर्फ मुसलमानों को गालियां देकर मलाई काट रहे हैं। देश में दस मिलियन से ज्यादा बच्चे बाल मजदूरी के शिकार हैं और करोड़ों बच्चे आज भी शिक्षा से वंचित हैं। मौलाना मदनी ने कहा कि इस देश के बहुसंख्यक लोग शांतिप्रिय और संभवतः मुसलमानों के शुभचिंतक हैं। ऐसे नफरती लोगों की संख्या बहुत कम है। यह हमारी जिम्मेदारी है कि हम देश के सभी कमजोर वर्गों और समान विचारधारा वाले लोगों के साथ साझा करें और देश के निर्माण में अपनी भूमिका निभाएं। मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने पर ध्यान दिलाते हुए उन्होंने ने कहा कि अगर हम जागरूक नहीं हुए तो हमारी पीढ़ी हमें माफ नहीं करेगी।


जमीयत उलेमा ए हिंद के कार्यक्रम में बोलते राष्ट्रीय अध्यक्ष। ● अमृत विचार


जामा मस्जिद पार्क में आयोजित कार्यक्रम में मौजूद लोग। ● अमृत विचार

# कोटेदारों से जबरन वसूली और धमकाने के आरोप में दो नामजद

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

▸▸ सस्ता गल्ला विक्रेता परिषद के प्रदेश उपाध्यक्ष ने कथित दो पत्रकारों पर दर्ज कराई एफआईआर

**अमृत विचार :** उप्र सस्ता गल्ला विक्रेता परिषद के प्रदेश उपाध्यक्ष अरुण माथुर ने मंगलवार को मुगलपुरा थाने में कथित दो पत्रकारों के विरुद्ध जबरन वसूली करने और आइटी एक्ट के तहत नामजद एफआईआर दर्ज कराई है। आरोपियों के विरुद्ध यह प्रारंभिक कार्रवाई एसएसपी हेमराज मीना के निर्देश पर हुई है। इसमें कथित पत्रकार मनीष मल्होत्रा और राजेंद्र गुप्ता नामजद हुए हैं।

मनीष मझोला थाना क्षेत्र में लाइनपार में कपूर कंपनी कुआं वाली गली मंदिर के पास का और राजेंद्र बी-337 बुद्धि विहार आवास विकास का रहने वाला है। प्रदेश उपाध्यक्ष अरुण माथुर ने पुलिस को बताया है कि दो व्यक्ति जो अपने को पत्रकार बताते हैं और वह राशन की दुकान के विक्रेताओं को डरा-धमकाकर जबरन वसूली कर रहे हैं। राशन प्राप्त करने वाले उपभोक्ताओं को रास्ते में रोककर वह लोग अन्य योजनाओं का लाभ दिलाने का लालच देकर संबंधित कोटेदार पर घटतौली की बात कहने को उकसाते हैं और उनके वीडियो बनाते हैं। इसके बाद कोटेदार को वह वीडियो दिखाकर उन्हें कार्रवाई कराने की बात कहकर डराते-धमकाते हैं। प्रदेश उपाध्यक्ष ने बताया कि यदि कोई वीडियो इन आरोपियों की तरफ से सोशल मीडिया पर वायरल किया जाता है तो संबंधित कोटेदार कई महीने तक विभागीय जांच में फंस जाता है।

## एक नजर

### अभूतपूर्व निवेश से नई उड़ान भरेगा महानगर

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी के चौथे चरण के आयोजन के बाद इसमें महानगर के उद्यमियों की तरफ से सामने आए महत्वाकांक्षी प्रोजेक्ट्स के क्रियान्वयन को लेकर तेजी से काम शुरू हो गया है। अधिकतर उद्यमियों का निवेश अभी तक, एमएसएमई में ही होने से पीतल नगरी की पहचान एमएसएमई शहर के तौर स्थापित है, लेकिन जीबीसी 4.0 में एक नया क्षेत्र आगे बढ़ते हुए पहली पायदान पर काबिज होकर सामने आया है।

### निर्यातकों ने भेजा ई-मेल

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** मुरादाबाद हैंडीक्राफ्ट्स एक्सपोर्टस एसोसिएशन की ओर से एमएसएमई के अंतर्गत लागू आयकर के प्रावधान को समाप्त करने का अनुरोध करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को ई-मेल भेजा गया है। महासचिव अवधेश अग्रवाल ने बताया कि 31 मार्च के चलते निर्यातकों की चिंता बढ़ गई है। वर्तमान परिस्थितियों में सप्लायर्स को 45 दिनों के अंदर पेमेंट करने में व्यावहारिक कठिनाइयां होने का हवाला ई-मेल में दिया गया है।

# प्रेरणा कैंटीन की जांच में दीवारों पर मिली सीलन, गिर रहा था प्लास्टर



सदर विकास खंड कार्यालय में प्रेरणा कैंटीन की जांच करते ज्वाइंट मजिस्ट्रेट सुनील धनवंता। ● अमृत विचार

**कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद**

▸▸ **मुख्य विकास अधिकारी के आदेश पर संयुक्त समिति कर रही है शिकायत की जांच**

**अमृत विचार:** भैंसिया गांव के लोगों द्वारा की गई शिकायत पर मुख्य विकास अधिकारी सुमित यादव के आदेश पर ज्वाइंट मजिस्ट्रेट सुनील धनवंता, जिला विकास अधिकारी गोविंद वल्लभ पाठक और सुनील सागर अधिशासी अभियंता निर्माण खंड-1 की संयुक्त समिति की टीम क्षेत्र पंचायत मुरादाबाद के निर्माण कार्यों की गुणवत्ता की जांच कर रही है। इसी क्रम में मंगलवार को टीम मुरादाबाद सदर ब्लॉक पहुंची। वहां निर्मित प्रेरणा कैंटीन का निरीक्षण किया। जिसमें निर्माण में कमियां मिलीं। दीवारों में सीलन थी और प्लास्टर भी गिर रहा था। टीम द्वारा पत्रावली देखने से पता चला कि इन कार्यों का पूर्ण भुगतान भी कर दिया गया है। इस दौरान मौके पर खंड विकास अधिकारी मुरादाबाद स्वाति सिंह, सहायक विकास अधिकारी(पंचायत), लेखाकार और अवर अभियंता भी मौजूद रहे। ज्वाइंट मजिस्ट्रेट ने बताया कि अगले 2-3 दिन में समिति दिए गए आदेश के क्रम में ब्लॉक के अन्य कार्यों की भी जांच करेगी। इसके बाद निर्माण की गुणवत्ता के संबंध में टीम अपनी रिपोर्ट मुख्य विकास अधिकारी को सौपेगी।

### पश्चिमी विक्षोभ को असंतुलन की वजह बता रहे मौसम वैज्ञानिक, दोपहर में धूप से राहत

# हल्की बारिश से बढ़ी ठंड, रात में गलन बरकरार

**कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद**

**अमृत विचार:** मंगलवार को सुबह हुई हल्की बारिश से तापमान कम हो गया। जिससे ठंड बढ़ गई। हालांकि दोपहर में धूप निकली। लेकिन हवा से थोड़ी गलन बरकरार रही।

पर्वतीय क्षेत्रों में हल्की बारिश से मैदानी क्षेत्रों में मौसम बिगड़ रहा है। रविवार, सोमवार को भी बादल छाए रहने और तेज हवा के बाद मंगलवार की सुबह हल्की बारिश से ठंड और गलन बढ़ी। मौसम वैज्ञानिक असंतुलन की वजह पश्चिमी विक्षोभ बता रहे हैं।

मंगलवार को अधिकतम तापमान 21 और न्यूनतम 9 डिग्री सेल्सियस रहा। 8 किलोमीटर प्रति घंटे की गति से चली हवा ने लोगों को ठिठुरन का अहसास करा दिया। गोविंद बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के पूर्व



दोपहर के वक्त पार्क में धूप में खेलते बच्चे।

मौसम वैज्ञानिक डॉ. आरके सिंह का कहना है कि पश्चिमी विक्षोभ के चलते मौसम में उतार चढ़ाव है। पर्वतीय क्षेत्रों में भी कई जगह हल्की बारिश हुई है। अगले एक दो दिन में मौसम पूरी तरह साफ हो जाएगा। लेकिन सुबह शाम हल्की ठंड अभी बनी रहेगी।

### टाटा और गोरखपुर- आनंद विहार एक्सप्रेस आज से चलेंगी

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** कोहरा सीजन की रद ट्रेनों के बहाल होने का क्रम जारी है। 19 ट्रेनों का संचालन बहाल हो गया है। 21 अन्य ट्रेनों को धीरे-धीरे बहाल किया जाएगा। मार्च माह के पहले सप्ताह तक मंडल की सभी ट्रेनें अपनी पूर्व की सारिणी के आधार पर चलने लगेंगी। अब रेल प्रबंधन के साथ-साथ रेलवे पुलिस और रेलवे सुरक्षा बल ने तैयारी शुरू कर दी है। मंडल मुख्यालय से रोजाना 300 ट्रेनें चलती हैं। 24 घंटे में 240 से अधिक रूटीन की ट्रेनों का आना-जाना होता है। यहां रोजाना 40 से 60 गुड्स ट्रेनें गुजरती हैं। रेल प्रबंधन ने कोहरा के मद्देनजर कुल 40 ट्रेनों का संचालन बंद किया है। इसमें पांच जोड़ी ट्रेनों को एक फेरे के अंतराल पर निरस्त किया गया है। रेलवे मुख्यालय के आदेश के क्रम में इन ट्रेनों का संचालन बहाल किया जाता है। सीनियर डीसीएम सुधीर सिंह का कहना है कि तिथि वार ट्रेनों का संचालन शुरू हो चुका है। ट्रेनों की सारिणी और समय में कोई बदलाव नहीं किया गया है। मुख्यालय के आदेश के क्रम में रद गाड़ियों का संचालन शुरू हो रहा है। सूत्रों का कहना है कि (12209) कानपुर सेंट्रल- काठगोदाम मंगलवार से चल गयी। बुधवार से 18103 टाटा नगर- अमृतसर, 15058 आनंद विहार- गोरखपुर, बनमखी-अमृतसर (14617) दो मार्च, अमृतसर बनमखी (14618) 29 फरवरी, इसी दिन से क्रमश: बरौनी- जंक्शन अंबाला (14523), बरेली- प्रयागराज (14308) से चलेगी। इसी तरह क्रमश: 14229 प्रयागराज- योगनगरी ऋषिकेश, 14673 जयनगर- अमृतसर, 14235 वाराणसी- बरेली, 12583 लखनऊ जंक्शन- आनंद विहार, 12584 आनंद विहार- लखनऊ जंक्शन, 15059 लालकुंआ- आनंद विहार, 15060 आनंद विहार- लालकुंआ, 14673 जयनगर- अमृतसर, 14235 वाराणसी- बरेली, 14229 प्रयागराज- योगनगरी ऋषिकेश, 15057 गोरखपुर- आनंद विहार, 15621 कामाख्या- आनंद विहार निरस्त हैं, जबकि एक मार्च तक 14236 बरेली- वाराणसी, 15622 आनंद विहार- कामाख्या, 18104 अमृतसर- टाटा नगर ,14230 योगनगरी ऋषिकेश- प्रयागराज तक रद हैं।

### नौकरी के लिए भूख हड़ताल पर बैठा कर्मी

**मुरादाबाद, अमृत विचार:** संस्थान के मालिकों पर गैर कानूनी तरीके से रोजगार छीनने का आरोप लगाते हुए कर्मचारी भूपेंद्र कुमार मंगलवार से जिलाधिकारी कार्यालय पर भूख हड़ताल पर बैठे हैं। जिसका पीतल मजदूर यूनियन ने समर्थन करते हुए जिलाधिकारी से इस मामले में कार्रवाई की मांग की है।

बता दे कि भूपेंद्र कुमार दिल्ली रोड स्थित इंटरसीज ट्रेडर्स में चेकर के पद पर कार्य करते हैं। संस्थान के मालिकों ने काम समाप्त होने के पश्चात भूपेंद्र कुमार को अपने कार्यालय में बुलाया और जबरन कुछ कागजों पर दस्तखत करवा लिए। अगले दिन संस्थान मालिकों ने भूपेंद्र कुमार की फैक्ट्री में एंट्री पर रोक लगा दी। इस तरह से भूपेंद्र कुमार को गैर कानूनी तरीके से उनके रोजगार से बाहर कर दिया। इस घटना की सूचना श्रम विभाग को दी गई। श्रम विभाग के हस्तक्षेप पर संस्थान के मालिक कभी हां और कभी न की नीति अपनाए हुए हैं, लेकिन अभी तक भूपेंद्र कुमार को काम पर नहीं रखा है। जिस कारण भूपेंद्र कुमार भूख हड़ताल पर बैठने को मजबूर हुए हैं। पीतल मजदूर यूनियन की ओर से भी जिलाधिकारी से संबंधित प्रकरण में तुरंत हस्तक्षेप कर आवश्यक करवाई करने की मांग की है।

# मतपेटी में बंद हुआ 73 प्रत्याशियों का भाग्य

### 2465 में 2158 अधिवक्ताओं ने किया अपने मत का प्रयोग, मतगणना आज

**कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद**

**अमृत विचार:** दि बार एसोसिएशन एंड लाईब्रेरी के वार्षिक चुनाव का मतदान मंगलवार को शांतिपूर्ण संपन्न हो गया। अध्यक्ष व महासचिव समेत आठ पदों पर 73 प्रत्याशियों का भाग्य मतपेटी में कैद हो गया। बुधवार को मतगणना के बाद प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला होगा।

मंगलवार सुबह 10:00 बजे मतदान शुरू हुआ। सुबह से दोपहर तक मतदान धीमी गति से हुआ, लेकिन दोपहर बाद मतदान में काफी तेजी आई और 5:00 बजे तक वोटिंग होती रही। सभी प्रत्याशियों ने बड़े ही जोरआजमाइश के साथ मतदाताओं से अपने पक्ष में मतदान करने की प्रार्थना की। इस मतदान में टैक्स बार एसोसिएशन मुरादाबाद और बिलारी बार एसोसिएशन के सदस्यों भी अपने मतदान का प्रयोग किया। शाम 5:00 बजे तक 2465 में से 2158 अधिवक्ताओं ने अपने मत का प्रयोग किया। एल्डर कमेटी के कार्यवाहक अध्यक्ष विजय गुप्ता ने बताया कि मतगणना बुधवार सुबह 10:00 बजे से की जाएगी। इस दौरान अधिवक्ता कार्य से विरत रहेंगे। एल्डर्स कमेटी और उसकी सहायक चुनाव समिति ने मतदान प्रक्रिया सम्पन्न कराई। इस दौरान एल्डर्स कमेटी के कार्यवाहक अध्यक्ष विजय गुप्ता, सुभाष चंद्र गर्ग, सुधीर गुप्ता, जगदीश शरण के साथ-साथ चुनाव समिति में नरेंद्र सिंह चौहान, शमशेर सिंह, जगदीश सरन मिश्रा, अजयवीर त्यागी, संजय सोनी, रमेश सिंह आर्य, संजय यादव, मनोज गुप्ता, ओमपाल सिंह, आशकार हुसैन, प्रमोद प्रत्येकि, सतीश चंद्र विश्नोई, संदीप खन्ना, विवेक शर्मा, जाफर हुसैन, कपिल विश्नोई, विशाल कांत, अरशद परवेज, अजयवीर सिंह त्यागी, खलीक जुम्मा, अनिल कुमार चौहान ने सहयोग दिया।



बार चुनाव में अपने मत का प्रयोग करते पूर्व सांसद वीर सिंह, साथ में गोपाल यादव, जयवीर यादव व अन्य अधिवक्ता। ● अमृत विचार



बार चुनाव के बाद एक साथ बैठे प्रत्याशी व अन्य अधिवक्ता। ● अमृत विचार

### चार मार्च को दिव्यांगों को बांटे जाएंगे उपकरण

**मुरादाबाद, अमृत विचार:** दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग की ओर से दिव्यांगों को उपकरण बांटे जाएंगे। जिसके लिए पूरे जनपद से 400 दिव्यांगों ने आवेदन किए है। उपकरण वितरण का कार्यक्रम चार मार्च को कलेक्ट्रेट परिसर में किया जाएगा। उपकरण वितरण जिलाधिकारी के साथ जनप्रतिनिधियों द्वारा किया जाएगा।

चार मार्च को कलेक्ट्रेट परिसर स्थित मुशायरा ग्राउंड में शिविर लगाकर जिले के दिव्यांगों को उपकरणों का वितरण किया जाएगा। इसके लिए विभाग की ओर से तैयारी की जा रही हैं। जनपद के सभी विकास खंडों से 400 दिव्यांगों ने अपनी अपनी जरूरत के मुताबिक उपकरणों के लिए आवेदन किया है। दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी विजय यादव ने बताया कि उपकरण वितरण कार्यक्रम में जिलाधिकारी मानवेंद्र सिंह व विकास खंड पर मौजूद ब्लॉक प्रमुख एमएलसी विधायक भी शामिल रहेंगे। उन्होंने बताया कि ऑनलाइन आवेदन करने वाले दिव्यांगों को ही उपकरण दिए जाएंगे। इसमें 100 ट्राईसाइकिल, 60 व्हीलचेयर, 77 कुष्ठ रोगियों को लेप्रोसी किट, 10 सीपी चेयर, 62 एमआर किट बांटी जाएंगी।

# उच्च स्तरीय प्लेटफार्म व चौड़ी सड़कें बदलेंगी स्टेशन का लुक

**कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद**

**अमृत भारत योजना**

▸▸ **रेलवे मुख्यालय ने सार्वजनिक किया विकास का खाका**

▸▸ **रेल मंडल के कुल 19 स्टेशनों का योजना के तहत हुआ चयन**

**अमृत विचार:** अमृत भारत योजना में पुनर्विकास के लिए चयनित गढ़मुक्तेश्वर, कोटद्वार, स्योहारा, आंवला, बालामऊ जंक्शन और बुलंदशहर पर यात्री सुविधाओं का जाल बिछेगा। देश के 554 स्टेशनों में मंडल के छह स्टेशन चयनित हुए हैं। मंडल के कुल 19 स्टेशनों का चयन इस योजना के तहत हो गया है। दूसरे चरण के छह स्टेशनों पर तेजी के साथ विकास कार्य शुरू होंगे। उत्तर रेलवे के 92 आरओबी/आरयूबी में 56 उत्तर प्रदेश के हैं। मंडल में दो ऐसे पुल बनने हैं।

उत्तर रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी नीरज कुमार ने बताया है कि यह बड़ी योजना है। मानवयुक्त समपार फाटकों को खत्म करने के लिए रोड ओवर ब्रिज (आरओबी)/अंडरपास का निर्माण होगा। ट्रेन परिचालन में संरक्षा, ट्रेनों की गतिशीलता, सड़क उपयोगकर्ताओं पर प्रभाव, कम भीड़-भाड़, बेहतर दक्षता और बढ़ी हुई कनेक्टिविटी आदि के लिए लेवल क्रॉसिंग (एलसी) को खत्म करने को प्राथमिकता दी जाएगी। अमृत भारत स्टेशन के लिए मास्टर प्लान तैयार करना और सुविधाओं को बढ़ाने के लिए चरणों में मास्टर प्लान को लागू करना है। विभिन्न ग्रेड/प्रकार के वेटिंग हॉल को क्लब किया जाएगा। अच्छे कैफेटेरिया/रिटेल आदि सहित सुविधाएं प्रदान की जाएंगी।

बताया है कि सभी श्रेणियों के स्टेशनों पर उच्च स्तरीय प्लेटफार्म उपलब्ध कराए जाएंगे। सड़कों को चौड़ा करके, अवांछित संरचनाओं को हटाकर, उचित रूप से डिजाइन किए गए साइनेज, पृथक पैदल पथ, सुनियोजित पार्किंग क्षेत्र, बेहतर प्रकाश व्यवस्था आदि द्वारा सुगम पहुंच सुनिश्चित करने के लिए स्टेशन के पहुंच मार्गों में सुधार किया जाएगा। स्टेशनों पर दिव्यांगजनों के लिए सुविधाएं भी प्रदान की जाएंगी।

# 2.13 लाख को मिलेगी पीएम सम्मान निधि की 16वीं किस्त

**कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद**

▸▸ **33,313 किसानों की नहीं हो सकी केवाईसी**

**अमृत विचार:** प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के अंतर्गत जिले के 2.13 लाख किसानों को 16 वीं किस्त मिलेगी। सम्मान निधि वितरण कार्यक्रम का सीधा प्रसारण बुधवार को विकास खंडों के सभागार में मौजूद किसानों को एलईडी के माध्यम से दिखाया जाएगा। केवाईसी ने होने की वजह से 33 हजार 313 किसानों को योजना का लाभ नहीं मिल पाएगा।

बुधवार दो बजे से पीएम किसान सम्मान निधि योजना को पीएम उत्सव दिवस के रूप मनाया जाएगा। उप निदेशक कृषि संतोष कुमार द्विवेदी ने बताया कि जिले के 2 लाख 13 हजार 313 किसानों के खाते में योजना की 16 वीं किस्त के रूप 6 हजार रुपये की धनराशि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शाम 4 बजे ऑनलाइन डालेंगे। उन्होंने बताया कि 33 हजार 313 किसानों की केवाईसी नहीं हो पाई। हालांकि शासन के मिले निर्देश के बाद केवाईसी के लिए विशेष अभियान चलाकर 2 से 27 फरवरी तक 11 हजार 527 किसानों की केवाईसी कर योजना की पहली किस्त के भागीदार बनाया गया है। इससे पहले दो बजे जायद गोष्ठी का आयोजन भी किया गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा किए जाने वाले ऑनलाइन किस्त के वितरण का शाम 4 बजे ब्लॉक सभागार में मौजूद किसानों सीधा प्रसारण दिखाया जाएगा।इस दौरान जिलाधिकारी मानवेंद्र सिंह और जनप्रतिनिधि भी शामिल होंगे।

### मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह समारोह अब 9 मार्च को

**मुरादाबाद, अमृत विचार:** समाज कल्याण विभाग द्वारा मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अंतर्गत गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन करने वाले परिवारों की बेटी के विवाह की निर्धारित तिथि बदल दी गई है।

अब 29 फरवरी के बजाय 9 मार्च को विवाह समारोह का आयोजन किया जाएगा। मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अंतर्गत दिल्ली रोड पर एमडीए के खाली पड़े मैदान में जिले के 555 जोड़ों का सामूहिक विवाह का आयोजन समाज कल्याण विभाग की ओर से 29 फरवरी को कराया जाना था। जिला समाज कल्याण अधिकारी शैलेंद्र गौतम ने बताया कि शासन से सामूहिक विवाह की तिथि अब 9 मार्च निर्धारित की गई है। स्थान और सभी औपचारिकता वही रहेंगी।

# एमडीए ने भूखंड व आवास की बिक्री को शुरू की प्रक्रिया

**कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद**

▸▸ **एकता विहार में भूखंड व समृद्धि विहार में आवास दे रहा प्राधिकरण**

**अमृत विचार :** मुरादाबाद विकास प्राधिकरण ने महानगर की जनता के लिए आवासीय कालोनियों में भूखंड व आवासों की बिक्री के लिए आवेदन प्रक्रिया शुरू कर दी है। जिसमें लोग अपनी जरूरत के अनुसार भूखंड व आवास के लिए आवेदन कर अपना आशियाना बना सकते हैं।



दिल्ली नेशनल हाईवे पर स्थापित की गई नया मुरादाबाद आवासीय योजना के सेक्टर 16 में मुरादाबाद विकास प्राधिकरण द्वारा समृद्धि विहार नाम से आवासीय कॉलोनी को बसाया गया है। जिसमें आवासों की बिक्री के लिए एमडीए के जनहित पोर्टल पर ऑनलाइन प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। समृद्धि विहार में लगभग 89 आवास उपलब्ध कराए जा रहे हैं। जिसके लिए आवेदन प्रक्रिया को शुरू किया गया है। प्राधिकरण की सचिव अंजू लता ने बताया कि हमारे जनहित पोर्टल पर आवेदन किया जा सकता है। यह एमएमआईजी टाइप के दो मंजिला भवन हैं। इन भवनों की आवेदन प्रक्रिया 12 मार्च तक जारी रहेगी। उन्होंने कहा कि जो लोग समृद्धि विहार में आवास प्राप्त करना चाहते हैं तो वह आवेदन कर सकते हैं। वहीं दूसरी ओर रामपुर रोड हाईवे पर स्थापित की गई एकता विहार आवासीय योजना उत्तरी में भूखंडों की नीलामी प्रक्रिया को भी शुरू किया गया है।

# प्रभु श्रीराम ही समस्त ब्रह्माण्ड के स्वामी

**कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद**

**अमृत विचार:** जिगर कालोनी स्थित शिव विहार स्थित नटबाबा मंदिर में आयोजित श्रीराम चरित मानस एवं भजन संध्या में धीरशान्त दास अर्द्धमौनी ने बताया कि भगवान श्रीराम भारत के ही नहीं अपितु अखिल ब्रह्मांड के स्वामी हैं।

कथा व्यास ने कहा कि श्रीराम का भजन करते-करते जब भजन का बाह्य भाव न रहकर बिलकुल आन्तरिक हो जायगा तो भजन में मन रमेगा। उसमें आनन्द की उपलब्धि होगी तब यथार्थ भजन होगा। भगवान के नाम पर जितना विश्वास, प्रेम बढ़ता है, उतना ही नाम-जप अधिक हो सकता है। भगवान के नाम में भूल होने में अभ्यास की कमी ही कारण है। परन्तु प्रधान कारण तो विश्वास और प्रेम की कमी ही समझना चाहिये। विश्वास तथा प्रेम भी भजन और सत्संग से ही होते हैं। इसलिये सत्संग तथा नाम जप रूपी भजन का ही विशेष अभ्यास करना चाहिये। भजन करते- करते-भगवान् के नाम जप का अभ्यास करते-करते विश्वास बढ़कर नाम-जप में अपने-आप ही प्रगति हो सकती है। कार्यक्रम में महापौर विनोद अग्रवाल, प्रिया अग्रवाल, सोनाली सरोज, आकाश पाल, संजय शर्मा, धर्मेंद्र नाथ मिश्रा, पंकजा शर्मा मुख्य अतिथि रहे एवं दीप प्रज्ज्वलन किया। व्यवस्था में नवीन चौधरी, पार्षद रुचि चौधरी, अर्जित चौधरी, नमन चौधरी, कैलाश जोशी, प्रेम शंकर जोशी, महेन्द्र सिंह, धर्म सिंह पुजारी, रामदेव सेवादार, अनुज शर्मा, अनिता चौधरी, बबिता चौधरी, मंजू चौधरी, नीरु चौधरी, वरुन चौधरी शामिल रहे।



नटबाबा मंदिर में आयोजित श्रीराम कथा में शामिल भक्त। ● अमृत विचार

# सुगम पुस्तकालय व महिला शौचालयों की स्थिति पर विशेष ध्यान दें अधिकारी

**कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद**

▸▸ **मंडलायुक्त की अध्यक्षता में स्मार्ट सिटी एसपीवी बोर्ड आफ डायरेक्टर्स की बैठक**

**अमृत विचार:** मंडलायुक्त आन्जनेय कुमार सिंह की अध्यक्षता में मंगलवार को उनके कार्यालय सभागार में स्मार्ट सिटी एसपीवी बोर्ड आफ डायरेक्टर्स की बैठक मंडलायुक्त कार्यालय सभागार में हुई। इसमें मुरादाबाद स्मार्ट सिटी लिमिटेड के निदेशक मण्डल में नगर आयुक्त दिव्यांशु पटेल को निदेशक/सीईओ नियुक्त करने का अनुमोदन किया गया। मंडलायुक्त ने सुगम पुस्तकालय, महिला शौचालयों की स्थिति पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए।

मुरादाबाद स्मार्ट सिटी लिमिटेड परियोजना के इंटीग्रेटेड कमांड एंड कंट्रोल सेन्टर परियोजना में 10 नवीन वीएमडी लगाने के लिए कार्य की स्वीकृति प्रदान की गई। स्मार्ट सिटी परियोजना ''कल्चरल इवेंट, प्रमोशन, फेस्टिवल, प्रोग्राम हैण्डीक्राफ्ट मेला फार ब्रास प्रमोशन'' परियोजना के अन्तर्गत मंडल के प्रकाशित गजेटियर के आगामी द्वितीय संस्करण को आनलाइन प्लेटफार्म के अतिरिक्त काईन्डल वर्जन के द्वारा भी विक्रय करने का निर्देश दिया गया।

एकीकृत कमांड एंड कंट्रोल सेंटर परियोजना के अन्तर्गत शासन के निर्देश पर महानगर के सरकारी विभागों में संचालित डाटा को आईसीसीसी सेन्टर में एकीकृत करने और उस डाटा को भविष्य में प्रस्तावित जनोपयोगी परियोजनाओं के क्रियान्वयन में उपयोग में लेने की स्वीकृति दी गई। महानगर में संचालित नागरिक सुविधाओं जैसे सफाई, स्वास्थ्य, ट्रांसपोर्ट, विद्युत आदि से संबंधित सेवाओं से संबंधित ऐप तैयार करने के लिए निर्देश दिया गया। बैठक में नगर आयुक्त/सीईओ दिव्यांशु पटेल, मुरादाबाद विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष शैलेश कुमार, अंडर सेक्रेटरी एमओयूडी राम सिंह, सहयुक्त नियोजक टाउन एंड कन्ट्री प्लानिंग से विवेक भास्कर, अपर नगर आयुक्त/एडिशनल सीईओ अतुल कुमार, जनरल मैनेजर तकनीकी एके मित्तल, कम्पनी सेक्रेटरी सौरभ गुप्ता आदि उपस्थित रहे।

**कार्यशाला** — जिला पंचायत सभागार में महिला स्वयं सहायता समूहों की आपदा जोखिम न्यूनीकरण में भूमिका विषय पर मंडलीय कार्यशाला

# आपदा की दृष्टि से संवेदनशील जोन में जिला, बचाव को रहें तैयार

**कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद**

**अमृत विचार:** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा आपदा जोखिम न्यूनीकरण के बारे में 10 सूत्रीय एजेंडे के अंतर्गत आपदा जोखिम प्रबंधन में महिलाओं का नेतृत्व व व्यापक सहभागिता का केन्द्रीयकरण विषय पर कार्यशाला का आयोजन मंगलवार को पंचायत भवन सभागार में किया गया। महिला स्वयं सहायता समूहों की आपदा जोखिम न्यूनीकरण में भूमिका विषय पर एक दिवसीय मण्डल स्तरीय प्रशिक्षण कार्यशाला का उद्घाटन मुख्य अतिथि मंडलायुक्त आन्जनेय कुमार सिंह व जिलाधिकारी मानवेन्द्र सिंह ने मां सरस्वती की मूर्ति पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलन कर किया।

मुख्य अतिथि मंडलायुक्त ने कहा कि आपदा प्रबंधन के बारे में किस तरह बचाव किया जाएगा इसके बारे में प्रशिक्षण महत्वपूर्ण है। क्योंकि मुरादाबाद क्षेत्र आरेंज रेंज में आता है, जो आपदा की दृष्टि से संवेदनशील है। इसलिए इससे बचाव के लिए तैयार रहना होगा। क्योंकि आपदा में कम्युनिकेशन आदि सभी कार्य करना बंद कर देते हैं। उन्होंने कहा कि भूकंप एक प्राकृतिक घटना है। इससे जान-माल की क्षति, आधारभूत संरचनाओं जैसे पुल, रेत की पटरियां, भवन आदि की क्षति होती है। भूकंप के दौरान शांत रहें, लंबी और भारी वस्तुओं से दूर रहें एवं खुले मैदान में जाएं। यदि आप घर के अंदर हैं, तो मेज या बेड के नीचे चले जाएं। घर में कॉलम पिलर के समीप खड़े हो जाएं। जिलाधिकारी ने कहा कि दैवीय आपदा के न्यूनीकरण में औपचारिकताएं निभाने की जगह धरातल पर कार्य करें। आपदा के दौरान बच्चे, वृद्ध व अस्वस्थ व्यक्ति व महिलाएं सर्वाधिक संवेदनशील समझे जाते हैं। महिलाओं को आपदा प्रबंध से संबंधित प्रशिक्षण देकर समाज के सर्वाधिक संवेदनशील समूह को जागरूक एवं सुरक्षित बनाया जा सकता है।

अपर जिलाधिकारी प्रशासन गुलाब चन्द्र ने आपदा प्रबंधन के क्षेत्र में महिलाओं की भूमिका को विस्तार से समझाया। कार्यक्रम नोडल अपर जिलाधिकारी, वित्त एवं राजस्व सत्यम मिश्र ने बताया कि महिलाएं परिवार की प्रथम शिक्षक होती हैं और उन्हें आपदा प्रबंधन के न्यूनीकरण के संबंध में इनसे बेहतर कोई दूसरा ब्रांड एम्बेसडर नहीं हो सकता। मास्टर ट्रेनर कोमल जुगलान बताया कि यदि कोई सड़क दुर्घटना होती है तो निगेटिव बात न बोलें, बल्कि पॉजिटिव रहें। एसडीआरएफ लखनऊ टीम के सब इंस्पेक्टर चरन सिंह ने बताया कि 10 हजार आपदा मित्रों को प्रशिक्षण दिया जा चुका है। उन्होंने स्वयं सहायता महिलाओं को आपदा के समय त्वरित प्रतिक्रिया पर डेमो प्रस्तुत किया। प्रशिक्षण के प्रश्नोत्तरी सत्र में सही उत्तर देने वाली 5-5 महिलाओं को उपहार देकर पुरस्कृत किया गया।





जिला पंचायत सभागार में एक दिवसीय मंडल स्तरीय कार्यशाला का दीप प्रज्जवलित कर उद्घाटन करते मंडलायुक्त आन्जनेय कुमार सिंह, साथ में जिलाधिकारी मानवेंद्र सिंह।

## एक नजर

### सीएचओ लता बिष्ट को किया सम्मानित

चौधरपुर, अमृत विचार : मंगलवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जोया के तहत पीएचसी चौधरपुर में कायाकल्प अवार्ड सम्मान समारोह हुआ। इसमें ब्लॉक जोया की पीएचसी चौधरपुर और आरोग्य मन्दिर जलालपुर घना का चयन हुआ। चिकित्सक, वार्ड बॉय, फार्मासिस्ट और सफाई कर्मचारी को कायाकल्प अवार्ड से सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि डॉ. रेखा रानी अपर निदेशक, विशिष्ट अतिथि मुख्य चिकित्साधिकारी सत्यपाल सिंह, मंडल कॉर्डिनेटर हुमेरा, डॉ. राजेश गंगवार, डॉ. सुखदेव सिंह आदि मौजूद रहे। संचालन ब्लॉक कार्यक्रम प्रबंधक ब्रजमोहन ने किया। सीएचओ लता बिष्ट जलालपुर घना को उत्कृष्ट कार्यक्रम के लिए सम्मानित किया गया।

### कहीं और हत्या कर जंगल में फेंके गए शव के टुकड़े

अमरोहा, अमृत विचार : महिला की हत्या करके उसके शव को 20 टुकड़ों में काट दिया गया। जिस जगह शव के टुकड़े मिले वहां से कुछ ही दूरी पर पुलिस पिकेट भी है। एएसपी राजीव कुमार सिंह ने बताया कि अंदाजा लगाया जा रहा है कि महिला की हत्या कहीं अन्यत्र करके टुकड़े किए गए। टुकड़ों को थैलों में बंद कर नौगावां सादात के गांव खेतापुर के जंगल में फेंक दिया गया। एएसपी ने बताया कि महिला का सिर लहुलूहान हालत में था। उसने कुर्ता और सलवार पहन रखी थी। केवल सिर ही है जिससे शिनाख्त की जा सकती है। अन्यथा हत्यारे ने महिला के शरीर के 20 टुकड़े करके उसकी पहचान मिटाने का पूरा प्रयास किया है।

### अभिनेत्री जयाप्रदा के खिलाफ एनबीडब्ल्यू जारी

रामपुर, अमृत विचार : एमपी-एमएलए (मजिस्ट्रेट ट्रायल) कोर्ट ने मंगलवार को पूर्व सांसद व फिल्म अभिनेत्री जयाप्रदा के खिलाफ आठवीं एनबीडब्ल्यू जारी किया है। कोर्ट ने उन्हें कुर्की की चेतावनी दी है। साथ ही कोर्ट ने पुलिस अधीक्षक से कहा कि क्षेत्राधिकारी के नेतृव में टीम गठित कर आरोपी के खिलाफ कार्रवाई करें। अब इस मामले में छह मार्च को सुनवाई होगी। 2019 के लोकसभा चुनाव के दौरान जयाप्रदा के खिलाफ केमरी और स्वार के थानों में आचार संहिता उल्लंघन के मामले दर्ज हुए थे। वरिष्ठ अभियोजन अधिकारी अमरनाथ तिवारी ने बताया कि इन मामलों की सुनवाई के दौरान जयाप्रदा कोर्ट में पेश नहीं हुईं। इस पर कोर्ट ने धारा-82 के तहत जयाप्रदा के खिलाफ उद्घोषणा की कार्रवाई के लिए आदेश जारी किए हैं।

# प्रेमी युगल ने गले मिलकर ट्रेन के आगे लगाई छलांग, मौत

## आत्महत्या के कारण की जानकारी करने में जुटी पुलिस

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

अमृत विचार : प्रेमी युगल ने ट्रेन के आगे कूद कर जान दे दी। घटना के बाद मौके पर भीड़ एकत्रित हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिए। आत्महत्या के पीछे का कारण स्पष्ट नहीं हो सका। पुलिस इसकी जांच कर रही है।

घटना अमरोहा देहात थाना क्षेत्र के चक्कालीलेट रेलवे स्टेशन की है। मुरादाबाद जनपद के पाकबड़ा थानाक्षेत्र के गांव सुल्तानपुर फलेदा में अनुसूचित जाति के दो ग्रामीणों के परिवार रहते हैं। एक ग्रामीण का 18 वर्षीय बेटा कक्षा 12 में पढ़ता था। जबकि दूसरे ग्रामीण की 16 वर्षीया बेटी दसवीं की छात्रा थी। मंगलवार की सुबह करीब 10:30 बजे युवक और किशोरी घर से निकले थे। इसके बाद दोनों पैदल ही चक्कालीलेट रेलवे स्टेशन पहुंचे। इसके बाद अमरोहा-


पोस्टमार्टम हाउस पर खड़े युवक और किशोरी के परिजन। ● अमृत विचार

पाकबड़ा बॉर्डर पर मुरादाबाद की तरफ जाने वाली गुवाहाटी एक्सप्रेस के आगे कूदकर जान दे दी। ट्रेन की चपेट में आकर दोनों के शव बुरी तरह क्षत-विक्षित हो गए। युवक का सिर धड़ से अलग होकर दूर जा गिरा। थोड़ी देर में स्थानीय लोगों की भीड़ जमा हो गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई।

सीओ अंजलि कटारिया ने भी घटनास्थल का मुआयना किया। एएसपी राजीव कुमार सिंह ने बताया कि प्राथमिक जांच में मामला प्रेम-प्रसंग का सामने आ रहा है। जिस तरीके से प्रेमी युगल ने एक-दूसरे को गले लगाकर ट्रेन के आगे छलांग लगाई, उससे जाहिर है कि मामला प्रेम-प्रसंग का था। दोनों ने आत्महत्या क्यों की इसका पता लगाया जा रहा है।

### स्वीप कार्यक्रम के तहत हुई विचार गोष्ठी

मंडी धनौरा, अमृत विचार : मंगलवार को क्षेत्र के ग्राम चुचैला कला स्थित लिटिल एंजिल्स इंटर कॉलेज में भारत निर्वाचन आयोग का स्वीप कार्यक्रम हुआ। इस दौरान मतदाता शिक्षा एवं निर्वाचन सहभागिता के अंर्तगत जागरुकता विचार गोष्ठी भी हुई।

विचार गोष्ठी में राज्य पुरस्कार प्राप्त शिक्षक डॉ. यतीन्द्र कटारिया ने कहा कि मजबूत तथा स्वस्थ लोकतंत्र के लिए मतदाता जागरुकता एवं निर्वाचक शिक्षा जरूरी है। इसके लिए स्वीप कार्यक्रम चलाया जा रहा है। ताकि सुव्यवस्थित मतदाता शिक्षा एवं निर्वाचन सहभागिता का लक्ष्य पूर्ण हो सके। कहा कि भारत की गौरवशाली विरासत राष्ट्र व समाज के प्रति योगदान में निहित है। स्वस्थ तथा स्वच्छ लोकतंत्र के लिए अपना योगदान देकर हम राष्ट्रीय हित का कार्य करते हैं। शत-प्रतिशत मतदान व कर्तव्यों के प्रति जागरुक करने के लिए हेतु स्वीप कार्यक्रम चलाया जा रहा है। प्रधानाचार्य अजय चौहान व प्रबंधक सतवीर त्यागी ने भी कार्यक्रम की सफलता का आह्वान किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में बच्चे, क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि व शिक्षक मौजूद रहे।

# एआरटीओ कार्यालय का बाबू व निजी कर्मचारी 20,000 रुपये की रिश्वत लेते गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

अमृत विचार : किसान नेता की शिकायत पर एंटी करप्शन टीम ने एआरटीओ कार्यालय के बाबू अमय कुमार उर्फ अमिया और प्राइवेट कर्मचारी शाने अली उर्फ शाने को 20,000 रुपये की रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया। टीम दोनों को अमरोहा देहात थाने ले गए और पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर दोनों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

डिडौली थाना क्षेत्र के गांव नारंगपुर में ट्रैक्टर की एजेंसी के संचालक चौधरी राजेंद्र सिंह भारतीय किसान यूनियन चौहान गुट के जिला कोषाध्यक्ष भी हैं। एआरटीओ कार्यालय से हर साल एजेंसी का रिन्यूअल होता है। इस साल एजेंसी के रिन्यूअल के लिए राजेंद्र सिंह एआरटीओ कार्यालय के चक्कर लगा रहे थे। आरोप है कि बाबू अमय कुमार उर्फ अमिया और कार्यालय में तैनात प्राइवेट कर्मचारी शाने अली उर्फ शाने ने उनसे 50,000 रुपये रिश्वत की मांग की। बाद में 20,000 रुपये में सौदा तय हो गया।


सरकारी बाबू व निजी कर्मचारी को थाने ले जाती एंटी करप्शन की टीम।

- किसान नेता की शिकायत पर एंटी करप्शन टीम ने की कार्रवाई
- तहरीर के आधार पर पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ दर्ज की रिपोर्ट

कर्मचारियों के उत्पीड़न से परेशान होकर किसान नेता ने मामले की शिकायत भ्रष्टाचार निवारण संगठन मुरादाबाद इकाई के अधिकारियों से की। मंगलवार की दोपहर करीब एक बजे एंटी करप्शन टीम के प्रभारी शैलेंद्र सिंह अपने सहयोगियों के साथ अमरोहा पहुंचे और एआरटीओ कार्यालय की घेराबंदी कर ली। इस दौरान चौधरी राजेंद्र सिंह ने प्राइवेट कर्मी शाने अली की मदद से अमय कुमार को 20 हजार रुपये की रिश्वत दी तभी एंटी करप्शन की टीम ने दोनों को रंगे हाथ पकड़ लिया। टीम दोनों को थाना अमरोहा देहात ले गई और पूछताछ की।

बताया जा रहा है कि गिरफ्तार बाबू अमय कुमार मूलरूप से गाजियाबाद का रहने वाला है। उसे आगरा के बाद जुलाई में यहां तैनाती मिली थी। जबकि प्राइवेट कर्मचारी शाने अली नगर के मोहल्ला खारी कुआं का रहने वाला है। एसएसआई संदीप चौधरी ने बताया कि एंटी करप्शन टीम की तहरीर पर दोनों आरोपियों के खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।


पेशकार को ज्ञापन सौंपते भाकियू टिकैत के कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

## भाकियू टिकैत के कार्यकर्ताओं ने एसडीएम कार्यालय में सौंपा ज्ञापन

संवाददाता, हसनपुर

अमृत विचार : भारतीय किसान यूनियन टिकैत की संभल की जिलाध्यक्ष गायत्री यादव के नेतृत्व में किसानों ने एसडीएम कार्यालय में ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन में कहा गया कि आदमपुर थाना क्षेत्र के गांव पितांबरपुर की रहने वाली पीड़िता पुष्पावती पत्नी डोरी लाल की जमीन मुबारिजपुर सलारा में है। इसकी नापजोख को लेकर लेखपाल ने उससे 60,000 रुपये ले लिए। लेकिन 11 महीने बाद भी नापजोख नहीं की गई। उप जिलाधिकारी कार्यालय में पेशकार राहुल को दिए ज्ञापन में लेखपाल से रकम वापस कराने की मांग की गई। कार्यकर्ताओं का कहना है कि अगर जल्दी समस्या का समाधान नहीं हुआ तो भारतीय किसान यूनियन धरना-प्रदर्शन को मजबूर होगी। ज्ञापन देने वालों में गायत्री यादव, संजीव यादव, डोरी लाल, पुष्पा रानी, राजेश्वर चंद्र आदि मौजूद रहे।

# सरकार की योजनाओं की जानकारी दी

संवाददाता, हसनपुर

अमृत विचार : केंद्र सरकार की ओर से विकसित भारत संकल्प यात्रा चलाई जा रही है। इस दौरान कार्यक्रम आयोजित कर लोगों को सरकार की योजनाओं की जानकारी दी जा रही है। रामलीला मैदान में वक्ताओं ने कहा पात्रों को योजनाओं का लाभ मिल रहा है।

केंद्र एवं प्रदेश सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं के सत्यापन के लिए केंद्र सरकार द्वारा विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन किया गया है। यह यात्रा क्षेत्रवासियों को योजनाओं के विषय में जानकारी देकर लाभार्थियों से योजनाओं का सत्यापन भी कर रही है। इसी क्रम में मंगलवार को यात्रा नगर स्थित रामलीला मैदान पहुंची। यहां नगर पालिका प्रशासन द्वारा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में आयुष्मान भारत कार्ड, स्वास्थ्य विभाग, पूर्ति विभाग,


विकसित भारत संकल्प यात्रा के कार्यक्रम में मौजूद अतिथि। ● अमृत विचार

डूडा विभाग, प्रधानमंत्री आवासीय योजना एवं पीएम ऋण योजना के विभागों ने स्टाल लगाकर लाभार्थियों को जानकारी दी। अधिशासी अधिकारी प्रदीप नारायण दीक्षित ने बुके देकर अतिथियों का स्वागत किया। अंत में एलईडी पर प्रधानमंत्री का भाषण सुना।

भाजपा के जिला उपाध्यक्ष मयंक अग्रवाल ने कहा कि केंद्र एवं प्रदेश की भाजपा सरकार जनता के हित में कार्य कर रही है। प्रत्येक लाभार्थी को योजनाओं का लाभ पहुंचा रही है। अध्यक्षता भाजपा के मंडलाध्यक्ष संजय शर्मा तथा संचालन भाजपा नेता अजय पाल ने किया। कार्यक्रम में नगर स्वच्छता प्रेरक प्रशांत सैनी, उमा नागर, इशांत सैनी, राजकुमार सैनी, सभासद मोहसिन खान, पप्पू, संगीता कश्यप, दिनेश कुमार, विनय शर्मा, कौशल कुमार, मनी कुमार, शारिक अली आदि पालिका का स्टाफ मौजूद रहा।


रेडियो संग्रहालय का निरीक्षण करते प्रधानाचार्य व माध्यमिक शिक्षा विभाग के अधिकारी।

## संग्रहालय का डीसी ने किया निरीक्षण

संवाददाता, गजरौला

अमृत विचार : रेडियो मैन के संग्रहालय जल्द ही गिनीज बुक में दर्ज हो सकता है। इसकी प्रक्रिया चल रही है। इसके चलते कमिश्नर के आदेश पर डीएम ने भी संग्रहालय का भौतिक निरीक्षण कराया है। इसके लिए माध्यमिक शिक्षा विभाग की टीम का गठन किया गया था।

टीम में शामिल मंडी धनौरा में स्थित राष्ट्रीय इंटर कालेज के प्रधानाचार्य व माध्यमिक शिक्षा विभाग के डीसी मंगलवार को नाईपुरा स्थित सिद्धार्थ इंटर कालेज में रेडियो मैन राम सिंह बौद्ध के संग्रहालय का निरीक्षण करने पहुंचे। टीम ने संग्राहलय में रखे लगभग 1100 रेडियो के बारे में जानकारी की।

रेडियो के अलावा उनके पास मौजूद पुराने टेलीविजन, टेलीफोन, सिक्के व कुछ पांडुलिपियों के बारे में भी जानकारी की। संग्रहालय को गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकार्ड की टीम भी देखने आ चुकी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी मन की बात कार्यक्रम में इसकी चर्चा कर चुके हैं।


यादव समाज की बैठक में मौजूद लोग। ● अमृत विचार

## बैठक में यादव समाज को एकजुट करने पर दिया जोर

संवाददाता, हसनपुर

अमृत विचार : नगर के एक मोहल्ले में स्थित मंदिर प्रांगण में यादव यदुवंशी समाज की बैठक का आयोजन किया गया। इसमें पदाधिकारियों ने समाज को एकजुट करने पर बल दिया।

सोमवार देर रात नगर स्थित प्राचीन दुर्गा मंदिर के प्रांगण में यादव यदुवंशी समाज की बैठक हुई। वेद प्रकाश यादव ने कहा कि जो समाज संगठित नहीं होता, उसका भविष्य अंधकारमय होता है।

उन्होंने बैठक में उपस्थित समाज के लोगों से कहा कि अपने समाज को एकजुट करें और बच्चों को शिक्षित करें। जिस समाज के बच्चे शिक्षित होते हैं, वह समाज तरक्की करता है। अध्यक्षता सुरेश चंद यादव तथा संचालन देवेंद्र कुमार यादव ने किया। बैठक में विकास, यादव, अशोक यादव, सीमा यादव, कपिल यादव, विपिन यादव, राजू यादव, सुशील यादव आदि मौजूद रहे।

## युवा ही देश का भविष्य : प्रमोद कृष्णम

संवाददाता, हसनपुर

अमृत विचार : सैकड़ों युवाओं ने बाईपास पर कल्कि पीठाधीश्वर आचार्य प्रमोद कृष्णम का फूलमालाओं से स्वागत किया। इस दौरान उन्होंने युवाओं का उत्साह बढ़ाते हुए कहा कि युवा ही देश का भविष्य है। राजनीति में भी युवाओं को बढ़चढ़कर हिस्सा लेना चाहिए।

मंगलवार को दिल्ली से ग्राम रहरई स्थित बालाजी धाम आश्रम को जाते समय युवा नेता कुंवर रोबिन त्यागी के नेतृत्व में नगर के बाईपास मार्ग पर सैकड़ों युवा एकत्र हुए। कल्कि पीठाधीश्वर का काफिला आते ही पुष्प वर्षा की गई। इस दौरान जाम की स्थिति उत्पन्न हो गई। उन्होंने भी युवाओं का उत्साह बढ़ाया। स्वागत करने वालों में कुंवर रोबिन त्यागी, अरुण त्यागी, डॉक्टर जगबीर सिंह, पप्पू सिंह सेन, राजू राणा, नदीम सलमानी, योगेंद्र चौहान, दिनेश गौतम, विषेश त्यागी, अर्पित त्यागी, अनु त्यागी, नितिन सैनी, हर्षित गुप्ता, रशीद, कपिल, आदिल, राजकुमार, निशांत,अमन आदि युवा मौजूद रहे।


कल्कि पीठाधीश्वर आचार्य प्रमोद कृष्णम का स्वागत करते युवा। ● अमृत विचार

### बालाजी धाम पहुंचने पर किया स्वागत

रहरा/मुबारिजपुर, अमृत विचार : विकासखंड गंगेश्वरी क्षेत्र के बालाजी धाम आश्रम रहरई में कल्कि धाम ट्रस्ट के अध्यक्ष प्रमोद कृष्णम का फूल मालाओं से स्वागत किया। इस अवसर पर प्रमोद कृष्णम ने कहा कि देश में सभी धर्मों का सम्मान है। सभी को साथ लेकर चलने का काम किया जा रहा है। इस मौके पर महंत डा. जगवीर सिंह, रोबिन त्यागी, राजू राणा, मिट्ठन लाल खड़गवंशी, राशिद मलिक, अजयपाल, अखिलेश शर्मा, रामवीर, कृष्णपाल खड़गवंशी आदि मौजूद रहे।

## संदिग्ध परिस्थितियों में महिला की मौत

भोट, अमृत विचार : क्षेत्र के गांव बांस नगली में महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए जिला चिकित्सालय भिजवा दिया है।

गांव बांस नगली निवासी रामवती (35) पत्नी राजेंद्र की मंगलवार को अचानक तबीयत खराब हो गई थी। परिजनों ने उसे जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया था। हालत बिगड़ने पर चिकित्सों ने उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया थ्रा। परिजन उसे दिल्ली ले जा रहे थे, लेकिन रास्ते में ही उसने दम तोड़ दिया। परिजन शव को घर ले आए।

### भाकियू शंकर की बैठक आज

रहरा/मुबारिजपुर, अमृत विचार: भारतीय किसान यूनियन शंकर की मासिक बैठक रहरा ब्लॉक परिसर में आज दोपहर होगी। इसमें क्षेत्र की समस्याओं पर विचार किया जाएगा। विभिन्न विभागों के अधिकारियों को बैठक में पहुंचने की अपील भी की गई है।


रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल- बरेली
RMC BAREILLY Excellence towards profession
FREE ओ. पी. डी. परामर्श
बच्चों में सभी हड्डी व रीढ की समस्याओं के नि:शुल्क परामर्श के लिए मिलें
मुंबई के वरिष्ठ बाल हड्डी रोग विशेषज्ञ द्वारा नि:शुल्क परामर्श
दिनांक :- 14 - 15 मार्च 2024
समय :- सुबह 9 से 4 बजे तक
स्थान :- रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल, हड्डी रोग विभाग कमरा नंबर - 1084
डॉ. तुषार अग्रवाल
बाल हड्डी रोग विशेषज्ञ, मुंबई
रजिस्ट्रेशन के लिए कॉल करें - 9081800900, 8006460900
Address: Department of Orthopedic (Room No-1084)
Rohilkhand Medical College & Hospital
Pilibhit Bypass Road, Bareilly


पुण्यतिथि | रक्तदान शिविर का किया गया आयोजन, बोले वक्ता रक्त से बड़ा कोई दान नहीं

# आजादी के महानायक चंद्रशेखर आजाद को किया नमन

गजरौला, संवाददाता

अमृत विचार: श्री वेंक्टेश्वरा विश्वविद्यालय में मंगलवार को आजादी के रणबांकुरे चन्द्रशेखर आजाद की पुण्यतिथि पर आजादी के महानायक आजाद विषय पर विचार गोष्ठी व रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। वक्ताओं ने कहा कि देश सदैव आजाद का ऋणी रहेगा। रक्तदान शिविर में 164 यूनिट रक्त संचय किया गया।

चन्द्रशेखर आजाद की पुण्यतिथि पर डा. सीवी रमन सभागार में कार्यक्रम हुआ। शुभारंभ चेयरमैन डा. सुधीर गिरि, प्रतिकुलाधिपति डा. राजीव त्यागी, कुलपति डा. एके शुक्ला एवं कुलसचिव पीयूष पांडे ने चन्द्रशेखर आजाद की प्रतिमा के सम्मुख दीप प्रज्वलित कर एवं रक्तदान शिविर का फीता काटकर किया। चेयरमैन ने कहा कि यह देश आजादी के रणबांकुरे चन्द्रशेखर आजाद का सदैव ऋणी रहेगा। प्रतिकुलाधिपति ने कहा कि उन्होंने देश की आजादी के लिए अपने प्राणों को न्यौछावर कर दिया। वह दुनिया में आजाद जिए और दुनिया से भी आजाद ही गए।

इस मौके पर प्रधान सलाहकार प्रो. वीपीएस. अरोड़ा, सीईओ अजय श्रीवास्तव, मुख्य चिकित्साधिकारी विम्स डा. आईबी राजू, सलाहकार आरएस शर्मा, सीएफओ विकास भाटिया, डा. राजेश शर्मा, डा. दिव्या गिरधर, डा. योगेश्वर शर्मा, डा.नौशाद, एसएस बघेल, विकास श्रीवास्तव, डा. प्रताप सिंह, मीडिया प्रभारी विश्वास राणा आदि उपस्थित रहे।



मां सरस्वती के चित्र के सामने पूजा करते अतिथि। ● अमृत विचार


चंद्रशेखर आजाद की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित करते छात्र। ● अमृत विचार

### चंद्रशेखर आजाद के बताए मार्ग पर चलने का लिया प्रण

हसनपुर, अमृत विचार : नगर स्थित विद्यालय प्रांगण में चंद्रशेखर आजाद की पुण्यतिथि पर उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर नमन किया। उनके बताए हुए मार्ग पर चलकर देश को उन्नति की ओर ले जाने का प्रण लिया। मंगलवार को राजपूत कॉलोनी स्थित रामसरन एवं सुशीला आनंद हाई स्कूल के प्रांगण में चंद्रशेखर आजाद की पुण्यतिथि मनाई गई। उनके चित्र पर पुष्प अर्पित करके नमन किया गया। विद्यालय के अध्यक्ष पंडित रविशंकर शर्मा ने बताया कि स्वतंत्रता संग्राम में जब भी महानायकों की चर्चा होगी तो चंद्रशेखर आजाद का नाम प्रमुखता से लिया जाएगा। इस अवसर पर विद्यालय के प्रबंधक सुशील चंद्र सक्सेना, राहुल शर्मा, प्रधानाचार्य निशांत त्यागी, सोमवती कश्यप, सोहनलाल, राजीव शर्मा, अंशु त्यागी, अनुराधा चौधरी, मधुबाला, सुनील यादव, अंकित चौहान, भावना सक्सेना, सीमा वर्मा, चरन सिंह, मंजरी दीक्षित, समीरा, निकिता अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

## श्रद्धांजलि



होने का मतलब दुश्मनी नहीं होता,भारत के वरिष्ठ सांसद डॉ.शफीकुर्रहमान बर्क साहब का इंतकाल संभल की "सियासत" के एक दौर के "इंतक़ाल" जैसा है,परमात्मा उनकी रूह को सुकून और परिवार को धीरज अता करे, इस दुआ के साथ-ओम् शांति.।

-आचार्य प्रमोद कृष्णम



वरिष्ठ समाजवादी चिंतक व बेबाक़ी के मिशाल, संभल लोकसभा क्षेत्र से जनप्रिय सांसद , जनाब शफीकुर्रहमान बर्क साहब का इंतकाल अत्यंत दुखदायी है। एक जननायक के रूप में उन्होंने हमेशा बड़े प्रभावी तरीके से जनता की बात को उठाया। वे ज़मीन से जुड़कर काम करते थे उनके इंतकाल से समाजवादी पार्टी ने एक ईमानदार जुझारू नेता को खो दिया है। तथा उनके चाहने वालों को और संभल की जनता के लिए बड़ी क्षति है। उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि एवं परिवारीजनों के प्रति शोक संवेदना व्यक्त करती हूं।

-पिंकी सिंह यादव,सपा विधायक असमोली



2019 के लोस चुनाव में मतगणना के दौरान नमाज के लिए वजू करते डा. बर्क।( फाइल फोटो )



मतदान के बाद स्याही लगी उंगली दिखाते डा. शफीकुर्रहमान बर्क।( फाइल फोटो )



संभल के अस्पताल में बीमारी के दौरान नमाज अदा करते डा. बर्क। ( फाइल फोटो )



संभल में सांसद डा. शफीकुर्रहमान बर्क को श्रद्धांजलि देने पहुंचे डीएम,एसपी व उमड़ा जन सैलाब। ● अमृत विचार

# मुद्दतों रोया करोगे मेरे मर जाने के बाद, याद आयेगी मेरी मेरे गुजर ...

## जनता के बीच शेर सुनाकर अपने जज्बात का इजहार करते थे डा. बर्क, समर्थकों के लिए अधिकारियों और सरकार से भिड़ने के लिए रहते थे तैयार

भीष्म सिंह देवल,संभल

**अमृत विचार:** मुद्दतों रोया करोगे मेरे मर जाने के बाद,याद आयेगी मेरी मेरे गुजर जाने के बाद। यह शेर पिछले एक साल के दौरान डा. शफीकुर्रहमान ने अनेक बार समर्थकों को सुनाया। अब उनके इंतकाल के बाद शेर सुनाते हुए उनका वीडियो सोशल मीडिया पर छाया है। डा. शफीकुर्रहमान बर्क ने मुस्लिमों के हक के लिए आवाज बुलंद कर अपने राजनीतिक सफर की शुरुआत की। चार बार विधायक और पांच बार सांसद बनने के बाद भी उस छवि को कायम रखा। अपने बयानों और भाषणों से बर्क कट्टर मुस्लिम नेता नजर आते थे। लेकिन उनकी जिंदगी का एक पहलू यह भी था कि जिसे अपना बना लिया फिर उसका साथ नहीं छोड़ा,चाहे वह किसी भी जाति या धर्म का हो।

चार बार विधायक बनने तक डा. शफीकुर्रहमान बर्क स्थानीय मुद्दों को लेकर बात करते थे लेकिन जब सांसद बनकर संसद में बैठे तो उन्होंने देश के मसलों पर खुलकर बोलना शुरु किया। 2013 में डा. शफीकुर्रहमान बर्क ने संसद में वंदे मातरम का विरोध कर सदन से वाकआउट किया तो देश भर में हंगामा हुआ। बाबरी मस्जिद को लेकर भी वह खुलकर बोलते थे। जनसंख्या नियंत्रण कानून का भी डा. शफीकुर्रहमान बर्क ने खुलकर विरोध किया था। इजरायल और फिलिस्तीन के बीच युद्ध के हालात में फिलिस्तीन के समर्थन की बात कह दी थी। 94 साल की उम्र में भी वह देश और दुनिया के मामलों को लेकर ऐसी प्रतिक्रिया देते थे कि उनकी कही बात मीडिया की हेडलाइन बनती थी।

पिछले दिनों यह चर्चा चली कि क्या इस बार फिर से बर्क चुनाव लड़ेंगे या फिर ज्यादा उम्र की वजह से अब सक्रिय राजनीति से संन्यास ले लेंगे। जब डा. शफीकुर्रहमान बर्क से पूछा गया तो उन्होंने कहा था कि चुनाव लड़ूंगा और पहले से ज्यादा वोट से जीत कर दिखाऊंगा। पार्टी में उनका विरोधी खेमा टिकट कटवाने के लिए जुटा रहा लेकिन सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने पहली ही सूची में उन्हें फिर से संभल सीट से सपा का उम्मीदवार घोषित कर दिया।

### पालिका कार्यालय में अवकाश, हुई शोक सभा

संभल अमृत विचार : सपा सांसद डॉ.शफीकुर्रहमान बर्क के निधन पर नगर पालिका परिषद संभल के सभागार में शोक सभा हुई। जिसमें दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की गई। पालिकाध्यक्ष आसिया मुशीर के निर्देश पर नगर पालिका कार्यालय का अवकाश घोषित किया गया। नगर पालिका सभागार में हुई शोक सभा में चेयरमैन के पति चौधरी मुशीर अली खां, अधिशासी अधिकारी रामपाल सिंह, सभासद मोहम्मद शौकीन, हाजी पप्पू, रागिब अब्बासी, गौहर खां, मोहम्मद अनीस, इब्राहीम अंसारी, मोहम्मद रिहान, सभासद पति अजीम अब्बासी, नफीस, मोहम्मद गुफरान, हाफिज वसीम, वकील अहमद, वारिस अली, सभासद पुत्र अन्नू दयाल और पालिका का स्टाफ मौजूद रहा।

### अस्पताल में भी नमाज अदा करना नहीं छोड़ा

संभल,अमृत विचार : डा. शफीकुर्रहमान बर्क पांच वक्त की नमाज के ऐसे पाबंद थे कि किसी भी हाल में वह नमाज नहीं छोड़ते थे। चुनाव के दौरान मतगणना भले ही निर्णायक दौर में हो लेकिन जैसे ही नमाज का समय होता था वह मतों की गिनती से दूर हटकर नमाज पढ़ने के लिए बैठ जाते थे। इतना ही नहीं अस्पताल में भी वह नमाज नहीं छोड़ना चाहते थे। एक साल पहले हालत बिगड़ने के बाद निजी अस्पताल के आईसीयू में उन्हें भर्ती कराया गया था। दोपहर को अस्पताल स्टाफ ने आकर देखा तो बर्क बैड के पास ही चादर बिछाकर नमाज अदा कर रहे थे।

## डॉ.बर्क के दफन को लेकर रूट डायवर्जन, कड़े सुरक्षा इंतजाम

कार्यालय संवाददाता, संभल

**अमृत विचार :** सपा सांसद डॉ.शफीकुर्रहमान बर्क का दफन बुधवार को सुबह हिंदूपुरा खेड़ा स्थित कब्रिस्तान में होगा। जिसमें बड़ी संख्या में सपा कार्यकर्ता और समर्थकों के उमड़ने की उम्मीद है। यातायात पुलिस ने भीड़ के मद्देनजर रूट डायवर्जन किया।

यातायात प्रभारी अनुज मलिक ने बताया कि हसनपुर रोड पर खग्गूपुरा से हल्के और भारी वाहन कब्रिस्तान की ओर नहीं बढ़ेंगे। वाहन जोया मार्ग पर बाईपास से होकर वाजिदपुरम मुरादाबाद मार्ग पर निकलेंगे। चौधरी सराय से भी हसनपुर रोड पर वाहनों की आवाजाही नहीं होगी। वहीं कब्रिस्तान के दोनों तरफ वाहनों को खड़े किए जाने के लिए पार्किंग की व्यवस्था रहेगी। उन्होंने बताया कि सुबह सात बजे से रूट डायवर्जन लागू कर दिया जाएगा। वहीं सुरक्षा व्यवस्था को लेकर भारी पुलिस बल तैनात किया गया है। कई वीआईपी भी दफन में शामिल होंगे। इसलिए प्रमुख चौराहों पर भी पुलिस बल लगाया गया है।

## डॉ. बर्क के निधन पर शोक संवेदना व्यक्त की

**चन्दौसी, अमृत विचार :** अधिवक्ता परिषद समाजवादी पार्टी की एक शोक सभा हुई। जिसमें लोकसभा संभल के सांसद डॉ. शफीकुर्रहमान बर्क का बीमारी के चलते इंतकाल हो जाने पर शोक संवेदना जाहिर की गई। दो मिनट का मौन धारण कर आत्मशांति के लिए प्रार्थना की। शोक सभा में जिलाध्यक्ष नेत्रपाल सिंह यादव, विक्रम सिंह चौहान, रोहन सिंह यादव, शकील खान, कौशल यादव, राजवीर सिंह यादव, हरकिशोर आदि रहे।

## दर्द निवारक और कफ सीरप का सैंपल फेल

**बदायूं, अमृत विचार :** दर्द निवारक और कफ सीरप के साथ आई ड्रॉप का सैंपल फेल हुआ है। इन दवा निर्माता कंपनियों के खिलाफ औषधि संरक्षण विभाग एडीएम कोर्ट में मुकदमा दर्ज कराएगा। विभागीय अधिकारी द्वारा कुछ माह पूर्व निरीक्षण के दौरान अलग अलग स्थानों से सैंपल लिए गए थे, जिन्हें जांच को लैब में भेजा गया था। जांच के बाद सैंपल फेल आए हैं।

## 2019 में बर्क ने तोड़ दिया था मुलायम की जीत का रिकॉर्ड

संवाददाता,संभल

**अमृत विचार:** संभल लोकसभा सीट पर चुनाव लड़कर सपा नेता मुलायम सिंह यादव ने 1998 में शानदार जीत का जो रिकॉर्ड बनाया था उसे डा. शफीकुर्रहमान बर्क ने 2019 के लोकसभा चुनाव में संभल सीट पर मुलायम सिंह यादव से भी ज्यादा अंतर से जीत दर्ज कराकर तोड़ दिया था।

1998 में मुलायम सिंह यादव ने संभल से नाता जोड़कर संभल लोकसभा सीट से चुनाव लड़ा था। उनका मुकाबला भाजपा के टिकट पर चुनाव मैदान में उतरे डीपी यादव से था। मुलायम सिंह ने 1 लाख 66 हजार 682 मतों के अंतर से जीत दर्ज कराई थी। मुलायम को 3 लाख 68 हजार 828 वोट मिले थे। 2019 के लोकसभा चुनाव में संभल सीट पर डॉ. शफीकुर्रहमान बर्क ने 1 लाख 74 हजार 826 मतों के अंतर से जीत दर्ज कराकर मुलायम का रिकॉर्ड तोड़ दिया था। हालांकि जीत के इस बड़े अंतर की वजह यह भी थी कि सपा व बसपा का चुनाव में गठबंधन था।



एक ही पार्टी में रहने के बावजूद सपा विधायक इकबाल महमूद के साथ डा. शफीकुर्रहमान बर्क का हमेशा छत्तीस का आंकड़ा रहा। मुलायम सिंह यादव ने कई बार दोनों के बीच की दूरियां खत्म कराने का प्रयास किया लेकिन बात नहीं बनी। ऐसे ही प्रयास के तहत 2014 में संभल मंडी समिति के निकट जनसभा में डा. शफीकुर्रहमान बर्क व इकबाल महमूद के हाथ उठवाकर दोनों के एक हो जाने का संदेश देते मुलायम सिंह यादव।( फाइल फोटो ) ● अमृत विचार

## सार-संक्षेप

### शिविर में 198 बच्चों का नि:शुल्क नेत्र परीक्षण

**बबराला, अमृत विचार :** भानु मेमोरियल आई चैरिटेबल ट्रस्ट की ओर से कंपोजिट विद्यालय फतेहपुर में लगे शिविर में छात्र-छात्राओं का नि:शुल्क नेत्र परीक्षण किया गया। शिविर में डॉ. राहुल यादव एवं उनकी टीम ने बच्चों का नेत्र परीक्षण किया। बच्चों के शैक्षिक संवर्धन और अन्य चिकित्सीय सहायता उपलब्ध कराने की प्रतिबद्धता दोहराई। छात्रों को भरोसा दिया कि भविष्य में नेत्र संबंधित समस्या होने पर मुफ्त चिकित्सीय सुविधाएं तथा चश्मा उपलब्ध कराया जाएगा। स्कूल प्रधानाध्यापक कालाराम यादव ने बताया कि नि:शुल्क नेत्र परीक्षण शिविर में उच्च प्राथमिक स्तर के 61 और प्राथमिक स्तर के 137 विद्यार्थियों का नेत्र परीक्षण हुआ। इस दौरान मुकेश कुमार, संतोष कुमारी, अजय कुमार, हिमांक राघव और शिवि आदि मौजूद रहे।

### किसानों के खाते में आज पहुंचेगी सम्मान निधि

**बहजोई, अमृत विचार :** जनपद के सभी ब्लॉकों में बुधवार को किसान उत्सव दिवस मनाया जाएगा। जिसमें प्रधानमंत्री जनपद के 3 लाख 11 हजार किसानों के खाते में किसान सम्मान निधि की 16वीं किस्त वर्चुअल जारी करेंगे। प्रत्येक ग्राम पंचायत में कार्यक्रम का सीधा प्रसारण दिखाया जाएगा। जिसकी कृषि विभाग ने तैयारियां पूरी कर ली हैं। बुधवार को पूरे देश में किसान उत्सव दिवस मनाया जाएगा। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी किसानों के खाते में किसान सम्मान निधि की 16वीं किस्त जारी करेंगे। जिसमें जनपद के 3 लाख 11 हजार लाभार्थियों के खाते में किसान सम्मान निधि पहुंचेगी। किसान उत्सव दिवस जनपद के सभी ब्लॉकों में मनाया जाएगा। ब्लॉक परिसर में किसानों को बुलाया गया है। जहां पर उन्हें तकनीकी खेती की जानकारी दी जाएगी। सरकारी योजनाओं के बारे में बताया जाएगा। कार्यक्रम को भव्य बनाने के लिए जनपद की प्रत्येक पंचायत में प्रधानमंत्री के कार्यक्रम का सीधा प्रसारण दिखाया जाएगा। जिला कृषि अधिकारी प्रबोध कुमार ने बताया कि किसान उत्सव दिवस के तहत सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। विकास खंडों में कार्यक्रमों का आयोजन होगा। अधिकारियों को जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं।



नई दिल्ली में राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू के साथ आयुषी( दूसरी पंक्ति में ) व अन्य छात्राएं।

### एनाटॉमी में सर्वोच्च अंक पाने वाली आयुषी को गोल्ड मेडल

**बबराला, अमृत विचार :** लब्ध प्रतिष्ठित लेडी हार्डिंग मेडिकल कॉलेज, दिल्ली में एमबीबीएस की छात्रा नगर निवासी आयुषी वार्ष्णेय को चिकित्सा विज्ञान की शाखा शरीर रचना विज्ञान ( एनाटॉमी ) में सर्वोच्च अंक प्राप्त करने के लिए गोल्ड मेडल और प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया गया है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू की उपस्थिति में सोमवार को नई दिल्ली में लेडी हार्डिंग मेडिकल कॉलेज ( एलएचएमसी ) के 107वें वार्षिक दिवस और दीक्षांत समारोह में आयुषी को गोल्ड मेडल दिया गया था। आयुषी, पत्रकार संजीव वार्ष्णेय के छोटे भाई श्रीराम वार्ष्णेय की बेटी है। बेटा उत्कर्ष वार्ष्णेय भी एटा के महारानी अवंतीबाई राजकीय मेडिकल कॉलेज में एमबीबीएस का छात्र है। आयुषी की उपलब्धि से परिवार में खुशी का माहौल है।

### किशोरी को भगाकर ले जाने में तीन पर रिपोर्ट दर्ज

**संभल, अमृत विचार :** नखासा थाना क्षेत्र में चार दिन पहले किशोरी को बहला-फुसलाकर घर से भगाकर ले जाने के आरोप में तहरीर मिलने पर पुलिस ने पिता-पुत्र समेत तीन लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी युवक शीलू शनिवार की देर शाम प्रेम प्रसंग के चलते पड़ोस की ही किशोरी को भगाकर ले गया था। आरोप है कि किशोरी घर में रखी 50 हजार रुपये की नकदी व जेवर भी साथ ले गई। रविवार की शाम तक तलाश करने के बाद भी पिता को किशोरी का पता नहीं चला। सोमवार को किसी ग्रामीण ने किशोरी के शीलू के साथ जाने की सूचना उसके पिता को दी। जिसके बाद पिता ने थाने पहुंचकर शीलू, उसके पिता महीपाल व भाई प्रवीण पर किशोरी को बहला फुसलाकर भगा ले जाने के आरोप लगाते हुए तहरीर दी। तहरीर मिलने पर पुलिस ने मंगलवार को शीलू, महीपाल और प्रवीण के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

### छात्र छात्राओं को प्रशस्ति पत्र देकर किया सम्मानित

**संभल/असमोली अमृत विचार :** विकासखंड असमोली क्षेत्र के गांव मनोटा में स्थित कंपोजिट विद्यालय में मंगलवार को वार्षिकोत्सव का आयोजन हुआ। जिसमें छात्राओं ने देश रंगीला रंगीला गीत पर नृत्य कर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। मुख्य अतिथि ग्राम प्रधान शाहीन जहां ने प्रतिभाग करने वाले छात्र छात्राओं को पुरस्कार देकर उनका हौसला बढ़ाया। ऐसे ही आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। निपुण हुए छात्र-छात्राओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान पंकज मल्होत्रा, पिंकेश कुमार, कृष्णपाल, गौरव परिहार, एसपी सिंह, नीतू सिंह व छात्र छात्राएं मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक रीशू ने किया।

## ट्रैक्टर रैली निकालकर की नारेबाजी

कार्यालय संवाददाता, संभल/ओबरी

**अमृत विचार :** संयुक्त किसान मोर्चा के आह्वान पर भारतीय किसान यूनियन (तोमर) के कार्यकर्ताओं ने ट्रैक्टर रैली निकालकर किसानों की समस्याओं को लेकर आवाज उठाई। कार्यकर्ताओं ने नारेबाजी करने के बाद राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन चौकी इंचार्ज को सौंपा। जिसमें किसानों और मजदूरों के हितों के लिए मांगें उठाई।

भारतीय किसान यूनियन (तोमर) के जिलाध्यक्ष कासिम सैफी की अगुवाई में मंगलवार को पदाधिकारी, कार्यकर्ता और दर्जनों किसान ट्रैक्टरों को लेकर गांव मंसूरपुर माफी में कासिम सैफी के आवास पर जुटे।

यहां से किसानों ने ट्रैक्टर रैली निाकली। मनोटा-चौधरपुर मार्ग पर गांव मंसूरपुर माफी अड्डे पर पहुंचे। जहां किसानों ने जोरदार नारेबाजी करते हुए समस्याएं उठाई। यहां राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन चौकी इंचार्ज संजय कुमार को सौंपा। जिसमें कहा कि केंद्र सरकार द्वारा की गई घोषणाओं और वादों को पूरा नहीं किए जाने के कारण देश के किसान और मजदूर सड़कों पर संघर्ष कर रहे हैं। संवैधानिक तरीके से आंदोलन कर रहे पंजाब और हरियाणा के किसानों पर आंसू गैस के गोले छोड़े जा रहें हैं।

दिल्ली चलो मार्च को रोकने के लिए रबर बुलेट चलाई जा रही है। भाकियू तोमर ने किसान आंदोलन के दौरान शहीद होने वाले किसानों के परिजनों को एक करोड़ रुपये की आर्थिक मदद दिए जाने समेत कई मांगें उठाईं।

इस दौरान युवा जिलाध्यक्ष हासिम, तहसील अध्यक्ष मौलाना फुरकान, मोहम्मद अली, वारिस सैफी आदि मौजूद रहे।



मंसूरपुर माफी में चौकी प्रभारी को ज्ञापन देते भाकियू कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

▸▸ भाकियू तोमर गुट ने राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन चौकी इंचार्ज को सौंपा

## बाइक की टक्कर से महिला गंभीर घायल

**संभल अमृत विचार :** कैला देवी थाना क्षेत्र में खेत से घर जा रही महिला को बाइक ने टक्कर मार दी। जिससे वह घायल हो गई। जिला अस्पताल से घायल महिला को हायर सेंटर रेफर किया गया।

थाना क्षेत्र के गांव लधनपुर निवासी रामपाल की पत्नी बर्फी देवी मंगलवार की देर शाम सात बजे खेत पर काम करने के बाद घर आ रही थी। संभल गवां मार्ग पार करते समय बाइक ने बर्फी देवी को टक्कर मार दी। जिससे बर्फी देवी सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गई। इकट्ठा हुए लोगों ने भागने की कोशिश कर रहे बाइक चालक को पकड़ लिया। सूचना मिलने पर पुलिस भी मौके पर पहुंची और चालक हिरासत में लेकर बाइक कब्जे में कर ली। परिजन घायल बर्फी देवी को लेकर जिला अस्पताल आए। डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार देकर बर्फी देवी को गंभीर हालत में हायर सेंटर रेफर कर दिया।

## गाली-गलौज का विरोध करने पर युवक से मारपीट

कार्यालय संवाददाता, संभल

**अमृत विचार :** कैला देवी थाना क्षेत्र में तीन दिन पहले गाली गलौज का विरोध करने पर हुए विवाद को लेकर मंगलवार को युवक के साथ मारपीट की गई। युवक ने पुलिस को तहरीर देकर पिता-पुत्रों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

थाना क्षेत्र के गांव कुदारसी निवासी जसवीर ने मंगलवार को थाने पहुंचकर पुलिस को तहरीर दी। जिसमें कहा कि तीन पहले गांव में बरात चढ़ रही थी। गांव का ही एक युवक रंगशाला पर चढ़कर गाली गलौज करने लगा। विरोध करने पर जसवीर व युवक के बीच कहासुनी हो गई। उस समय तो आसपास के लोगों ने समझा बुझाकर दोनों को शांत कराकर घर भेज दिया। सोमवार को शाम आई जसवीर की बहन की बरात को मंगलवार की सुबह विदा किया जा रहा था। गांव लधनपुर से कुछ सामान लेकर जसवीर बाइक से गांव में पहुंचा। आरोप है कि युवक ने पिता व भाई के साथ डंडा मारकर जसवीर की बाइक गिरा दी। मारपीट कर जसवीर को घायल कर दिया।

### बाइक छीनकर मजदूर से की मारपीट

**संभल, अमृत विचार :** संभल मुरादाबाद मार्ग पर बाइक और साइकिल की टक्कर में दो लोग घायल हो गए। हादसे के बाद साइकिल सवार के परिजनों ने बाइक छीनकर मजदूर के साथ मारपीट की। हजरतनगर गढ़ी थाना क्षेत्र के गांव ढकारी निवासी सोनू सोमवार देर रात संभल से घर जा रहा था। सोनू बाइक लेकर जैसे ही चंदौसी बाईपास के पास पहुंचा तो साइकिल से टक्कर हो गई। जिससे साइकिल सवार व सोनू सड़क पर गिरकर घायल हो गए। आरोप है कि साइकिल सवार के परिजनों ने बाइक कब्जे में लेकर घायल सोनू के साथ मारपीट की।

## हाईस्कूल के 1311 परीक्षार्थियों ने छोड़ी गणित विषय की परीक्षा

संवाददाता बहजोई

**अमृत विचार :** कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच माध्यमिक शिक्षा परिषद बोर्ड द्वारा जनपद के 77 केंद्रों पर हाईस्कूल और इंटर की परीक्षा जारी है। मंगलवार को हाईस्कूल के 16601 परीक्षार्थियों ने गणित की परीक्षा दी और 1311 परीक्षार्थी गैरहाजिर रहे जबकि इंटर की व्यावसायिक विषय व व्यवसाय अध्ययन विषय की परीक्षा में 178 परीक्षार्थी गैरहाजिर रहे।

माध्यमिक शिक्षा परिषद बोर्ड द्वारा आयोजित हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की परीक्षा कड़ी निगरानी और सुरक्षा इंतजामों के बीच चल रही है। मंगलवार को प्रथम पाली में हाईस्कूल की गणित विषय की परीक्षा हुई। जिसमें परीक्षार्थियों को तलाशी के बाद परीक्षा केंद्रों में प्रवेश दिया गया। प्रथम पाली में पंजीकृत 17912 परीक्षार्थियों में से 16601 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी। वहीं 1311 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। इंटरमीडिएट की व्यावसायिक विषय की परीक्षा में पंजीकृत 269 परीक्षार्थियों में से 234 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी। 25 परीक्षार्थी परीक्षा देने नहीं पहुंचे। द्वितीय पाली में गृह विज्ञान व्यवसाय अध्ययन विषय की परीक्षा में पंजीकृत 3936 परीक्षार्थियों में से 3783 ने परीक्षा दी। 153 परीक्षार्थी गैरहाजिर रहे। सचल दलों ने परीक्षा केंद्रों पर पहुंचकर औचक निरीक्षण किया। जिसमें कोई भी परीक्षार्थी नकल करते हुए नहीं पाया गया। डीआईओएस वेदराम ने बताया कि सभी परीक्षा केंद्रों पर नकल विहीन परीक्षा कराई गई है।

▸▸ सचल दलों ने परीक्षा केंद्रों पर पहुंचकर औचक निरीक्षण किया

समीक्षा | भुगतान न होने पर जिलाधिकारी ने कड़ी कार्रवाई की चेतावनी दी

## भुगतान में खराब स्थिति पर तीन एडीओ पंचायत को नोटिस

संवाददाता, बहजोई

**अमृत विचार :** जिलाधिकारी ने जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ मुख्यमंत्री डैशबोर्ड दर्पण पोर्टल के नवीन विकास प्राथमिकता कार्यक्रमों की समीक्षा की। भुगतान में खराब स्थिति वाले विकास खंडों के तीन एडीओ पंचायत को नोटिस जारी किए। भुगतान न होने पर कड़ी कार्रवाई की चेतावनी दी।

कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक में जिलाधिकारी मनीष बंसल ने जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ मुख्यमंत्री डैशबोर्ड नवीन विकास प्राथमिकता कार्यक्रमों की विस्तार से समीक्षा की। जिसमें जिला अर्थ एवं सांख्यिकी अधिकारी रत्नेश कुमार ने विभिन्न विभागों के बिंदुओं की प्रगति के बारे में बताया। जिलाधिकारी ने प्रधानमंत्री आवास ग्रामीण व मुख्यमंत्री आवास ग्रामीण को लेकर परियोजना निदेशक डीआरडीए से कहा कि अपने स्तर से खंड विकास अधिकारियों से आवास योजनाओं का निरीक्षण कराएं। स्वयं भी निरीक्षण के लिए क्षेत्र में निकलें। जिलाधिकारी ने कहा कि निरीक्षण के समय विशेष रूप से यह भी देखना सुनिश्चित करें कि कार्य की स्थिति क्या है।

कार्य प्रारंभ हुआ है या नहीं तथा कार्य किस स्तर पर है। उसकी आख्या रिपोर्ट तीन दिवस के उनके कार्यालय में उपलब्ध कराएं। दुग्ध विकास विभाग को लेकर जिलाधिकारी ने दुग्ध मूल्य भुगतान शीघ्र करने के लिए निर्देशित किया। पंचायती राज विभाग को निर्देशित करते हुए कहा कि 15वें एवं 5वें वित्त आयोग से संबंधित भुगतान जल्द कराएं।

भुगतान में सबसे खराब स्थिति वाले तीन एडीओ पंचायत को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश भी दिए। सहायक प्रबंधक उद्योग से कहा कि खादी ग्रामोद्योग अधिकारी के साथ समन्वय स्थापित करते हुए ऐसे बैंक जिसमें मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना के आवेदन लंबित हैं, उनकी प्रगति बढ़ाने के लिए बैंकों के प्रबंधक से सीडीओ की वार्ता कराएं ताकि इस योजना के अंतर्गत लक्ष्य की पूर्ति शत प्रतिशत संभव हो सके।



बैठक में अधिकारियों को निर्देश देते डीएम मनीष बंसल। ● अमृत विचार

## एक नजर

### अश्लील हरकत करने में युवक को आठ दिन की सजा

चन्दौसी, अमृत विचार : अश्लील हरकत करने के आरोपी मोहम्मद यासीन पुत्र मोहम्मद चाउ निवासी पीपली रहमानपुर थाना नखासा जनपद संभल को जेल में बिताई गयी अवधि आठ दिन के कारावास व 500 रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया है। न्यायालय सिविल जज सीनियर डिवीजन/एसीजेएम जनपद संभल स्थित चन्दौसी ने फैसला सुनाया।

### अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार घायल

कुढ़फतेहगढ़/चन्दौसी, अमृत विचार : स्योंडारा से रीठ मार्ग पर सोमवार की रात करीब आठ बजे गांव मुमरेजपुर के निकट अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार घायल हो गया। हादसा उस समय हुआ जब संजय पुत्र यादराम निवासी गांव गुरसरी थाना कुढ़फतेहगढ़ बाइक पर सवार होकर बिलारी की ओर जा रहा था। अज्ञात वाहन की टक्कर से संजय गंभीर रुप से घायल हो गया। घायल का गांव रीठ स्थित निजी चिकित्सक से उपचार कराया।

### सीडीओ ने जाना परीक्षा केंद्र का हाल

चन्दौसी, अमृत विचार : मंगलवार को सीडीओ ने एसएम इंटर कालेज परीक्षा केंद्र पर पहुंच परीक्षा केंद्र प्रभारी व शिक्षकों से जानकारी की। कुछ देर रुकने के बाद अन्य विद्यालयों का निरीक्षण करने चले गए। सुबह साढ़े ग्यारह बजे सीडीओ भरत मिश्रा एसएम इंटर कॉलेज पहुंचे। यहां बोर्ड परीक्षा को लेकर परीक्षा केंद्र प्रभारी राजेश गुप्ता व शिक्षकों से जानकारी की।

### वाल्मीकि बेटियों की बरात चढ़त कराई जाए

चन्दौसी, अमृत विचार : भारतीय वाल्मीकि धर्म समाज व महादलित परिसंघ के पदाधिकारियों ने राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन तहसील पहुंच तहसीलदार को सौंपा। ज्ञापन में कहा गया है कि जनपद बदायूं के थाना सहसवान के गांव चंदौली में दो वाल्मीकि बेटियों की बरात चढ़त को कुछ लोग रोक रहे हैं। जिससे गांव में अब तक कोई भी वाल्मीकि जाति की बारात बैंडबाजे के साथ घोड़ी पर नहीं चढ़ने दी गई है। गांव में दो बेटियों की शादी तीन मार्च व छह मार्च को होनी है। गांव के कुछ लोगों ने दूल्हे के घोड़ी पर चढ़कर आने पर जान से गोली मारने की धमकी दी है। जिससे लोगों में रोष व्याप्त है। वाल्मीकि जाति के परिवारों को सुरक्षा प्रदान कर उनकी बेटियों की बारात चढ़त सकुशल कराने की मांग की है।

# परीक्षा देने जा रहे तीन छात्रों में से एक की सड़क हादसे में मौत, दूसरा घायल

## बाइक पर सवार गणित की परीक्षा देने जा रहे थे तीनों छात्र, तीसरा बाल-बाल बचा

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी


शहजान।

अमृत विचार: बनियाठेर थाना क्षेत्र के मुरादाबाद रोड स्थित चन्दौसी ग्रीन सिटी के सामने मंगलवार की सुबह साढ़े सात बजे गड्ढे से बाइक बचाने के प्रयास में बाइक की सामने से आ रही डीसीएम से भिड़ंत हो गई। हादसे में बाइक सवार एक छात्र की मौत हो गई। जबकी साथी छात्र गंभीर रूप से घायल हो गया और तीसरा छात्र बाल-बाल बच गया। पुलिस ने घायल को उपचार के लिए सीएचसी में भेजा। जहां हालत गंभीर होने पर हायर सेंटर रेफर कर दिया।

मंगलवार की सुबह हाईस्कूल का गणित का पेपर था। विद्यालय के छात्र शहजान 17 वर्ष पुत्र बाबू निवासी लक्ष्मण गंज, जैद 18 वर्ष पुत्र सलीम मोहल्ला कुरैशियान तथा आजम 17 वर्ष पुत्र वाहिद निवासी लक्ष्मण गंज एक बाइक पर सवार होकर पेपर देने जा रहे थे। जब छात्र सुबह साढ़े सात बजे बनियाठेर थाना क्षेत्र के चन्दौसी ग्रीन सिटी के सामने पहुंचे तो गड्ढे से बचने के प्रयास में बाइक सामने से रही डीसीएम से टकरा गई। हादसे में शहजान व जैद गंभीर रूप से घायल हो गए। जबकि आजम बाल-बाल बच गया। पुलिस ने पहुंच दोनों घायलों को उपचार के लिए सीएचसी भेजा। जहां चिकित्सक ने शहजान को मृत घोषित कर दिया। जबकि जैद की हालत गंभीर होने पर हायर सेंटर रेफर कर दिया। परिजन छात्र को मुरादाबाद स्थित निजी हॉस्पिटल में ले गए।


छात्र की मौत पर पिता को ढांढस बंधाते लोग। ● अमृत विचार

"घटना दुखद है। हमारे विद्यालय के एक छात्र की मौत हुई है, इसमें गंभीर है। हाईस्कूल के छात्रों का सेंटर शहर में रहना चाहिए। क्योंकि बच्चे छोटे होते हैं। इसको देखते हुए सरकार को यह पहल करनी चाहिए।
-वसीमुद्दीन
प्रधानाचार्य, एफआर इंटर कॉलेज

### तीसरा छात्र घटना के बाद पहुंचा परीक्षा देने

चन्दौसी, अमृत विचार : मुरादाबाद रोड चन्दौसी ग्रीन सिटी के पास हुए हादसे में हाईस्कूल के एक छात्र की मौत व दूसरा घायल हो गया। जबकि तीसरा छात्र आजम बाल-बाल बच गया। घटना के बाद पुलिस ने जब दोनों छात्रों को सीएचसी भेज दिया था। उसके बाद छात्र आजम अन्य युवकों के साथ पेपर देने चला गया। पुत्र की सलामती की सूचना मिलने पर परिजनों ने राहत की सांस ली।

## सब्जी खरीदने गए अधिवक्ता से मारपीट

चन्दौसी, अमृत विचार: मंडी समिति में सब्जी खरीदने गए अधिवक्ता के साथ सब्जी विक्रेता व उसके पुत्र ने मारपीट की। आरोप है कि इस दौरान उसकी जेब से आठ हजार रुपये की नकदी निकाली ली। पुलिस ने तहरीर के आधार पर तीन लोगों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर ली है। घायल का सीएचसी में उपचार कराया है।

कोतवाली क्षेत्र के गांव मौलागढ़ निवासी रामवीर पुत्र पीताम्बर अधिवक्ता हैं। वह मंगलवार की सुबह आठ बजे अपने पुत्र के नामकरण के लिए मंडी समिति में सब्जी मंडी से सब्जी लेने गए थे। जहां वह एक आढ़त से सब्जी खरीद रहे थे। आरोप है कि तभी आढ़त स्वामी गुलजारी उर्फ राजकुमार व उनके दो पुत्र लोकेश व मोनू उनके साथ अभद्रता करने लगे और जबरन रुपये छीनने लगे। विरोध करने पर तीनों ने उनके साथ मारपीट की। जिसमें वह घायल हो गए। आरोप है कि हमलावरों ने उनकी जेब में रखे आठ हजार रुपये निकाल लिए और जान से मारने की धमकी देकर भगा दिया।

## सार-संक्षेप


चंद्रशेखर आजाद के चित्र पर पुष्प अर्पित करते समिति के सदस्य। ● अमृत विचार

### क्रांतिकारी चंद्रशेखर आजाद को किया नमन

चन्दौसी, अमृत विचार : महापुरुष स्मारक समिति एवं सर्व समाज जागरूकता अभियान भारत ने संयुक्त रुप से महान स्वतंत्रता सेनानी क्रांतिकारी चंद्रशेखर आज़ाद का बलिदान दिवस श्रद्धा पूर्वक मनाया । उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर दीप प्रज्जवलित किया और उनकी वीरगाथा को याद किया। अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष कवि माधव मिश्र ने कहा कि क्रांतिकारी चंद्रशेखर आजाद ने बहुत छोटी उम्र में ब्रिटिश सरकार के खिलाफ बगावत शुरू कर दी। जलियांवाला बाग हत्याकांड ने बचपन में ही आजाद को झकझोर दिया और उन्होंने ब्रिटिश शासन से देश को आजाद कराने की ठान ली। चंद्रशेखर आजाद कहते थे दुश्मन की गोलियों का हम सामना करेंगे, हम आजाद हैं और आजाद ही रहेंगे। 1921 में महात्मा गांधी ने असहयोग आन्दोलन शुरू किया। आजाद काशी में शिक्षा प्राप्त कर रहे थे। तब वह महात्मा गांधी जी के असहयोग आन्दोलन से जुड़ गए। उन्हें ब्रिटिश सरकार ने गिरफतार कर लिया और जज के सामने पेश किया गया। जज ने उनका नाम पूछा तो उन्होने आजाद बताया। इस घटना के बाद चंद्रशेखर तिवारी को दुनिया चंद्रशेखर आजाद कहने लगी। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधानाचार्य रश्मि शर्मा ने व संचालन कौशल किशोर गुप्ता ने किया। इस अवसर पर अनीता कुमारी, ऊषा वर्मा, डॉ. शिवांगी मिश्रा, हिमशिखा मिश्रा, मनोज कुमार शर्मा, पूनम आर्य ने विचार व्यक्त किए। सृष्टि, वंशिका वर्मा, उर्वशी राजौरिया, अमृत कौर, सोनी सिंह, फरहा, महक मन्तशा ने देशभक्ति गीत एवं कविताएं प्रस्तुत कीं।


सिरसी में महफिल में शेर पेश करते शायर। ● अमृत विचार

### इमाम मेहंदी की विलादत पर डाली रोशनी

संभल/सिरसी, अमृत विचार : सिरसी के मुहल्ला शर्की स्थित इमाम बारगाह जहीरुल हैदर मरहूम में आयोजित महफिल में शायरों ने शेर पेश कर वाहवाही लूटी। महफिल में हदीसे किसा मौलाना मीसाम अब्बास ने पढ़ा। तिलावते कलामे पाक शरफ मुरसलीन और अजमल सिरसीवी ने नाते पाक पेश की। मौलाना इकरार रजा ने इमाम मेहंदी की विलादत पर रोशनी डाली। महफिल में शायरों ने शेर पेश करके वाहवाही लूटी। मेहमाने खुसूसी नगर पंचायत अध्यक्ष कौसर अब्बास और चौधरी हसन आरिफ रहे। इस दौरान गय्यूर अब्बास, वाकर मेहंदी, एजाज आलम, जौहर अली, हुसैन मेहंदी आदि रहे। महफिल में निजामत मौलाना गुफरान ने की। शिया समुदाय में दिनभर नजरो नियाज का सिलसिला चलता रहा। लोगों ने एक दूसरे को इमाम मेहंदी की विलादत की मुबारकबाद दी।


स्कूल में बच्चों को यूनिफार्म वितरित करते अतिथि। ● अमृत विचार

### यूनिफार्म पाकर खिल उठे बच्चों के चेहरे

बहजोई, अमृत विचार : बाबू मुकुट बिहारी लाल जैन सेवा न्यास ने स्कूली छात्र-छात्राओं को यूनिफार्म का वितरण किया। यूनिफार्म पाकर बच्चों के चेहरे खिल उठे। बहजोई के ग्राम मझोला राजा का में स्थित कमला देवी लालाराम सरस्वती शिशु मंदिर में बीएमबीएल जैन सेवा न्यास द्वारा बच्चों को ड्रेस का वितरण कार्यक्रम किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ न्यास के अध्यक्ष पवन कुमार जैन ने मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर किया। पवन कुमार जैन ने शिक्षा को जीवन की नींव बताया। उन्होंने ग्रामीण क्षेत्र में संस्कृति का संरक्षण करने वाले विद्यालय के संचालन को लेकर स्कूल कमेटी का साधुवाद किया। कहा कि बीएमबीएल जैन सेवा न्यास सेवा कार्यों के लिए निरंतर समर्पित होकर कार्य करती है। कोई भी बच्चा किसी भी अभाव के कारण से अच्छी शिक्षा से वंचित नहीं रहना चाहिए। इसके लिए समाज के अन्य लोग भी आगे आकर सहयोग करें। इसके बाद बच्चों को यूनिफार्म प्रदान की गई। इस मौके पर निदेशक संभव जैन, विद्यालय समिति के व्यवस्थापक ओमपाल गुप्ता, प्रधानाचार्य सुशील कुमार, संतराम, श्योराज सिंह, गंगाराम, नेत्रपाल सिंह, अमित कुमार आदि मौजूद रहे। संचालन सुशील कुमार ने किया।

## मारपीट मामले में दो के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज

चन्दौसी, अमृत विचार: बिसौली गेट में सामान खरीद रहे युवक को मारपीट कर घायल कर दिया। घटना की तहरीर पर पुलिस ने दो युवकों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज की है।

कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला गोपाल निवासी वंश वार्ष्णेय पुत्र कमल कुमार ने तहरीर में कहा है कि 25 फरवरी की रात दस बजे वह बाइक से घरेलू सामान लेने के लिए बिसौली गेट गया था। जब युवक बिसौली गेट स्थित सेठ हलवाई की दुकान के पास पहुंचा तो बेवजह दो युवकों ने गाली-गलौज करते हुए मारपीट शुरू कर दी।

मारपीट के दौरान उनके गले की सोने की चेन का लॉक टूट गया। शोर-शराबा होने पर आसपास के लोगों ने मौके पर पहुंच युवक को बचाया। आरोपी युवक जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। पुलिस ने तहरीर के आधार पर लक्की व अंकित के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

# सरकारी नलकूप बंद, सूख रही फसलें, किसानों ने किया प्रदर्शन

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी/बनियाठेर

अमृत विचार: विकास खण्ड बनियाखेड़ा के गांव बनियाखेड़ा में नलकूप विभाग के लगे सरकारी नलकूप बंद पड़े हैं। सिंचाई न होने से किसानों की फसलें सूखने के कगार पर पहुंच गई हैं। शिकायत दर शिकायत के बावजूद सुनवाई नहीं हो रही। ग्रामीणों ने मंगलवार को सरकारी नलकूप पर नारेबाजी की और शीघ्र संचालन की मांग की है।


नलकूप पर प्रदर्शन करते ग्रामीण। ● अमृत विचार

▸▸ नलकूप खराब होने से फसलों की नहीं हो पा रही सिंचाई

मंगलवार को अपराह्न करीब चार बजे तमाम गांव बनियाखेड़ा में किसान 31 नंबर ट्यूबवेल पर एकत्र हुए और नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया।

किसानों ने बताया कि गांव के उत्तर दिशा में 31 नंबर सरकारी नलकूप का एक वर्ष पहले तीसरी जगह रीवोर कराया गया है। उस समय रीवोर होने के बाद से ही नलकूप बंद पड़ा है। जिससे किसानों को प्राइवेट नलकूप से फसलों की सिंचाई करनी पड़ रही है। आर्थिक संकट भी झेलना पड़ रहा है। फसलें सूखने के कगार पर हैं।

इतना ही नहीं नलकूप पर ऑपरेटर की नियुक्ति भी की गई है लेकिन वह आता नहीं है। किसानों का कहना है कि इस मामले में कई बार नलकूप विभाग से नलकूप का संचालन शुरू करने की मांग की गई पर हर बार की तरह आवश्वासन तो मिला लेकिन समस्या का समाधान नहीं हो सका।

सिंचाई विभाग से समस्या का समाधान कराने की मांग की गई है। इस अवसर पर सोमपाल सिंह, राजेंद्र कुमार, माया देवी, होमवती आदि रहे।

### मौसम बिगड़ा, सरसों की फसल को लेकर चिंतित हुए किसान

संभल/ओबरी, अमृत विचार : मंगलवार को सुबह अचानक मौसम का मिजाज बदला और फिर सर्दी का अहसास होने लगा। बूंदाबांदी होने के कारण खेतों में कटी पड़ी सरसों की फसल को लेकर किसानों में चिंता है क्योंकि बारिश होने पर फसल को नुकसान होने की आशंका थी। हालांकि मौसम साफ होने पर धूप निकलने पर किसानों ने राहत की सांस ली। संभल, असमोली के अलावा कई क्षेत्रों में बूंदाबांदी हुई। सर्दी का अहसास होने पर लोग गर्म कपड़ों में नजर आए। वहीं बूंदाबांदी होने से किसानों के माथे पर चिंता की लकीरें खिंच गईं। असमोली क्षेत्र के ओबरी, मनोटा, ऐंचौड़ा कम्बोह, शहबाजपुर कला, मुबारकपुर बंद, मढ़न, गुमसानी समेत दूसरे क्षेत्रों के गांवों के खेतों में कटी पड़ी सरसों की फसल को लेकर परेशान किसानों को नुकसान की आशंका सता रही है।

# भारत विकास परिषद की चन्दौसी शाखा सर्वश्रेष्ठ

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

अमृत विचार: भारत विकास परिषद रूहेलखंड पश्चिमी प्रांत द्वारा सोमवार को रामलीला मैदान मुरादाबाद में सम्मान समारोह एवं चुनाव मनोनयन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में प्रांत की 22 शाखाओं द्वारा किए गए उत्कृष्ट कार्यों के लिए सम्मानित किया गया। जिसमें चन्दौसी शाखा को सर्वश्रेष्ठ शाखा के रूप में सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में विभिन्न सेवा कार्यों के लिए भी शाखा को सम्मानित किया गया। वर्ष भर की रिपोर्ट डॉ. दुर्गा टंडन के द्वारा प्रस्तुत करते हुए कहा गया कि हमारा संकल्प संपर्क, सहयोग, संस्कार, सेवा, समर्पण इन पांच सूत्रों के माध्यम से सशक्त समाज का निर्माण करना है। आगे भी इसी प्रकार के कार्य होते रहेंगे। शाखा अध्यक्ष शिवनंदन शर्मा ने इस अवसर पर खुशी जाहिर की। कार्यक्रम में प्रवीण गर्ग क्षेत्रीय वित्त सचिव, डॉ. नितिन दालभ राष्ट्रीय सचिव पर्यावरण, अजय विश्नोई क्षेत्रीय सचिव संस्कार, निर्मल कुमार मेहता राष्ट्रीय प्रोजेक्ट मेंबर वीकेजे, पीके अग्रवाल एवं कविता खुराना, प्रांतीय अध्यक्ष आलोक अग्रवाल, प्रांतीय महासचिव गौरव अग्रवाल तथा प्रांतीय वित्त सचिव माधव गुप्ता, वित्त सचिव राजेश शर्मा, महेश कटारिया उपस्थित रहे।


मुरादाबाद के रामलीला मैदान में सोमवार को आयोजित कार्यक्रम में सम्मानित भारत विकास परिषद चन्दौसी के पदाधिकारी। ● अमृत विचार

▸▸ प्रांत की 22 शाखाओं को उत्कृष्ट कार्यों के लिए सम्मानित किया गया

## चौधरी विवेक कुमार हिंदू पर्सनल लॉ बोर्ड के जिलाध्यक्ष बने

चन्दौसी, अमृत विचार: ऑल इंडिया हिंदू पर्सनल लॉ बोर्ड के राष्ट्रीय महासचिव मुलखराज सिंह ने बोर्ड के राष्ट्रीय अध्यक्ष रामनरेश मिश्रा की संस्तुति पर जिला संभल की कार्यकारिणी का गठन करते हुए कैथल गेट निवासी चौधरी विवेक कुमार को जिलाध्यक्ष मनोनीत किया है।



इस दौरान नवनिर्वाचित जिलाध्यक्ष चौधरी विवेक कुमार ने कहा कि वह संगठन की रीति नीति के अनुसार अपनी पूरी क्षमता, सामर्थ्य से संगठन के साथ-साथ सनातन हिंदू धर्म व देश की तन, मन से सेवा करते रहेंगे तथा वह हिंदू हितों की रक्षा के लिए सदैव आवाज उठाते रहेंगे।

# फर्जी तरीके से एक करोड़ की भूमि आठ लाख में बेची

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

▸▸ फर्जी आधार कार्ड बनवाकर किया बैनामा, दी तहरीर

▸▸ बनियाठेर थाना क्षेत्र के कासमपुर जगरुप का मामला

अमृत विचार: फर्जी आधार कार्ड बनाकर एक करोड़ की भूमि का आठ लाख रुपये में फर्जी तरीके से बैनामा कर दिया गया। जब पीड़ित को जानकारी हुई तो उसने तहसील स्थित रजिस्ट्रार कार्यालय से बैनामे की कापी निकलवाई। घटना की तहरीर कोतवाली में दी गई है।

बनियाठेर थाना क्षेत्र के गांव कासमपुर जगरुप निवासी महेंद्र पाल सिंह पुत्र गुलाब सिंह की गांव से पहले आटा-पवांसा मार्ग पर चार बीघा भूमि है। जिसकी कीमत करीब एक करोड़ रुपये बताई जा रही है। एक सप्ताह पहले उन्हें जानकारी हुई कि उनकी चार बीघा भूमि का आरोपी ने फर्जी आधार कार्ड बनवाकर और दो गवाह शामिल कर किसी महिला को भूमि बेच दी है। जबकि भूमि एक करोड़ की बताई जा रही है और मात्र आठ लाख रुपये में भूमि बेच दी गई। जानकारी होने पर पीड़ित किसान महेंद्र पाल सिंह तहसील स्थित रजिस्ट्रार कार्यालय पहुंचे और जानकारी कर फर्जी बैनामा की छाया प्रति निकलवाई। पीड़ित ने कोतवाली में दी तहरीर में कहा है कि उनके नाम का फर्जी आधार कार्ड बनवाकर आरोपी ने स्वयं का फोटो लगा लिया। इसके बाद आरोपी ने जब महिला को चार बीघा भूमि का बैनामा किया तो दो गवाह भी शामिल किए गए। ताज्जुब की बात यह है कि तहसील स्थित रजिस्ट्रार कार्यालय में भी फर्जी बैनामा आसानी से करा दिया गया और किसी को जानकारी नहीं हुई। पांच लोगों के विरुद्ध तहरीर दी गई है।


अर्धसैनिक बलों के ठहरने को लेकर निर्देश देते एसपी कुलदीप सिंह गुनावत।

# श्री कृष्ण की बाल लीलाओं का वर्णन सुन श्रद्धालु भाव विभोर

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

अमृत विचार: भोलेनाथ वाटिका में सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा के पांचवे दिन मंगलवार को भगवान श्री कृष्ण की बाल लीलाओं को सुन कर श्रद्धालु भाव विभोर हो गए।

कथा वाचक आचार्य संतोष भारद्वाज वृंदावन ने भगवान श्री कृष्ण की बाल लीलाओं का मनोहारी वर्णन किया। उन्होंने गोवर्धन पूजा और छप्पन भोग प्रसाद का भी वर्णन किया। कहा कि भागवत कथा का श्रवण करने वालों का सदैव कल्याण होता है और मुक्ति मिलती है। कथा में बताया कि पूतना राक्षसी ने बालकृष्ण को उठा लिया और स्तनपान कराने लगी। श्रीकृष्ण ने स्तनपान करते-करते ही पूतना का वध कर उसका कल्याण किया।

कथा वाचक ने गोवर्धन लीला का वर्णन करते हुए कहा कि भारी बारिश को देख भगवान श्री कृष्ण गोवर्धन पर्वत को अपनी कनिष्ठा अंगुली पर उठाकर पूरे नगरवासियों को पर्वत को नीचे बुला लेते हैं। जिससे हार कर इंद्र एक सप्ताह के बाद बारिश को बंद कर देते हैं। जिसके बाद ब्रजवासी भगवान श्री कृष्ण और गोवर्धन महाराज के जयकारे लगाने लगते हैं। इस दौरान भगवान को छप्पन भोग लगाया गया। राधा कृष्ण की झांकियों ने सबका मनमोह लिया। आरती के बाद प्रसाद वितरण किया गया। इस दौरान डॉ. टीएस पाल, प्रतीक वार्ष्णेय, सुभाष चंद्र वार्ष्णेय, शकुंतला देवी आदि रहे।


भागवत कथा सुनाते वाचक।

▸▸ विनायक मार्ग भोलेनाथ वाटिका में श्रीमद्भागवत कथा का पांचवा दिन

**बैठक** डिस्ट्रीब्यूटर्स वेलफेयर एसोसिएशन की बैठक में शंकाओं का समाधान किया

# आय कर की धारा 43बीएच के प्रावधानों पर चर्चा

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

अमृत विचार: डिस्ट्रीब्यूटर्स वेलफेयर एसोसिएशन की बैठक मंगलवार को फव्वारा चौक स्थित रेस्टोरेन्ट में संपन्न हुई। बैठक में आय कर अधिनियम की धारा 43 बीएच के प्रावधानों पर चर्चा हुई। बैठक में नगर के वरिष्ठ चार्टेड अकाउंटेंट अंकुर अग्रवाल ने उपरोक्त धारा के प्रावधानों पर उपस्थित डिस्ट्रिब्यूटर्स की शंकाओं का समाधान किया।

कहा कि एमएसएमई अधिनियम के अंतर्गत माइक्रो और स्माल श्रेणी के उत्पादन करता उद्यमियों के केस में आय कर अधिनियम की धारा 43 बीएच के प्रावधान लागू होते हैं। इस श्रेणी के उद्यमियों से खरीदे गए माल अथवा सेवाओं का भुगतान 15 दिनों के अंदर होना आवश्यक है। अन्यथा वित्तीय वर्ष की समाप्ति पर ऐसे बकाया को आपकी आय में शामिल कर उस पर आय कर देय होगा। जिसकी छूट आगामी वित्तीय वर्ष में भुगतान के उपरांत ली जा सकेगी। इसके साथ ही आपसी अनुबंध होने की दशा में 15 दिनों के स्थान पर यह अवधि 45 दिन तक हो सकती है।

बताया कि 50 करोड़ वार्षिक से अधिक की टर्नओवर वाले उत्पादकों से माल की खरीद पर यह प्रावधान लागू नहीं होगा। उन्होंने वित्तीय वर्ष की समाप्ती से पूर्व डिस्ट्रिब्यूटर्स को अकाउंटिंग से संबन्धित आवश्यक एवं महत्वपूर्ण जानकारियां भी दीं। संरक्षक राजीव वार्ष्णेय ने कहा कि अभी वित्तीय वर्ष की समाप्ति में एक माह का समय है। हम सावधानी रखते हुए व्यापार करें। जिससे किसी प्रकार का अतिरिक्त कर देने से बच सकते हैं। अन्यथा आय कर की इस धारा से प्रभावित होने पर व्यापारी को अतिरिक्त आय कर देना पड़ सकता है। उन्होने बताया की आय कर अधिनियम की इस धारा को स्थगित किए जाने की खबरें भ्रामक हैं। जिन पर ध्यान ना दें। बैठक में व्यापारियों ने सरकार से इस धारा को रद्द करने की मांग भी की। बैठक की अध्यक्षता हरमीत सिंह ने और संचालन सुनील अग्रवाल ने किया। इस अवसर पर प्रेम ग्रोवर, दीपक अग्रवाल, पलाश मित्तल, रवि वार्ष्णेय, दीपक गर्ग, राजेश अरोरा, प्रमोद अग्रवाल, मनोज वार्ष्णेय, राहुल कुमार एवं टैक्स एडवोकेट नरेंद्र सिंह आदि उपस्थित रहे।



बैठक में वरिष्ठ चार्टेड अकाउंटेंट को सम्मानित करते पदाधिकारी। ● अमृत विचार

# एसपी ने देखी अर्धसैनिक बलों के ठहरने की व्यवस्था

संवाददाता, बहजोई/चन्दौसी

अमृत विचार : लोकसभा चुनाव की तैयारी को लेकर पुलिस प्रशासन ने तैयारियां करनी शुरू कर दी हैं। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर अन्य जनपदों से आने वाले पुलिसकर्मियों और पैरामिलिट्री फोर्स के जवानों को रोकने की व्यवस्था को लेकर एसपी ने स्कूलों का निरीक्षण किया। वहीं जवानों को दिए जाने वाली व्यवस्थाओं को लेकर कोतवाल को निर्देश दिए।

आगामी लोकसभा चुनाव को सकुशल शांतिपूर्ण व निष्पक्ष तरीके से कराए जाने को लेकर जनपद में आने वाले पुलिस के जवानों व पैरामिलिट्री फोर्स के जवानों के रुकने को लेकर पुलिस अधीक्षक कुलदीप सिंह गुनावत मंगलवार को नगर के सिल्वर स्टोन सीनियर सेकेंडरी स्कूल पहुंचे। जहां उन्होंने जवानों को रोके जाने की व्यवस्थाओं के बारे में जानकारी की। एसपी ने स्कूल में मौजूद कर्मचारियों से स्कूल के कमरों तथा शौचालय की व्यवस्था के बारे में जानकारी की। उन्होंने कोतवाल सत्येंद्र पवार को निर्देश दिए कि वह बाहर से आने वाली फोर्स के रुकने को लेकर सभी व्यवस्थाओं को दुरुस्त करें। इस बात का ख्याल रखा जाए कि हमारे जनपद में जो भी पुलिस व अर्धसैनिक बलों के जवान आएंगे उन्हें रोके जाने की व्यवस्थाओं में किसी प्रकार की त्रुटि न हो। उन्हें किसी प्रकार की समस्या न आए। इसे लेकर स्कूल प्रबंधकों से बैठक कर सभी तैयारी पूर्ण कर ली जाएं।

न ह्रश्यत्यात्मसम्माने नावमानेन तप्यते।
गंगो ह्रद इवाक्षोभ्यो यः स पंडित उच्यते।।

जो अपना आदर-सम्मान होने पर खुशी से फूल नहीं उठता और अनादर होने पर क्रोधित नहीं होता तथा गंगाजी के कुंड के समान जिसका मन अशांत नहीं होता, वह ज्ञानी कहलाता है।

## संपादकीय

# निष्प्रभावी यूएनएससी

यूक्रेन की स्थिति को लेकर भारत लगातार चिंतित है। भारत ने महत्वपूर्ण सवाल उठाया है कि संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद दो साल से जारी रूस-यूक्रेन संघर्ष को सुलझाने में पूर्णतयाः निष्प्रभावी क्यों रही? जबकि सुरक्षा परिषद पर अंतर्राष्ट्रीय शांति और सुरक्षा बनाए रखने का जिम्मा है। शनिवार को संयुक्त राष्ट्र में भारत के प्रतिनिधि ने कहा कि शत्रुता और हिंसा का बढ़ना किसी के हित में नहीं है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सितंबर 2022 में समरकंद में शंघाई सहयोग संगठन शिखर सम्मेलन के मौके पर रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के साथ मुलाकात के दौरान कहा था कि युद्ध का युग नहीं है। भारत की ओर से हमेशा कहा गया है कि कोई भी समाधान मानव जीवन की कीमत पर कभी नहीं निकल सकता। इसलिए शत्रुता को शीघ्र समाप्त करने और बातचीत एवं कूटनीति के रास्ते पर तत्काल वापसी के लिए सभी प्रयास किए जाने चाहिए। वास्तव में यूक्रेन संघर्ष के प्रति भारत का दृष्टिकोण जन-केंद्रित रहेगा। जरूरी है कि अंतर्राष्ट्रीय समुदाय को विकास संबंधी लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए साझा उद्देश्यों और इन उद्देश्यों को हासिल करने के लिए आवश्यक साझेदारी एवं सहयोग पर ध्यान केंद्रित रखना चाहिए।

युद्ध मानवता के लिए अभिशाप बनता जा रहा है। भारत ने इस बात पर खेद जताया कि युद्ध के कारण भोजन, ईंधन और उर्वरकों की कीमत बढ़ रही है, व्यापक पैमाने पर दुनिया प्रभावित हो रही है और खासकर 'ग्लोबल साउथ' के देशों को उनके हाल पर छोड़ दिया गया है। मतभेदों एवं विवादों का एकमात्र समाधान वार्ता ही है, भले ही इस समय यह काम कितना भी दुष्कर क्यों न लगे। शांति के मार्ग के लिए हमें कूटनीति के सभी माध्यम खुले रखने होंगे। गौरतलब है कि संयुक्त राष्ट्र प्रणाली में सुधार को लेकर इसके स्थायी सदस्यों में बीते काफी समय से उत्साह की कमी देखी गई, लेकिन वे सभी इस बात पर सहमत हुए हैं कि सुरक्षा परिषद में बदलाव लाना आवश्यक है। परिषद में स्थायी सदस्य अमेरिका, ब्रिटेन, फ्रांस, रूस, चीन और अन्य देशों के बीच शक्ति असंतुलन को तत्काल दूर करने की आवश्यकता है ताकि परिषद को अधिक लोकतांत्रिक बनाया जा सके और अंतर्राष्ट्रीय शांति, सुरक्षा एवं व्यवस्था को नियंत्रित करने में इसकी वैधता बढ़ाई जा सके। वर्तमान गैर-स्थायी सदस्य के रूप में भारत सुरक्षा परिषद में सुधार के प्रस्तावों के व्यापक सेट वाले एक संकल्प का मसौदा तैयार कर सकता है। सुरक्षा परिषद बहुपक्षवाद को प्रभावी बनाने के लिए पुरानी एवं पुरातन संरचनाओं में सुधार और उनके पुनर्निमाण की आवश्यकता है, अन्यथा उनकी विश्वसनीयता हमेशा कम होती रहेगी। इसीलिए इसके विस्तार की जरूरत है।

# कहानियों से प्रेरणा और कैरियर चुनने का ताना-बाना



रणवीर सिंह फोगाट
सेवानिवृत्त अधिकारी
स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग
आईसीएमआर

कौन बच्चा विकसित होकर अपने लिए कैसा काम और कैरियर चुनता है यह 'प्रिडिक्टिव' नहीं होता। जरूरी नहीं आईएएस का बेटा आईएएस ही बने और किसान का किसान ही। उम्र के बढ़ने के साथ जब सेंसेस काम करना शुरू करती है तब हर एक मनुष्य अपने लिए एक अलग तरह ही अल्गोरिथम्स की रचना करता है।

क्या एक वैज्ञानिक की कहानी पढ़कर इसे पढ़ने वाले बच्चे वैज्ञानिक बनते हैं? मेरा ख्याल है एक कहानी जिसमें संक्षिप्त में एक व्यक्तित्व या घटना का जिक्र होता है, दस बच्चे पढ़ेंगे तो दसों ही अलग तरह से मोटिवेट होंगे। इनमें से एक टीचर बनेगा और दूसरा स्पेस साइंटिस्ट। ऐसा क्यों? जरूरत यह जानने की है कि कहानी पढ़ने से इन बच्चों के मन-मस्तिष्क में किस तरह का परिवेश जन्म लेता है और यह किस फॉर्म में विकसित होता रहा, आकार लेता रहा और इनके लिए आगे के जीवन में परिस्थितयां कैसे रूपाकार लेती रहीं, बनती-बिगड़ती रहीं।

'प्रेरणा' एक बहुत ही जटिल घटना है जिसके बारे में न्यूरोबायोलॉजिस्ट द्वारा कई स्तरों पर जांच की गई है और उनके विचार और सिद्धांत प्रकाशित रूप में उपलब्ध हैं। 'प्रेरणा' की जांच करने के लिए दार्शनिक डोमेन में तल्लीन होकर इसे 'अनुभूति' और 'सीखने' के साथ सह-संबंधित करने और फिर प्रेरणादायक कहानियों को पढ़ने या सुनकर व्यवहार को संशोधित करने के अलावा, इसे और अधिक गहराई से जानने के लिए तैयार किए गए प्रश्न अभी भी अनुत्तरित हैं। मनुष्य व्यवहार के संकेतों का क्या 'नुमेरिकल वैल्यूज' देकर और एक ज्ञात स्टेटिस्टिकल मॉडल के आधार पर इनका विश्लेषण करके हम वास्तव में कुछ जान पाएंगे। मेरे हिसाब से इस मामले में मचीन लैंग्वेज विकसित करने वाले जैसे ही आर्टिफीशियल इंटेलिजेंस पर जो लोग काम कर चुके हैं, वे ही अधिक स्पष्टता से टिप्पणी कर पाएंगे।

क्या एक वैज्ञानिक की कहानी पढ़कर इसे पढ़ने वाले बच्चे वैज्ञानिक बनते हैं? मेरा ख्याल है एक कहानी, जिसमें संक्षिप्त में एक व्यक्तित्व या घटना का जिक्र होता है, दस बच्चे पढ़ेंगे तो दसों ही अलग तरह से मोटिवेट होंगे। इनमें से एक टीचर बनेगा और दूसरा स्पेस साइंटिस्ट। ऐसा क्यों? जरूरत यह जानने की है कि कहानी पढ़ने से इन बच्चों के मन-मस्तिष्क में किस तरह का परिवेश जन्म लेता है और यह किस फॉर्म में विकसित होता रहा, आकार लेता रहा और इनके लिए आगे के जीवन में परिस्थितयां कैसे रूपाकार लेती रहीं, बनती-बिगड़ती रहीं। परिवेशी फैक्टर्स और मोटिवेशनल वैल्यूज में -जो कहानी पढ़ने के बाद पैदा हुई, किस तरह का सामंजस्य पैदा होता है, यह न्यूरो-बायोलॉजिकल मेथड्स से भी ठीक से मालूम नहीं पड़ता।

मोटिवेशनल सिग्नल्स के पैटर्न्स को इन्टरप्रेट करना ही एक चुनौती है। मान लीजिए इस समस्या को हम 'चैट-जीपीटी' को सौंप देते हैं जो कि एक आर्टिफीशियल इंटेलिजेंस टूल है। यह टूल नहीं बता सकता कि एक कहानी पढ़ने के बाद बच्चा और व्यस्क किस तरह से प्रभावित होकर क्या करेगा। 'बिहेवियर प्रीडिक्शन' एक मुश्किल काम है। इंदौर के संजय वर्मा ने 'क्या कहानियां प्रेरणा देती हैं' (अमृत विचार-24 फरवरी 2024) के माध्यम से जो कहना चाहा है उसे निष्कर्ष तो मान ही नहीं सकते, बल्कि एक इंडिकेटर जरूर है अर्थात बड़े पैमाने पर एक्जामिन करने के लिए समस्या की ओर यह एक इशारा मात्र है। निर्भर करता है कि ऐसे किसी एक या इससे समस्या के वैज्ञानिक अध्ययन की डिजाइनिंग कितनी कुशलता से की गई है जिससे बिहेवियरल निष्कर्ष निकाला जा सके जोकि सोशयली रिलेवेंट हो। अफसोस है कि भारत के सोश्यो-साइकोलोजिस्ट इस तरह के एक्सपेरिमेंट सेट-अप नहीं करते और न ही देश के न्यूरो-बायोलॉजिस्ट से इस मामले में प्रयोग करने के लिए कोआर्डिनेट करते हैं। यह मामला बेसिक साइंसेज में रिसर्च का है जिसे डिस्करेज किया जाता है। बेसिक रिसर्च के बिना 'कौशल' विकास भी असंभव होता है। इस बारे में उपलब्ध शोध-साहित्य से भी कोई निश्चित निष्कर्ष प्राप्त नहीं किए सकते। मेरा खुद का मानना है कि ऐसे प्रश्नों का उत्तर ढूंढने के लिए जो साइंटिफिक रूट हम अपनाना चाहते हैं वह शायद इस काम के लिए अभी उतना विकसित नहीं हुआ है जितना कि सोशल टूल्स या खुद वह मनुष्य जो यह बताए कि फलानी कहानी पढ़ने से उसे यह प्रेरणा मिली और वह वैसा ही करने या बनने के लिए खुद को तैयार करता रहा और किया या बना। मुझे नहीं लगता कि ऐसा कोई उदाहरण हमें दुनिया में मिल सकता है। यह मामला थ्योरेटिकल से आगे प्रैक्टिकल तक या व्यवहार तक पहुंचाने जाने और नतीजे रिपीट होने, देखने में अभी और वक्त लग सकता है। इसीलिए दुनिया में 'डाइवर्सिटी' का बोलबाला है। अपने भीतर अगर हम खुद झांक कर देखें तो पाएंगे कि प्रेरणा के स्रोत तो मौजूद रहे लेकिन पंचतंत्र जैसा कथा साहित्य पढ़कर किसी को पत्रकार या वैज्ञानिक बनने की प्रेरणा मिली हो, ऐसा मैं नहीं मानता। यह सब परोक्ष प्रभाव से होता है और कहानियों से हम एक वैल्यू-सिस्टम से अवगत हो सकते हैं, कैरियर डेवलपमेंट के लिए नहीं। एनालिस्ट तो यह कहते हैं कि फोकलोर की कहानियों में कोई 'मोरल' कभी नहीं दिया जाता, सिर्फ घटना का जिक्र होता है। वैल्यूज ओर मोरल श्रोता को खुद निकालना होता है।

कहानियां पढने वाले बच्चों और युवाओं में कहानियों से प्रेरणा लेकर किस तरह का 'ब्रेन-मॉडयूल' विकसित होता है, यह जानना एक कौतुक से कम नहीं। इस बारे में भी शोध हुआ है। इसके अलावा 'ह्यूमन-मोटिवेशन' की एक एव्ल्युशनरी थ्योरी पर भी काम हुआ है जिसका जिक्र सन 2006 में प्रकाशित 'जेनेटिक, सोशल एंड जनरल साइकोलॉजी' नाम से एक मोनोग्राफ में हुआ है। अकसर पेरेंट्स ही बच्चों को कहानियों की किताबें या बाल-उपन्यास लाकर देते हैं। मुझे नहीं लगता कि किसी भी माता-पिता को पेरेंटिंग के एव्ल्युशन पर किताब पढ़ने की जरूरत महसूस होती है। कुछ तो यह 'नेचुरल' है और बाकी की अपनने परिवेश से मिले 'स्टिमुलाई' पर निर्भर करती है।

कहानी से प्रेरणा लेकर एक किशोर या युवा अगर यह चाहे कि मैं यह बनूंगा, वैसा बनूंगा और उसे वही परिवेश नहीं मिलता जिसमें उसके 'प्रेरणा स्रोत' व्यक्ति का विकास हुआ था और यह बच्चा या किशोर अगर प्रयास करता रहे और वैसा नहीं बने तो उसे निराशा घेर लेगी। निराशा एक रोग है। अनेक पेरेंट्स और खुद युवा भी अपने लिए एक रास्ता कर लेते हैं लेकिन उसके अंतिम छोर, अर्थात लक्ष्य, को नहीं छू पाते और रास्ता नहीं बदलते तो इसके दुष्परिणाम सामने आते हैं। वे कुछ और बन कर अर्थात जीवन के लिए दूसरा कार्य निर्धारित हो जाने के बाद यह टीस लेकर जीते हैं जो चाहते थे वह तो नहीं बन पाए लेकिन अब यही कर लेते हैं जो सामने है। तब इसका उनके व्यक्तित्व और फॅमिली पर क्या असर पड़ता होगा? मेरे जानकारों में एक पेरेंट्स कॉलेज टीचर्स हैं। उनकी बड़ी बेटी ने एमएससी (फिजिक्स) में करने के बाद आईएएस बनने का इरादा किया। तीन साल से परीक्षा दे रही है, लेकिन प्रीलिमिनरी ही क्लियर नहीं कर पा रही। शादी के लायक हो गई है। इतने समय में, इतने ही परिश्रम से पीएचडी कर लेती। दूसरी जगह कहीं कोशिश भी नहीं की है। जिद बांध रखी है कि आईएएस ही करूंगी। मैं ऐसे बहुत से उदाहरण जानता हूं जिन्होंनें आईएएस के लिए कोशिश एकाधिक बार की लेकिन शीघ्र ही संभल गए। आईएएस के लिए की गई तैयारी के आधार पर पर वे कहीं और कामयाब हुए और उसे एक कैरियर के तौर से लेकर खुशी-खुशी रिटायर भी हो गए हैं। मानता हूं कि एक खास काम के लिए खास लेवल तक पहुंचने के लिए समझ का उत्तरोत्तर विकास होता है, लेकिन जब तक समझ बढ़ती है तब तक अवसर निकल चुके होते हैं।

कौन बच्चा विकसित होकर अपने लिए कैसा काम और कैरियर चुनता है यह 'प्रिडिक्टिव' नहीं होता। जरूरी नहीं आईएएस का बेटा आईएएस ही बने और किसान का किसान ही। उम्र के बढ़ने के साथ जब सेंसेस काम करना शुरू करती है तब हरेक मनुष्य अपने लिए एक अलग तरह ही अल्गोरिथम्स की रचना करता है। इनका फंक्शन शायद इनवोलंटरी अधिक होता है। खुद की कमांड से ये कितना काम करेंगी, मुझे मालूम नहीं। यह तो प्रत्येक मनुष्य अपने भीतर झांक कर देख सकता है। विविधता का आलम इतना विशाल और जटिल प्रतीत होता है कि कहानियों से प्राप्त प्रेरणा की पृष्ठभूमि कहीं दूर गहराई में विलीन होने का अहसास बना रहता है।

## प्रसंगवश

# जीवन में मिथक का सत्य

वास्तव में मिथकों का अध्ययन लोकजीवन के सांस्कृतिक स्रोतों का ही अध्ययन है। उनकी अनदेखी करना अपने को ही वंचित करना होगा।



डॉ. राजेंद्र रंजन चतुर्वेदी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

मिथक राष्ट्रीयता की शक्ति है। राष्ट्र की शक्ति है। सामूहिक मानस की शक्ति है। अवचेतन मन की ऊर्जा है। जिस के पास मिथकीयता नहीं, वह मानसिक रूप से विकलांग है। उसके पास अभिव्यक्ति की वह शक्ति कदापि नहीं हो सकती कि वह लोकमानस को संबोधित कर सके। मिथक भले ही इतिहास का सच नहीं होता, किंतु लोगों की जिंदगी में उसकी जो भूमिका होती है, वह इतिहास के सच से भी अधिक प्रभावशाली होती है। मिथक लोकचेतना का सच होता है। लोकजीवन मिथकों के साथ जीता है। मिथकों की भाषा में सोचता है, मिथकीय भाषा में अपने को अभिव्यक्त करता है, मिथक को लोकजीवन से विच्छिन्न करके नहीं सोचा जा सकता। मिथक वाचिक परंपरा है। पुराण लिखित परंपरा है।

मिथक-कथाओं की युगानुकूल व्याख्या जरूरी है अन्यथा जिहाद भी मिथक ही तो है। इस विषय पर एक जर्मन लोकवार्ता-शास्त्री कई साल से रिसर्च कर रहे हैं। मिथक समष्टिचेतना का अंश होते हैं, उनकी सत्ता विद्यमान है, किसी महापुरुष के आंख बंद कर लेने से उसकी उपस्थिति में अंतर नहीं आता। यह ऊर्जा है, चिंगारी से दीपक भी जलाया जा सकता है और झोंपड़ी भी। विश्व के लोकवार्ता शास्त्री आज मिथकों के अध्ययन की ओर प्रवृत्त हुए हैं, लिन्क्ड-इन पर जाकर आप माइथोलॉजी-ग्रुप का डिस्कशन देखें, अरबी, इस्लामिक, रोमन, ग्रीक, मेसोपोटामिया, जापानी-चीनी मिथक शास्त्र पर विमर्श चल रहा है। एमीलियोवैली, लौरी होंको आदि ने मानवीकरण, प्रतीकवाद आनुष्ठानिक सिद्धांतों का प्रतिपादन किया है।

वास्तव में मिथकों का अध्ययन लोकजीवन के सांस्कृतिक स्रोतों का ही अध्ययन है। उनकी अनदेखी करना अपने को ही वंचित करना होगा। मिथक मिथ्या नहीं होता है, वह हमारी चेतना का एक सूत्र है, सत्य है। इतिहास का सत्य आपकी किताबों में है, मिथक का सत्य हमारे जीवन में है।

# बढ़ती अर्थव्यवस्था और आर्थिक सुधार



प्रो. एच. सी. पुरोहित
दून विश्वविद्यालय

भारत में एक नया मध्य वर्ग उभरा है। यह नौकरी के बढ़ते अवसरों और आईटी तथा आउटसोर्सिंग जैसे क्षेत्रों के विस्तार के कारण है।

भारत की व्यापार करने में आसानी सूचकांक यानि ईज ऑफ डूइंग बिजनेस रैंक 63 है और वैश्विक प्रतिस्पर्धात्मकता सूचकांक 40 है। 476 मिलियन श्रमिकों के साथ भारतीय श्रम शक्ति दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी शक्ति है, जनसंख्या की दृष्टि से पहले स्थान है। भारत में दुनिया के सबसे अधिक अरबपतियों की संख्या और अत्यधिक आय असमानता भी है।

भारत की अर्थव्यवस्था मिश्रित, नियोजित अर्थव्यवस्था से रणनीतिक क्षेत्रों में उल्लेखनीय सार्वजनिक क्षेत्र के साथ मिश्रित मध्यम आय वाली विकासशील सामाजिक बाजार अर्थव्यवस्था में परिवर्तित हो गई है। यह नाम मात्र जीडीपी के हिसाब से दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है और क्रय शक्ति समता (पीपीपी) के हिसाब से तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है। प्रति व्यक्ति आय के आधार पर, भारत सकल घरेलू उत्पाद (नाममात्र) द्वारा 139 वें और सकल घरेलू उत्पाद (पीपीपी) द्वारा 127 वें स्थान पर है।

1947 में स्वतंत्रता के दौर से लेकर 1991 तक की आर्थिक नीति को राज्य हस्तक्षेप, प्राकृतिक संसाधन, नौकरशाह संचालित उद्यमों और आर्थिक विनियमन के साथ संरक्षणवादी आर्थिक नीतियों को बढ़ावा दिए जाने वाला रहा है। इस संरक्षणवादी आर्थिक नीति के कारण देश की विकास दर लगभग 3-4 प्रतिशत तक रही और 4 प्रतिशत से आगे नहीं बढ़ पाई। इसलिए इस व्यवस्था को लाइसेंस राज की आर्थिक अनुशासनहीनता के रूप में ही याद किया जाता है। भारत में 1991 में गंभीर आर्थिक संकट के कारण व्यापक स्तर पर आर्थिक उदारीकरण की नीति को अपनाया। इन आर्थिक सुधारों के जनक तत्कालीन प्रधनमंत्री पीवी नरसिंहा राव रहे, उन्होंने उदारीकरण, निजीकरण और वैश्वीकरण की प्रक्रिया शुरू की। इन सुधारों को अटल बिहारी वाजपेयी की सरकार ने 'सेकेंड जेनरेशन रिफॉर्म' के रूप में आगे बढ़ाया, उसका परिणाम है कि 21 वीं सदी की शुरुआत से ही वार्षिक औसत सकल घरेलू उत्पाद की वृद्धि 6 प्रतिशत से 7 प्रतिशत रही है और लगातार बढ़ती जा रही है।

भारत की जीडीपी का लगभग 70 प्रतिशत घरेलू उपभोग से प्रेरित है, निजी खपत के अलावा जीडीपी में सरकारी खर्च, निवेश और निर्यात से भी संचालित होती है। इसलिए विकास की गति बढ़ाने के लिए विनिर्माण उद्योग, ऊर्जा, तकनीकी, रक्षा, परिवहन आदि बुनियादी सुविधाओं की गुणवत्ता में आमूलचूल बदलाव की जरूरत थी और इन क्षेत्रों में पिछले एक दशक के दौरान तेजी से सुधार हुआ है। इन्हीं बदलावों में एक महत्वपूर्ण निर्णय जनधन खातों को खोलने का रहा इसने समाज में और गवर्नेंस में पारदर्शिता के रूप में एक नई क्रांति को जन्म दिया। कोविड-19 की वैश्विक महामारी की भीषण त्रासदी के बावजूद आज अर्थव्यवस्था विश्व के अन्य देशों के मुकाबले सबसे तेज गति से बढ़ रही है। इन आर्थिक सुधारों ने भारतीय अर्थव्यवस्था को वैश्विक प्रतिस्पर्धा के लिए खोलने में मदद की जिससे विदेशी निवेश और व्यापार में वृद्धि हुई। आज देश का रिजर्व लगातार बढ़कर कर 600 बिलियन डॉलर को पार कर गया है, शेयर बाजार का आकार भी विश्व में चौथे स्थान पर पहुंच गया और लगातार बढ़ रहा है। भारत में एक नया मध्य वर्ग उभरा है। यह नौकरी के बढ़ते अवसरों और आईटी तथा आउटसोर्सिंग जैसे क्षेत्रों के विस्तार के कारण है। भारत आज तेज गति से बढ़ रहा है और शीघ्र तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनने जा रहा है। इसकी सबसे बड़ी वजह युवा जनसंख्या का होना है।

विकास की गति जारी रखने के लिए आवश्यक है कि बुनियादी ढांचे में सुधार के साथ-साथ ऊर्जा, रक्षा, तकनीकी व फार्मा क्षेत्र में शोध तथा नवाचार को बढ़ावा देना होगा। साथ ही शिक्षा एवं स्वास्थ्य सुविधाओं का विस्तार भी बढ़ती जनसंख्या के अनुपात में करने से मानव विकास सूचकांक में सुधार होगा। पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ सतत विकास के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए ऊर्जा के वैकल्पिक स्रोतों पर शोध व अध्ययन को व्यापक स्तर पर प्रोत्साहित करना होगा। न्यूक्लियर एनर्जी, इलेक्ट्रॉनिक वाहनों का प्रयोग, सौर ऊर्जा तथा एथोनोल जैसे जैविक ईंधन पर भी और तेज गति से कार्य करने की आवश्यकता है जिससे पर्यावरण सुरक्षा व विकसित भारत का लक्ष्य पूरा होगा।

## सोशल फोरम

# नवउदारवादी आर्थिकी की परिणति



डॉ. हेमंत कुमार झा
एसोसिएट प्रोफेसर, पाटलिपुत्र विवि, पटना (बिहार)

एक आर्थिक विशेषज्ञ बता रहे थे कि पिछले दस साल में कार्पोरेट घरानों द्वारा लिए गए तेरह लाख करोड़ रुपयों के बैंक लोन 'बैड लोन' घोषित हो गए और उन्हें माफ कर दिया गया। महज दस साल में महज कुछ घरानों ने तेरह लाख करोड़ रुपयों को खा पचा लिया। उसके पहले का हिसाब अलग होगा।

दूसरे विशेषज्ञ बता रहे थे कि पिछले एक साल में एक सौ पच्चीस अरबपतियों ने भारतीय बैंकों से लोन लेकर भारत छोड़ दिया। इनमें जिनका लोन सबसे कम था वह एक सौ करोड़ रुपयों का था। नौकरी करने वाले और इनकम टैक्स देने वाले पढ़े लिखे लोग जानते हैं कि पिछले दस वर्षों में आय कर की दरें आनुपातिक रूप से उच्चतम स्तरों पर जा पहुंची हैं।

टैक्स वसूल करने में आयकर विभाग की सख्ती भी पिछले दशक के मुकाबले इस दशक में बढ़ी है। यानी लाखों करोड़ रुपये डकार जाने वाले शक्तिशाली कार्पोरेट से वसूली में सरकार का दम फूल जाता है और वे पब्लिक मनी की लूट मचाकर सुरक्षित निकल जा रहे हैं, लेकिन मध्य वर्ग और निम्न मध्य वर्ग के लोगों के लोन की किस्तें वसूलने में बैंकों की तत्परता देखते ही बनती है। होम लोन या किसी तरह के कंज्यूमर लोन या फिर पर्सनल लोन लेने के बाद कोई आम आदमी एक पैसे की भी हेराफेरी नहीं कर सकता। उन्हें लोन देने वाले बैंक मूल और ब्याज के एक एक पाई का हिसाब रखते हैं। बिना किसी नियमित आय वाले निम्न आर्थिक वर्ग के लोगों को तो बैंक लोन देते ही नहीं।

हम जो अक्सर पढ़ते सुनते हैं कि भारतीय बैंकों की माली हालत अच्छी नहीं है, उसके पीछे के मूल कारण हम नहीं, हमारे दौर के बड़े लोग हैं। ऐसे बड़े लोग जिनके हाथों में सत्ता की डोर होती है और बड़े नौकरशाह जिनके प्यादे बन कर खुद को धन्य महसूस करते हैं। वे हमारे सार्वजनिक संसाधनों पर लगातार कब्जा करते जा रहे हैं। यह तो अलग और बेहद विस्तृत अध्याय है। इसे ही कहते हैं कार्पोरेट राज, जो नवउदारवादी आर्थिकी की स्वाभाविक परिणति है। -फेसबुक वॉल से

# गोवा को देश की आध्यात्मिक राजधानी बनाने की तैयारी



विवेक शुक्ला
वरिष्ठ पत्रकार

गोवा में स्थित मंदिरों में मूलतः देश के अधिकांश हिंदू मंदिरों की तरह ही एक देवता की पूजा की जाती है। ऐतिहासिक कारणों से राज्य के मंदिरों की वास्तुकला थोड़ी अलग जरूर है।

कितने भारतीयों को पता है कि पुर्तगाली राज, खूबसूरत समुद्री तटों, नाइट लाइफ और प्राकृतिक सुंदरता से इतर गोवा का सनातन संस्कृति और ऐतिहासिक मंदिरों का समृद्ध इतिहास रहा है? गोवा अपने इसी गौरवशाली अतीत को एक बार फिर से स्थापित करने की ओर बढ़ रहा है। पुर्तगाली शासकों ने अपने 450 वर्षों से अधिक के शासनकाल के दौरान राज्य में मंदिरों को नुकसान पहुंचाया। 1961 तक देश के इस सबसे छोटे राज्य पर शासन के दौरान पुर्तगाली शासकों ने मुस्लिम शासकों की तरह ही हिंदू मंदिरों को नष्ट किया था। गोवा के मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत का दावा है कि पुर्तगालियों ने अपने शासनकाल के दौरान मंदिरों को नष्ट करना शुरू कर दिया था। मराठा राजाओं की चेतावनी और शांति समझौते पर हुए हस्ताक्षर के बाद उन्होंने मंदिरों को नुकसान पहुंचाना बंद किया।

17 वीं सदी में मराठा साम्राज्य की स्थापना करने वाले छत्रपति शिवाजी महाराज के राज्याभिषेक की 350 वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में आयोजित एक समारोह में उन्होंने कहा कि राज्य को उसके समृद्ध सनातन संस्कृति लौटाने के लिए भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की सरकार योजना बना रही है। समारोह में उन्होंने कहा कि कम से कम गोवा की आजादी के 60 साल बाद हमें पुर्तगालियों के निशान मिटा देने चाहिए।

गौरतलब है कि मराठा शासक ने ही सबसे पहले देश में स्वराज या स्वशासन का विचार रखा। उन्होंने गोवा आकर सप्तकोटेश्वर मंदिर का पुनर्निर्माण कराया और पुर्तगालियों को मंदिरों को नष्ट करने के खिलाफ चेतावनी दी। राज्य के मुख्यमंत्री ने कहा कि "यही कारण है कि हम कहते हैं कि हिंदू संस्कृति को बचाने का प्रमुख श्रेय शिवाजी और उनके बेटे संभाजी को जाता है।"

इस बीच गोवा पर्यटन विभाग ने एकादश तीर्थ की शुरुआत कर आध्यात्मिकता, स्वदेशी, सभ्यतागत और सांस्कृतिक राष्ट्रवाद पर जोर देना शुरू कर दिया है। इस योजना के एक हिस्से के रूप में राज्यभर में 11 मंदिरों के आसपास समुदाय-आधारित पर्यटन केंद्र विकसित करने की तैयारी जोरों पर है। ये सभी 11 मंदिर राज्य के उन सात पर्यावरण-संवेदनशील क्षेत्रों से होंगे, जहां विकास एवं निर्माण कार्य नहीं किया जा सकता। गोवा पर्यटन विकास निगम (जीटीडीसी) ने क्यूपेम, सत्तारी, कैनाकोना और सवोर्डेम में स्थित मंदिरों को नया और भव्य रूप देने की दिशा में कदम बढ़ाना शुरू कर दिया है। राज्य पर्यटन विभाग गोवा को दक्षिण का काशी के रूप में पहचान दिलाने के लिए लगातार पहल कर रहा है। इसी पहल के तहत गोवा के धार्मिक पक्ष, विशेष रूप से मंदिरों को पर्यटकों के लिए खोला जा रहा है। गोवा पर्यटन बोर्ड की अधिकार प्राप्त समिति जल्द ही आध्यात्मिक पर्यटन सर्किट को अंतिम रूप देगी।

गोवा में स्थित मंदिरों में मूलतः देश के अधिकांश हिंदू मंदिरों की तरह ही एक देवता की पूजा की जाती है। ऐतिहासिक कारणों से राज्य के मंदिरों की वास्तुकला थोड़ी अलग जरूर है। आमतौर पर किसी भी हिंदू मंदिर का मूल डिजाइन मंदिर के गर्भगृह के आसपास ही व्यवस्थित होता है जिसमें मुख्य देवता विराजमान होते हैं। मंदिर के बाहरी डिजाइन में एक मीनार या शिकारा मुख्य मंदिर के ऊपर होता है, जो पारंपरिक रूप से पिरामिड के आकार जैसा होता है।

धार्मिक विरासत स्थलों और ऐतिहासिक मंदिरों में निश्चित रूप से यह क्षमता है कि वे गुणवत्तापूर्ण और अधिक खर्च करने वाले पर्यटकों को लुभा सकें। इसी दृष्टिकोण से राज्य का पर्यटन विभाग गोवा में आध्यात्मिक सर्किट बनाने की रणनीति पर काम कर रहा है। पर्यटकों को आकर्षित करने के लिए पर्यटन विभाग जल्द ही एक विज्ञापन अभियान और वृत्तचित्र श्रृंखला शुरू करने पर विचार कर रहा है। 22 जनवरी को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा अयोध्या में राम मंदिर के उद्घाटन के साथ ही गोवा के मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत ने राज्य को आध्यात्मिक पर्यटन की राजधानी बनाने की घोषणा कर दी थी। देश में स्थित तिरुपति, शिरडी, अजमेर और अमृतसर जैसे क्षेत्रों की आर्थिक तंत्र का मुख्य हिस्सा ही धार्मिक पर्यटन है। इसके अलावा वेटिकन सिटी, सऊदी अरब में मक्का और पाकिस्तान में करतारपुर साहिब ऐसे स्थल हैं, जो वहां की अर्थव्यवस्था के मुख्य अंग हैं।

गोवा के मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत और उनके मंत्रिमंडल के सदस्यों ने 15 फरवरी को अयोध्या पहुंचकर रामलला के दर्शन किए और मंदिर में पूजा-अर्चना की। राम मंदिर को लाखों भारतीयों के प्रेम और विश्वास का प्रतीक बताते हुए एक सोशल मीडिया पोस्ट के माध्यम से उन्होंने अपनी भावनाएं व्यक्त कीं। उन्होंने एक्स पर लिखा, 'अयोध्या में श्रीराम जन्मभूमि पर श्रीरामलला के दर्शन-पूजन करके खुद को धन्य महसूस कर रहा हूं।'

अंत में यह सवाल है कि क्या गोवा भारत की धार्मिक और आध्यात्मिक राजधानी बन सकता है? निःसंदेह, यह हो सकता है। जिस प्रकार से गोवा अपने लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए आगे बढ़ रहा है, मुमकिन है कि जल्द ही यह भारत की आध्यात्मिक राजधानी बन जाएगी।

# बैंकों में डिपॉजिट ग्रोथ

अगर बैंक एफडी पर आने वाले समय में कुछ और बढ़ोतरी करेंगे तो शायद मध्यम वर्ग की जनता के लिए थोड़ी राहत की बात होगी।



संजीव मेहरोत्रा
बरेली

हाल के दिनों में बैंकिंग सेक्टर में जमाराशियों में अच्छी ग्रोथ देखने को मिली है। डिपॉजिट रेट यानी एफडी रेट में कुछ बढ़ोतरी से ऐसा मुमकिन हो सका है। वित्त वर्ष 2024 की दिसंबर तिमाही में 12.5 प्रतिशत की वृद्धि दर देखने को मिली है, जो वित्त वर्ष 2023 की इसी तिमाही में 9.6 प्रतिशत ही थी। हालांकि बैंकों का लो कास्ट डिपॉजिट यानी चालू खाता और बचत खाता में जमा राशि में कमी आई है।

इसका कारण जमा राशियों में बढ़ोतरी होना तो है ही, अभी हाल के दिनों में कुछ बैंको ने डिपॉजिट रेट बढ़ाए हैं, वहीं बचत बैंकों पर ब्याज का आकर्षण कम होता गया है। वर्तमान में अगर यूनियन बैंक बचत बैंक का ब्याज देखे तो घटकर 2.75 प्रतिशत रह गया है जबकि एफडी रेट निरंतर बढ़ रहा है, जो वर्तमान समय में 7.90 प्रतिशत हो गया है। (सीनियर सिटीजन के लिए आधा प्रतिशत अधिक) ऐसे में ग्राहकों ने सुविधाओं का लाभ उठाते हुए बचत खाते को फ्लेक्सी खाते (स्वीपिंगखाते) में कनवर्ट करा लिया है और अधिकाश राशियां स्वतः बचत खाते से एफडी खाते में ट्रांसफर हो रही है और ग्राहक इसका भरपूर लाभ ले रहे हैं। मोबाइल बैंकिग करने वालों के लिए और भी आसानी है। वो बगैर बैंक जाए ही इस सुविधा का लाभ ले सकते हैं और लाभ ले भी रहे हैं।

अगर बैंक एफडी पर आने वाले समय में कुछ और बढ़ोतरी करेंगे तो शायद मध्यम वर्ग की जनता के लिए थोड़ी राहत की बात होगी। चुनावी समय होने से जनता उम्मीद भी कर रही है।

# 50 साल की राजनीतिक बादशाहत के बाद दुनिया से रुखसत हुए डा. बर्क

## देश के सबसे उम्रदराज सांसद 94 वर्षीय डा. शफीकुर्रहमान बर्क के इंतकाल से संभल में गम का माहौल



'डॉ. बर्क सिर्फ मुरादाबाद ही नहीं हिंदुस्तान में नाम रखते थे। उन्होंने संसद के अंदर और बाहर बेझिझक मजलूमों की आवाज उठाई। वह अल्लाह के बंदे थे, नियम से नमाज पढ़ते थे। उनके निधन से सपा को बड़ा नुकसान हुआ। उनके न होने से मुरादाबाद, संभल ही नहीं पश्चिमी यूपी में राजनीतिक खालीपन आ गया है।

–डॉ. एसटी हसन, सपा सांसद, मुरादाबाद



डॉ. शफीकुर्रहमान बर्क के निधन से पार्टी के साथ ही उन्हें व्यक्तिगत रूप से भी गहरा धक्का लगा है। उनसे काफी कुछ सीखने को मिला। उनकी लोकप्रियता संभल, मुरादाबाद ही नहीं पश्चिमी यूपी व उससे आगे तक थी। वह जनता की सच्ची आवाज थे।

–नासिर कुरैशी, सपा विधायक (मुरादाबाद देहात)



संभल सांसद डा. बर्क का निधन अत्यंत दुखद है। वह हमारे और पार्टी के सरपरस्त थे। उनके निधन से पार्टी को अपूरणीय क्षति हुई है। उन्होंने संसद व उसके बाहर भी हमेशा जनता की आवाज को बुलंद किया था।

–डीपी यादव, सपा जिलाध्यक्ष, मुरादाबाद



संभल सांसद डॉ. बर्क लोकसभा में जनता की आवाज थे। उनके निधन से पार्टी की बड़ी क्षति हुई है। उन्होंने अपने राजनीतिक जीवन में निडरता के साथ जनता के हक व सम्मान की आवाज उठाई।'

–सिद्धार्थ सिंह, राष्ट्रीय अध्यक्ष मुलायम सिंह यादव यूथ ब्रिगेड

कार्यालय संवाददाता,संभल

▸▸ शव संभल पहुंचते ही अंतिम दीदार को इकट्ठा हुई हजारों की भीड़, सुबह से रात तक उमड़ता रहा जनसैलाब

▸▸ आज सुबह दस बजे किया जाएगा सुपुर्दे खाक, श्रद्धांजलि देने पहुंचे समर्थक

**अमृत विचार:** पचास साल की राजनीतिक बादशाहत के बाद 94 साल की उम्र में डा. शफीकुर्रहमान बर्क दुनिया से रुखसत हुए तो हजारों आंखों से आंसू छलक पड़े। देश के सबसे उम्रदराज सांसद डा. बर्क के आखिरी दीदार करने के लिए उनके चाहने वालों का हुजूम सुबह से रात तक उमड़ता रहा। गम में तमाम दुकानें, प्रतिष्ठान बंद रहे। समर्थक और समाजवादी पार्टी से जुड़े लोग ही नहीं बल्कि दूसरी पार्टियों से जुड़े नेता भी बर्क को श्रद्धांजलि देने के लिए पहुंचे। बुधवार की सुबह दस बजे सांसद डा. शफीकुर्रहमान बर्क को सुपुर्दे खाक किया जायेगा।

दो बार की चुनावी हार के बाद डा. शफीकुर्रहमान बर्क 1974 में बीकेडी के टिकट पर संभल सीट से विधायक का चुनाव जीते तो फिर लगातार कामयाबी उनके कदम चूमती रही। 1977 में दूसरी बार जनता पार्टी से तो तीसरी बार 1985 में लोकदल के टिकट पर चुनाव लड़कर बर्क संभल के विधायक चुने गये। 1989 में जनता दल के टिकट पर जीत दर्ज कराने के बाद डा. शफीकुर्रहमान बर्क 1991 में उत्तर प्रदेश सरकार के मंत्री भी बनाये गये। चार बार विधायक बनने के बाद संसद में जाने का इरादा किया तो 1996 में मुरादाबाद लोकसभा सीट से सपा के टिकट पर चुनाव लड़कर डा. शफीकुर्रहमान बर्क सांसद निर्वाचित हुए। वह मुरादाबाद से तीन बार सांसद बने थे। 2009 में बर्क बसपा के टिकट पर चुनाव लड़कर संभल के सांसद बने। 2014 में वह हार गये लेकिन 2019 में संभल सीट से सपा के टिकट पर चुनाव लड़कर जीत दर्ज कराई। इस समय डा. शफीकुर्रहमान बर्क संसद में सबसे ज्यादा उम्र वाले सांसद थे। एक माह तक अस्पताल में रहने के बाद मंगलवार सुबह उनके निधन की खबर मिली तो संभल में माहौल गमगीन हो गया। उनके चाहने वालों ने गम में अपनी दुकानें और प्रतिष्ठान बंद कर दिये। सांसद के दीपा सराय स्थित आवास पर हजारों की भीड़ इकटठा हो गई। भीड़ को देखते हुए शव घर के बजाये पास ही स्थित सगीर पैलेस बैंकट हाल में अंतिम दर्शन के लिए रखने का फैसला लिया गया। जैसे ही शव पहुंचा भारी भीड़ अपने चहेते नेता के अंतिम दर्शन के लिए पहुंच गई। इस दौरान तमाम लोग बिलख कर रोते दिखे तो हजारों आंखों से आंसू छलके।



संभल में सांसद डा. शफीकुर्रहमान बर्क का शव पहुंचने के बाद सगीर पैलेस में अंतिम दर्शन के लिए उमड़े लोग। ● अमृत विचार

### इंतकाल की खबर सुनकर रो पड़े पौत्र जियाउर्रहमान, अखिलेश ने बंधाया ढांढस

**संभल, अमृत विचार:** सांसद डा. शफीकुर्रहमान बर्क के पौत्र विधायक जियाउर्रहमान बर्क मंगलवार को लखनऊ में थे। वह राज्यसभा चुनाव के लिए मतदान करने गये थे। मतदान के दौरान ही परिजनों ने फोन कर बताया कि डा. शफीकुर्रहमान बर्क का निधन हो गया है। यह खबर सुनते ही जियाउर्रहमान बिलखकर रोने लगे। वहां मौजूद अखिलेश यादव ने जियाउर्रहमान बर्क को सांत्वना दी। तुरंत ही जियाउर्रहमान बर्क लखनऊ से संभल के लिए रवाना हो गये। वह दोपहर बाद संभल पहुंचे। यहां भी वह अपने दादा का शव देखने के बाद बिलख पड़े।

### तौकीर रजा भी पहुंचे संभल, सांसद बर्क को दी श्रद्धांजलि

**संभल, अमृत विचार:** सांसद डा. शफीकुर्रहमान बर्क के इंतकाल की खबर सुनकर बरेली से मौलाना तौकीर रजा खां भी संभल पहुंच गये। तौकीर रजा दीपा सराय में उस बैंक्वेट हाल में पहुंचे जहां डा. बर्क का शव अंतिम दर्शन के लिए रखा गया था। तौकीर रजा ने वहां पहुंचकर डा. शफीकुर्रहमान बर्क को खिराजे अकीदत पेश की। तब तक जियाउर्रहमान बर्क लखनऊ से संभल नहीं पहुंच पाये थे। कुछ देर रुकने के बाद तौकीर रजा वापस लौट गये। इस दौरान सपा नेता फिरोज खां उनके साथ रहे।

### डा. बर्क का जीवन परिचय

**डा. शफीकुर्रहमान बर्क जन्म:** 11 जुलाई सन 1930 : जन्म स्थान मोहल्ला दीपा सराय, संभल
**मृत्यु:** 27 फरवरी सन 2024 : सिद्ध हॉस्पिटल, मुरादाबाद
**पिता का नाम:** हाफिज अब्दुर्रहमान
**निवास स्थान:** मोहल्ला दीपा सराय, संभल
**शिक्षा:** बीए, आगरा यूनिवर्सिटी
**परिवार:**
पुत्र–ममलूकुर्रहमान बर्क
पौत्र: जियाउर्रहमान बर्क,विधायक कुंदरकी
**राजनीतिक सफर:** चार बार रहे विधायक
1967– में संभल विधानसभा सीट से पहला चुनाव लड़े हार गये
1967– में संभल विधानसभा सीट से दूसरा चुनाव लड़े हार गये
1974– विधायक–संभल विधानसभा सीट–बीकेडी
1977–विधायक–संभल विधानसभा सीट–जनता पार्टी
1985–विधायक–संभल विधानसभा सीट–लोकदल
1989–विधायक–संभल विधानसभा सीट–जनता दल
**प्रदेश सरकार में रहे मंत्री**
1991–प्रदेश सरकार में मंत्री पद की जिम्मेदारी मिली
**पांच बार रहे सांसद**
1996–सांसद–मुरादाबाद लोकसभा सीट–समाजवादी पार्टी
1998–सांसद–मुरादाबाद लोकसभा सीट–समाजवादी पार्टी
2004–सांसद–मुरादाबाद लोकसभा सीट–समाजवादी पार्टी
2009–सांसद–संभल लोकसभा सीट–बहुजन समाज पार्टी
2019–सांसद–संभल लोकसभा सीट–समाजवादी पार्टी



लखनऊ में सांसद डा. शफीकुर्रहमान बर्क के निधन की खबर पर बिलखते उनके पौत्र विधायक जियाउर्रहमान को सांत्वना देते सपा मुखिया अखिलेश यादव। ● अमृत विचार



संभल में सांसद डा. शफीकुर्रहमान बर्क का अंतिम दीदार कर वापस आते तौकीर रजा खां।



संभल में बिलखते विधायक जियाउर्रहमान बर्क को ढांढस बंधाते लोग। ● अमृत विचार

## सांसद ने सुबह 9:44 बजे ली अंतिम सांस

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** 'बर्क आहन है, आहन का बदन रखता है रेत का ढेर नहीं जो ढह जाएगा, ये वो शीशा है लोगों जो पत्थर से भी टकरा जाएगा'। इस शेर के साथ अपनी चुनावी सभाओं का आगाज करने वाले 94 वर्षीय सांसद डॉ. शफीकुर्रहमान बर्क का मंगलवार सुबह 9:44 बजे निधन हो गया। 10:05 मिनट पर उनके पार्थिव शरीर को निजी एम्बुलेंस में परिजन उनके पैतृक जिला संभल ले गए।

उनके पौत्र कुंदरकी विधायक जियाउर्रहमान बर्क सोमवार रात अपने दादा को अंतिम बार देखकर राज्यसभा चुनाव में मतदान के लिए लखनऊ चले गए थे। डॉ. बर्क के निधन की खबर सुन पुलिस प्रशासन भी हरकत में आ गया। अस्पताल के बाहर पुलिस तैनात कर दी गई।

राजनीति के साथ अपनी शायरी के लिए देश-विदेश तक मशहूर डॉ. बर्क पिछले एक महीने से बीमारी के चलते कांठ रोड स्थित सिद्ध अस्पताल में भर्ती थे। इससे पहले डॉ. बर्क का इलाज दिल्ली के एम्स और निजी अस्पताल में कराया गया था। वहां आराम न होने के कारण उनकी पोती डॉ. राबिया बर्क ने उन्हें सिद्ध अस्पताल में भर्ती करा दिया था। वह भी इसी अस्पताल में चिकित्सक रूप में कार्यरत हैं।



हॉस्पिटल के बाहर खड़े चिकित्सक व स्वास्थ्यकर्मी। ● अमृत विचार

### केबीसी का सवाल बनी थी सांसद बर्क की उम्र

**मुरादाबाद, अमृत विचार:** सांसद बर्क अपने बयानों को लेकर चर्चा में रहते थे, लेकिन पिछले साल छह दिसंबर 2023 को सपा सांसद डॉ. शफीकुर्रहमान बर्क की उम्र कौन बनेगा करोड़पति शो का सवाल बनी थी।

शो में अमिताभ बच्चन ने सवाल किया था कि 17वीं लोकसभा में डॉ. शफीकुर्रहमान बर्क किस प्रकार विशेष हैं। हॉट सीट पर बैठी प्रतियोगी इस सवाल का जवाब नहीं दे सकीं थी। जिस पर अमिताभ बच्चन ने ही उत्तर देते हुए बताया कि सबसे उम्रदराज सांसद होने के लिए वह विशेष हैं। 93 वर्षीय डॉ. शफीकुर्रहमान बर्क सबसे उम्रदराज सांसद हैं। वह तीन बार मुरादाबाद और दो बार संभल लोकसभा क्षेत्र से सांसद चुने गए थे।

## तीन बार मुरादाबाद से पहुंचे संसद

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

▸▸ सपा के टिकट पर डा. बर्क ने 1996, 1998 और 2004 में मुरादाबाद सीट से दर्ज की थी जीत

**अमृत विचार:** संभल के सांसद डॉ. शफीकुर्रहमान बर्क मुरादाबाद से भी तीन बार सांसद रह चुके हैं। वह समाजवादी पार्टी का झंडा बुलंद करते हुए मुरादाबाद में तीन बार जीत दर्ज कर संसद में पहुंचे थे। उनका राजनीतिक प्रभाव पश्चिमी उत्तर प्रदेश के कई जिलों में था।

पांच बार के सांसद व चार बार के विधायक डॉ. बर्क जनता को अपने पक्ष में करने में पारंगत थे। तभी तो 94 वर्ष की उम्र में भी वह सांसद बने रहे। उनकी राजनीतिक कुशलता के विरोधी भी कायल थे। 21 फरवरी को उनके स्वास्थ्य का हाल जानने समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव मुरादाबाद के कांठ रोड स्थित निजी अस्पताल में आए थे। जहां उनके पौत्र व कुंदरकी के सपा विधायक जियाउर्रहमान बर्क और परिवार के सदस्यों के साथ मुलाकात की थी।

अब तक हुए 17 बार के लोकसभा चुनाव में मुरादाबाद सीट पर तीन बार सांसद बनने में डॉ. बर्क ने सफलता पाई थी। समाजवादी पार्टी के सिंबल पर वह मुरादाबाद से 1996, 1998 और 2004 में चुनाव जीत कर लोकसभा में पहुंचे थे। इसके बाद वह संभल लोकसभा क्षेत्र से दो बार सांसद बने। मुरादाबाद में तीन बार उनकी जीत के बाद सपा को दो बार हार मिली। 1999 में अखिल भारतीय लोकतांत्रिक कांग्रेस के चन्द्र विजय सिंह ने चुनाव जीता था। लेकिन, 2004 में डॉ.बर्क ने सांसद बनकर साइकिल को लोकसभा तक पहुंचाया। इसके बाद 2009 में यहां से भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के मोहम्मद अजहरुद्दीन ने जीत दर्ज की। 2014 में भाजपा के कुंवर सर्वेश कुमार सिंह ने जीत दर्ज कर कमल खिलाया। इसके बाद 2019 में सपा के हाथ यह सीट डॉ. एसटी हसन की जीत से मिली। तीन बार यहां से सांसद रहे डॉ. बर्क के निधन से उनके शुभचिंतकों को गहरा धक्का लगा। सपा ही नहीं दूसरे दलों के नेता भी डॉ. बर्क को कुशल व मंझा राजनेता मानते हैं।

### एक नजर

### धारदार हथियार से युवक को किया घायल

**मुरादाबाद, अमृत विचार:** गलशहीद थाना क्षेत्र में ईदगाह कब्रिस्तान में सुसराल वालों ने युवक को मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़ित मोहम्मद कामरान ने मंगलवार को गलशहीद थाने में मारपीट के आरोप में ससुराल के लोगों के विरुद्ध मामला दर्ज कराया है। कामरान का कहना है कि पिछले महीने उनकी मां का निधन हो गया था। वह 20 फरवरी को दोपहर में ईदगाह कब्रिस्तान में अपनी मां की कब्र पर गए थे, जहां उनके साले सादिक निवासी गुईया बाग टाइल वाली मस्जिद और साढ़ू मोहम्मद नाजिम निवासी गुलाबबाड़ी ने अन्य दो अज्ञात लोगों के साथ आकर उन्हें घेर लिया और गाली-गलौज कर मारा पीटा।

## वर्ष 2000 में बसपा में हुए थे शामिल

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

▸▸ 2009 के लोकसभा चुनाव में संभल से सांसद निर्वाचित हुए

▸▸ राजनीति में अपनी धुन के पक्के थे डॉ. बर्क, जो कहा मंच से कहा

**अमृत विचार:** कौम-ओ- मिल्लत के पैरोकार, खांटी राजनीतिक डा.शफीकुर्रहमान बर्क धुन के पक्के थे। सियासी सवालों पर बेलाग बोलने के लिए जाने जाते थे। डर की जिंदगी में कही ठौर नहीं रखा। जो कहना था, उसे मंच से कहा और पीछे नहीं हटे। देश की चर्चाओं में कई बार विवादों में भी आए लेकिन, जिस विषय को उठाया, उसे लेकर कोई अफसोस नहीं जताया।

राजनीति को अपने जीवन का हिस्सा बनाया। साल 1967 से संसदीय राजनीति में कूदे। पहली बार विधानसभा का चुनाव संभल विधानसभा क्षेत्र से लड़े और हार गए। तब संभल मुरादाबाद जिले का हिस्सा था। 1974 के चुनाव में विधायक बन गए। 10 बार विधान सभा चुनाव में तकदीर आजमाने वाले इस समाजवादी को चार बार विधानसभा में जाने का मौका मिला। लोक सभा चुनावों में छह बार कूदे और पांच बार लोकसभा सदस्य निर्वाचित हुए। साल 2014 का चुनाव सपा से लड़े मगर, भाजपा के तत्कालीन जिलाध्यक्ष सत्यपाल सिंह सैनी से करीब पांच हजार मत के अंतर से हार गए। वर्ष 2019 के आम चुनाव में सपा-बसपा-रालोद के संयुक्त उम्मीदवार के रूप में मैदान में उतरे और रिकार्ड मत से भाजपा उम्मीदवार के खिलाफ जीत दर्ज कर ली।

भीड़ को अपने साथ लेकर चलने वाले इस सियासी किरदार ने साल 2000 में सपा छोड़कर बसपा का दामन थाम लिया। कुछ दिन रहने के बाद फिर समाजवादी पार्टी के साथ हो लिए। सपा से टिकट नहीं मिलने पर साल 2009 में बसपा के उम्मीदवार बन गए और लोकसभा के लिए चुन लिए गए। राजनीति को अपनी शर्तों पर तौलने वाले डा.बर्क 2014 के लोकसभा चुनाव में समाजवादी हो गए। बसपा के मंडलीय को-आर्डिनेटर डा. रणविजय सिंह का कहना है कि सांसद बर्क धुन के पक्के थे, जो कुछ कहा मंच से भी कहा।

### भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष सतपाल ने भी दी श्रद्धांजलि

**संभल, अमृत विचार:** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं एमएलसी सतपाल सैनी भी सांसद डा. शफीकुर्रहमान बर्क को श्रद्धांजलि देने के लिए पहुंचे। सतपाल सैनी ने बर्क के अंतिम दर्शन कर श्रद्धांजलि दी। सतपाल सैनी 2014 के लोकसभा चुनाव में डा. शफीकुर्रहमान बर्क को हराकर संभल के सांसद चुने गये थे।

**डीएम,एसपी व अधिकारी पहुंचे श्रद्धांजलि देने:** समाजवादी पार्टी के सांसद डा. शफीकुर्रहमान बर्क का शव अंतिम दर्शन के लिए दीपा सराय के सगीर पैलेस बैंक्वेट हाल में रखा गया तो जनपद के जिलाधिकारी मनीष कुमार बंसल,पुलिस अधीक्षक कुलदीप सिंह गुनावत,एएसपी श्रीश्चंद्र व एसडीएम सुनील त्रिवेदी आदि भी उन्हें श्रद्धांजलि देने के लिए पहुंचे।

## मां-बेटियों से छेड़छाड़, विरोध पर बेटी को किया घायल

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**दुस्साहस**

▸▸ थाना पुलिस ने नहीं सुनी तो एसएसपी के निर्देश पर चार आरोपियों के विरुद्ध दर्ज हुई नामजद एफआईआर

▸▸ घर में घुसकर जबरन कैमरा लगा रहे थे आरोपी, विरोध करने पर बड़ी बेटी के चेहरे पर किया वार

**अमृत विचार:** कटघर थाना क्षेत्र में चार युवक एक घर में जबरन कैमरा लगाने को घुस गए और विरोध करने पर पीड़िता व उसकी दोनों बेटियों के साथ छेड़छाड़ की। यही नहीं, मां-बेटियों ने जब हाथापाई की तो इन लोगों ने उस पर धारदार हथियार से भी हमला कर दिया, इसमें पीड़िता की बड़ी बेटी घायल हुई है। इस मामले में पीड़िता ने चारों हमलावरों के विरुद्ध थाने में एफआईआर दर्ज कराई है। इसमें नासिर पुत्र जाकिर, नकी पुत्र मोहम्मद रफी, फईम पुत्र हनीफ और नदीम नामजद अभियुक्त बनाए गए हैं।

पीड़िता ने बताया कि घटना के तुरंत बाद उसने थाने में जाकर शिकायत दर्ज कराई थी लेकिन, पुलिस ने उसके मामले में आरोपियों के विरुद्ध कोई कार्रवाई नहीं की। ऐसे में उसने सोमवार को एसएसपी के सामने पेश होकर अपनी परेशानी बताई थी, जिस पर मंगलवार को थाना पुलिस ने एफआईआर दर्ज की है। पीड़िता ने पुलिस को बताया है कि घटना 23 फरवरी की शाम 6.40 बजे की है। नदीम, नासिर, नकी, फईम उनके घर में जबरन घुसकर कैमरा लगाने की कोशिश करने लगे थे। जब पीड़िता ने इनका विरोध किया तो ये लोग उससे गाली-गलौज करने लगे। फिर पीड़िता व उसकी दोनों बेटियों के साथ छेड़छाड़ करने लगे। विरोध करने पर आरोपियों ने उसे और उसकी बेटियों के साथ मारपीट भी की। आरोपियों के पास मौजूद ड्रिल मशीन, पेचकस व अन्य धारदार हथियार से पीड़िता की बड़ी बेटी के चेहरे व सिर पर वार दिया। इससे उसकी बेटी की आंख में चोट आ गई है और चेहरे पर लोहे के औजार लगने से उसका चेहरा सूज गया है। विवाद देख छोटी बेटी ने यूपी डॉयल-112 पर कॉल कर पुलिस बुला ली थी लेकिन, पुलिस के आने से पहले ही आरोपी जान से मार देने की धमकी देकर मौके से भाग गए थे। कोहिनूर तिराहा में लाल नगरी क्षेत्र की पीड़िता ने बताया कि आरोपियों ने उसे धमकाया है कि यदि पुलिस में शिकायत दर्ज कराई तो वह उसे और उसकी दोनों बेटियों को जान से मार देंगे। पीड़िता ने बताया कि इस घटना के बाद से वह और उसकी दोनों बेटियां काफी डरी सहमी हैं। उसकी बड़ी बेटी जॉब करती है, आरोपियों के डर के कारण वह जॉब पर जाने से कतरा रही है। इस मामले में कटघर थानाध्यक्ष तेजवीर सिंह ने बताया कि उच्चाधिकारी के निर्देश पर आरोपियों के विरुद्ध नामजद एफआईआर दर्ज की गई है। अब इस मामले में जांच कर आरोपियों के विरुद्ध कार्रवाई कर रहे हैं।

**इंतजार** ट्रेनों में कन्फर्म सीट को लेकर मारामारी शुरू, त्योहार पर स्पेशल ट्रेनों के संचालन का भी रेलवे ने नहीं किया अभी ऐलान

## लंबी दूरी की ट्रेनों की प्रतीक्षा सूची ने बढ़ाई यात्रियों की चिंता

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** मौसम में गर्मी की दस्तक के साथ ट्रेनों में कन्फर्म सीट की समस्या आनी शुरू हो गई है। अभी त्योहार स्पेशल ट्रेनों का ऐलान नहीं हुआ है। विशेष रूप से संचालित ट्रेनों में भी यही काल है। उधर, लंबी दूरी की ट्रेनों में धड़ाधड़ टिकट की बुकिंग शुरू है।

दिल्ली से गोरखपुर के बीच मार्च माह के दूसरे सप्ताह में एक भी ट्रेन में कंफर्म सीट नहीं है। सभी ट्रेनों के वातानुकूलित श्रेणियों जहां सीटों की मारामारी हैं वहीं, सामान्य और स्लीपर श्रेणी में प्रतीक्षा सूची तेजी के साथ बढ़ रही है। तीन माह पहले आरक्षण की सुविधा का लाभ लेते हुए नौकरीपेशा वाले लोग ट्रेनों में सीट आरक्षित कर चुके हैं। ऐसे में जरूरतमंदों को तरह-तरह की परेशानी आनी स्वाभाविक है। दिल्ली से लखनऊ और गोरखपुर की ओर जाने वाली किसी भी ट्रेन में सीट नहीं है।

आईआरसीटीसी के वेबसाइट पर सभी ट्रेनें प्रतीक्षा में चल रही हैं। 10 मार्च तक रूटीन में चलने वाली किसी भी ट्रेन में कंफर्म सीट नहीं है। यही हाल दिल्ली और पंजाब की ओर जाने वाली ट्रेनों में है। उधर, माफिया समय रहते ऐसी स्थिति का फायदा उठाने में जुट गए हैं। साइबर कैफे और अन्य नेटवर्क से तेजी के साथ होली के मद्देनजर ट्रेनों में टिकट की बुकिंग की जा रही है। लंबी वेटिंग के बाद भी लोग नो रूम की मार से बचने के लिए रेलवे स्टेशन के टिकट काउंटर और ऑनलाइन टिकट बुक कर रहे हैं।



### 10 मार्च को प्रमुख ट्रेनों में आरक्षण की स्थिति

| ट्रेन नं. | कहां से कहां तक | श्रेणी |
|---|---|---|
| 15910 | दिल्ली- गोरखपुर | स्लीपर-56, इकोनामी-09, थ्री-एसी-20 |
| 12204 | दिल्ली- गोरखपुर | चेयरकार -19, थ्री-एसी-48 |
| 02570 | दिल्ली- गोरखपुर | स्लीपर-15, इकोनामी-02, थ्री-एसी-02 |
| 12558 | दिल्ली- गोरखपुर | स्लीपर-56, थ्री-ई-14, थ्री एसी-18 |
| 12524 | दिल्ली- गोरखपुर | स्लीपर-35, थ्री-ई-06, थ्री एसी-11 |
| 15274 | दिल्ली- गोरखपुर | स्लीपर-74, थ्री-एसी-20, टू-एसी-08 |
| 12331 | मुरादाबाद- अंबाला | स्लीपर-38, थ्री-ई-11, थ्री-एसी-08 |
| 15903 | मुरादाबाद- अंबाला | स्लीपर-57, थ्री-एसी-27 |

**परेशानी**

▸▸ मार्च के दूसरे सप्ताह में गोरखपुर की किसी भी ट्रेन में कन्फर्म सीट नहीं

'कोहरा सीजन की वजह से रद ट्रेनें बहाल की जा रही हैं। अभी त्योहार स्पेशल ट्रेनों का ऐलान नहीं किया गया है। जरूरत के आधार पर मुख्यालय ट्रेनें संचालित करता है। रेल प्रबंधन हर यात्री को त्योहार पर उसे मंजिल तक भेजने का प्रयास करेगा। सेवा और सुविधा के लिए उत्तर रेलवे संकल्पित है।

–सुधीर सिंह, प्रवर मंडल वाणिज्य प्रबंधक

## जमीन की खरीद में 47 लाख की ठगी

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

▸▸ साथियों के साथ मिलकर चाचा भतीजे ने की धोखाधड़ी, पीड़ित ने थाना पुलिस को बताई सच्चाई

**अमृत विचार :** जमीन की खरीद-फरोख्त में ठगी का मामला सामने आया है। इस प्रकरण में पीड़ित सैय्यद मशकूर हाशमी ने चार लोगों के विरुद्ध नामजद रिपोर्ट दर्ज कराई है। इसमें मोहम्मद आसिफ, शराफत व इनका बेटा और शाइस्ता जवी नामजद हुए हैं।

मुगलपुरा में मकबरा उत्तरी नई आबादी में गौस पाक साहब की ज्यारत के पास के रहने वाले पीड़ित सैय्यद मशकूर हाशमी का आरोप है कि आरोपी मोहम्मद आसिफ लाल मस्जिद में कुआं सराय खजूर का रहने वाला है। दूसरा आरोपी शराफत इसका चाचा है, जो हरथला में रिक्शा कॉलोनी का रहने वाला है। इन लोगों ने उन्हें याकूबपुर में 1.4000 हेक्टेयर जमीन की खरीद में उनसे 1.24 करोड़ रुपये में सौदा किया था। इस जमीन का मालिक शाइस्ता जवी को बताया था। फिर पीड़ित उनकी बातों पर भरोसा कर उन्हें बयाना के तौर पर 10 अप्रैल 2023 को 10 लाख रुपये का चेक दिया था, जबकि 11 लाख रुपये उसे नकद दिए थे।

धनराशि देने के बाद आसिफ व शराफत ने सैय्यद मशकूर हाशमी को 100 रुपये के स्टांप पर 20 अप्रैल 2023 को इकरारनामा लिख दिया था। इसके बाद आसिफ व शराफत सौदे के मुताबिक अन्य शेष रुपये मांगने लगे तो सैय्यद मशकूर हाशमी ने उन्हें 25 मई 2023 के दिन 10 लाख रुपये नकद और दिए। साथ ही 11 लाख रुपये के दो चेक दिए थे। मशकूर का कहना है कि उन्होंने आरोपी आसिफ व उसके चाचा शराफत को कुल 47 लाख रुपये दिए हैं।

यह रुपये देने के बाद पीड़ित आसिफ व उसके चाचा से संबंधित जमीन के बैनामा करने को लेकर दबाव बनाने लगा था लेकिन, आरोपी बैनामा करने से टाल रहे थे। पीड़ित ने पुलिस को बताया है कि कुछ समय बाद उन्हें पता चला कि संबंधित जमीन को आसिफ व उसके भाई साजिद हुसैन, मोबीन व उसकी मां आमना खातून, भूरी पत्नी भूरे खां निवासी जिगर कॉलोनी को वर्ष 2007 में बेच चुके हैं। पीड़ित ने बताया कि इस मामले में जब उसने आसिफ व उसके चाचा शराफत से पूछा तो वह दोनों आगबबूला हो गए और गाली-गलौज की। अब रुपये वापस न कर उलटे जान से मारने की धमकी दे रहे हैं।

# बनभूलपुरा हिंसा : 36 और उपद्रवियों पर लगा यूएपीए

## सपा प्रदेश प्रभारी के भाई समेत कई पार्षद और प्रभावशाली लोगों के नाम, सभी पर थाना और वाहनों को फूंकने का आरोप

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** बनभूलपुरा हिंसा का मास्टर माइंड कहे जा रहे अब्दुल मलिक को पुलिस ने सलाखों के पीछे पहुंचा दिया है। मलिक के साथ ही बनभूलपुरा थाना और वहां खड़े वाहनों को फूंकने वाले कुल 36 लोग जेल भेजे जा चुके थे। मलिक पर तो पुलिस ने पहले ही यूएपीए लगा दिया था और अब सभी 36 लोगों पर यूएपीए लगा दी गई है। इन सभी पर हत्या की कोशिश करने सहित तमाम गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज है। जिन पर ये धाराएं लगाई गईं हैं, उनमें समाजवादी पार्टी के प्रदेश प्रभारी अब्दुल मतीन सिद्दीकी के भाई जावेज सिद्दीकी समेत कई पार्षद और प्रभावशाली लोगों के नाम हैं।

बता दें कि बीती 8 फरवरी को मलिक का बगीचा में ध्वस्तीकरण की कार्रवाई करने गई प्रशासन, पुलिस और नगर निगम की टीम पर पथराव हुआ था। भारी भीड़ ने जमकर हिंसा की और सरकारी व निजी वाहनों को आग के हवाले कर दिया गया।

लोगों की जान लेने की कोशिश की गई और ये हिंसा बनभूलपुरा थाने तक पहुंच गई। उपद्रवियों ने बनभूलपुरा थाने के बाहर खड़े वाहनों को आग के हवाले कर दिया और थाने में भी आग लगा दी थी। इस मामले में पुलिस ने लाइन नंबर 8 वार्ड 25 आजाद नगर निवासी अब्दुल मलिक पुत्र अब्दुल रज्जाक समेत 36 लोगों को गिरफ्तार किया है। ये मामला बनभूलपुरा थाने की ओर से दर्ज किया गया है।

सोमवार तक यह बात सामने आई थी कि पुलिस ने हिंसा के मास्टर माइंड कहे जा रहे अब्दुल मलिक पर ही उत्तराखंड लोक संपत्ति अधिकार अधिनियम, आपराधिक कानून संशोधन अधिनियम और गैर कानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम (यूएपीए) के साथ आईपीसी की धारा 147, 148, 149, 307, 395, 323, 332, 341, 342, 353, 427 और 436 में मुकदमा दर्ज किया है, लेकिन अब बनभूलपुरा थाने की ओर से दर्ज मामले में गिरफ्तार किए गए सभी 36 लोगों पर भी इन्हीं धाराओं के तहत कार्रवाई की गई है।

> बनभूलपुरा की ओर से दर्ज किए गए मामले में गिरफ्तार सभी लोगों के खिलाफ यूएपीए के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस के मामले से जुड़े पुख्ता साक्ष्य हैं।
>
> **-प्रह्लाद नारायण मीणा**, एसएसपी नैनीताल

> अब्दुल मलिक को जिला जेल नैनीताल में वसूली का नोटिस तामील कराया जाएगा। उसकी चल-अचल संपत्ति की तलाश की जा रही है ताकि वसूली की जा सके।
>
> **- सचिन कुमार,** तहसीलदार, हल्द्वानी

### अब्दुल मलिक को जिला जेल में तामील कराया जाएगा वसूली नोटिस

**हल्द्वानी, अमृत विचार :** तहसील प्रशासन, बनभूलपुरा हिंसा के मास्टर माइंड अब्दुल मलिक को जिला जेल नैनीताल में बैरक नंबर-1 पर वसूली का नोटिस तामील कराएगी। नोटिस तामीली के बाद नियमानुसार विधिक कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल तहसील अधिकारियों ने नोटिस तामीली के लिए तैयारियां शुरू कर दी हैं। बीती 8 फरवरी को बनभूलपुरा में कंपनी बाग में नजूल भूमि से अतिक्रमण हटाने गई नगर निगम, प्रशासन, पुलिस की संयुक्त टीम पर उपद्रवियों ने पथराव व आगजनी की और बनभूलपुरा पुलिस थाना फूंक दिया था। अतिक्रमण हटाने गई नगर निगम की जेसीबी, वाहन, अन्य उपकरणों को भी क्षतिग्रस्त किया था। इस पर पूर्व नगर आयुक्त पंकज उपाध्याय ने नुकसान का आकलन करने के बाद भरपाई के लिए अब्दुल मलिक निवासी लाइन नंबर-8, आजाद नगर की 2.44 करोड़ रुपये की आरसी काट दी थी। जिला प्रशासन की संस्तुति के बाद आरसी तहसील पहुंच गई थी। तहसील में संग्रह अमीन मलिक की तलाश कर रहे थे। बीती 23 फरवरी को पुलिस ने अब्दुल मलिक को दिल्ली से गिरफ्तार कर लिया था। इधर, तहसील प्रशासन जेल में बंद बंदी को वसूली नोटिस तामीली की विधिक प्रक्रिया की जानकारी लेने में जुटा हुआ था। अब तय किया गया है कि तहसील प्रशासन अब्दुल मलिक को जिला जेल नैनीताल की बैरक नंबर-1 में वसूली का नोटिस तामील कराएगा। नोटिस तामीली के 14 दिनों के भीतर मलिक को रकम जमा करनी होगी। यदि वह रकम जमा नहीं करता है तो उसकी चल-अचल संपत्ति कुर्क की जाएगी। पुलिस उसकी चल संपत्ति पहले ही कुर्क कर चुकी है। अचल संपत्ति भी ट्रस्ट के नाम पर दर्ज हैं। दूसरा, विकल्प अब्दुल मलिक की गिरफ्तारी का था लेकिन वह पहले से ही गिरफ्तार है। ऐसे में तहसील नोटिस तामीली के बाद उसकी अचल संपत्ति की तलाश कर रही है ताकि वसूली की जा सके।

## एक नजर

### आबिद के इस्तीफे से बढ़ सकती है सपा की परेशानी

**बदायूं, अमृत विचार :** जैसे-जैसे लोकसभा चुनाव नजदीक आ रहा है समाजवादी पार्टी की परेशानी बढ़ती जा रही है। राष्ट्रीय सचिव आबिद रजा ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। उन्होंने सपा के जिम्मेदारों पर गंभीर आरोप लगाए। कहा कि पार्टी के कार्यकर्ताओं का मनोबल टूट रहा है।

### दुकानदार पर कॉपीराइट की रिपोर्ट दर्ज

**बदायूं, अमृत विचार :** जिला मेरठ के थाना इंचोली क्षेत्र के गांव चदोड़ी निवासी पायनियर बीज कंपनी के सेल्स मैनेजर अंकित चौधरी ले कोतवाली उझानी पुलिस को तहरीर देकर बताया कि कस्बा उझानी में खाद बीज विक्रेता उमेश उनकी कंपनी का मक्का का बीज बेचते हैं। वह दुकान पर पहुंचे। कंपनी के छह पैकेट चेक किए। इसमें दूसरा मक्का बीज भरा था। पुलिस ने दुकानदार के खिलाफ कॉपी राइट की रिपोर्ट दर्ज की है। आरोपी दुकानदार को गिरफ्तार कर लिया गया है। दुकानदार का कहना है कि उनके पास कुछ खुला बीज था, जो उन्होंने कंपनी के पैकेट में रख लिया था।

## सार-संक्षेप

### बहनोई को खाना देकर लौट रहे युवक की हादसे में मौत

**बदायूं, अमृत विचार :** बहनोई को खेत पर खाना देकर लौट रहे बाइक सवार को तेज रफ्तार कार ने टक्कर मार दी, जिससे उसकी मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। पुलिस ने कार बरामद कर उसके चालक को हिरासत में लिया है। युवक की मौत के बाद परिवार में कोहराम मचा हुआ है। अलापुर थाना क्षेत्र के गांव कोठा निवासी रजनीश (30) पुत्र मुरारी लाल के बहनोई कोतवाली सिविल लाइन क्षेत्र के गांव भगवतीपुर के मझरा घेर निवासी दंगल सिंह के घर पर रहते थे। बहनोई थाना मुजरिया क्षेत्र के गांव परमू में खेतीबाड़ी करते थे। मंगलवार दोपहर रजनीश गांव मझरा घेर से खाना लेकर बाइक से गांव परमू गए थे। बहनोई को खाना देकर लौट रहे थे। थाना मुजरिया क्षेत्र के गांव शेखा नगला के पास विपरीत दिशा से आ रही तेज रफ्तार कार ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। रजनीश गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके पर राहगीरों की भीड़ लग गई। लोगों ने कार चालक जिला आगरा क्षेत्र के एतिहादपुर निवासी अर्जुन को पकड़ा। सूचना पर पुलिस पहुंची। पुलिस घायल रजनीश को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर ले गई जहां चिकित्सक ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। कार थाने पर खड़ी की गई है। चालक को हिरासत में लिया है।

### हादसे में कांठ क्षेत्र के घायल बाइक सवार की मौत

**बरखेड़ा(पीलीभीत), अमृत विचार :** मुरादाबाद जिले थाना कांठ क्षेत्र के मोहल्ला घोतीपुरा निवासी सचिन (35) पुत्र रमेश बरखेड़ा क्षेत्र में एक पावर प्लांट में काम करते थे। कई महीनों से वह यहां रह रहे थे। सोमवार शाम को वह काम निपटाकर गजरौला की तरफ से बरखेड़ा की तरफ बाइक से आ रहे थे। दौलतपुर पट्टी मार्ग पर अमखेड़ा तिराहे के पास एक अन्य बाइक से टक्कर हो गई। हादसे में सचिन और दूसरी बाइक पर सवार अधकटा गांव निवासी मोहम्मद वसीम व बॉबी देवल घायल हो गए थे। तीनों को सीएचसी में प्राथमिक इलाज के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया था। जिला अस्पताल पहुंचने पर सचिन को डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।

### बाघ एक्सप्रेस में चोरी, ज्वैलरी लेकर कूदे चोर

**हल्द्वानी, अमृत विचार :** बीमार पति के साथ घर लौट रही महिला को शातिर ने बाघ एक्सप्रेस में अपना शिकार बना लिया। मदद का झांसा देकर शातिर महिला की लाखों रुपये की ज्वैलरी लेकर फरार हो गए। पीड़ित ने जीआरपी थाना काठगोदाम में तहरीर दी है। सदर बाजार रानीखेत निवासी दीपक गर्ग पुत्र नंद किशोर गर्ग ने बताया कि बीती 26 फरवरी को वह पत्नी संगीता संग गोरखपुर रेलवे स्टेशन से बाघ एक्सप्रेस में सवार हुए थे। वह बीमार थे और लालकुआं स्टेशन से निकलने के बाद पत्नी ने कुछ युवकों से सामान उठाने के लिए मदद मांगी। शातिरों ने सात नग बोगी के गेट पर रखा दिए। इसी बीच एक शातिर ने बातों में उलझाया और दूसरे ने बैग में रखा गले का हार और कान के बुंदे पार कर दिए। लालकुआं और हल्द्वानी के बीच जंगल आते ही ट्रेन धीमी हुई तो शातिर फरार हो गए।

### दुष्कर्म के आरोपी को कोर्ट ने किया दोषमुक्त

**हल्द्वानी, अमृत विचार :** बनभूलपुरा थाने में वर्ष 2021 में दर्ज हुए दुष्कर्म व पॉक्सो के आरोपी को कोर्ट ने दोषमुक्त करार दिया है। 20 दिसंबर 2021 को बनभूलपुरा निवासी एक व्यक्ति ने सुभाष नाम के युवक पर बेटी से दुष्कर्म करने और विरोध पर परिजनों से मारपीट करने का आरोप लगाया था। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच की और कोर्ट नें चार्जशीट दाखिल की। सुनवाई के दौरान कई तथ्य सामने आए। वादी की बेटी ने ही अपने बयानों में 20 दिसंबर को किसी भी तरह की घटना होने से इंकार किया। साथ ही सामने आया कि किशोरी के पिता और सुभाष का किसी बात को लेकर दिन में झगड़ा हुआ था। मामले में विशेष न्यायाधीश पॉक्सो नंदन सिंह की कोर्ट ने पुलिस ने आरोपी सुभाष को दोषमुक्त करार देते हुए बरी कर दिया।

# संदिग्ध परिस्थिति में गोली लगने से वन बीट अधिकारी की जान गई

- दो गाड़ी वन रेंज के कलोनिया चौकी में तैनात थे हरीश चंद्र जोशी
- दो माह बाद अप्रैल में होना था विवाह, परिजनों ने हत्या की आशंका जताई

संवाददाता, टनकपुर

**अमृत विचार :** हल्द्वानी वन प्रभाग के शारदा वन रेंज में तैनात एक वन बीट अधिकारी कीसंदिग्ध हालत में मौत हो गई। बताया गया कि वन कर्मी की तमंचे से गोली

लगने से मौत हुई है। सरकारी आवास में गोली कैसे चली? इसका अभी पता नहीं चल सका है। वन बीट अधिकारी के शव को टनकपुर उप जिला अस्पताल लाया गया, जहां पोस्टमार्टम के बाद शव को परिजनों को सौंप दिया गया है। मृतक जनपद नैनीताल के चोरगलिया का रहने वाला है हालांकि इस संबंध में किसी ने टनकपुर कोतवाली में तहरीर नहीं दी है लेकिन परिजन इस घटना को हत्या मान रहे हैं।फिलहाल पुलिस इस मामले में जांच पड़ताल में जुट गई है।

जानकारी के मुताबिक हल्द्वानी वन प्रभाग के टनकपुर शारदा वन क्षेत्र के दोगाड़ी रेंज में तैनात वन बीट अधिकारी हरीश चंद्र जोशी (35) का शव मंगलवार की

सुबह कलोनिया के सरकारी आवास में मिला। हरीश चंद्र जोशी अविवाहित थे।उनका अप्रैल में विवाह होना था। बताया गया कि छाती में गोली लगने से उनकी मौत हो गई। लेकिन गोली खुद चलाई या किसी ओर ने इसका अभी पता नहीं चल सका है। शव को टनकपुर उप जिला अस्पताल लाया गया। जहां पोस्टमार्टम की प्रक्रिया के बाद शव को परिजनों को सौंप दिया गया। इससे पूर्व टनकपुर शारदा वन रेंज के रेंजर पूरन चंद्र जोशी और बनबसा थाने के एस आई जितेंद्र बिष्ट ने टीम के साथ घटना स्थल पर जाकर मौका मुआयना किया।वहीं मौत की खबर लगने से परिवार में मातम छा गया। परिजनों ने इस घटना को हत्या बताते हुए मामले की जांच की मांग की है।

इधर शारदा वन रेंज के एसडीओ ममता चन्द, सीओ शिवराज सिंह राणा और कोतवाल चंद्र मोहन सिंह भी टनकपुर जिला उप चिकित्सालय पहुंचे।

मृतक के परिजनों को सांत्वना दी और हर संभव सहायता का आश्वासन दिया। इस घटना की जांच कर रहे एसआई जितेंद्र बिष्ट ने बताया कि मृतक के छाती में तमंचे से गोली लगने से मौत हुई है। उन्होंने बताया कि यह तमंचा कहां से आया इसकी भी जांच पड़ताल की जा रही है। बताया जाता है कि मृतक के पिता प्रकाश चंद्र जोशी भी वन विभाग में तैनात थे उनकी मौत के बाद करीब 9 वर्ष पूर्व मृतक आश्रित कोटे में हरीश चन्द्र जोशी को वन विभाग में नौकरी मिली थी।

### डंपर और कार की भिड़ंत में व्यापारी की मौत

**बदायूं, अमृत विचार :** थाना जरीफनगर क्षेत्र में डंपर और कार की टक्कर में जूता व्यापारी की मौत हो गई जबकि कार सवार चार लोग घायल हो गए। एक घायल को जिला अस्पताल में भर्ती किया गया। तीन घायलों को बरेली के अस्पताल में भर्ती कराया गया है। व्यापारी के घर में कोहराम मचा है। सूचना पर सैकड़ों व्यापारी मृतक के घर पीड़ित परिवार को सांत्वना देने पहुंचे।

कोतवाली सदर क्षेत्र के मोहल्ला सोथा निवासी अकबर अली उर्फ संइया (35) पुत्र दूल्हे मियां मुख्य बाजार में घंटाघर स्थित जूता-चप्पल की दुकान पर काम करते थे। बचपन से ही वह दुकान पर कार्यरत थे। दुकान मालिक आरिश से उनके अच्छे संबंध थे। दुकान मालिक के साथ वह जूते-चप्पल खरीदने, बेचने से लेकर हिसाब रखने का भी काम करते थे। मंगलवार को उन्हें सामान लेने के लिए दिल्ली जाना था। पांच लोग कार से सुबह लगभग पांच बजे घर से रवाना हुए। बदायूं-मेरठ राजमार्ग पर थाना जरीफनगर से तकरीबन तीन सौ मीटर पहले गुप्ता ढाबे के पास एक डंपर से कार की भिड़ंत हो गई। राहगीरों की सूचना पर डायल 112 पुलिस घटनास्थल पर पहुंची। सभी लोगों को कार से बाहर निकाला लेकिन तब तक अकबर की मौत हो चुकी थी।



# सीबीआई ने रिश्वत लेते रंगेहाथ पकड़ा अधिकारी

- सस्पेंड जीएसटी नंबर को एक्टीवेट करने के लिए ले रहा था 10 हजार की रिश्वत
- सीबीआई ने आरोपी के रुद्रपुर और हरियाणा में दो ठिकानों पर मारा छापा

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** सीबीआई ने रिश्वतखोरी के मामले में सेंट्रल गुड्स एंड सर्विस टैक्स (सीजीएसटी) के एक अधीक्षक को गिरफ्तार किया है। आरोप है कि इन्होंने एक फर्म के सस्पेंड जीएसटी नंबर को एक्टिवेट करने के लिए फर्म की मालकिन से रिश्वत की मांगी। पीड़िता के पति की शिकायत सीबीआई ने जाल बिछाया और आरोपी को रिश्वत की रकम लेते वक्त गिरफ्तार कर लिया।

सीबीआई ने बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपी का नाम योगेश अग्रवाल है। योगेश रुद्रपुर में सीजीएसटी विभाग में सुपरिटेंडेंट है। सीबीआई से की गई शिकायत में पीड़ित ने बताया कि उसकी पत्नी के नाम से एक फर्म है, लेकिन किन्हीं कारणों से उसकी फर्म का जीएसटी नंबर सस्पेंड हो गया था। इसे एक्टिवेट कराने के लिए उन्होंने रुद्रपुर स्थित सीजीएसटी के ऑफिस में संपर्क किया। यहां आरोपी ने उनसे उनका जीएसटी नंबर एक्टिवेट करने के लिए 15 हजार रुपये रिश्वत की मांग की। कहा गया कि यह सुविधा शुल्क देने पर ही तुम्हारी पत्नी की फर्म का सस्पेंड जीएसटी नंबर फिर से एक्टिवेट हो पाएगा, अगर पैसा नहीं दिया तो फिर लगाते रहो चक्कर पे चक्कर।

शिकायत को गंभीरता से लेते हुए सीबीआई ने जाल बिछाया। इसके तहत आरोपी सुपरिटेंडेंट से रिश्वत की रकम को कुछ कम करने के लिए कहा गया। 15 हजार रुपये की जगह 10 हजार पर मामला तय हो गया और आरोपी सुपरिटेंडेंट को उस वक्त रंगे हाथों दबोच लिया गया जब वह कथित रूप से रिश्वत के 10 हजार रुपये ले रहा था। इसी के साथ ही सीबीआई ने आरोपी के रुद्रपुर और अंबाला हरियाणा में दो ठिकानों पर छापेमारी की। रेड के दौरान सीबीआई को दो लॉकरों और बैंक अकाउंट से संबंधित दस्तावेज बरामद होने के साथ ही अन्य दस्तावेज भी मिले हैं।

# स्नातक की वार्षिक परीक्षा 19 मार्च से

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार:** रुहेलखंड विश्वविद्यालय की स्नातक की सत्र 2024 की वार्षिक परीक्षा 19 मार्च से शुरू होगी। विश्वविद्यालय जल्द ही परीक्षा कार्यक्रम जारी करेगा। इसके अलावा परास्नातक की परीक्षा का भी कार्यक्रम तैयार किया जा रहा है। अभी स्नातक और परास्नातक की मुख्य परीक्षा के फार्म भरे जा रहे हैं। छात्र एक मार्च तक ऑनलाइन परीक्षा फार्म भर सकेंगे और दो मार्च तक भरे हुए फार्म महाविद्यालय में जमा करने होंगे।

परीक्षा नियंत्रक संजीव कुमार ने बताया कि स्नातक और व्यावासयिक पाठ्यक्रमों की मुख्य परीक्षा का कार्यक्रम तैयार कर लिया गया है। परीक्षा 19 मार्च से शुरू होंगी। परास्नातक परीक्षा का कार्यक्रम तैयार किया जा रहा है।

### एलएलएम की प्रयोगात्मक परीक्षा आज से

रुहेलखंड विश्वविद्यालय ने एलएलएम के पेपर इंटर्नशिप विषम सेमेस्टर की प्रयोगात्मक परीक्षा 27 फरवरी से 4 मार्च तक कराने के निर्देश दिए हैं। परीक्षा नियंत्रक ने महाविद्यालयों को निर्देश दिए कि प्रयोगात्मक परीक्षा विश्वविद्यालय की ओर से बाह्य परीक्षक नियुक्त करने के बाद ही कराई जाएगी। 4 मार्च के बाद अंक स्वीकार नहीं किए जाएंगे। परीक्षा में अस्सी प्रतिशत या अधिक अंक होने पर उत्तर पुस्तिकाओं की जांच की जा सकती है।

# समाधान योजना की आड़ में चल रहा टैक्स चोरी का खेल

- गोपनीय जांच में खुलासा, सरकारी खजाने में नहीं जमा की जा रही ग्राहकों से वसूली जा रही जीएसटी
- जिले के करीब 22 सौ व्यापारियों ने एक रुपये का भी नहीं भरा टैक्स
- फरवरी के अंत तक टैक्स जमा करने की चेतावनी, फिर पड़ेंगे छापे

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार:** जीएसटी विभाग की गोपनीय जांच में पता चला है कि समाधान योजना की आड़ में पंजीकृत व्यापारी बड़े पैमाने पर टैक्स चोरी कर रहे हैं। इनमें जिले के 22 सौ तो ऐसे व्यापारी हैं जो ग्राहकों से पूरा टैक्स वसूल रहे हैं लेकिन उसे जमा नहीं कर रहे। इस वजह से पिछले साल की तुलना में इस साल टैक्स जमा करने वाले व्यापारियों की संख्या अच्छी-खासी कमी आई है। विभाग ने इन व्यापारियों की सूची तैयार कर कार्रवाई की तैयारी शुरू कर दी है।

जिले में समाधान योजना में 14257 व्यापारियों का पंजीकरण है। इन व्यापारियों का सालाना टर्नओवर 40 लाख से डेढ़ करोड़ तक है। उन्हें एक प्रतिशत टैक्स देना है लेकिन ज्यादातर व्यापारी यह टैक्स जमा नहीं कर रहे हैं। विभाग की ओर से हाल ही में कराई गई जांच में पता चला है कि रिटर्न दाखिल करने वाले जिले के 22 सौ व्यापारियों का टैक्स शून्य है, जबकि 47 सौ व्यापारी रिटर्न ही नहीं भर रहे है। इससे सरकार को राजस्व की भारी हानि हो रही है। करीब 75 सौ ही ऐसे व्यापारी हैं जो अपने टर्नओवर के हिसाब से टैक्स जमा कर रहे हैं। विभाग ने टैक्स जमा ने करने वाले व्यापारियों के खिलाफ कार्रवाई की तैयारी शुरू कर दी है।

> जिले में समाधान योजना में पंजीकृत व्यापारी बड़ी संख्या में टैक्स नहीं दे रहे हैं। ऐसे व्यापारियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। जीएसटी में पंजीकृत व्यापारियों से अपील है कि चाहे वह शून्य टैक्स भरें लेकिन उसका चालान अपने पास जरूर संभालकर रखें।
>
> **- ओपी चौबे,** एडिशनल कमिश्नर ग्रेड वन राज्यकर विभाग

### पिछले साल के सापेक्ष छह फीसदी कम जमा हुआ टैक्स

वित्तीय वर्ष 2022-23 में समाधान योजना में 13165 व्यापारी पंजीकृत थे जिनकी संख्या इस साल बढ़कर 14257 पहुंच गई। शून्य रिटर्न भरने वाले भी इस बार घटे हैं। साल 2022-23 में 3230 व्यापारियों ने शून्य रिटर्न भरा, जबकि वित्तीय वर्ष 2023-24 में संख्या 22 सौ रह गई। रिटर्न दाखिल न करने वाले व्यापारियों का आंकड़ा भी बढ़ा है। पिछले साल ऐसे 2125 व्यापारी थे, अब 47 सौ व्यापारी ऐसे चिह्नित किए गए हैं जो रिटर्न दाखिल नहीं कर रहे हैं।


## कार्यालय अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका परिषद, किरतपुर (बिजनौर)

पृष्ठांकन संख्या- 48/न0पा0प0ध/किरतपुर कर वि0 दिनांक- 15-12-2023

अधिसूचना अन्तर्गत धारा- 147 (2)यू०पी० म्यू एक्ट 1916

समस्त प्रभावितों को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि श्री विकास कुमार पुत्र श्री शेर सिंह नि० मौहल्ला अम्बेडकरनगर परगना किरतपुर जिला बिजनौर ने नगर पालिका परिषद के कर सम्बन्धी अभिलेखों / अनुसूची में स्थित मौहल्ला अम्बेडकरनगर में अपना नाम अंकित किये जाने हेतु आवेदन-पत्र दिया है। जिसमें उन्होंने अपने प्रार्थना-पत्र के साथ श्रीमती इन्दों पत्नी श्री मेघा नि० मौहल्ला अम्बेडकरनगर किरतपुर द्वारा श्री विकास कुमार पुत्र श्री शेर सिंह नि० मौहल्ला अम्बेडकरनगर किरतपुर के नाम हुए रजिस्टर्ड बैनामे की छाया प्रति प्रस्तुत कर अपना नाम पालिका गृहकर रिकार्ड के मौहल्ला अम्बेडकरनगर में दर्ज कराने की प्रार्थना की है। अतः प्रभावित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि जिस व्यक्ति को उक्त नाम दर्ज करने में आपत्ति हो तो वह पालिका कार्यालय में इस सूचना प्रकाशन की तिथि से तीस दिवस के भीतर साक्ष्य सहित प्रमाण प्रस्तुत कर दें। अपूर्ण एवं कालातीत आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा तथा विवाद की स्थिति में आवेदन स्वतः ही निरस्त माना जायेगा।
विवरण सम्पत्ति कुल क्षेत्रफल 80.54 वर्ग मी.(आवासीय) वाके मौहल्ला अम्बेडकरनगर किरतपुर परगना किरतपुर बिजनौर।

अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद किरतपुर

बैंक ऑफ़ इंडिया रिश्तों की जमापूँजी

## गाजियाबाद अंचल

### गिरवी रखे गए सोने की सार्वजनिक नीलामी के लिए नोटिस

एतदवारा निम्नलिखित स्वर्ण ऋण उधारकर्ताओं, उनके कानूनी वारिसों, स्वर्ण आभूषणों / गहने/सिक्कों के व्यवसाय में लगे व्यक्तियों और आम जनता के ध्यान में लाया जाता है कि बैंक द्वारा बार-बार अनुस्मारक / नोटिस के बावजूद, निम्नलिखित उधारकर्ता बैंक को अपना बकाया भुगतान नहीं कर रहे हैं।
एतदवारा यह सूचना प्रकाशित की जाती है कि यदि वे अपने संबंधित स्वर्ण ऋण खातों (अद्यतन ब्याज और सभी लागत शुल्क/ व्यय सहित) में अपनी सभी बकाया राशि दिनांक 12.03.2024 तक जमा करने में विफल रहते हैं, तो दिनांक 13.03.2024 को शाम 3.00 बजे उनके गिरवी रखे हुए सोने के आभूषण / गहने/ सिक्के सार्वजनिक नीलामी के लिए शाखा परिसर बैंक ऑफ़ इंडिया में रखे जाएंगे। इसके लिए संबंधित उधारकर्ताओ को हुई किसी भी असुविधा या क्षति के लिए बैंक जिम्मेदार नही होगा और इस संबंध में किसी भी उधारकर्ता के किसी भी आरोप या अभ्यावेदन पर विचार नहीं किया जाएगा।
बोली मे भाग लेने के इच्छुक व्यक्तियों को 500/-(पांच सौ रुपये मात्र) शाखा प्रबंधक के पास निर्धारित समय / तिथि से पहले बयाना राशि के रूप में जमा करना चाहिए। अंतिम बोली में भाग लेने वाले व्यक्तियों को 48 घंटे के भीतर पूरी राशि बैंक में जमा करने में सक्षम होना चाहिए, ऐसा नहीं करने पर बैंक में जमा उनकी बयाना राशि जब्त कर ली जाएगी। बैंक बिना कोई कारण बताए नीलामी को रद्द करने का अधिकार सुरक्षित रखता है, यदि इस प्रकार निकाली गई बोली का मूल्य कम या अपर्याप्त पाया जाता है। इसके अलावा, यदि आवश्यक हो, तो बैंक उपरोक्त निर्धारित नीलामी की तिथि, समय या स्थान को बदलने या बिना कोई कारण बताए उसे रद्द करने का अधिकार सुरक्षित रखता है। प्रचलित दर पर टी डी एस एवं मूल्य पर 3% की दर से जी एस टी लागू/देय होगा।

| शाखा | खाता संख्या | उधारकर्ता का नाम | पता |
|---|---|---|---|
| रामपुर | 692077610000009 | सौरभ बंसल पुत्र अरूण कुमार बंसल | C/8 रामनाथ कॉलोनी गोवन हॉस्पिटल निकट राधा सिनेमा रामपुर-244901 दूरभाष- 9259186609 |
| रामपुर | 692077610000155 | श्रीमति रेशु जैन पत्नी राजीव कुमार जैन | मकान न0- 14 माला सिनेमा रोड इन्दरा कॉलोनी रामपुर दूरभाष- 9259186609 |

## सूचना

मैनें एक दुकान प्रवेश कुमार पुत्र दिग्विजय सिंह निवासी ग्राम बढ़ापुर मितान सिंह पुत्र वत्तू सिंह निवासी लालापुर पीपलसाना से मौजा लालापुर पीपलसाना में स्थित एक दुकान 16/05/2018 तारीख को खरीदी थी। जिसकी वही संख्या 1 जिल्द संख्या 2827 के पृष्ठ संख्या 111 से 124 तक क्रमांक 3668 पर 6 जून 2018 पर दर्ज है। बयनामे की मूल प्रति लेकर वह ठाकुरद्वारा जाते समय कही रास्ते में गुम हो गई। कोई बयनामे की प्रति का दुरुपयोग करता है तो वह अवैध होगा। राजीव सिंह पुत्र किशन सिंह ग्राम लालापुर पीपलसाना तहसील ठाकुरद्वारा मुरादाबाद।

## आवश्यकता है

डी.एल.एड.(बी.टी.सी.), बी.एड.
पाठ्यक्रम में निम्न पदों पर शिक्षण हेतु आवेदन करें

1. प्राचार्य / विभागाध्यक्ष
2. शिक्षा के परिप्रेक्ष्य
3. शिक्षण विषय- गणित, विज्ञान, सा.वि., हिन्दी, अंग्रेजी, संस्कृत, उर्दू
4. स्वास्थ्य तथा शारीरिक शिक्षा
5. ललित कलाएं
6. निष्पादन कलाएं (संगीत/नृत्य/रंगमंच)

योग्यता एवं वेतनमान SCERT/NCTE एवं राज्य सरकार के मानकानुसार । अपना आवेदन अतिशीघ्र पूर्ण करके समस्त मूल प्रमाण पत्रों की छायाप्रति सहित आधार कार्ड एवं पेन कार्ड 10 कार्य दिवस में रजिस्टर्ड डाक द्वारा निम्न पते पर प्रेषित करें।

श्री गोविन्द डिग्री कॉलेज (शिक्षा विभाग)
पो. कुन्दरकी, तह. बिलारी, मुरादाबाद उ0प्र0- 244413
मो. 8923398305, 9411606828

RMC BAREILLY Excellence towards profession

## रोहिलखण्ड मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल

पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली

विशाल चिकित्सा शिविर

हड्डी रोग विभाग | स्त्री रोग विभाग | बाल रोग विभाग
शल्य रोग (सर्जरी) विभाग | मेडिसिन विभाग | चेस्ट एवं टी.बी विभाग

यह सुविधा 15 फरवरी 2024 से 29 फरवरी 2024 तक
समस्त रोगों के इलाज की उच्च स्तरीय सुविधाएं
रजिस्ट्रेशन शुल्क मात्र 20/- रूपये

डॉक्टर द्वारा परामर्श मुफ्त
भर्ती एवं पलंग मुफ्त
मुफ्त सामान्य ऑपरेशन
भर्ती मरीजों की मुफ्त जाँचें
नार्मल व सिजेरियन डिलीवरी मुफ्त
भर्ती मरीजों का एक्स-रे मुफ्त
भर्ती मरीजों का अल्ट्रासाउण्ड मुफ्त
ब्रेन एमआरआई 1500/- में स्पाईन एमआरआई 2000/- में हेड सीटी 800/- में
फाईलेरिया अभियान के अन्तर्गत फाईलेरिया की दवाई रोहिलखण्ड हॉस्पिटल में कमरा नं. 1167 में मुफ्त में मिलेगी।

भर्ती मरीजों की दवाईयाँ भारी छूट पर
रोहिलखण्ड हॉस्पिटल में इम्पैनल्ड संस्थायें

इम्पैनलमेंट संस्थाओं के नाम (कैशलेस-इलाज)
1. आयुष्मान भारत योजना
2. राष्ट्रीय अन्धता नियंत्रण कार्यक्रम (NBCP)
3. हौसला साझेदारी (परिवार नियोजन)
4. सी.ए.आर.आई. (CARI)
5. एक्स-सर्विसमैन कंट्रब्यूटरी हेल्थ स्कीम (ECHS)
6. आई.वी.आर.आई. (IVRI)
7. कर्मचारी राज्य बीमा कारपोरेशन (ESIC)
8. बी.एस.एन.एल.

इम्पैनलमेंट टी.पी.ए. कंपनी (कैशलेस-इलाज)
1. एचडीएफसी एर्गो
2. एरिकसन इंश्योरेंस प्राइवेट लिमिटेड
3. सेफवे इंश्योरेंस टी.पी.ए. प्राइवेट लिमिटेड
4. रिलायंस हेल्थ इंश्योरेंस
5. आदित्य बिरला ग्रुप जनरल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड
6. जेनिन्स इंश्योरेन्स कंपनी लिमिटेड

*T&C Apply

हैल्पलाइन नं. 9520876126, 9045372695, 8171925965
इमरजेंसी भर्ती की सुविधा 24 घंटे उपलब्ध अनुभवी डाक्टरों की देख-रेख में
एन.ए.बी.एच.* 'राष्ट्रीय स्तर' द्वारा प्रमाणित संस्था *एंट्री लेवल

# मतगणना से पहले सपा के मुख्य सचेतक ने ही कर दी बगावत

## इसके बाद विधानभवन स्थित पार्टी कार्यालय में लगी समाजवादी पार्टी विधायक मनोज पांडेय की नेम-प्लेट हटी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** राज्यसभा चुनाव के लिए विधान भवन में मंगलवार को मतदान शुरु होने से पहले ही सपा के ऊंचाहार विधायक मनोज पांडेय ने पार्टी के मुख्य सचेतक पद से इस्तीफा देते हुए भाजपा प्रत्याशी के पक्ष में वोट डालने के संकेत दे दिए। इसके बाद विधानभवन स्थित पार्टी कार्यालय में लगी उनकी नेम-प्लेट भी हटवा दी गई। मनोज पांडेय के अलावा सपा के जिन विधायकों ने भाजपा उम्मीदवारों के पक्ष में मतदान किया उनमें राकेश पांडेय (जलालपुर), राकेश प्रताप सिंह (गौरीगंज), अभय सिंह (गोसाइगंज), विनोद चतुर्वेदी (कालपी), पूजा पाल (चायल) और आशुतोष मौर्य (बिसौली) शामिल रहे। जबकि सपा विधायक महाराजी देवी मतदान में अपनी उपस्थिति नहीं दर्ज करा सकीं।

सपा के विधायकों ने ही नहीं बल्कि बसपा के एकमात्र विधायक उमा शंकर पांडेय ने भी राज्यसभा चुनाव में भाजपा प्रत्याशी को वोट



विधानभवन स्थित सपा पार्टी कार्यालय से मनोज पांडे की नेम प्लेट हटाता एक व्यक्ति।

किया है। मतदान के बाद उन्होंने कहा कि विपक्ष के लोगों ने मुझसे वोट देने के लिए नहीं कहा इसलिए मैंने भाजपा प्रत्याशी को वोट किया। भाजपा प्रत्याशी संजय सेठ ने मुझसे समर्थन मांगा था। वहीं, भाजपा प्रत्याशी को वोट देने वाले सपा विधायक मनोज पांडेय ने खरीद-फरोख्त के आरोपों को नकार दिया है। उन्होंने सपा के राष्ट्रीय महासचिव शिवपाल सिंह यादव के आरोप पर कहा कि राजनीति में आरोप लगते रहते हैं। जनसत्ता दल के अध्यक्ष रघुराज प्रताप सिंह उर्फ राजा भैया ने भी अपने व अपने एक विधायक के भाजपा प्रत्याशी को वोट किया। वहीं, रालोद के सभी नौ विधायकों ने एनडीए प्रत्याशियों के लिए मतदान किया।

### रालोद के सभी विधायकों ने संजय सेठ को किया वोट

लखनऊ। राज्यसभा चुनाव में एक-एक विधायक पर लोगों की निगाहें टिकी थीं। हाल ही में सपा से अलग होकर एनडीए का हिस्सा बने रालोद के सभी नौ विधायकों ने एकजुट होकर भाजपा के संजय सेठ के पक्ष में मतदान किया। मतदान के बाद सभी ने विक्ट्री का इशारा करते हुए, फोटो भी खिंचवायी। इसके बाद विधायकों ने लोकभवन में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात की। विधायक संजीव बालियान ने बताया कि राष्ट्रीय अध्यक्ष जयंत चौधरी के निर्देशानुसार हम सभी लोगों ने भाजपा समर्थित उम्मीदवार को वोट दिया है।

### क्रॉस वोटिंग करने वाले सपा विधायकों पर फूटा गुस्सा

लखनऊ। राज्यसभा चुनाव में मंगलवार को सपा विधायकों ने क्रास वोटिंग की। इससे नाराज कार्यकर्ताओं ने विधायकों का पुतला फूंका। लखनऊ के परिवर्तन चौक पर विधायकों के खिलाफ मुर्दाबाद के नारे लगाए। लखनऊ विश्वविद्यालय गेट नंबर-एक के सामने भी पुतला फूंका गया। सपा समर्थकों ने विधायक मनोज पांडेय, अभय सिंह, राकेश कुमार पांडेय और पूजा पाल के खिलाफ विरोध जताया। वहीं दूसरी ओर राज्यसभा चुनाव में भाजपा को मिली बड़ी जीत का भाजपा पार्टी दफ़्तर में नेताओं और कार्यकर्ताओं ने जश्न मनाया। ढोल बजने के बीच नाचगाने के साथ मिठाई बांटी गई।

### सपा को कांग्रेस के वोटों के साथ कुल 100 वोट ही मिले

लखनऊ। राज्यसभा के चुनाव में भाजपा को अपने सहयोगी दलों और सपा के क्रॉस वोटों के बाद कुल 294 विधायकों के वोट हासिल हुए। जबकि समाजवादी पार्टी को कांग्रेस के वोटों के साथ और राजभर की पार्टी में सेंध के बावजूद प्रथम वरीयता के कुल 100 वोट ही मिल पाए। सपा की तरफ से 7 वोट क्रॉस हुए और एक विधायक यानी महराजी देवी प्रजापति वोट देने नहीं आई। कुल वोट जो गिने गए उनको संख्या 394 है।

### मतदान के खास दृश्य

- अपना दल के विधायक नील रतन पटेल एंबुलेंस से मतदान करने के लिए पहुंचे। कोरोना संक्रमित नील रतन सिविल अस्पताल लखनऊ में भर्ती हैं।
- सुभासपा विधायक ने मतदान एजेंट पर मत पत्र छीनने का आरोप लगाया। सुभासपा के जगदीश राय ने जब सपा प्रत्याशी को वोट कर मतपत्र दिखाया तो ऐसा दृश्य पैदा हुआ।
- मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी राज्यसभा के द्विवार्षिक चुनाव में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करते हुए विधान भवन के तिलक हॉल में मतदान किया और पार्टी के सभी प्रत्याशियों की विजय के लिए हार्दिक मंगलकामनाएं दी।
- अचानक संजय सेठ ने विक्ट्री साइन बनाकर अपनी जीत का एलान कर दिया । दरअसल, खबर फैली कि हंडिया से सपा विधायक हाकिम चंद्र बिंद ने उनके समर्थन में वोट किया। हालांकि बाद में बिंद ने स्पष्ट किया कि उनका वोट सपा को गया है।
- उप्र. की 10 सीटों पर हुए राज्यसभा चुनाव की वोटिंग खत्म हो जाने के बाद कुल 395 वोट पड़े माने गए। वहीं चुनाव आयोग की अनुमति नहीं मिलने के चलते काफी देर तक मतगणना रूकी रही। मतदान में सुबह से ही भाजपा के संगठन महामंत्री धर्मपाल सिंह भी भाजपा के विधानमंडल दल कार्यालय में मौजूद दिखे। वह हर एक वोट पर नजर रखे हुए थे। लगातार विधायकों से भी मिल रहे थे।
- मतगणना शुरू होने के बाद सपा और सुभासपा ने आरोप लगाते हुए आपत्ति की। सुभासपा ने अपने विधायक पर बिना दिखाए वोट डालने का आरोप लगाया। इस कारण मतगणना थोड़ी देर के लिए रुकी रही।
- सूत्रों के मुताबिक, सपा के सभी 7 विधायकों ने संजय सेठ के पक्ष में क्रॉस वोटिंग की है। सपा ने जया बच्चन और रामजीलाल सुमन के लिए 40-40 वोट अलॉट किए थे, लेकिन जया बच्चन को सुभासपा विधायक के समर्थन से 41 वोट मिले हैं।

# सिपाही भर्ती परीक्षा में पेपर लीक मामले का मास्टर माइंड पकड़ से बाहर

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- एसटीएफ पकड़े गए अभियुक्तों से उगलवा रही राज

**अमृत विचार :** सिपाही भर्ती परीक्षा निरस्त होने के तीन दिन बाद भी पेपर लीक मामले का मास्टर माइंड फिलहाल पकड़ से दूर हैं, लेकिन अभी तक मिले सबूत और पकड़े गए लोगों से पूछताछ के बाद मिले इनपुट के आधार पर एसटीएफ को जल्दी ही बड़ी कामयाबी की उम्मीद है।

दरअसल, एसटीएफ पकड़े गए लोगों से पूछताछ में मिली जानकारियों की कड़ी से कड़ी जोड़कर असल गुनाहगार तक पहुंचने की कोशिश में हैं। उप्र के अलावा दूसरे राज्यों से तार जुड़ने के चलते एसटीएफ की टीमें उन राज्यों में भी धर-पकड़ कर रही है। गुनाहगारों तक पहुंचने में एसटीएफ के सामने एक जो बड़ी दिक्कत आ रही है, वह यह कि गिरफ्तारी से पहले कई आरोपियों ने अपने-अपने मोबाइल से वाट्सएप का डाटा डिलीट कर दिया था। अब एसटीएफ उनका डेटा वापस कराने का प्रयास कर रही है। ताकि पेपर लीक मामले से जुड़े गिरोह लोगों के बारे में जानकारी मिल सके।

एसटीएफ सूत्रों के मुताबिक अभ्यर्थियों को पेपर बेचने के आरोपी कानपुर के वकील आशीष सचान से पूछताछ में जिस युवक का नाम सामने आया है, वह भी इस कांड से परदा उठाने में मजबूत कड़ी साबित होगा। पता चला है कि एक गांव के रहने वाले उसी युवक ने सिपाही भर्ती का पेपर आशीष सचान के पास पहुंचाया था। परीक्षा की तारीख से एक रात पहले ही उसे साल्व्ड पेपर उपलब्ध हो गया था। एसटीएफ उस युवक तक पहुंचने की कोशिश कर रही है।

# बायोमेट्रिक अटेंडेंस न देने वाले छात्र परीक्षा से होंगे वंचित

**लखनऊ, अमृत विचार :** निर्देश के बावजूद छात्र-छात्राओं की उपस्थिति बायोमेट्रिक न लेने वाले नर्सिंग व पैरामेडिकल प्रशिक्षण केन्द्रों के रवैये पर स्टेट मेडिकल फैकल्टी ने नराजगी व्यक्त की है, साथ ही निर्देश दिये हैं कि निर्देशानुसार मार्च माह से सभी छात्रों की बायोमेट्रिक उपस्थिति ही मान्य की जायेगी, अन्यथा वार्षिक परीक्षा में बैठने का मौका नहीं मिलेगा।

उप्र. स्टेट मेडिकल फैकल्टी के सचिव डॉ.अलोक कुमार ने बताया कि नर्सिंग व पैरामेडिकल पाठ्यक्रम की पढ़ाई करने वालों के लिए बायोमेट्रिक अटेंडेंस अनिवार्य है, इस बाबत मई 2023 में सभी कॉलेज व संस्थानों को पत्र भी प्रेषित किये गये थे, बावजूद तमाम केन्द्रों द्वारा विभाग के सर्वर पर डाटा लोड नहीं किया जा रहा है।

# मास्टरमाइंड से नकदी व जेवरात बरामद

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- श्रम विभाग के पोर्टल से गबन मामले में मुख्य आरोपी से की बरामदगी

**अमृत विचार :** श्रम विभाग के पोर्टल से एक करोड़ रुपये की धोखाधड़ी मामले में साइबर सेल और क्राइम ब्रांच ने मास्टरमाइंड उदित मिश्रा को रिमांड पर लेकर नई जानकारियां हासिल की हैं। गबन की रकम से खरीदे गए जेवर और कुछ कैश भी बरामद किया है। इस मामले में कुछ दिन पूर्व क्राइम ब्रांच ने मास्टरमाइंड और उसकी प्रेमिका के साथ चार अन्य आरोपियों को छत्तीसगढ़ और उत्तरप्रदेश के अलग-अलग जगहों से गिरफ्तार किया था। उनके पास से कैश और अन्य माल की बरामदगी हुई थी।

एक फरवरी 2024 को अपर श्रमायुक्त कानपुर मंडल कल्पना श्रीवास्तव ने पुलिस को तहरीर दी थी कि साइबर अपराधियों ने कन्या विवाह सहायता योजना के अंतर्गत अनुदान के फर्जी आवेदन कर उनकी आईडी व अधिकारियों के फर्जी डिजिटल सिग्नेचर का प्रयोग कर डीएलसी तथा एलसी की आईडी को स्किप करते हुए 196 अपात्र श्रमिकों के खाते में प्रति श्रमिक 55 हजार रुपये की दर से लगभग एक करोड़ सात लाख अस्सी हजार की धनराशि का ट्रांसफर कर लिया था। जिसके बाद साइबर थाना में मुकदमा पंजीकृत कर घटना के खुलासे के लिए पुलिस कमिश्नर अखिल कुमार के आदेश पर सर्विलांस तथा स्वाट टीम समेत चार टीमों का गठन किया था। इस घटना के मास्टरमाइंड उदित मिश्रा निवासी सजेती व हाल पता पारा थाना लखनऊ और उसकी प्रेमिका नैंसी ठाकुर निवासी महाराष्ट्र के अलावा अंकित मिश्रा, मोहम्मद यासीन, ललित कश्यप, विनय दीक्षित को गिरफ्तार किया गया था। न्यायालय के आदेश पर पुलिस ने 26 फरवरी को मास्टरमाइंड उदित मिश्रा को रिमांड पर लिया था। क्राइम ब्रांच के अनुसार उदित मिश्रा से गहनता से पूछताछ की गई। उसने बताया कि गबन के काफी सबूत एक पेन्ड्राइव में हैं। गबन के बाद करीब 25 लाख 55 हजार रुपये एटीएम व चेक के माध्यम से निकाल लिए गए थे। जिसमें से कुछ हिस्सा अपने साथियों में बंटवारा कर लिया गया था और कुछ धनराशि से ज्वैलरी खरीद ली गयी। उसकी निशानदेही पर लखनऊ में स्थित फ्लैट से सोने की ज्वैलरी चार कंगन, एक जोड़ी झाला, दो चेन लगभग 3 लाख रुपये कीमत के जेवरात, एक लाख रुपये नगद व एक पेन्ड्राइव बरामद की गई। इसके बाद उसके पैतृक घर सजेती जाकर जानकारी जुटाई गई। मास्टरमाइंड उदित मिश्रा से मिली जानकारी के आधार पर घटना में शामिल अन्य साथियों की तलाश में पुलिस टीमें लगाई गई हैं।

# मेरठ में कारखाने का बॉयलर फटा, दो कर्मचारियों की मौत

**मेरठ, अमृत विचार :** जिले में एक टायर कारखाने में मंगलवार सुबह बॉयलर के फटने से दो कर्मचारियों की मौत हो गयी और अन्य तीन लोग घायल हो गए। घटना सुबह करीब साढ़े पांच बजे थाना इंचौली क्षेत्र के गांव फिटकरी से तीन किलोमीटर दूर स्थित कारखाने में हुई जहां पुराने टायर को गलाकर तेल, राख, तार अलग किए जाते हैं। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) रोहित सिंह सजवाण ने बताया कि सुबह अचानक बॉयलर फट गया जिसकी चपेट में आए शंकर (30) और प्रवीण (22) की मौत हो गयी और अन्य तीन लोग घायल हो गए। उन्होंने बताया कि घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है जहां उनकी हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है। हादसे का शिकार हुये सभी लोग गांव किशोरीपुरा के निवासी थे।

# संवेदनशील मामलों में लापरवाही न बरते ट्रिब्यूनल

विधि संवाददाता, प्रयागराज

**अमृत विचार :** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने संवेदनशील मामलों में मोटर एक्सीडेंट क्लेम ट्रिब्यूनल के विवेकहीन और यांत्रिक व्यवहार पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि बिना सोचे-समझे यांत्रिक रूप से आदेश पारित करना ट्रिब्यूनल का निहायत ही लापरवाह रवैया प्रदर्शित करता है। जहां परिवार अपने किसी सदस्य को खो देता है और आर्थिक दबाव झेल रहा होता है, ऐसे में ट्रिब्यूनल द्वारा मामले की तत्कालिकता को न समझना उसकी असंवेदनशीलता जाहिर करता है।




इस संबंध में सुप्रीम कोर्ट ने एक मामले में दिशा-निर्देश जारी किया था, जिससे दावेदारों विशेषकर नाबालिगों और निरक्षर लोगों के हितों की रक्षा की जा सके। इसका यह अर्थ नहीं है कि याचियों के आवेदन पर विचार करते समय ट्रिब्यूनल को कठोर हो जाना चाहिए। उक्त आदेश न्यायमूर्ति मनीष कुमार निगम की पीठ ने ऐदल सिंह और एक अन्य की याचिका को स्वीकार करते हुए पारित किया। मौजूदा मामले में याचियों ने वर्ष 2015 में अपने बेटे को खो दिया। उस समय उन पर विवाह योग्य तीन बच्चों की जिम्मेदारी थी। वर्ष 2015 में हुई दुर्घटना का अवार्ड वर्ष 2017 में पारित किया गया और पैसा फिक्स डिपॉजिट में निवेश कर दिया गया। याचियों ने जून 2023 में बेटी की शादी हेतु फिक्स्ड डिपॉजिट में जमा धनराशि जारी करने के लिए आवेदन दाखिल किया। कोर्ट ने भी माना कि फिक्स्ड डिपॉजिट में निवेश बरकरार रखने का निर्देश नहीं दिया जा सकता है। याची प्रार्थना के अनुसार राशि पाने के हकदार हैं। अतः ट्रिब्यूनल को निर्धारित धनराशि और उस पर अर्जित ब्याज तुरंत याचियों को देने का निर्देश दिया गया।

# प्रदेश को सबसे कम दुर्घटनाओं वाला राज्य बनाने का लक्ष्य: जितिन

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** प्रदेश को देश का ही नहीं बल्कि विश्व में सबसे कम सड़क दुर्घटनाओं वाला राज्य बनाने का लक्ष्य है। सरकार की शीर्ष प्राथमिकता में सड़क सुरक्षा शामिल हैं। हादसों को रोकने के लिए कई उपाय उठाये जा रहे हैं। पीडब्लूडी, परिवहन, स्वास्थ्य, शिक्षा और पुलिस सहित अन्य विभाग के साथ कई संस्थाएं इस दिशा में काम कर रहीं हैं। यह बातें लोक निर्माण मंत्री जितिन प्रसाद ने कही।

मंगलवार राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के समापन पर विश्वेश्वरैया हाल में आयोजित पुरस्कार वितरण समारोह में उन्होंने सड़क सुरक्षा को लेकर जन सामान्य से सावधान रहने को कहा। कार्यक्रम में परिवहन राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दयाशंकर सिंह विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहे। जितिन प्रसाद ने निर्देश दिए कि सड़क हादसों को रोकने के लिए हाईवे पर अवैध कट बंद किए जाए। रोड इंजीनियरिंग पर विशेष ध्यान दिया जाये। सड़कों पर रम्बल स्ट्रीप्स और साइनेज अवश्य लगाए जाए। इस मौके पर परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह ने कहा कि दुर्घटनाओं में हो रही मृत्यु से स्पष्ट है कि सड़क सुरक्षा के नियमों का पालन नहीं किया जा रहा है। अधिकारी सड़क सुरक्षा के नियमों की अनदेखी करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करें। सड़क हादसों को कम करने को सुरक्षा व्यवस्था के लिए अलग से टीम गठित करने की स्वीकृति मुख्यमंत्री ने दे दी है।



राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के समापन कार्यक्रम में शामिल परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह और लोक निर्माण मंत्री जितिन प्रसाद। ● अमृत विचार

# संविदा बिजली कर्मियों ने किया शक्ति भवन पर विरोध प्रदर्शन

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- पावर कारपोरेशन के अध्यक्ष को 16 सूत्रीय ज्ञापन सौंपा

**अमृत विचार :** लंबित मांगों के पूरा न किये जाने के विरोध में संविदा बिजली कर्मियों ने मंगलवार को शक्ति भवन के सामने सत्याग्रह आंदोलन कर विरोध प्रदर्शन किया। बाद में कर्मियों के प्रतिनिधिमंडल ने 16 सूत्री ज्ञापन उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन के अध्यक्ष डॉ आशीष गोयल को सौंपा।

विद्युत संविदा कर्मचारी महासंघ उप्र के आह्वान पर प्रदेश के विभिन्न जिलों से सैकड़ों संविदा बिजली कर्मी सुबह नौ बजे शक्ति भवन के सामने पहुंचे और प्रबंधन के खिलाफ नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया। शाम को महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष आरएस राय के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ऊर्जा निगमों के अध्यक्ष आशीष गोयल से मिला और उन्हें 16 सूत्री मांगों का ज्ञापन दिया। ज्ञापन में संविदा श्रमिकों को 18 हजार और लाइनमैन व उपकेंद्र परिचालक को 22 हजार वेतन दिये जाने, हटाए गए निर्दोष आउटसोर्स कर्मियों को बहाल किए जाने, संविदा कर्मियों की मृत्यु पर 10 लख रुपए का मुआवजा दिए जाने, सभी जिलों में ईएसआई की सुविधा देने, खाली पड़े 70 हजार पदों पर संविदा कर्मियों को समायोजित किए जाने आदि मांग की गई। अध्यक्ष ने महासंघ के साथ अगले सप्ताह वार्ता कर मांगों का समाधान निकालने का आश्वासन दिया। प्रतिनिधिमंडल में महासंघ के प्रमुख नेताओं मे मोहम्मद काशिफ, भोला सिंह कुशवाहा, पुनीत राय, योगेश सिरोही, राम भूल सैनी, रियाजुद्दीन, राजेश्वर सिंह, अशोक राय आदि शामिल थे।


## वर्ग पहेली-356

**बाएं से दाएं**

4.1. नीली कुईं, कोका, इंदीवर 2. पृथ्वी, भूमंडल।
5.1. घुल-मिल जाना 2. पूर्ण होना 3. मिलना।
7.1. व्यक्ति

**ऊपर से नीचे**

1. शौच कराना, किसी अन्य को मल त्याग कराना।
2.1. तुलना के योग्य 2. जिससे तुलना की जा सकती हो।
3.1. देखने में सुंदर और भला लगने वाला 2. सुंदर, ख़ूबसूरत 3. मनोरम 4. प्रियदर्शन।
4.1. किसी विश्वविद्यालय का प्रधान अधिकारी; (वाइस चांसलर) 2. पितृसत्तात्मक व्यवस्था के अंतर्गत किसी कुल या परिवार का स्वामी, मुखिया 3. प्राचीन काल में गुरुकुल का प्रधान अधिकारी जो छात्रों की शिक्षा और भोजन आदि की व्यवस्था करता था।
6. जानवरों को होने वाला एक रोग।



### वर्ग पहेली - 355 का हल

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 कि | | | | | |
| र | | 2 छि | 3 गु | नी | |
| कि | | | ज | | |
| री | | 4 अ | रा | ड़ | |
| | 5 जं | भि | त | | 6 म |
| 7 यू | | ग | | | ह |
| रो | | 8 म | ज़ | कू | री |

## सुडोकू-73

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 3 | 7 | 9 | | | 8 |
| | | 7 | | | | 4 | | |
| 2 | | 9 | | 6 | 4 | | | |
| 4 | | | | 1 | | 6 | | |
| | | 2 | | | | 9 | | |
| | | 1 | | 8 | | | | 3 |
| | | 6 | 8 | 3 | | 2 | | 5 |
| | | 8 | | | | 1 | | |
| 5 | | | 2 | 4 | 1 | | | |

### सुडोकू - 72 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 5 | 6 | 8 | 7 | 9 | 2 | 1 | 4 |
| 8 | 2 | 9 | 5 | 1 | 4 | 3 | 6 | 7 |
| 7 | 4 | 1 | 2 | 3 | 6 | 9 | 8 | 5 |
| 5 | 8 | 7 | 4 | 2 | 3 | 6 | 9 | 1 |
| 1 | 6 | 4 | 9 | 8 | 7 | 5 | 2 | 3 |
| 9 | 3 | 2 | 6 | 5 | 1 | 4 | 7 | 8 |
| 4 | 9 | 3 | 1 | 6 | 8 | 7 | 5 | 2 |
| 2 | 7 | 8 | 3 | 9 | 5 | 1 | 4 | 6 |
| 6 | 1 | 5 | 7 | 4 | 2 | 8 | 3 | 9 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 28 फरवरी, बुधवार 2024 संवत-2080, शक संवत 1945 मास-फाल्गुन, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि-चतुर्थी 29 फरवरी 04.18 तक तत्पश्चात पंचमी।

### आज का पंचांग




दिशाशूल- उत्तर। ऋतु-वसंत।
चन्द्रबल-मेष, कर्क, कन्या, वृश्चिक, धनु, मीन।
ताराबल-अश्विनी, कृत्तिका, रोहिणी, मृगशिरा, आर्द्रा, पुष्य, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, स्वाति, अनुराधा, मूल, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद।
नक्षत्र-हस्त 07.33 तक तत्पश्चात चित्रा।

**मेष** आज परिवार और कारोबार दोनों में ही अच्छा तालमेल बनाकर रखेंगे। जीवनसाथी से महत्वपूर्ण विषयों पर सलाह लेना हितकर होगा। पाचन की कमजोरी के कारण अपच और उल्टी जैसी समस्या हो सकती है।

**वृष** आज कार्यक्षेत्र में आपको अपनी गुणवत्ता का ध्यान रखना चाहिए। आत्मविश्वास के साथ अपने काम करेंगे। नकारात्मक बातों पर ज्यादा ध्यान न दें। नए प्रेम संबंधों में तनाव होने के योग बन रहे हैं। दिन के उत्तरार्ध में कोई बड़ा काम पूरा हो सकता है।

**मिथुन** आज दिन की शुरुआत थोड़ी कमजोर रहेगी। त्वरित निर्णय लेने से व्यवसाय में प्रगति हो सकती है। साझेदारी संबंधि कार्यों में आपको काफी ज्यादा ध्यान देना होगा। आपको अपनी गलतियों को सुधारने के कई मौके मिलेंगे।

**कर्क** आज महत्वपूर्ण यात्रा होने के योग बन रहे हैं। आत्मविश्वास की कमी के कारण निर्णय गलत हो सकते हैं। भाई-बहनों के साथ संबंध मधुर रहेंगे। कार्यक्षेत्र में राजनीति का सामना करना पड़ेगा। धन से जुड़े मामलों को लेकर भाग्यशाली रहेंगे।

**सिंह** आज बॉस आपके ऊपर नाराज हो सकते हैं। जॉब को लेकर थोड़े परेशान हो सकते हैं। विद्यार्थियों का मन पढ़ाई में नहीं लगेगा। दोपहर के पहले कुछ अनचाही स्थितियों का सामना करना पड़ेगा, लेकिन अचानक से स्थितियां आपके पक्ष में आती हुई प्रतीत होंगी।

**कन्या** आज आपके सामाजिक संबंध प्रगाढ़ होंगे। गलत खान-पान के कारण स्वास्थ्य समस्या हो सकती है। नया व्यापार शुरू करने की योजना को आकार दे सकते हैं। जीवनसाथी आपके मनोबल को बढ़ायेगा। अपनी शक्ति का सकारात्मक प्रयोग करेंगे।

**तुला** आज महत्वपूर्ण दस्तावेजों को संभाल कर रखें। बच्चों के व्यवहार से कुछ चिंतित हो सकते हैं। नए विषयों को सीखने की कोशिश करेंगे। परिवार में आपके गुणों की प्रशंसा होगी। आपके ऊपर जिम्मेदारियां बढ़ने वाली है।

**वृश्चिक** आज आपको ऐसे व्यक्तियों से मिलना पड़ सकता है ,जो आपके व्यक्तित्व को काफी प्रभावित करने वाले हैं। आवश्यक कार्यों को शाम से पहले पूरा कर लेना हितकर होगा। बेकार की बहसों से बचने का प्रयास करें।

**धनु** आज सभी जरूरी काम पूरे करने की कोशिश करेंगे। छोटी-छोटी परेशानियों से निजात मिलेगी। जीवनसाथी के साथ रिश्ते बहुत प्रगाढ़ होंगे। सामाजिक आयोजन में आप भागीदारी कर सकते हैं। मित्रों से शुभ सूचना आपको प्राप्त हो सकती है।

**मकर** आज अपने जीवन-स्तर को ऊंचा करने की दिशा में प्रयास करेंगे। भोग-विलास में आप काफी धन खर्च कर सकते हैं। जीवन से सभी क्षेत्रों में आपका प्रदर्शन बेहतरीन रहने वाला है। तकनीकी क्षेत्र से जुड़े लोगों के लिए शुभ दिन सिद्ध होगा।

**कुंभ** आज अनावश्यक लोगों के साथ विचार-विमर्श कर समय बर्बाद न करें। कुछ लोग आपके हितैषी होते हुए भी आपकी आलोचना करेंगे। बोलचाल में विनम्र भाषा का प्रयोग करें। मित्रों के स्वभाव में कुछ बदलाव देखने को मिलेगा।

**मीन** आज दिन की शुरुआत अच्छी रहेगी। नया कार्य शुरू करने के लिए दिन अच्छा नहीं है। व्यापार में अड़चनें आ सकती हैं। सहकर्मियों से भी आपको परेशान होना पड़ सकता है। लोगों के बीच आपका व्यवहार काफी सराहा जाएगा।

## आज की फिल्में

B4U MOVIES
- होते होते प्यार हो गया — सुबह : 11.39
- कीमत — रात : 07.07

SONY MAX
- लगे रहो मुन्ना भाई — सुबह : 10.12
- विश्वासघात — रात : 10.04

SONY PIX
- लाइफ — सुबह : 10.48
- जिओस्ट्रोम — रात : 09.00

ZEE CINEMA
- हाईजेक — सुबह : 10.30
- विजय द मास्टर — रात : 07.30

colors CINEPLEX
- जुर्माना — दोपहर : 12.31
- फिर हेरा फेरी — रात : 09.58

### आज की सुपरहिट फिल्म




सोनी मैक्स पर सुबह-10.12 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

पति -मेरे सीने में बहुत दर्द हो रहा है, जल्दी से एम्बुलेंस के लिए फोन लगाओ।
पत्नी- हां, लगाती हूं, जल्दी अपने मोबाइल का पासवर्ड बताओ
पति- रहने दो, अब थोड़ा ठीक लग रहा है।

पप्पू ने गली के कोने में कचरा फेंक दिया। थोड़ी देर बाद वो घूम फिर कर गली में ही वापस आया, तो मोहल्ले वाले आपस में लड़ने लगे कि, कचरा किसने फेका!
एक औरत ने गुस्से से कहा-फेंका होगा किसी कुत्ते के बच्चे ने।
पप्पू हंसा और बोला- कचरा मैंने फेंका और नाम कुत्ते के बच्चे का आ गया।

| बाजार | सेंसेक्स | निफ्टी |
|---|---|---|
| बंद हुआ | 73,095.22 | 22,198.35 |
| बढ़त | 305.09 | 76.30 |
| प्रतिशत में | 0.42 | 0.34 |

# कारोबार/कृषि

अमृत विचार
www.amritvichar.com
मुरादाबाद, बुधवार, 28 फरवरी 2024

## मैंथा बाजार भाव

**रामपुर-** शिवालिक 990 फ्लैग 1100 डीएमओ 870 बोल्ड 1135, **सम्भल-चन्दौसी-** शिवालिक 1000 फ्लैग 1135 बोल्ड 1160 डीएमओ 910।

## मुरादाबाद मंडी

**दाल चना:** 75 से 76 रुपये, मसूर: 88 से 90 रुपये, मलका: 82 से 85 रुपये, अरहर: 118 से 125 रुपये, उड़द: 95 से 101 रुपये, धोआ उड़द: 110 से 120 रुपये, मूंग धोआ: 104-106 रुपये, मूंग छिलका: 102 रुपये, मूंग साबुत: 100 रुपये, चना देसी: 80 रुपये चना काबुली: 145 से 160 रुपये, राजमा लाल: 155 रुपये, राजमा चित्रा: 145 रुपये, लोबिया लाल 94 रुपये।

## बरेली मंडी

**वनस्पति तेल तिलहन:** तुलसी 1835, राज श्री 1350, फॉर्चून कि. 1720, रुचिरा 1760, फॉर्चून ली० 1570, जय जवान 1420, सचिन 1485, सूरज 1445, अवसर 1575, राग गोल्ड 1550, गृहणी 1475, क्लासिक (किलो) 1670, मोर 1565, चक टिन 1650, ब्लू 1585, आशीर्वाद मरदई 1575, स्वास्तिक 1805। किराना- (प्रतिकु.) हल्दी निजामाबाद 14700, जीरा 41000, लाल मिर्च 20000-24000, धनिया 9000-10000, अजवायन 16000-24000, मेथी 8600, सौंफ 15000-20000, सोंठ 41500, (प्रतिकि०) लौंग 920-1000, बादाम 580-680, काजू 2 पीस 600, किसमिस पीली 140-180, मखाना 650-950। चावल-(प्रति कु) डबल चाबी सेला 10300, स्पाइस 7700, शरबती कच्ची 5200, शर्बती स्टीम 5600, डायमंड मंसूरी 4300, महबूब सेला 4650, गौरी रॉयल 9500, राजभोग 7450, हरी पत्ती (1 किलो, 5 किलो) 10600, हरी पत्ती नेचुरल ग्या 10500, जैनिथ 10700, गलेक्सी 7400, सूमो 3900, पतंजलि गोल्डन सेला 8000, मंसूरी पनघट 4350।

## सर्राफा

| | |
|---|---|
| **कानपुर** | |
| चांदी 999 (प्रति किलो) | 72,000 |
| चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 82,500 |
| चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल | 87,500 |
| सोना बिस्कुट (दस ग्राम) | 64,000 |
| गिन्नी (प्रति नग) | 47,650-47,850 |
| **लखनऊ** | |
| सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम) | 64,200 |
| सोना रवा (प्रति 10 ग्राम) | 64,050 |
| गिन्नी (प्रति 10 नग) | 42,500 |
| चांदी (999) | 72,000 |
| चांदी तैयार | 72,100 |
| चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 80,000 |
| **बरेली** | |
| सोना जेवरात पक्के | 63,900 |
| सोना जेवरात गिन्नी | 62,900 |
| चांदी पक्की | 704 (अनुमानित) |
| **मुरादाबाद** | |
| सोना 24 कैरेट | 64,100 |
| चांदी आभूषण | 72,200। |

# मोदी के तीसरे कार्यकाल में भी जारी रहेंगे सुधार कार्य

## वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने उद्योग निकाय फिक्की की ओर से आयोजित कार्यक्रम में किया आश्वस्त

नई दिल्ली, एजेंसी

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने मंगलवार को भारतीय उद्योग जगत से खुद को 2047 तक 'विकसित भारत' के लक्ष्य के साथ जुड़ने का आह्वान किया। उद्योग निकाय फिक्की की ओर से आयोजित 'विकसित भारत @ 2047: विकसित भारत व उद्योग' सत्र को संबोधित करते हुए, मंत्री ने उद्योग जगत को आश्वस्त किया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अगुवाई वाली सरकार के तीसरे कार्यकाल में भी सुधार जारी रहेंगे।

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने फिक्की के कार्यक्रम में कहा कि कोई भी देश डिजिटल इंफ्रा के बिना विकास का लक्ष्य हासिल नहीं कर सकता। उन्होंने कहा कि हम डेवलपमेंट गोल के साथ आगे बढ़ेंगे। वित्त मंत्री ने कहा कि सरकार डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर पर फोकस कर रही है। उन्होंने कहा कि सरकार एआई के क्षेत्र में इनोवेशन और निवेश को बढ़ावा देगी। कार्यक्रम के दौरान केंद्रीय मंत्री ने कहा कि सरकार स्पेस सेक्टर में भी निवेश को बढ़ावा देगी।



फिक्की के कार्यक्रम में मौजूद सीतारमण, केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर व अन्य।

अप्रैल-मई में होने वाले आम चुनावों के बाद नई सरकार का गठन होगा और भाजपा को विश्वास है कि प्रधानमंत्री मोदी प्रचंड बहुमत के साथ सत्ता में लौटेंगे। सीतारमण ने कहा कि भारत पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है और तीसरी सबसे बड़ी वैश्विक अर्थव्यवस्था बनने की राह पर है। पिछले 10 वर्षों के दौरान सरकार की ओर से कई सुधार किए गए हैं और यह प्रवृत्ति जारी रहेगी। उन्होंने कहा कि अगली मोदी सरकार द्वारा किए जाने वाले सुधारों में उत्पादन के कारकों पर ध्यान दिया जाएगा।

### 'विकसित भारत@2047' कार्यक्रम में बोले अनुराग

#### एक दशक में यूपीए से यूपीआई तक का आया बदलाव

**नई दिल्ली।** केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर ने कहा कि सरकार की पहल और उद्योग सहित सभी वर्गों के योगदान से भारत 2047 से बहुत पहले एक विकसित राष्ट्र बन जाएगा। ठाकुर ने फेडरेशन ऑफ इंडियन चैंबर्स ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री (फिक्की) द्वारा आयोजित 'विकसित भारत@2047' सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की साहसिक नीतियों और निर्णयों के कारण भारत दुनिया की पांच नाजुक अर्थव्यवस्थाओं में से एक से हटकर शीर्ष पांच में पहुंच गया है। भाजपा के वरिष्ठ नेता ने कहा कि चुनावों में मिले स्पष्ट जनादेश के कारण प्रधानमंत्री को कठोर निर्णय लेने का अधिकार मिल गया। ठाकुर ने कहा, "यदि आप 2014 पर नजर डालें तो हम दुनिया की पांच नाजुक अर्थव्यवस्थाओं में से एक थे। भ्रष्टाचार के मामले थे। एक खोए हुए दशक से लेकर 'टेकेड' (प्रौद्योगिकी से भरपूर दशक) तक, यूपीए के समय से लेकर यूपीआई (यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस) के समय तक का ये सफर कैसा रहा है, मुझे लगता है कि चीजें बदल गई हैं।"

# देश में कर्मचारियों के वेतन में औसत 10% वृद्धि की उम्मीद

नई दिल्ली, एजेंसी

- सर्वे के मुताबिक, सर्वाधिक लाभ वाहन-विनिर्माण के क्षेत्र में

भारत में कंपनियों द्वारा इस साल कर्मचारियों के वेतन में औसतन 10 प्रतिशत वृद्धि किए जाने की उम्मीद है। मंगलवार को जारी एक सर्वे में यह बात कही गई है। सर्वे में कहा गया है कि सबसे अधिक वेतनवृद्धि का लाभ वाहन, विनिर्माण और इंजीनियरिंग क्षेत्रों में कार्यरत कर्मचारियों को मिलेगा।

मंगलवार को जारी परामर्शक फर्म मर्सर के कुल पारिश्रमिक सर्वेक्षण (टीआरएस) के अनुसार, वर्ष 2023 में औसत वेतनवृद्धि 9.5 प्रतिशत थी। इसमें कहा गया, 'यह प्रवृत्ति भारत के मजबूत आर्थिक प्रदर्शन और नवाचार और प्रतिभा के केंद्र के रूप में इसके बढ़ती आकर्षण को दर्शाती है। भारत में वाहन, विनिर्माण, इंजीनियरिंग और जीवन विज्ञान में कर्मचारियों



को सबसे अधिक वेतनवृद्धि मिलने का अनुमान है। यह इन क्षेत्रों की प्रतिस्पर्धी प्रकृति को दर्शाता है।'

सर्वेक्षण में कहा गया है कि भारत में औसत वेतनवृद्धि 2024 में 10 प्रतिशत तक पहुंचने की उम्मीद है, जो 2023 में 9.5 प्रतिशत की वृद्धि के साथ शीर्ष पर थी। इसमें कहा गया है कि भारत में स्वैच्छिक नौकरी छोड़ने की दर वर्ष 2021 में 12.1 प्रतिशत से धीरे-धीरे बढ़कर वर्ष 2022 में 13.5 प्रतिशत हो गई है।

# ऑनलाइन लोन: चीनी कंपनियों के खिलाफ जांच अंतिम चरण में

नई दिल्ली, एजेंसी

- कॉरपोरेट मंत्रालय के एक वरिष्ठ अधिकारी ने दी जानकारी

एप के जरिये ऑनलाइन कर्ज वितरण से जुड़ी कंपनियों समेत कई चीनी फर्मों के खिलाफ कॉरपोरेट मामलों का मंत्रालय जांच कर रहा है। इनमें से कुछ जांच अंतिम चरण में पहुंच चुकी हैं।

गैरकानूनी ढंग से कर्ज वितरण एप का संचालन करने वाली कंपनियों के खिलाफ हाल में जांच तेज हुई है। इसके अलावा मंत्रालय लाभकारी स्वामित्व को छिपाने के लिए कंपनियों और संबंधित व्यक्तियों के खिलाफ कार्रवाई कर रहा है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि मंत्रालय विभिन्न चीनी कंपनियों खासकर कर्ज एप से जुड़ी कंपनियों के खिलाफ पड़ताल कर रहा है और इनमें से कुछ जांच अंतिम चरण में हैं। अधिकारी के मुताबिक, रिजर्व बैंक और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय समेत अन्य इकाइयों से मिली शिकायतों के आधार पर भी संबंधित कंपनियों के खिलाफ जांच शुरू की जाती है। हालांकि कुछ कंपनियों के वित्तपोषण स्रोतों का पता लगाना कभी-कभी मुश्किल होता है, लेकिन कंपनियों के लाभकारी स्वामित्व का पता लगाने के प्रयास किए जाते हैं।

# वाणिज्यिक वाहनों की बिक्री अगले वित्त वर्ष में 7% तक घटेगी: इक्रा

**नई दिल्ली।** घरेलू वाणिज्यिक वाहन (सीवी) की बिक्री में अगले वित्त वर्ष में उच्च आधार प्रभाव की वजह से चार से 7 प्रतिशत तक की गिरावट आ सकती है। मंगलवार को एक रिपोर्ट में यह अनुमान जताया गया। रेटिंग एजेंसी इक्रा ने कहा कि आम चुनावों से पहले आदर्श आचार संहिता लागू होने के कारण जनवरी-मार्च तिमाही में बुनियादी ढांचागत गतिविधियों में रुकावट के कारण बिक्री कम रह सकती है। एजेंसी ने कहा, "अनुमान है कि वित्त वर्ष 2023-24 में घरेलू सीवी उद्योग की मात्रा में सालाना दो से पांच प्रतिशत की वृद्धि होगी।

# खेती के साथ आय बढ़ाएगी कृषि विकास योजना

प्रशांत सक्सेना, लखनऊ

- सरकार के अधीन विभाग और संस्थाएं करेंगी काम, मिली मंजूरी

अमृत विचार : उत्तर प्रदेश में खेती के साथ किसानों की आय 'राज्य कृषि विकास योजना' बढ़ाएगी। इस योजना को शासन ने स्वीकृति दी है। इसमें कृषि एवं सम्वर्गीय विभाग व संस्थाएं योजनाओं-परियोजनाओं पर काम कर किसानों को लाभान्वित करेंगी। इनके सहयोग से किसानों की आय में गुणात्मक वृद्धि होगी।

इसमें एक जिला एक उत्पाद में मुख्य फसल को शामिल किया जाएगा। जीआई टैग भी दिया जाएगा। इससे उत्पाद को पहचान के साथ बिक्री का प्लेटफार्म मिलेगा। वहीं, राज्य सरकार विभाग



व संस्थाओं को निधि पर 100 प्रतिशत अनुदान देगी। योजना का कृषि विभाग को नोडल नामित किया गया है, जिसकी देखरेख में बजट, भुगतान से लेकर योजनाओं पर सभी काम होंगे। विभाग व संस्थाएं प्रगति रिपोर्ट के साथ खर्च का उपभोग प्रमाण पत्र भी उपलब्ध कराएंगे।

**प्रोत्साहन के लिए करेंगे नई पहल:** कौशल विकास के तहत किसानों को अंतर्राज्यीय व अंतर्राष्ट्रीय प्रशिक्षण, विस्तार सेवाओं के प्रोत्साहन के लिए नई पहल, फार्म मैकेनाइजेशन, सोलर संचाई पंप, कृषि ड्रोन, कंबाइन हार्वेस्टर, प्राकृति खेती, श्री अन्न पर प्रशिक्षण व मेला, प्रदर्शनी, गोष्ठी व कार्यशाला में सम्मलित किया जाएगा। इसके अलावा कृषि एवं संबद्ध क्षेत्र के अंतर्गत नवीन अवसंरचनाओं की आवश्यकता होने पर प्रयोगशाला की स्थापाना, भंडारण सुविधा, मोबाइल मल्टी यूटिलिटी वैन, कृषि निवेश केंद्र, कृषि रक्षा इकाई, कृषि विपणन पर कार्य होंगे।

## राष्ट्रीय

# कांग्रेस-कम्युनिस्ट केरल में दुश्मन, बाकी जगह अच्छे मित्र

## भाजपा की राज्य इकाई की पदयात्रा के समापन समारोह में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दोनों दलों पर किया कटाक्ष

तिरुवनंतपुरम, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने केंद्र में भाजपा के खिलाफ मजबूत विकल्प तैयार करने का प्रयास कर रहे कांग्रेस और कम्युनिस्ट दलों पर कटाक्ष करते हुए, मंगलवार को कहा कि वे केरल में एक-दूसरे के दुश्मन हैं, लेकिन अन्य राज्यों में वे 'बीएफएफ' यानी हमेशा के लिए सबसे अच्छे दोस्त हैं।

मोदी ने यहां सेंट्रल स्टेडियम में भाजपा की राज्य इकाई की पदयात्रा के समापन समारोह में विपक्ष पर निशाना साधते हुए दावा किया कि उसके पास देश की प्रगति के लिए कोई खाका नहीं है। उन्होंने कहा कि विपक्ष यह मान चुका है कि वह इस साल होने वाले लोकसभा चुनाव में जीत नहीं पाएगा, इसीलिए उसके नेता उन्हें भला-बुरा कहने की



रणनीति अपना रहे हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, 'केरल में कांग्रेस और कम्युनिस्ट एक-दूसरे के दुश्मन हैं, लेकिन अन्य राज्यों में वे 'बीएफएफ' हैं।'

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि कांग्रेस ने कम्युनिस्ट मुख्यमंत्री (पिनराई विजयन) पर भ्रष्टाचार एवं घोटालों में शामिल होने का आरोप लगाया और वाम सरकार को फासीवादी करार दिया।

प्रधानमंत्री ने कहा, 'इसके जवाब में कम्युनिस्टों ने कांग्रेस कार्यकर्ताओं पर लाठीचार्ज कराया और उनके पूर्ववर्ती प्रशासनों पर विभिन्न घोटालों में शामिल होने का आरोप लगाया, लेकिन केरल के बाहर 'इंडी' गठबंधन की बैठकों में वे एक साथ बैठते हैं। समोसे और बिस्कुट खाते हैं और चाय पीते हैं।' उन्होंने कहा, 'यानी तिरुवनंतपुरम में वे कुछ और कहते हैं तथा दिल्ली में कुछ और कहते हैं। केरल के लोग आगामी लोकसभा चुनावों में इस विश्वासघात का जवाब देंगे।'

मोदी ने केरल के लोगों से आग्रह किया कि वे आगामी लोकसभा चुनावों में राज्य में उनकी पार्टी को दोहरे अंकों में सीट जिताकर अपना आशीर्वाद दें। उन्होंने कहा कि भाजपा कभी किसी राज्य को वोट बैंक के नजरिए से नहीं देखती। मोदी ने दावा किया कि पिछले 10 साल में केरल को अन्य भाजपा शासित राज्यों की तरह ही विकास से लाभ हुआ है। उन्होंने कहा कि यह उनकी गारंटी है कि वह केरल के लोगों के सपनों और आकांक्षाओं को साकार करने के लिए हरसंभव प्रयास करेंगे। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत को दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने के साथ-साथ देश से गरीबी और भ्रष्टाचार मिटाना 'मोदी की गारंटी' है।

### तमिलनाडु में बोले मोदी- 'इंडिया' गठबंधन ने अपनी हार स्वीकार कर ली

**तिरुपुर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि 'इंडिया' गठबंधन के घटक दलों ने हार स्वीकार कर ली है, लेकिन उनका इरादा लूटने का है। मोदी ने यहां एक जनसभा को संबोधित करते हुए द्रमुक और कांग्रेस की आलोचना की और अन्नाद्रमुक के नेताओं दिवंगत एमजी रामचंद्रन और जयललिता की विरासत का उल्लेख किया। मोदी ने यहां भाजपा की प्रदेश इकाई के अध्यक्ष के. अन्नामलाई की राज्यव्यापी यात्रा 'एन मन एन मक्कल' के समापन समारोह को संबोधित करते हुए विपक्ष पर निशाना साधा और कहा कि पिछले 10 वर्षों के दौरान केंद्र की भाजपा सरकार ने तमिलनाडु में विकास परियोजनाओं के लिए पहले की तुलना में अधिक धनराशि दी है। मोदी ने कहा, 'इंडिया के घटक दलों ने हार स्वीकार कर ली है, लेकिन उनका इरादा लूटने का है। लेकिन लोगों ने ऐसे किसी भी प्रयास को रोकने का मन बना लिया है। तमिलनाडु में भी भाजपा भ्रष्टाचार की राजनीति को खत्म करने की तैयारी कर रही है।"

# बिहार: कांग्रेस के दो व राजद के एक विधायक भाजपा में शामिल

**पटना।** बिहार में कांग्रेस के विधायक मुरारी प्रसाद गौतम, सिद्धार्थ गौतम और राष्ट्रीय जनता दल की विधायक संगीता कुमारी मंगलवार को भाजपा में शामिल हो गईं। भाजपा में शामिल होने के बाद उन्होंने बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और विजय कुमार सिन्हा से मुलाकात की। सम्राट चौधरी से मिलने जाते वक्त जब संगीता कुमारी से पत्रकारों ने पूछा कि क्या वह भाजपा में शामिल हो गई हैं तो उन्होंने कहा- हां।

तेजस्वी यादव की 'जन विश्वास यात्रा' और 3 मार्च को प्रस्तावित रैली से पहले इस पालाबदल को भाजपा की ओर से लोकसभा चुनाव से पहले हर संभव समीकरण साधने के तौर पर देखा जा रहा है। संगीता कुमारी कैमूर जिले की मोहनिया सीट से विधायक हैं। वहीं सिद्धार्थ विक्रम सीट और मुरारी गौतम चेनारी से विधायक हैं।

# परिवारों का उपभोग खर्च सर्वे चुनाव से प्रेरित: खरगे

नई दिल्ली, एजेंसी

- कांग्रेस अध्यक्ष मोदी सरकार पर लगाए आरोप

कांग्रेस ने हाल में आए उपभोग खर्च सर्वे को 'चुनाव से प्रेरित और भ्रामक सर्वे' करार देते हुए मंगलवार को दावा किया कि सरकार ने गरीबी के विषय पर अपनी पीठ थपथपाने की नाकाम कोशिश की है, जबकि हकीकत यह है कि आज 80 करोड़ से अधिक लोगों को मुफ्त राशन दिया जा रहा है। पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने यह भी कहा कि अगर केंद्र में 'इंडिया' गठबंधन की सरकार बनती है तो देश में जाति आधारित जनगणना करवाई जाएगी ताकि सही आंकड़ा एकत्र हो सके।

राष्ट्रीय नमूना सर्वेक्षण कार्यालय (एनएसएसओ) के ताजा अध्ययन के मुताबिक, देश में परिवारों का प्रति व्यक्ति मासिक घरेलू खर्च 2011-12 की तुलना में 2022-23



में दोगुना से अधिक हो गया है। गत शनिवार को जारी बयान के अनुसार, एनएसएसओ ने अगस्त, 2022 से जुलाई, 2023 के दौरान परिवारों का उपभोग खर्च सर्वेक्षण किया। खरगे ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, '10 साल की गहन निद्रा में खर्राटे लेने के बाद आखिरकार मोदी सरकार जनता के खर्च और आमदनी पर चुनाव से प्रेरित सर्वे लाई है। सर्वे में मोदी सरकार ने अपनी पीठ थपथपाने की नाकाम कोशिश की है।'

## एक नजर

### संदेशखालि जा रहे आईएसएफ विधायक नौशाद सिद्दीकी गिरफ्तार

**कोलकाता।** पुलिस ने मंगलवार को पश्चिम बंगाल के उत्तर 24 परगना जिले के अशांत संदेशखालि जा रहे 'इंडियन सेक्युलर फ्रंट' (आईएसएफ) के विधायक नौशाद सिद्दीकी को गिरफ्तार कर लिया। निषेधाज्ञा लागू होने का हवाला देते हुए संदेशखालि की ओर जा रहे कांग्रेस के एक दल को भी नजात के पास रोक दिया गया। पुलिस के एक अधिकारी ने कहा कि भांगड़ से विधायक सिद्दीकी को कोलकाता में साइंस सिटी के पास गिरफ्तार किया गया था।

### राजद विधायक के परिसरों पर ईडी ने की छापेमारी

**आरा/पटना।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने आय से अधिक संपत्ति के मामले को लेकर मंगलवार को बिहार के भोजपुर जिला मुख्यालय आरा में राष्ट्रीय जनता दल (राजद) विधायक किरण देवी, उनके पति और पूर्व विधायक अरुण यादव तथा कुछ अन्य से जुड़े परिसरों पर छापेमारी की। किरण देवी भोजपुर जिले के संदेश निर्वाचन क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करती हैं, जहां उनके पति ने 2015 के विधानसभा चुनाव में जीत हासिल की थी। तेजस्वी यादव ने कहा कि ये छापे इस बात का सबूत हैं कि केंद्र में शासन करने वाली भाजपा डरी हुई है।

# बीजद से टिकट पाने के लिए 10 हजार से ज्यादा ने किया आवेदन

**भुवनेश्वर।** आगामी लोकसभा चुनाव और ओडिशा विधानसभा का चुनाव लड़ने के लिए बीजू जनता दल का टिकट पाने के लिए 10,000 से ज्यादा लोगों ने आवेदन किया है। ओडिशा विधानसभा में 147, जबकि राज्य में लोकसभा की 21 सीटें हैं। बीजद के संगठन सचिव प्रणब प्रकाश दास ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, "आगामी चुनावों में पार्टी टिकट के लिए 10,000 से अधिक लोगों ने आवेदन किया है।"

# जमात-ए-इस्लामी पर प्रतिबंध पांच साल बढ़ा

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने राष्ट्र की सुरक्षा, अखंडता और संप्रभुता के खिलाफ गतिविधियों को जारी रखने को लेकर मंगलवार को जमात-ए-इस्लामी (जम्मू कश्मीर) पर प्रतिबंध पांच साल के लिए बढ़ा दिया।

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि देश की सुरक्षा को खतरा पहुंचाने वाले किसी भी व्यक्ति को कड़ी कार्रवाई का सामना करना पड़ेगा। उन्होंने 'एक्स' पर लिखा, 'प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी की आतंकवाद और अलगाववाद को कतई बर्दाश्त नहीं करने की नीति का पालन करते हुए सरकार ने जमात-ए-इस्लामी (जम्मू कश्मीर) पर प्रतिबंध पांच साल के लिए बढ़ा दिया है।' जमात पर देश विरोधी गतिविधियों में लिप्त होने का आरोप है। इसे पहली बार 28 फरवरी 2019 को 'गैरकानूनी संगठन' घोषित किया गया था।

# राजस्थान: आईसीयू में भर्ती महिला से दुष्कर्म, आरोपी कर्मचारी गिरफ्तार

**जयपुर।** राजस्थान के अलवर जिले में एक निजी अस्पताल की आईसीयू में भर्ती महिला से दुष्कर्म के आरोप में एक कर्मचारी के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई। पुलिस ने बताया कि घटना मंगलवार सुबह करीब साढ़े चार बजे की है। आरोपी चिराग यादव को हिरासत में ले लिया गया। वह अस्पताल में नर्सिंग सहायक के पद पर कार्यरत है। शिवाजी पार्क थाना प्रभारी राजपाल सिंह ने बताया कि फेफड़ों में संक्रमण के कारण महिला अस्पताल के आईसीयू में उपचाराधीन है।

# प्रफुल्ल का राज्यसभा की सदस्यता से इस्तीफा

**नई दिल्ली।** राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) नेता प्रफुल्ल पटेल ने राज्यसभा के लिए दोबारा निर्वाचित होने पर संसद के उच्च सदन की सदस्यता से इस्तीफा दे दिया है। पटेल के पांचवें कार्यकाल में अभी चार साल बाकी थे। उन्हें राज्यसभा चुनाव में उम्मीदवार बनाया गया था, क्योंकि वह राकांपा के शरद पवार धड़े द्वारा दायर अयोग्यता याचिका का सामना कर रहे थे। राज्यसभा बुलेटिन में मंगलवार को कहा गया है, "महाराष्ट्र का प्रतिनिधित्व करने वाले निर्वाचित सदस्य प्रफुल्ल पटेल ने राज्यसभा में अपनी सीट से इस्तीफा दे दिया है और राज्यसभा के सभापति ने उनका इस्तीफा 27 फरवरी, 2024 को स्वीकार कर लिया है।" पटेल राकांपा के गुटीय संघर्ष में अजित पवार खेमे में चले गए थे।

# बीकानेर: जासूसी के आरोप में कैंटीन का संचालक गिरफ्तार

जयपुर, एजेंसी

- पाकिस्तानी महिला एजेंट के साथ खुफिया सूचना कर रहा था साझा

पाकिस्तानी गुप्तचर एजेंसियों के लिए जासूसी करने को लेकर बीकानेर जिले में एक युवक को गिरफ्तार किया गया है। अधिकारियों ने बताया कि आरोपी सैन्य क्षेत्र 'महाजन' में कैंटीन चलाता है, जो 'हनीट्रैप' में फंसकर सामरिक महत्व की सूचनाएं पाक 'हैंडलर' को दे रहा था।

अतिरिक्त महानिदेशक (पुलिस खुफिया) संजय अग्रवाल ने बताया कि राजस्थान खुफिया विभाग ने मिलिट्री इंटेलिजेंस (सैन्य खुफिया शाखा), बीकानेर के साथ संयुक्त कार्रवाई कर पाकिस्तान गुप्तचर एजेंसी के लिए जासूसी कर रहे 'ऊपर का बास' गांव (बीकानेर जिले) के निवासी विक्रम सिंह (31) को गिरफ्तार किया है। अग्रवाल ने बताया कि सतत निगरानी के दौरान पता चला कि विक्रम सिंह सोशल मीडिया के माध्यम से पाकिस्तानी खुफिया हैंडलर के निरंतर संपर्क में है। उन्होंने बताया कि जब विक्रम सिंह की गतिविधियों पर गहनता से नजर रखी गई तो पता चला कि वह 'हनीट्रैप' में फंसकर सोशल मीडिया के माध्यम से पाक महिला एजेंट के साथ सामरिक महत्व की सूचना साझा कर रहा है।

# मराठा आरक्षण आंदोलन की होगी एसआईटी जांच

**मुंबई।** महाराष्ट्र विधानसभा अध्यक्ष राहुल नार्वेकर ने सरकार को निर्देश दिया कि वह एक विशेष जांच दल (एसआईटी) गठित करके उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के खिलाफ मराठा आरक्षण कार्यकर्ता मनोज जरांगे की टिप्पणी की व्यापक जांच करे। सत्तारूढ़ गठबंधन के सदस्यों ने जरांगे की टिप्पणियों का उल्लेख करते हुए आरोप लगाया कि राज्य में अशांति फैलाने की साजिश थी। अध्यक्ष ने सरकार को फडणवीस के खिलाफ जरांगे की टिप्पणियों की जांच के लिए एक एसआईटी गठित करने का निर्देश दिया। जरांगे ने आरोप लगाया था कि फडणवीस उनकी हत्या कराने कोशिश कर रहे हैं।

# आप ने दिल्ली से चार और हरियाणा से एक उम्मीदवार घोषित किया

नई दिल्ली, एजेंसी

- विधायक सोमनाथ भारती को नई दिल्ली सीट से टिकट

आम आदमी पार्टी (आप) ने लोकसभा चुनाव के लिए दिल्ली की चार और हरियाणा की एक सीट के लिए मंगलवार को उम्मीदवारों की घोषणा की। पार्टी ने वरिष्ठ नेता सोमनाथ भारती को नई दिल्ली सीट से मैदान में उतारा है। पार्टी ने राज्यसभा के पूर्व सदस्य सुशील गुप्ता को हरियाणा के कुरुक्षेत्र से अपना उम्मीदवार घोषित किया है।

दिल्ली के मुख्यमंत्री और पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल की अध्यक्षता में पार्टी की राजनीतिक मामलों की समिति की बैठक के बाद पांच नामों की



घोषणा की गई। आप के राष्ट्रीय महासचिव (संगठन) संदीप पाठक ने यहां संवाददाता सम्मेलन में उम्मीदवारों के नामों की घोषणा की। आप ने दिल्ली जल बोर्ड के उपाध्यक्ष एवं मालवीय नगर से विधायक सोमनाथ भारती को नई दिल्ली निर्वाचन क्षेत्र से, कोंडली के विधायक कुलदीप कुमार को पूर्वी दिल्ली सीट से, सहीराम पहलवान को दक्षिणी दिल्ली से और पूर्व सांसद महाबल मिश्रा को पश्चिमी दिल्ली लोकसभा क्षेत्र से मैदान में उतारा है।

पार्टी ने दिल्ली में लोकसभा चुनाव के लिए विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' की अपने सहयोगी कांग्रेस से हाथ मिलाया है। सीट बंटवारे को लेकर दोनों दलों के बीच हुए समझौते के तहत आप दिल्ली में चार और कांग्रेस तीन लोकसभा सीट पर चुनाव लड़ेगी। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में लोकसभा की कुल सात सीट हैं।

# आदर्श आचार संहिता से पहले जारी हो सकते हैं सीएए के नियम

**नई दिल्ली।** पाकिस्तान, बांग्लादेश और अफगानिस्तान से आए बिना दस्तावेज वाले गैर-मुस्लिम प्रवासियों को तेजी से नागरिकता देने के लिए विवादास्पद नागरिकता संशोधन अधिनियम, 2019 (सीएए) के कार्यान्वयन के नियम लोकसभा चुनावों के लिए आदर्श आचार संहिता लागू होने से पहले जारी किए जाने की संभावना है। चुनाव के कार्यक्रम की घोषणा होते ही आदर्श आचार संहिता लागू हो जाती है। चुनाव का कार्यक्रम अगले पखवाड़े में घोषित किया जा सकता है। सूत्रों ने कहा कि आदर्श आचार संहिता प्रभाव में आने से पहले सीएए के नियम जारी किए जा सकते हैं।

# नागरिक का जीवन और व्यक्तिगत आजादी की सुरक्षा सर्वोपरि : उच्चतम न्यायालय

नई दिल्ली, एजेंसी



- सुनवाई करते हुए शीर्ष कोर्ट ने की टिप्पणी कहा- अनुच्छेद 21 संविधान की आत्मा

एक नागरिक की आजादी सर्वोपरि है और उससे जुड़े मामले में तेजी से फैसला न करना व्यक्ति को संविधान के अनुच्छेद 21 के तहत मिले बहुमूल्य अधिकार से वंचित करेगा। शीर्ष अदालत ने हाल ही में एक मामले में सुनवाई करते हुए यह टिप्पणी की।

शीर्ष अदालत ने अनुच्छेद 21 को जीवन और व्यक्तिगत आजादी की सुरक्षा से जुड़े अनुच्छेद 21 को संविधान की आत्मा बताया। अदालत ने कहा कि बंबई उच्च न्यायालय से ऐसे कई मामले सामने आए हैं, जहां जमानत या अग्रिम जमानत के आवेदनों पर तेजी से फैसला नहीं किया जा रहा है। न्यायमूर्ति बीआर गवई और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की पीठ सुनवाई कर रही थी। पीठ ने अपने 16 फरवरी के आदेश में कहा, हमारे सामने ऐसे कई मामले आए हैं जिनमें न्यायाधीश गुण-दोष के आधार पर मामले पर फैसला नहीं कर रहे हैं। लेकिन कई आधारों पर मामलों को दबाने के लिए बहाने ढूंढ रहे हैं। इसलिए, हम बंबई उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश से अनुरोध करते हैं कि वह आपराधिक अधिकार क्षेत्र का इस्तेमाल करने वाले सभी न्यायाधीशों से जल्द से जल्द जमानत से जुड़े मामले पर फैसला करने का अनुरोध करें।

पीठ ने कहा, यह कहने की जरूरत नहीं होनी चाहिए कि भारत के संविधान का अनुच्छेद 21 संविधान की आत्मा है। नागरिकों की आजादी सर्वोपरि है। इसमें कहा गया, किसी नागरिक की आजादी से जुड़े मामले में तेजी से फैसला न करना और किसी न किसी आधार पर मामले को दबाना भारत के संविधान के अनुच्छेद 21 के तहत गारंटीकृत उनके बहुमूल्य अधिकार से वंचित करेगा। पीठ ने सर्वोच्च न्यायालय के रजिस्ट्रार (न्यायिक) से कहा कि वह उच्च न्यायालय के रजिस्ट्रार (न्यायिक) को अपने आदेश से अवगत कराएं। शीर्ष अदालत एक आरोपी की ओर से दायर याचिका पर सुनवाई कर रही थी। आरोपी ने बंबई हाईकोर्ट के 31 मार्च 2023 के फैसले को चुनौती थी। हाईकोर्ट ने उसकी जमानत याचिका का निपटारा करते हुए उसे निचली अदालत के सामने ऐसी याचिका दायर करने की अनुमति दी थी।

# पहला मानव अंतरिक्ष उड़ान मिशन गगन चूमेंगी देश की चार शक्तियां

*गगनयान देश का पहला मानव अंतरिक्ष उड़ान मिशन है जिसके तहत चार अंतरिक्ष यात्रियों को अंतरिक्ष की सैर कराई जाएगी। इस मिशन को 2024 के आखिर या 2025 की शुरुआत तक भेजा जा सकता है। इसी साल मानव रहित परीक्षण उड़ान होगी, जिसमें एक व्योममित्र रोबोट भेजा जाएगा। गगनयान मिशन तीन दिवसीय है। मिशन के लिए 400 किलोमीटर की पृथ्वी की निचली कक्षा पर मानव को अंतरिक्ष में भेजा जाएगा और फिर सुरक्षित पृथ्वी पर वापस लाया जाएगा।*

**400** किलोमीटर की निम्न पृथ्वी की कक्षा में अंतरिक्ष यात्रियों को भेजा जाएगा



- भारत का गगनयान मिशन सफल होता है, तो भारत उन देशों की एक खास सूची में शामिल हो जाएगा, जिन्होंने खुद चालक दल अंतरिक्ष यान लॉन्च किया है। वर्तमान में ऐसा मुकाम हासिल करने वाले देश केवल अमेरिका, रूस और चीन ही हैं।

## प्रशांत बालाकृष्णन नायर

ग्रुप कैप्टन प्रशांत बालाकृष्णन नायर केरल से ताल्लुक रखते हैं। ग्रुप कैप्टन प्रशांत बालाकृष्णन नायर (47) ने अपनी स्कूली शिक्षा कुवैत से पूरी की। उन्होंने राष्ट्रीय रक्षा अकादमी (एनडीए) से स्नातक की डिग्री हासिल की है। उन्हें वहां 'स्वोर्ड ऑफ ऑनर' हासिल करके उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। साल 1999 में एक कमीशन अधिकारी के रूप में वो वायु सेना में शामिल हो गए।

## अंगद प्रताप

ग्रुप कैप्टन अंगद प्रताप ने ग्रुप के अन्य तीन सदस्यों के साथ रूस में 13 महीने तक ट्रेनिंग की है। उनका जन्म 17 जुलाई 1982 को प्रयागराज में हुआ था। वह एनडीए के पूर्व छात्र हैं और 18 दिसंबर 2004 को भारतीय वायुसेना की फाइटर स्ट्रीम में नियुक्त हुए थे। वह एक फ्लाइंग इंस्ट्रक्टर और टेस्ट पायलट हैं और उनके पास लगभग 2000 घंटे की उड़ान का अनुभव है।

## अजित कृष्णन

ग्रुप कैप्टन अजित कृष्णन उन चार अंतरिक्ष यात्रियों में से हैं जिन्हें मिशन के लिए चुना गया है। उनका जन्म 19 अप्रैल 1982 को चेन्नई, तमिलनाडु में हुआ था। वह एनडीए के पूर्व छात्र हैं और वायु सेना अकादमी में राष्ट्रपति के स्वर्ण पदक और स्वॉर्ड ऑफ ऑनर से सम्मानित हैं। उन्हें 21 जून 2003 को भारतीय वायुसेना की फाइटर स्ट्रीम में कमीशन दिया गया था। वह फ्लाइंग इंस्ट्रक्टर और टेस्ट पायलट हैं और उनके पास लगभग 2900 घंटे की उड़ान का अनुभव है।

## शुभांशु शुक्ला

गगनयान मिशन के चार अंतरिक्ष यात्रियों में से एक विंग कमांडर शुभांशु शुक्ला ने रूस की राजधानी मॉस्को के यूरी गगारिन कॉस्मोनॉट ट्रेनिंग सेंटर में ट्रेनिंग हासिल की है। उनका जन्म 10 अक्टूबर 1985 को लखनऊ, यूपी में हुआ था। वह एनडीए के पूर्व छात्र हैं और 17 जून 2006 को भारतीय वायुसेना की फाइटर स्ट्रीम में नियुक्त हुए थे। वह एक फाइटर कॉम्बैट लीडर और एक टेस्ट पायलट हैं, जिनके पास लगभग 2000 घंटे की उड़ान का अनुभव है।

## एक नजर



### थाईलैंड: भारत से पहुंचे भगवान बुद्ध के अवशेष, भक्तों ने किए दर्शन

**बैंकॉक।** थाईलैंड की राजधानी बैंकॉक में बौद्ध भिक्षुओं ने ध्यान लगाकर माखा बुचा पर्व मनाया। भगवान बुद्ध ने इसी दिन अपने पहले शिष्यों में से 1,250 को दीक्षा दी थी। एक लाख भक्तों ने भगवान बुद्ध और उनके दो शिष्यों के पवित्र अवशेषों की पूजा की। इन्हें भारत से ले जाया गया है।

### तंबाकू-सिगरेट पर लगे प्रतिबंध को हटाएगा न्यूजीलैंड

**वेलिंग्टन।** न्यूजीलैंड की नई सरकार तंबाकू की बिक्री पर लगे प्रतिबंध को हटाने जा रहा है। रिसर्चर और प्रचारकों द्वारा सरकार को तंबाकू से होने वाले मौतों के बारे में दी गई चेतावनी के बावजूद मंगलवार को सरकार ने इस पर लगे प्रतिबंध को हटाने की घोषणा की है। ये इसी साल जुलाई से लागू हो जाएगा। इसके साथ ही स्मोक्ड तंबाकू उत्पादों में निकोटीन सामग्री में कटौती की जाएगी और तंबाकू खुदरा विक्रेताओं की संख्या 90% से अधिक कम हो जाएगी। अक्टूबर में चुनी गई नई गठबंधन सरकार ने पुष्टि की कि मंगलवार को तत्काल कार्रवाई की जाएगी।




### आंदोलन: किसानों ने ट्रैक्टरों की बाड़ लगा पोलैंड की सीमा सील की

**वर्सा।** यूरोप के कई देशों में चल रहा किसान आंदोलन लगातार उग्र होता जा रहा है। अब पोलैंड के किसानों ने जर्मनी के साथ अपने देश की सीमा सील कर दी है। उन्होंने बॉर्डर पर ट्रैक्टरों की बाड़ बना दी है। बढ़ती कीमतों, करों में वृद्धि और हरित प्रतिबंधों के खिलाफ किसान आंदोलन कर रहे हैं।

### चंद सिक्कों में खरीदी गई हैरी पॉटर किताब की प्रति लाखों में बिकी

**लंदन।** करीब 30 साल पहले पुरानी किताबें बेचने वाली एक दुकान से महज कुछ रुपयों में खरीदी गई हैरी पॉटर के पहले उपन्यास की शुरुआती प्रति (प्रूफ कॉपी) नीलामी में 11,000 पाउंड (करीब 11.5 लाख रुपये) में बिकी। ब्रिटिश नीलामीकर्ता ने सोमवार को बताया कि एक दुकान से दो अन्य पुस्तकों के साथ कुल 40 पेंस (आज की दर से करीब 41 रुपये) में खरीदी गई थी। इस प्रति के पृष्ठ पर असंशोधित प्रूफ कॉपी लिखा है।

# रूस-यूक्रेन युद्ध को रोकने में नाकाम रही यूएनएससी, भारत ने उठाई बदलाव की मांग

## कंबोज बोलीं-जब तक इसमें बदलाव नहीं होगा, तब तक सुरक्षा परिषद विश्वसनीयता के घेरे में रहेगी

संयुक्त राष्ट्र, एजेंसी

भारत ने एक बार फिर संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की मौजूदा व्यवस्था पर गंभीर सवाल उठाए हैं। संयुक्त राष्ट्र में भारत की स्थायी प्रतिनिधि रुचिरा कंबोज ने सवाल उठाते हुए पूछा कि संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद रूस-यूक्रेन युद्ध को रोकने में क्यों असफल रहा? भारत ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की पुरानी व्यवस्था में बदलाव की मांग की। यूएन जनरल असेंबली प्लेनरी की बैठक हुई, जिसमें रुचिरा कंबोज ने सवाल उठाए।

रुचिरा कंबोज ने कहा 'रूस-यूक्रेन युद्ध को चलते हुए दो साल का समय बीत चुका है। ऐसे में हमें बतौर संयुक्त राष्ट्र सदस्य देशों को कुछ पल रुककर सोचने और अपने आप से पूछने की जरूरत है कि क्या निकट भविष्य में इस संकट का समाधान निकल सकता है? और अगर नहीं निकल सकता तो फिर संयुक्त राष्ट्र व्यवस्था, खासकर सुरक्षा परिषद क्यों है? इसका गठन अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर शांति और सुरक्षा के लिए किया गया था, ऐसे में ये क्यों मौजूदा संघर्षों को सुलझाने में पूरी तरह से बेअसर साबित हुई है?'

बीते शुक्रवार को यूक्रेन संकट पर संयुक्त राष्ट्र की जनरल असेंबली की प्लेनरी बैठक हुई। इसी दौरान भारत की संयुक्त राष्ट्र में स्थायी प्रतिनिधि रुचिरा कंबोज ने सुरक्षा परिषद में बदलाव की मांग उठाई। कंबोज ने यूएनएससी के पुराने ढांचे में बदलाव की मांग की और कहा कि जब तक इसमें बदलाव नहीं होंगे तब तक सुरक्षा परिषद की विश्वसनीयता सवालों के घेरे में रहेगी।

### कूटनीतिक से निकलेगा समाधान यूक्रेन को लेकर भारत चिंतित

रुचिरा कंबोज ने भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के उस बयान को भी दोहराया, जिसमें पीएम मोदी ने रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने कहा था कि 'ये युद्ध का युग नहीं है।' कंबोज ने कहा कि 'यूक्रेन हालात को लेकर भारत चिंतित है। हम लगातार इस बात पर जोर दे रहे हैं कि इंसानी जिंदगी की कीमत पर कोई समाधान नहीं होना चाहिए। हिंसा किसी के भी हित में नहीं है।' कंबोज ने कहा कि कूटनीतिक तरीके से ही शांति संभव है और इसके लिए सभी पक्षों के बीच बातचीत होनी चाहिए। हमें ऐसे कदम उठाने से बचना चाहिए, जिनसे बातचीत और समाधान के रास्ते बंद हो जाएं।




### मानवाधिकार हमारे लोकतांत्रिक सिद्धांतों का हिस्सा, यूएन की बैठक में बोले जयशंकर

**नई दिल्ली।** स्विट्जरलैंड के जिनेवा में संयुक्त राष्ट्र की मानवाधिकार परिषद का सत्र सोमवार से शुरू हो गया है। यह मानवाधिकार परिषद का 55वां सत्र है, जो सबसे लंबा होगा और अप्रैल तक चलेगा।



इस बैठक के पहले दिन भारतीय विदेश मंत्री ने अपने संदेश में मानवाधिकार परिषद की बैठक में भारतीय प्रतिनिधिमंडल के पूरे सहयोग का वादा किया और कहा कि भारत मानवाधिकारों की सुरक्षा के लिए काम करता रहेगा। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने अपने संदेश में कहा कि 'मैं ये सुनिश्चित करूंगा कि हमारा प्रतिनिधिमंडल और उच्चायुक्त आपको पूरा समर्थन और सहयोग दें। भारत परिषद के सदस्यों के साथ मिलकर मानवाधिकारों की सुरक्षा और बढ़ावे के लिए काम करता रहेगा। भारत के लोकतांत्रिक सिद्धांतों और विविधता भरी सोच में मानवाधिकार गहरे तक समाए हुए हैं। विदेश मंत्री ने नई दिल्ली से वर्चुअल माध्यम से सत्र को भी संबोधित किया। उन्होंने कहा कि 'पुरानी संरचनाओं को सुधारने, प्रणालीगत खामियों को ठीक करने और वर्तमान वैश्विक वास्तविकताओं को प्रतिबिंबित करने वाले बहुपक्षीय ढांचे को तत्काल बनाने का समय आ गया है।' उन्होंने कहा, 'भू-राजनीतिक चुनौतियों का स्थायी समाधान खोजने के लिए यूएन और उसके बाहर मिलकर काम करना हमारे सामूहिक हित और हमारी जिम्मेदारी भी है।

# इमरान-बुशरा बीबी भ्रष्टाचार के नए मामले में दोषी करार

इस्लामाबाद, एजेंसी

- दंपती ने लगे आरोपों से किया इनकार, मामले की सुनवाई छह मार्च तक स्थगित



पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान और पत्नी बुशरा बीबी को अदालत ने दोनों के खिलाफ 190 मिलियन पाउंड (लगभग 20 अरब रुपये) के अल-कादिर भ्रष्टाचार मामले में आरोप तय किए हैं। न्यायाधीश नासिर जावेद राणा ने रावलपिंडी की उच्च सुरक्षा वाली अदियाला जेल में सुनवाई की। कई मामलों में इमरान इसी जेल में सजा काट रहे हैं।

न्यायाधीश ने अदालत कक्ष में इमरान खान और बुशरा बीबी की मौजूदगी में आरोप पत्र पढ़ा। अल-कादिर ट्रस्ट के नाम पर सैकड़ों नहरों की जमीन का कथित तौर पर अधिग्रहण किया गया था। मामले में राष्ट्रीय जवाबदेही ब्यूरो (एनएबी) ने इमरान खान, उनकी पत्नी और अन्य के खिलाफ जांच शुरू की थी। जिसमें सरकारी खजाने को 190 मिलियन पाउंड का नुकसान होने का मामला सामने आया था।

मीडिया के मुताबिक, सुनवाई के दौरान न्यायाधीश ने कहा कि मामले में 58 गवाहों के बयान दर्ज किए जाएंगे। न्यायाधीश ने इमरान खान के खिलाफ आरोप तय करते समय पूछा कि क्या वह दोषी हैं या नहीं। इमरान ने जवाब दिया, मुझे आरोप पत्र क्यों पढ़ना चाहिए, जब मुझे पता है कि उसमें क्या लिखा है? इमरान खान और उनकी पत्नी दोनों ने अपने खिलाफ लगे आरोपों से इनका किया। मामले की सुनवाई छह मार्च तक के लिए स्थगित कर दी गई। जवाबदेही अदालत ने एनएबी के पांच गवाहों को भी सुनवाई में शामिल होने का आदेश दिया। एक जवाबदेही अदालत ने तोशाखाना मामले में इमरान और बुशरा को 14 साल की सजा सुनाई थी। बुशरा को इमरान के इस्लामाबाद स्थित बनी गाला आवास में नजरबंद किया गया है। अल-कादिर ट्रस्ट मामला 190 मिलियन पाउंड के समझौते से जुड़ा है। जिसे ब्रिटेन की राष्ट्रीय अपराध एजेंसी ने कारोबारी मलिक रियाज हुसैन से रकम वसूलने के बाद पाकिस्तान भेजा था।

# जम्मू-कश्मीर के बारामूला से लश्कर का आतंकी गिरफ्तार

**श्रीनगर।** जम्मू कश्मीर के बारामूला से लश्कर-ए-तैयबा से जुड़े आतंकी को गिरफ्तार किया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि पट्टन इलाके में आतंकी गतिविधियों की सूचना पर कार्रवाई करते हुए उत्तर कश्मीर जिले के चिनार चौराहे पर नाकाबंदी की गई।

उन्होंने कहा-पुलिस का देखकर आतंकी भागने की कोशिश करने लगा, लेकिन सुरक्षा बलों ने पकड़ लिया। आतंकी की पहचान मेहराजउद्दीन भट के रूप में हुई है जो मुंडयारी पट्टन का रहने वाला है। पुलिस ने आतंकी के पास से एक हथगोला बरामद किया है। प्रवक्ता ने बताया कि कानून के संबंधित प्रावधानों के तहत मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## सड़क पर उतरे लोग...







**साओ पाउलो :** ब्राजील के साओ पाउलो शहर में पूर्व राष्ट्रपति जैर बोल्सोनारो पर लगाए गए तख्तापलट की कोशिश के आरोप के खिलाफ उनके 5 लाख से ज्यादा समर्थक सड़कों पर उतर आए। साथ उन पर लगाई गई चुनावी पाबंदी का भी विरोध किया। दरअसल, बोल्सोनारों से जनवरी 2023 में हुई हिंसा को लेकर पूछताछ हुई। लोगों ने पूर्व राष्ट्रपति पर लगी चुनावी पाबंदी हटाने की मांग को लेकर विरोध प्रदर्शन किया। ● एजेंसी

# अंतरिक्षयान ओडीसियस ने चंद्रमा से भेजी पहली तस्वीर

वाशिंगटन, एजेंसी

अमेरिका के टेक्सास की इंट्यूटिव मशीन का लूनार लैंडर ओडीसियस चंद्रमा पर लैंडिंग करने में सफल रहा, लेकिन यह लैंडिंग पूरी तरह से सटीक नहीं थी और लैंडिंग के बाद यान थोड़ा सा टेढ़ा हो गया। इस घटना से यह कई मायनों में एक अनोखी लैंडिंग बन गई है।

ओडीसियस, 1972 में अपोलो17 मिशन के बाद चंद्रमा पर पहुंचने वाला पहला अमेरिकी अंतरिक्षयान बन गया है। ओडीसियस ने चंद्रमा की दक्षिणी सतह से पहली तस्वीर भेजी है। इंट्यूएटिव मशीन्स ने एक्स पर सोमवार को एक पोस्ट पर कहा, ओडीसियस चंद्रमा की सतह से नोवा कंट्रोल में फाइटर कंट्रोलर के साथ कम्यूनिकेट कर रहा है। पोस्ट में दो तस्वीरें भी शेयर की गई हैं। पहली तस्वीर षट्भुज आकार के अंतरिक्ष यान के उतरने की, और दूसरी उसके गिरने के 35 सेकंड बाद ली गई, जिसमें मालापर्ट ए प्रभाव क्रेटर की पक्की मिट्टी का पता चलता है। आपको बता दें यह एक प्राइवेट कंपनी का लैंडर था, और इसमें नासा का भरपूर सहयोग था।



# सूरज की रोशनी से जागा जापान का मून लैंडर: जाक्सा

**टोक्यो।** जापान के पहले मून लैंडर ने पृथ्वी से एक संकेत का जवाब दिया है। इससे पता चलता है कि यह सप्ताह भर की दूसरी चंद्र रात से बच गया है। यह जानकारी देते हुए जापान की अंतरिक्ष एजेंसी जाक्सा ने इसे चमत्कार बताया।

गत 20 जनवरी को जापान के मानव रहित स्मार्ट लैंडर फॉर इन्वेस्टिगेटिंग ने 20 जनवरी को चंद्रमा पर सॉफ्ट लैंडिंग की थी। इसके साथ ही जापान चांद पर पहुंचने वाला पांचवां देश बन गया। जाक्सा ने बताया कि एसएलआईएम गत माह गलत दिशा में गिर गया था और इसके सौर पैनलों तक सूरज की रोशनी नहीं पहुंच पा रही थी। हालांकि, सूरज की रोशनी मिलते ही लैंडिंग के आठवें दिन एसएलआईएम से संपर्क हो गया।

# अगले सोमवार तक गाजा में थम जाएगा युद्ध: जो बाइडन

वाशिंगटन, एजेंसी



- बोले- दोनों पक्ष संघर्ष विराम समझौते के करीब फाइनल मुहर लगना बाकी

इजराइल और हमास के बीच पांच महीने से अधिक समय से युद्ध जारी है। इजराइल ने कड़ी जवाबी कार्रवाई और समझौता कर अपने कुछ लोगों को रिहा करा लिया था। अब एक बार फिर जंग थोड़े समय के लिए रुक सकती है। अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन ने उम्मीद जताई है कि अगले सोमवार तक इजराइल और हमास के बीच युद्धविराम हो सकता है। उन्होंने माना है कि दो पक्ष संघर्ष विराम समझौते के करीब हैं।

जो बाइडन ने गाजा में संघर्ष विराम के सवाल पर कहा, 'मेरे राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार ने मुझसे कहा है कि हम इसके करीब हैं और मेरी उम्मीद है कि अगले सोमवार तक हम युद्धविराम कर लेंगे।' साथ ही उन्होंने ये भी कहा कि हम इसके नजदीक हैं, लेकिन यह अभी तक पूरा नहीं हुआ है। अभी इस पर फाइनल मुहर लगना बाकी है। गौरतलब है, इससे एक दिन पहले ही व्हाइट हाउस के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जेक सुलिवन ने बताया था कि, 'इस्राइल, अमेरिका, मिस्र और कतर के प्रतिनिधियों ने पेरिस में मुलाकात की। इस दौरान अस्थायी संघर्षविराम के बदले हमास द्वारा बनाए गए बंधकों को रिहा करने पर चारों के बीच सहमति बन गई है। मोसाद के निदेशक डेविड बार्निया सहित एक इस्राइली प्रतिनिधिमंडल ने शुक्रवार को पेरिस में सेंट्रल इंटेलिजेंस एजेंसी (सीआईए) के निदेशक बिल बर्न्स, मिस्र और कतर के प्रतिनिधियों के साथ बातचीत की।

**विज्ञान** इसरो 2030 तक अगला मंगल मिशन लॉन्च करने की बना रहा है योजना

# मंगल की धरती पर उड़ान भरेगा भारतीय हेलीकॉप्टर

नैनीताल कार्यालय

**अमृत विचार :** इसरो लाल ग्रह मंगल पर उड़ान भरने की योजना पर काम कर रहा है। मंगलयान के बाद यह दूसरा भारतीय मंगल मिशन होगा, जिसे 2030 में लॉन्च करने की योजना है। मंगल मिशन नन्हा हेलीकॉप्टर साथ लेकर इस मिशन को महत्वाकांक्षी बनाने जा रहा है।

इसमें दोराय नही कि अंतरिक्ष की दुनिया में भारत बहुत कम समय पर दुनिया के अग्रणी देशों में अपना नाम सुमार कर चुका है। बहुत कम लागत और कम समय में मार्स ऑर्बिटर मिशन (मंगलयान) की सफलता से इसरो ने दुनिया को अपनी ओर आकर्षित किया था। मंगलयान को 2013 में लॉन्च किया था और 2014 में मंगल की कक्षा में स्थापित हुआ था। करीब आठ साल मंगल मिशन ने अनेक महत्वपूर्ण खोज कर भारतीय विज्ञान क्षमता का परिचय दिया। अब इसरो मंगल ग्रह की सतह पर नासा का इनजेनिटी हेलीकॉप्टर की तर्ज पर अपना हेलीकॉप्टर शामिल करना चाहता है, जो 2030 के दशक की शुरुआत में लॉन्च हो जाएगा।

हेलीकॉप्टर भारतीय मार्सलैंडर के साथ उड़ान भरेगा। विक्रम साराभाई अंतरिक्ष केंद्र के अंतरिक्ष भौतिकी प्रयोगशाला के वैज्ञानिक जयदेव प्रदीप ने हाल ही में एक वेबिनार के दौरान यह जानकारी दी। मंगल ग्रह पर लैंडिंग मिशन के लिए हेलीकॉप्टर मंगल के हवाई अन्वेषण के लिए पेलोड का एक सूट साथ ले जाएगा। पेलोड में एक तापमान सेंसर, आर्द्रता सेंसर, दबाव सेंसर, हवा की गति सेंसर, विद्युत क्षेत्र सेंसर और धूल एरोसोल के ऊर्ध्वाधर वितरण को मापने के लिए एक ट्रेस प्रजाति और धूल सेंसर शामिल किया जाएगा। भारतीय हेलीकॉप्टर मंगल की सतह से 328 फीट यानी100 मीटर ऊपर तक उड़ान भरने में सक्षम होगा, जबकि नासा का इनजेनिटी 79 फीट की ऊंचाई तक उड़ सकता है। मंगल की धरती के वातावरणीय जानकारी जुटाने के लिये अगली पीढ़ी के लिए वरदान साबित होगा।



मंगल की धरती पर नासा का हेलीकॉप्टर।

### मंगल पर कीर्तिमान स्थापित करेगा इसरो, बसाएगा मानव बस्ती

मंगल की धरती पर मानव बस्ती बसाने को लेकर नासा व चीन के साथ भारत भी अपनी भागीदारी सुनिश्चित कर चुका है। इन सभी देशों का एकमात्र सपना मंगल पर मानव का दूसरा घर बसाना है। मंगलयान की सफलता से भारतीय वैज्ञानिको के हौंसले बुलंद हैं। इसरो की तैयारी अब मंगल पर नया कीर्तिमान स्थापित करना है। मगर आज भी यह सवाल अनुत्तरित है कि कब तक मंगल पर मानव बस्ती बसाई जा सकेगी।

# यूएई: आम लोगों के लिए मार्च से खुलेगा बीएपीएस मंदिर

आबू धाबी, एजेंसी

**15** से 29 फरवरी तक वीआईपी मेहमानों को दी गई थी दर्शन करने की अनुमति



अबू धाबी में पहला हिंदू मंदिर एक मार्च से जनता के लिए खोला जाएगा। बता दें कि इस महीने की शुरुआत में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस मंदिर का उद्घाटन किया था। लगभग 700 करोड़ रुपये की लागत से इस मंदिर का निर्माण बोचासनवासी श्री अक्षर पुरूषोत्तम स्वामीनारायण संस्था (बीएपीएस) द्वारा अबू मुरीखा में किया गया।

भव्य मंदिर का उद्घाटन 14 फरवरी को एक समर्पण समारोह के दौरान प्रधानमंत्री मोदी ने किया था, जिसमें 5,000 से अधिक आमंत्रित लोग शामिल हुए थे। 15 से 29 फरवरी तक पहले से पंजीकरण कराने वाले विदेशी श्रद्धालुओं या वीआईपी मेहमानों को मंदिर में दर्शन की अनुमति दी गई थी। अब मंदिर 1 मार्च से सुबह 9 बजे से रात 8 बजे तक जनता के लिए खुला रहेगा। मंदिर हर सोमवार को बंद रहेगा। इसकी जानकारी मंदिर के एक प्रवक्ता ने दी है।

इस मंदिर के निर्माण में इस्तेमाल किए जाने वाली 18 लाख ईंटों और 1.8 लाख घन मीटर बलुआ पत्थर राजस्थान से लाए गए है। यह मंदिर अयोध्या में हाल ही में उद्घाटन किए गए राम मंदिर की तरह, वास्तुकला की नागर शैली में बनाया गया है।